सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 6:03
अधिकतम तापमान : 28.0
न्यूनतम : 14.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-260 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 29 फरवरी 2024
18 शाबान, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

सीएम योगी ने पुलिस की 2310 करोड़ की 144 योजनाओं का लोकार्पण किया

जनता के साथ करें अच्छा व्यवहार

तोहफा

- सीएम योगी की पुलिसकर्मियों को सलाह
- सभी जिलों में साइबर क्राइम थानों वाला यूपी पहला राज्य बना
- यूपी के बदलाव में पुलिस की अहम भूमिका है

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पुलिस को थाना, चौकी और सड़क पर आमजन के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। लोकतंत्र में संवाद से बड़ी समस्या का भी समाधान हो जाता है।

पुलिस वर्दी में प्यार से बात करेंगे तो लोग खुश होते हैं। गाली देने से गलत संदेश जाता है। यह नये भारत के नये यूपी की आधुनिक पुलिस है। यूपी के बदलाव में पुलिस की अहम भूमिका है। मुख्यमंत्री बुधवार को गृह विभाग की 2310 करोड़ रुपये की लागत वाली 144 आवासीय एवं अनावासीय योजनाओं के शिलान्यास एवं लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वाराणसी के प्रवासी भारतीय दिवस, प्रयागराज कुंभ, अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आए अतिथियों ने पुलिस के व्यवहार की खुले दिल से प्रशंसा की। एक प्रवासी ने मुझसे कहा कि पहले पुलिस का व्यवहार बहुत खराब रहता था। पुलिस अपराधियों, राष्ट्र विरोधी तत्वों के साथ कठोरतम व्यवहार करे लेकिन आमजन के साथ संवेदनशील रहे। राम मंदिर में आने वाले श्रद्धालु पुलिस की बदौलत सहूलियत के साथ दर्शन कर रहे हैं। आज हम यूपी पुलिस को देश और दुनिया भर में सबसे ज्यादा इंफ्रास्ट्रक्चर मुहैया करा रहे हैं। यह नई कार्य संस्कृति है। बी और सी ग्रेड के शहरों में अत्याधुनिक सुविधाओं वाली सबसे ऊंची इमारत पुलिस लाइंस के हॉस्टल और बैरक की है।

अब नहीं दिखता है कोई गुंडा

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि विपक्ष में रहने के दौरान मैंने देखा कि थानेदार इलाके के बाहुबली से दोस्ती कर लेता था। सीओ की बाहुबली से बात करने की हिम्मत नहीं होती थी। विपक्ष की राजनीति करना अपराध हो गया था। खुद को बचाने के लिए हमें बड़े अफसरों को फोन करना पड़ता था। हमारे कार्यकर्ताओं को पुलिस चुनाव में जबरन बैठा लेती थी। अब थाना क्षेत्र में कोई गुंडा नहीं दिखता है। यह बदलाव अब देखने को मिला है। सरकार की इमेज बनाने में पुलिस ने बड़ा सहयोग किया है। हालांकि अभी थानेदारों को अच्छे व्यवहार की ट्रेनिंग देना आवश्यक है।

झारखंड : ट्रेन हादसे में 12 लोगों की मौत

हादसा

- झारखंड के जामताड़ा जिले का है मामला
- कईयों की हालत नाजुक, अधिकारियों की टीम मौके पर रवाना

जामताड़ा। झारखंड के जामताड़ा जिले में बुधवार रात दर्दनाक ट्रेन हादसा हुआ। कलझारिया के पास 12 लोग ट्रेन की चपेट में आ गए, जिनकी ट्रेन से कटने से मौत हो गई। हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं। इनमें से कई की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि ये सभी अंग एक्सप्रेस में सवार थे। तभी किसी ने अंग एक्सप्रेस में आग लगने की सूचना फैला दी। आनन-फानन में यात्री चलती ट्रेन से रेलवे ट्रैक पर कूद गए। इसी बीच सामने से आ रही झाझा-आसनसोल ट्रेन यात्रियों को रौंद दिया। जानकारी के मुताबिक, जामताड़ा-करमाटांड़ के कलझारिया के पास करीब 12 लोगों की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई है। हालांकि स्थानीय लोगों ने बताया कि जामताड़ा-करमाटांड़ के बीच कालाझरिया रेलवे हॉल्ट पर आसनसोल-झाझा पैसेंजर ट्रेन रुकी थी, जिससे यात्री नीचे उतरे हुए थे. इसी दौरान भागलपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस ट्रेन गुजर रही थी, जिसके चपेट में लोग आ गए। इस हादसे में कई अन्य लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की खबर है. ट्रेन हादसे के बाद मौके पर रेलवे पुलिस और स्थानीय प्रशासन पहुंच गया है।

व्यास जी तहखाने की छत पर नमाज रोकने की मांग

चुनौती

- हिंदू पक्ष ने दाखिल की नई याचिका
- व्यासजी के तहखाने की छत पर नमाजियों की भीड़ पर आपत्ति

नई दिल्ली। ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के दक्षिणी क्षेत्र में स्थित व्यास जी का तहखाना की छत पर प्रवेश रोकने की मांग करते हुए हिंदू पक्ष ने आज वाराणसी जिला अदालत में एक नई याचिका दायर की। इसमें कहा गया कि छत 500 साल पुरानी होने के कारण दुर्घटना की आशंका है।

वादी राम प्रसाद सिंह की ओर से दायर याचिका में हिंदू पक्ष ने लोगों को छत पर नमाज पढ़ने से रोकने की भी मांग की है। इसमें छत की मरम्मत करने को कहा गया क्योंकि जब श्रद्धालु प्रतिबंधित क्षेत्र के अंदर पूजा कर रहे होंगे तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ताजा घटनाक्रम में इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा जिला अदालत के 31 जनवरी के आदेश को चुनौती देने वाली एक याचिका को खारिज करने के दो दिन बाद आया, जिसने हिंदुओं को दक्षिणी तहखाने में पूजा करने की अनुमति दी थी।

जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ ने अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई की। अपने आदेश में वाराणसी जिला अदालत ने जिला प्रशासन को भक्तों द्वारा की जाने वाली पूजा के लिए आवश्यक व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया था।

पीएम मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किस्त की जारी, 21 हजार करोड़ रुपये किए ट्रांसफर

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 करोड़ से अधिक किसानों को 21 हजार करोड़ से अधिक की सम्मान राशि सीधे उनके बैंक खाते में ट्रांसफर की और साथ ही महाराष्ट्र में रेल, सड़क और सिंचाई से संबंधित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मैं 10 साल पहले जब 'चाय पर चर्चा' करने यवतमाल आया था, तो आपने बहुत आशीर्वाद दिया और देश की जनता ने एनडीए को 300 पार पहुंचा दिया। फिर मैं 2019 में फरवरी के महीने में ही यवतमाल आया था। तब भी आपने हम पर खूब प्रेम बरसाया। देश ने भी तब एनडीए को 350 पार करा दिया। आज जब 2024 के चुनाव से पहले मैं विकास के उत्सव में शामिल होने आया हूं, तब पूरे देश में एक ही आवाज गूंज रही है। अबकी बार 400 पार! कहा कि हम देश बनाने के लिए, देशवासियों का जीवन बदलने के लिए एक मिशन लेकर निकले हुए लोग हैं। इसलिए बीते 10 वर्ष में जो कुछ किया, वो आने वाले 25 वर्ष की नींव है। मैंने भारत के कोने-कोने को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प की सिद्धि के लिए शरीर का कण-कण, जीवन का क्षण-क्षण समर्पित है।

अखिलेश यादव को सीबीआई का नोटिस

साजिश

- खनन मामले में गवाह के तौर पर किया गया तलब

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को अवैध खनन मामले में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन (सीबीआई) ने गवाह के तौर पर तलब किया है। उन्हें 29 फरवरी) को दिल्ली में सीबीआई के सामने पेश होने के लिए बुलाया गया है।

अखिलेश यादव को बतौर गवाह पेश होने के लिए कहा गया है। इसका खुलासा उन्होंने खुद ही राजधानी में एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में किया। अखिलेश यादव ने कहा कि पिछले चुनाव से पहले भी एक नोटिस आया था और इस चुनाव में भी एक नोटिस आया है। सीबीआई की इस नोटिस को लोकसभा चुनाव से भी जोड़कर देखा जा रहा है। अखिलेश यादव अक्सर कहते रहे हैं कि उन्हें कांग्रेस की सरकार ने पहले ही सीबीआई क्लब में डाल दिया है और अब भाजपा भी वही काम कर रही है। लोकसभा चुनाव के लिए यूपी में सपा-कांग्रेस के बीच समझौता हुआ है।

विक्रमादित्य ने वापस लिया इस्तीफा

शिमला। हिमाचल प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार में लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बुधवार सुबह मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया, लेकिन शाम को पार्टी नेताओं व पर्यवेक्षकों की बैठक के बाद इस्तीफा वापस लेने का फैसला लिया। उन्होंने अपने इस्तीफे की घोषणा सुबह विधानसभा परिसर में पत्रकार वार्ता में की थी। कहा कि वह अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री और राज्यपाल को सौंप रहे हैं। लेकिन शाम को यूटर्न लिया। उन्होंने यह भी कहा कि वह इस्तीफे के बावजूद पार्टी में बने रहेंगे और भविष्य की राजनीति अपने समर्थकों और चाहने वालों से विचार-विमर्श कर तय करेंगे। विक्रमादित्य सिंह ने अपने इस्तीफे की घोषणा से पहले अपनी ही सरकार को कठघरे में खड़ा किया और कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मंत्री रहते हुए भी उन्हें कई बार नीचा दिखाने की कोशिश की

भाजपा 100-120 उम्मीदवारों की लिस्ट आज कर सकती है जारी

नई दिल्ली। 2024 लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा केंद्रीय चुनाव कमेटी की पहली बैठक दिल्ली में गुरुवार को होगी। बैठक की अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत शीर्ष नेता शामिल होंगे।

सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव के लिए 100 से 120 सीटों पर कैंडिडेट घोषित किए जा सकते हैं। बैठक के दौरान नेताओं द्वारा 2014 के लोकसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी की हारी हुई सीटों पर चर्चा होने की संभावना है। इसमें अमित शाह, बीएल संतोष, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और पार्टी पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

13 आईएएस के तबादले

फेरबदल

- अलीगढ़ और झांसी के कमिश्नर बदले
- रजनीश दुबे बने राजस्व परिषद के चेयरमैन

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने 13 आईएएस अधिकारियों को इधर से उधर कर दिया है। अपर मुख्य सचिव दुग्ध विकास व मत्स्य डॉ. रजनीश दुबे को राजस्व परिषद का अध्यक्ष बनाया गया है। इस पद पर तैनात हनुमंत राव बृहस्पतिवार को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। अलीगढ़ और झांसी के कमिश्नर भी बदल दिए गए हैं।

रणवीर प्रसाद को आवास आयुक्त व सचिव आवास विभाग से प्रबंध निदेशक राज्य विद्युत उत्पादन निगम, पारेषण निगम और जल विद्युत निगम बनाया गया है। बलकार सिंह प्रबंध निदेशक जल निगम (ग्रामीण) से आवास आयुक्त आवास विकास परिषद बनाए गए हैं। बीएल मीणा प्रमुख सचिव सहकारिता से प्रमुख सचिव उद्यान एवं रेशम बनाए गए हैं। राजेश कुमार सिंह जेल प्रशासन एवं सुधार सेवाओं को प्रमुख सचिव सहकारिता का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। बिमल कुमार दुबे प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य चीनी निगम लिमिटेड से मंडलायुक्त झांसी, ईशा दुहन अपर आयुक्त, वाणिज्यिक कर गौतमबुद्धनगर से प्रबंध निदेशक पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम और चांदनी सिंह प्रतीक्षारत को अपर आयुक्त वाणिज्य कर गौतमबुद्धनगर बनाया गया है।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माहः गुड वर्क के लिए डीएम-एसपी को मिली शाबाशी, सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जिला सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठको, सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में कराये गये कार्यों के फलस्वरूप वर्ष 2023 में विगत वर्ष के सापेक्ष सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या में 18 फ़ीसदी कमी परिलक्षित होने के परिपेक्ष में खीरी जिले के डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, एआरटीओ आलोक कुमार व अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी अनिल कुमार यादव को प्रदेश स्तर पर अव्वल आने पर सम्मान मिला है।मंगलवार को राजधानी लखनऊ में परिवहन विभाग, उप्र के तत्वावधान में ÷राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह÷ के तहत राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में डीएम-एसपी के पुरस्कार को सूबे के पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, प्रमुख सचिव एल. वेंकटेश्वर लू से एआरटीओ आलोक कुमार ने ग्रहण करते हुए बुधवार को यह सम्मान डीएम-एसपी को सौपा।जनपद खीरी में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों के नियमित आयोजन एवं सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में कराये गये कार्यों के फलस्वरूप वर्ष 2023 में विगत वर्ष के सापेक्ष सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या में 18 फ़ीसदी कमी परिलक्षित हुई है, जो उल्लेखनीय है।प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू ने परिवहन विभाग, उप्र सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में किए प्रयासों एवं कार्यों की भूरि-भूरि सराहना व प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके लिए जनपद के एसपी गणेश प्रसाद साहा, समिति सहसचिव एआरटीओ (प्रवर्तन) आलोक कुमार, सचिव/अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग खंड 3 अनिल कुमार यादव की भी इस उल्लेखनीय योगदान के लिए सराहना करते हुए सम्मान पत्र जारी किया।

युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय युवा संवाद इण्डिया @2047 कार्यकम का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय युवा संवाद-इण्डिया ङ्क2047 कार्यकम का आयोजन किया गया। कार्यकम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ0 इरा श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि श्री नैपाल सिंह अपर पुलिस अधीक्षक, प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल व कार्यकम संयोजक प्रो. सुभाष चन्द्रा ने मां सरस्वती, स्वामी विवेकानंद तथा राजा युवराज दत्त सिंह जी के चित्र पर मार्त्यापण एवं द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इसीकम में छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व एन.एस.एस. लक्ष्य एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यकम संयोजक प्रो. सुभाष चन्द्रा ने इस अवसर पर युवा संवाद-इण्डिया ङ्क2047 कार्यकम की रूपरेखा प्रस्तुत की एवं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की संकल्पना विकसित भारत ङ्क2047 से परिचित कराया। तत्पश्चात् युवा संवाद-इण्डियाङ्क2047 के अन्तर्गत छात्र/छात्राओं की भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें अमृतकाल के पंच प्रण पर एन.एस.एस. स्वयंसेवकों व छात्र/छात्राओं ने अपने विचार रखे, जिनका मूल्यांकन निर्णायक मण्डल द्वारा किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर अंशिका बाजपेई, द्वितीय स्थान पर लायबा अंसारी व साक्षी अवस्थी, तृतीय स्थान पर दिव्या सिन्हा व साक्षी देवी रहीं तथा तृसी व शिवांगी को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यकम में मुख्य अतिथि डॉ. इरा श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान में संवेदनशील एवं जिम्मेदारी नागरिक का निर्माण करना सर्वाधिक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। युवा संवाद जैसे कार्यकम विद्यार्थियों में नागरिक दायित्वों के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में अपना श्रेष्ठ देने की प्रेरणा देते हैं। युवा विद्यार्थियों के पास कल्पना के पंख, ऊंचाईयों को छूने का हौसला व सपने साकार करने की ताकत होती है। इसलिए सभी युवा विद्यार्थी विकसित भारत ङ्क2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपना श्रेष्ठ देने के लिए कदम बढ़ायें। विशिष्ट अतिथि श्री नैपाल सिंह अपर पुलिस अधीक्षक ने अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत युवा संवाद एवं अन्य कार्यकम विद्यार्थियों में मानवीय संवेदना, स्वदेश प्रेम, स्वावलम्बन, सेवा भाव, सहकारिता एवं कर्तव्य बोध की भावना जागृत करते हैं। अमृतकाल के पंच प्रण पर युवा विमर्श निश्चित ही विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में विद्यार्थियों को प्रेरित करेगा। कार्यकम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. हेमन्त कुमार पाल ने कहा कि किसी देश का भविष्य युवाओं के हौसले और उत्साह पर निर्भर करता है। जरूरत केवल सच्चे संकल्प की है। युवा विद्यार्थी पंच प्रण का संकल्प लेकर आगे बढ़े और विकासित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में योगदान दें। कार्यकम में प्रो. नीलम त्रिवेदी, प्रो. विशाल द्विवेदी तथा भगवान दीन आर्य कन्या महाविद्यालय की एन एस.एस. कार्यकम अधिकारी विनीता पटेल ने भी युवा प्रतिभागियों को विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। युवा संवाद कार्यकम में युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय व भगवानदीन आर्यकन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के 150 से अधिक छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया।कार्यकम में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं प्राचार्य ने भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को बधाई दी और उनको स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र व पुस्तक देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर लंच कराया गया। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल के सदस्य के रूप में प्रो. ज्योति पंत, डॉ. सौरभ वर्मा तथा डॉ. रचित कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई। अंत में कार्यकम संयोजक प्रो. सुभाष चन्द्रा ने सम्मानित अतिथियों व उपस्थित सभी के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यकम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

बारातियों की कार पेड़ से टकराई, हादसे में 3 की मौत

महराजगंज रायबरेली। बारात से घर वापस आ रहे बारातियों की कार पेड़ से टकरा गई, हादसे में कार सवार 6 में से महिला सहित तीन की मौत हो गई, वहीं तीन को अमेठी के जिला अस्पताल से गंभीर हालत में एम्स रायबरेली रेफर किया गया है। जहां घायलों का इलाज चल रहा है। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के पहाड़पुर गांव निवासी अनूप सिंह की बारात मंगलवार को अमेठी जनपद के दुर्गा पुर गई थी। विवाह में मांगलिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद एक ही कार पर सवार हो देर रात करीब डेढ़ बजे पहाड़पुर गांव निवासी संतोष सिंह उर्फ अन्ना सिंह (45) पुत्र शिवबहादुर सिंह, उनकी विवाहित पुत्री भदोखर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी अनुष्का सिंह(23) व पुत्र मानवीर सिंह(17) तथा पुत्री निहारिका सिंह (19) व गांव के ही आलोक सिंह (40) पुत्र गोपाल सिंह तथा रिश्तेदारी में बारात में शामिल होने आई जौनपुर जनपद के शाहगंज थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी दीपा सिंह (30) पत्नी अनिल सिंह के साथ घर वापस लौट रहे थे।

प्रदेश में खीरी रहा प्रथम, दुर्घटनाओं से मृत्यु दर में 18 फ़ीसदी की कमी

परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने कहा कि वर्ष 2023 के सड़क दुर्घटनाओं के आकड़ों का विश्लेषण में यह प्रकाश में आया कि प्रदेश में मृतकों की संख्या में विगत वर्ष 2022 के सापेक्ष जनपद लखीमपुर खीरी में 18त्न इटावा में 17.2त्न, महोबा में 16.5त्न, हमीरपुर में 11.1त्न एवं रामपुर में 9.9त्न की कमी की उपलब्धि प्राप्त की है। इस प्रकार इन जनपदो में मृतकों की संख्या में 10 प्रतिशत की कमी अंकित करने के साथ-साथ वर्ष 2023 में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठकें भी प्रत्येक माह में नियमित रूप से आयोजित की गयी हैं। परिवहन विभाग ने उपरोक्त उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए इन जनपदों के जिलाधिकारीगण, जो जिला सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष भी है, को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया था। इसी क्रम में उपरोक्त जनपदों के डीएम, एसपी, अधिशासी अभियन्ता, पीडब्लूडी (सचिव) व एआरटीओ (प्रवर्तन)/सहसचिव को भी इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया जा रहा है।

03 नफर अभियुक्तगण गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा 03 नफर अभियुक्तगण 1.सरोज उर्फ नरेन्द्र पुत्र मदनलाल नि0ग्राम अग्गरखुर्द थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी संबंधित मु0नं0 1279/20 धारा 147/148/323/452 भादवि0 2. एजाज पुत्र अलीहसन नि0ग्राम सुन्दरवल थाना फूलबेहड़ सम्बन्धित मु0नं0 1882 /23 धारा 376/511/323/452/506 भादवि0 3. नन्दराम पुत्र हजारी नि0 ग्राम सरवा टापर थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी सम्बन्धित मु0नं0 3542/22 धारा 323/354बी/379/506 भादवि0 को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेजा गया है।

गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

सहारनपुर। थाना बड़गांव पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल डंडा बरामद कर जेल भेज दिया। थाना बड़गांव प्रभारी संजीव कुमार पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 4 फ़रवरी को पीड़िता संयोगिता पति सेठपाल निवासी उमरी मजबता थाना बड़गांव की तहरीर पर उसके बेटे आशीर्ष उर्फ कल्लू की शादी में घुड़चढ़ी के दौरान बज रहे डीजे को लेकर लाठी, डंडे से मारपीट कर हत्या कर दिये जाने के संबंध में थाने पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

सांसद व गृह राज्य मंत्री ने किया साइबर थाने का उदघाटन

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ के वर्चुअली निर्देशन मे अजय मिश्र टेनी, सांसद व गृह राज्य मंत्री के द्वारा जनपद लखीमपुर में साइबर अपराध की रोकथाम के लिए किया गया साइबर थाने का उदघाटन मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के द्वारा उ0प्र0 के 75 जनपदों के 1523 पुलिस थानों मे साइबर सेल , 57 जनपदों साइबर क्राइम पुलिस थाने, 18 मण्डल मुख्यालयों पर भ्रष्टाचार संगठन निवारण थाने , 8 जनपदों मे भ्रष्टाचार निवारण संगठन ईकाई तथा प्रयागराज व कुशीनगर मे पर्यटन थाने का शुभारंभ , लोकार्पण व शिलान्यास सचिवालय के लोकभवन स्थित ऑडिटोरियम से वर्चुअली किया गया । इसी क्रम मे आज दिनांकः-

28.02.24 को जनपद लखीमपुर में साइबर थाने का शुभारम्भ किया गया। जनपद लखीमपुर में आधुनिक उपकरणों से लैस पहला साइबर थाना खुला। इसका शुभारम्भ अजय मिश्र टेनी, सांसद व गृह राज्य मंत्री के द्वारा योगेश कुमार वर्मा सदर, विधायक, महेन्द्र बहादुर सिंह, जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा , पवन गौतम, अपर पुलिस अधीक्षक(पूर्वी), नैपाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक(पश्चिमी), क्षेत्राधिकारी सदर रमेश कुमार तिवारी, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन खीरी की उपस्थिती में किया गया। आधुनिक उपकरणों से लैस साइबर थाने में साइबर अपराध के पीडित ऑफलाइन व ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकेंगे। साइबर फ्रॉड की प्राथमिकी दर्ज कर टेक्नीकल एक्सपर्ट प्रशिक्षित पुलिस पदाधिकारी व तकनीकी सेल के पुलिस कर्मी साइबर अपराध के मामलों का अनुसंधान कर साइबर फ्रॉड के शिकार लोगो को न्याय दिला सकेंगे। जहां अत्याधुनिक तरीके से साइबर फ्रॉड मामलों का उदभेदन हो सकेगा। साइबर थाने को कम्प्यूटर, आवश्यक हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर उपलब्ध करा दिये गये है। साइबर थाना द्वारा साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है तथा चलाते रहेंगे ताकि आम लोग साइबर ठगी के मामलों से बच सकें साइबर थाना के प्रभारी निरीक्षक रामखेलावन राणा व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

आज आया है लीप वर्ष का लीप दिवस

क्या चार से विभाजित होने वाला प्रत्येक वर्ष लीप वर्ष होता है

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। आज की तारीख 29 फरवरी पूरे चार वर्षों के

इंतजार के बाद आयी है। इस वर्ष के फरवरी माह का यह अंतिम विशेष दिन एक लीप दिवस है। इसी दिन की वजह से यह वर्ष 2024 एक लीप वर्ष कहलाता है।एक सामान्य वर्ष के दिनों की कुल संख्या 365 होती है। किंतु लीप वर्ष के फरवरी माह में एक दिन की अतिरिक्त वृद्धि के साथ दिनों की यह संख्या 366 हो जाती है। सामान्यता चार से विभाजित होने वाले किसी वर्ष को लीप-वर्ष जाना जाता है। वर्तमान वर्ष 2024 भी चार से पूर्णतया विभाजित होता है, इसलिए यह वर्तमान वर्ष एक लीप वर्ष है। आगामी वर्ष 2028, 2032, 2036, 2040 आदि भी लीप वर्ष होंगे। किंतु 29 फरवरी वाले सभी लीप वर्षों के लिए चार से विभाजित होना ही आवश्यक नहीं है। शताब्दी वर्ष जैसे 2100, 2200 व 2300 आदि सभी चार से विभाजित होने के बावजूद लीप वर्ष नहीं होंगे। किंतु शताब्दी वर्ष 2400 एक लीप वर्ष होगा। अंतिम दो शून्य वाले वर्ष अर्थात शताब्दी वर्ष यदि 400 से विभाजित हो जाएं, तभी वह वर्ष एक लीप-वर्ष होंगा। ऐसी ज्ञानवर्धक व रोचक जानकारी के साथ लखनऊ पब्लिक स्कूल के गणित अध्यापक अतुल सक्सेना ने बताया कि लीप दिवस की सामान्य कैलेंडर के वर्षों एवं उष्णकटिबंधीय वर्षों के मध्य आने वाली समयावधि के अंतर को समायोजित करने एवं उनमें समन्वय स्थापित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पृथ्वी सूर्य का एक पूर्ण चक्कर लगाने में 365 दिन 5 घंटे 48 मिनट 46 सेकंड या लगभग 365.2422 दिनों का समय लगाती है। सामान्य वर्ष से यह समयावधि का अंतर चार वर्षों में एक दिन की औसतन वृद्धि का कारण बनता है। हर चौथे वर्ष का 29 फरवरी वाला यह लीप-दिन उसे संतुलित करता है।इस प्रकार की गणना से प्रति वर्ष औसतन 0.0078 दिवस की अवधि अधिक जुड़ जाती है। 400 वर्षों में यह लघु अवधि तीन दिनो के समतुल्य होती है। तीन अतिरिक्त बढ़े हुए दिनों के अंतर को समायोजित करने के लिए तीन लगातार शताब्दी वर्षों को लीप वर्ष ना मानकर हर चौथे शताब्दी वर्ष को ही लीप वर्ष माना जाता है।

जनपद की 71 चयनित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र किए वितरित

सेवा भाव से जिम्मेदारी का करें निर्वहनः जिलाधिकरी

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी ने चयनित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान सरकार में बिना किसी भेदभाव के सीधे पात्रों एवं आज यहां कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान जनपद की 71 नव चयनित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने सभी नव चयनित

योग्य व्यक्तियों को ही लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आपकी जिम्मेदारी काफी महत्वपूर्ण होती है क्योंकि माता की तरह आंगनवाड़ी कार्यकत्री बच्चो का ख्याल रखती है। अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से पूर्ण करें।

जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सेवा की भावना से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। सेवा भाव के साथ शासकीय दायित्वों को निभाएं तथा जिस उद्देश्य के लिए आपको दायित्व मिला है उसका भली प्रकार से निर्वहन करें। चयनित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां कार्यक्रम में सरला, पूनम, नीलम, बबिता, रंगिता, ललिता, विमलेश, सविता, अन्नु, रीना, संजो, रानो, नीतू, रीता, साधना, सुषमा, शशि, ममतेश, अनीता, मोनिका, संदेश, राजेश्वती, सुभाषना, मनीषा, मिथलेश, रीना, प्रभा, मोनिका, कौशल्या, संजना, कविता, ओम कुमारी, रेशमा, अंकजी, तारावती, सुदेश, अंजू, अर्चना, गुड्डी, श्रेमवती, अनीता, मित्रा, शबनम जहां, रीना, मांगी, रेखा, रजनी, गीता, निशा, ममता, रविता, अंजू, ब्रजलता, विनिता, सुमन, रेखा, संगीता, संगीता, बबिता, आशा, प्रमिला, पुष्पा, शबीना, शबनम, ममता, दीपा, कमर, साजिया, गुलशन, अनीता, मुकेश कुल 71 नव चयनित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी नन्द लाल प्रसाद सहित विभाग की सीडीपीओ एवं नव चयनित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रही।

पत्रकार मनोज मिड्ढा की माता के निधन पर पत्रकारों में शोक की लहर

सहारनपुर। दिल्ली से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ मनोज मिड्ढा की माता चंचल मिड्ढा का लंबी बीमारी के चलते आज निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही पत्रकार जगत में शोक की लहर दौड़ गई। पत्रकारों ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए भगवान से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

दिल्ली से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ मनोज मिड्ढा की माता का इलाज दिल्ली में बी एल के मैक्स मैं चल रहा था वह लगभग 22 दिनों से बीमार चल रही थी। उन्हें हार्ट में ब्लॉकेज होने के कारण दिल्ली के बी एल के मैक्स में भर्ती कराया गया था हॉट सर्जरी के बाद भी उन्हें रिलीफ ना मिलने कारण आज उनका दिल्ली के बी एल के मैक्स में निधन हो गया। उनके माता की निधन की सूचना जैसे ही पत्रकारों को लगी तो नगर भर में शोक की लहर दौड़ गई।

हमारा आंगन, हमारे बच्चे। उत्सव कार्यक्रम ब्लॉक सभागार में आयोजित

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज रायबरेली। विकासखंड स्तर पर हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम ब्लॉक सभागार में आयोजित किया गया। आयोजित उत्सव में बाल वाटिका से कक्षा तीन तक के निपुण छात्रों को संबोधित किया गया। साथ ही बच्चों को गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करने की अपील की गई। बुधवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में स्कूलों में संचालित हो रहे 40 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव ने बाल वाटिका के बच्चों के लिए उपलब्ध शैक्षिक संसाधनों का नियमित उपयोग करने का आवाहन किया। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों के साथ मित्रता पूर्ण व्यवहार करने और उन्हें गुणवत्ता परक शिक्षा प्रदान करने की अपील की। इसके साथ ही अभिभावकों को भी बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में पूर्व प्राथमिक कक्षा के अंतर्गत बच्चों को सरकार द्वारा कई सुविधाएं दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि नोडल अध्यापक एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री को मिलकर टीम भावना से निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा किया जा सकता है। उत्सव कार्यक्रम के अंत में बाल वाटिका से कक्षा 3 तक के निपुण बच्चों को सम्मानित भी किया गया।

बड़े पैमाने में खाद्य तेल में मिलावट होने की आशंका पर प्रतिष्ठानों को कर दिया सील

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में गोपनीय सूचना मिलने पर जिले से आई एसओजी टीम के साथ स्थानीय अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दो जगह पर छापेमारी कर बड़े पैमाने में खाद्य तेल में मिलावट होने की आशंका पर प्रतिष्ठानों को सील कर दिया गया। खाद्य सुरक्षा टीम ने मौके पर पहुंचकर माल की सैंपलिंग का कार्य शुरू किया है। वहीं रेड पडने की भनक लगते ही आरोपी मौका पाकर भाग निकले।कस्बे में लगातार खाद्य तेल में मिलावट होने की सूचना मिलने पर मंगलवार को एसओजी टीम के साथ एसडीएम डॉ अवनीश कुमार और सीओ अरुण कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दो प्रतिष्ठानों पर छापा मारा जिसमें प्रारंभिक जांच में केमिकल मिले जिससे बड़े पैमाने पर खाद्य तेल में मिलावट होने की आशंका जताई गई। जिसके चलते उन्हें सील कर भारी सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया। एसडीएम द्वारा खाद्य विभाग को सूचना भेजी गई है। मौके पर पहुंची जिले से आई खाद्य विभाग की टीम ने बरामद माल का सैंपल भर कर जांच के लिए भेजा दिया। वहीं घटना की भनक लगते ही दोनों व्यापारी प्रतिष्ठान छोड़कर भाग निकले। उप जिलाधीकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि खदय टीम द्वारा सैम्पल भर कर जाँच के लिए भेजे गए है दुकानों को सील कर दिया गया है। सेम्पल की रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जायेगी।

ताला तोड़कर घर में रखे जेवरात व कीमती सामान उठा ले जाने का आरोप

अवधनामा संवाददाता

मोतीगंज, गोण्डा। पुलिस की मौजूदगी में विवाहिता के मायके वालों द्वारा ससुराल के मकान में लगा ताला तोड़कर अंदर कमरे में लड़की की शादी की तैयारी में रखे जेवरात व अन्य सामानों को उठा ले जाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री के साथ ही डीआईजी, डीएम व पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई है। मामला मोतीगंज थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत डड़वा दसौतिया के डड़वा गांव की निवासिनी इसलामुन्निशा पत्नी अब्दुल हमीद इदरीसी ने दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए कहा है कि उसके पुत्र मोहम्मद अनस का निकाह सायमा बानो के साथ वर्ष 2022 में हुआ था। उसका पुत्र व बहू मुंबई में रहते थे। इस बीच दोनों में किसी कारण से अनबन हो गई, जिससे दोनों में विवाद होता रहा। पति-पत्नी के बीच महाराष्ट्र में मुकदमा भी चल रहा है। दिनांक 05.02.2024 को सुबह करीब 10 बजे नसरीन पत्नी मुजीबुल्लाह, सायमा बानो पत्नी मोहम्मद अनस निवासी विशुनपुर थाना रेहरा बाजार, जनपद बलरामपुर दो अन्य लोगों के साथ उसके घर पहुंचे। उस समय घर पर कोई नहीं था। आरोप है कि विपक्षियों ने घर में लगा ताला तोड़ दिए और घर में घुसकर पीड़िता के जेवरात के साथ ही उसकी लड़की की शादी के लिए रखे जेवरात व अन्य कीमती सामानों को उठा ले गए। इसकी सूचना उसके पति को दोपहर में मिली। इस पर वह 5 फरवरी को मुंबई से गांव आए। 7 फरवरी को पुलिस अधीक्षक के साथ ही थानाध्यक्ष मोतीगंज को भी प्रार्थना पत्र दिया और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस पर उसने 8 फरवरी को जिलाधिकारी नेहा शर्मा से गुहार लगाई, तब पुलिस मौके पर पहुंची। आरोप है कि पुलिस ने पीड़ित पक्ष से कहा कि सब फर्जी है। पीड़िता की गैरमौजूदगी में उसके तथा उसके परिवार वालों के विरूद्ध मुकदमा लिख दिया।

किसान के घर में जन्मे युवा वैज्ञानिक डॉ गौरव शुक्ल इटली के एक रिसर्च ग्रांट के विजेता बने

अवधनामा संवाददाता

मनकापुर (गोण्डा)। कड़ी मेहनत व पक्का इरादा, ये मंत्र इंसान को सफलता की नई ऊंचाइयों पर लेकर जाता है। किसान के घर में जन्मे एक युवा वैज्ञानिक डॉ गौरव शुक्ल इटली के एक रिसर्च ग्रांट के विजेता बने हैं, जिसके तहत उन्हें इटली में रहकर रिसर्च करने के लिए आमंत्रित किया गया हैं। यह रिसर्च ग्रांट किसी एक युवा वैज्ञानिक को दिया जाना था और इसके लिए बीते वर्ष दिसंबर में पूरी दुनिया से आवेदन आमंत्रित किये गए थे।दो बार इंटरव्यू के बाद, डॉ गौरव ने सौ प्रतिशत स्कोर प्राप्त करने पर उन्हें इस रिसर्च ग्रांट का विजेता घोषित किया गया। वह इटली की एक राष्ट्रीय लैब - इंस्टिट्यूट ऑफ़ नैनो साइंस , पीसा में वहाँ के रिसर्च डायरेक्टर प्रोफेसर स्टेफन हैउन के साथ अपना शोध कार्य करेंगे। डॉ गौरव इटली में सुपरकंडक्टर और सेमीकंडक्टर के अंतराफलक पर कम तापमान पर सुपरकम्प्युटर की सम्भावनाओ को विकसित करने का काम करेंगे। वह इटली में अपना शोध कार्य अप्रैल से शुरू करेंगे।

डॉ गौरव विकास खंड की ग्राम पंचायत महादेवा के निवासी है इनके पिता किसान और माता शिक्षामित्र है। किसान अनिल कुमार शुक्ल के तीन संतान में दूसरे नंबर पर हैं , बड़ी बहन शिक्षिका व छोटा भाई इंजीनियर है।डॉ गौरव के प्राथमिक शिक्षा गांव के प्राथमिक विद्यालय सतिया से करने के बाद हाइस्कूल व इंटर की शिक्षा कस्बे स्थित डीपी इंटर कॉलेज और एपी इंटर कॉलेज मनकापुर से प्राप्त कर आगे की पढाई के लिए इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीएससी और एमएससी की डिग्री प्राप्त किया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एमएससी के बाद नेट (एआईआर-64), सीएसआईआर-जेआरएफ (एआईआर-127), और जेस्ट(एआईआर-310) जैसी राष्ट्रीय परीक्षा पास करके बैंगलोर के सेंटर फॉर नैनो एंड सॉफ्ट मैटर साइंसेज से पीएचडी की।

पीएचडी के दौरान डॉ गौरव ने सेल्फ क्लीनिंग सरफेस, स्ट्रक्चरल कलर्स, सेंसर्स, और प्लास्मोनिक्स फील्ड में रिसर्च किया। गौरतलब है कि स्व-सफाई करने वाले कृत्रिम संरचनात्मक रंगों के निर्माण के शोध को अमेरिका कि एप्लाइड ऑप्टिक्स जर्नल ने अपने कवर पेज पे जगह दी थी। डॉ गौरव के 5 शोध कार्यों को भारत सरकार की विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने अपने वेबसाइट पे भी प्रमुखता से दिखया है, जिसमे लौ कॉस्ट हाइड्रोजन प्रोडक्शन, आर्द्रता सेंसर , ऑक्सीजन सेंसर्स , कृत्रिम कृत्रिम संरचनात्मक रंगों का निर्माण मुख्य हैं ।डॉ गौरव अमेरिकन फिजिकल सोसाइटी, अमेरिकन ऑप्टिकल सोसाइटी, और मैटेरियल्स रिसर्च सोसाइटी ऑफ़ इंडिया के सदस्य भी हैं।

इस समय डॉ गौरव भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे , मुंबई के डिपार्टमेंट ऑफ़ फिजिक्स में पोस्टडॉक्टोरल साइंटिस्ट के रूम में कार्यरत हैं, जहाँ पर वो मानव मस्तिष्क की तरह काम करने वाले आर्टिफीसियल न्यूरोमोर्फिक यंत्र का निर्माण करने के लिए शोध कर रहे है। पिछले साल डॉ गौरव को सिंगापुर की मैटेरियल्स रिसर्च सोसाइटी के द्वारा कराई जाने वाली एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अपना शोध प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया था जहाँ पर उन्होंने शोध प्रस्तुति के साथ साथ एक सत्र की अध्यक्षता भी की। डॉ गौरव विज्ञान संचार पर बहुत जोर देते हैं और इसलिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेने के अलावा 10th और 12th के विद्यार्थियों को विज्ञान प्रदर्शन के माध्यम से विज्ञान में रूचि पैदा करते पर भी जोर देते है।

उच्च प्राथमिक विद्यालय कपूरपुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

गोंडा। बुधवार को शिक्षा क्षेत्र हलधरमऊ के उच्च प्राथमिक विद्यालय कपूर पुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान अभिशाप या वरदान तथा विज्ञान की थीम पर क्विज प्रतियोगिता व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विज्ञान शिक्षिका सीमा वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में लगभग तीस बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता से पहले शिक्षिका ने बच्चों को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाए जाने के औचित्य पर विस्तार से बताया। साथ ही विज्ञान किट में उपलब्ध उपकरणों की मदद से विज्ञान के प्रयोग व उनके सिद्धांतों को स्पष्ट किया। दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व। विज्ञान के ज्ञान का मानव कल्याण में उपयोग करना विज्ञान का वरदान लेकिन यदि इसी ज्ञान का उपयोग मानव कल्याण में उपयोग न करके उसके विनाश में लगाया जाए तो वही विज्ञान का अभिशाप कहलाएगा। प्रतियोगिता के क्रम में विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में आंचल ओझा प्रथम, अजयधर द्वितीय व महक शुक्ला तृतीया स्थान पर रहे। इसी प्रकार चित्र कला प्रतियोगिता में प्रतिज्ञा प्रथम, आराधना द्वितीय व वन्दना तृतीय स्थान पर रहे। इसके अतिरिक्त नेहा,आनशी, दीपिका,अमित दूबे, अंशिका, जितेन्द्र, रवीन्द्र, सचिन, गीता, अथर्व,रंजीत आदि बच्चों के भी कार्य सराहनीय रहे।अव्वल आए बच्चों को शिक्षिका सीमा वर्मा द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मेहनत से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आई : योगी

- 3,077 नवचयनित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र बांटे
- 173 करोड़ रुपए की लागत से 31 जनपदों में 1,459 आंगनवाड़ी केंद्र भवनों का शिलान्यास किया

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले सात वर्ष में प्रदेश में आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या दोगुनी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की मेहनत की वजह से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में 2014 के सापेक्ष कमी आई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के अनुसार 2014 में प्रदेश में मातृ मृत्यु दर 285 प्रति लाख थी, जो घटकर 167 पर आ गई है।

वहीं शिशु मृत्यु दर 2014 में जो 48 हजार प्रति लाख थी, जो घटकर 38 हजार हो गई है। सीएम योगी ने कहा कि आज डबल इंजन की सरकार महिला स्वयं सहायता समूह और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से हॉट कुक्ड मील उपलब्ध करा रही है। सीएम योगी ने बुधवार लोकभवन में मिशन रोजगार के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में 3,077 नवचयनित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। साथ ही 173 करोड़ रुपए की लागत से 31 जनपदों में 1,459 आंगनवाड़ी केंद्र भवनों का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान प्रदेश की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, एनएम और आशा वर्कर ने संक्रमित लोगों की सेवा की। इन फील्ड वर्कर्स से कोरोना संक्रमितों की स्क्रीनिंग करने के साथ ही उन्हें दवा उपलब्ध कराने का कार्य किया था। यही वजह रही की प्रदेश में कोरोना के संक्रमण को रोकने में सरकार को सफलता मिली। सीएम योगी ने कहा कि आज प्रदेश में इंसेफेलाइटिस से कोई मौत नहीं होती है। इसके पीछे उत्तर प्रदेश के फील्ड कर्मियों की मेहनत है, जिनका कार्य आज देश में मॉडल बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकत्री यशोदा मईया की तरह हैं, जिस तरह से लीलाधारी भगवान श्रीकृष्ण का पालन माता यशोदा ने किया था। उसी तरह से प्रदेश के प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र में आंगनवाड़ी कार्यकत्री हजारों बच्चों का पालन कर रही हैं। सीएम योगी ने कहा यह वही उत्तर प्रदेश है, वही विभाग हैं, वही लोग हैं, लेकिन पिछले सात वर्ष में प्रदेश की तस्वीर बदली है। हर क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन आया है, जो किसी से छुपा नहीं है। डबल इंजन की सरकार प्रदेश के अंदर आंगनवाड़ी केंद्र और महिला स्वयं सहायता समूह के माध्यम से हर एक विकासखंड स्तर पर क्वालिटी रेसिपी केंद्र विकसित कर रहे हैं। पहले चरण में ऐसे 204 ऐसे केंद्र विकसित किए जाएंगे।

नियम विरुद्ध नामांकन कर रहा है कसया का सेंट जेवियर्स स्कूल, जांच में हुई पुष्टि

- मान्यता आठवी तक, कक्षाएं संचालित हो रही हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की
- डीआईओएस के जांच में शिकायतो की हुई पुष्टि, पाया गया दोषी
- डीआईओएस ने विद्यालय के खिलाफ कार्रवाई के लिए बीएसए को किया निर्देशित

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। कसया स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल में अवैध तरीके से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के छात्रों का नामांकन कर न सिर्फ अभिभावकों का आर्थिक शोषण किया जा रहा बल्कि अनटेंड शिक्षकों द्वारा शिक्षा दिलाकर देश के भविष्यों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इसका खुलासा जिला विद्यालय निरीक्षण द्वारा कराई गई जांच में सार्वजनिक हुआ है। मजे कि बात यह है कि जांच मे दोषी पाए जाने के बाद विद्यालय के खिलाफ खुद कार्रवाई करने के बजाय डीआईओएस ने बीएसए को कार्यवाही करने का पत्र जारी कर अपने दायित्वों का इतिश्री कर लिया है।

सूबे की योगी सरकार शिक्षा के प्रति काफी गंभीर है। कहना न होगा कि पिछले 6 वर्षों में योगी सरकार शिक्षा के हर क्षेत्र में बुनियादी स्तर पर बदलाव लाने का सार्थक प्रयास किया है। सरकार ने न केवल प्राथमिक शिक्षा के सुधार में कई कदम उठाए है, अपितु शिक्षा व्यवस्था की कार्य शैली में भी बड़े बदलाव देखने को मिल रहा है। इसके बावजूद कुशीनगर जनपद में शिक्षा विभाग के जिम्मेदार सरकार के मंसूबों पर पानी फेरने में जुटे है। नतीजतन कक्षा आठवी तक मान्यता वाले विद्यालय विभाग से साठगांठ कर नियम विरुद्ध तरीके से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की कक्षाओं में नामांकन के नाम पर अभिभावकों से मनमानी रकम वसूलकर कक्षाएं चला रहे है।

जांच में दोषी पाया गया सेंट जेवियर्स स्कूल : गौरतलब है कि कसया स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल की मान्यता कक्षा आठवी तक जिला बेसिक कार्यालय से ली गई है। किंतु यह विद्यालय द्वारा नियम विरुद्ध व अवैध तरीके से सीबीएसई बोर्ड पाठ्यक्रम के नौवीं व ग्यारहवीं कक्षाओं में नामांकन के नाम पर छात्रों से न सिर्फ मनमानी फीस वसूल किया जा रहा है बल्कि अप्रशिक्षित शिक्षको द्वारा उन्हें पढ़ाया जा रहा है। कक्षा नौवीं व ग्यारहवीं के छात्रों के नामांकन के लिए विद्यालय प्रशासन की ओर से बकायदे सोशल मीडिया से लगायत अन्य माध्यमों से प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। **सीएम पोर्टल पर की गई थी शिकायत :** पडरौना विकास खण्ड क्षेत्र मठिया नरहीपुर निवासी व समाजसेवी ओमप्रकाश गुप्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर कसया स्थित सेंट जेवियर्स हाईस्कूल द्वारा बिना मान्यता के अवैध तरीके से सीबीएसई बोर्ड अन्तर्गत हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के छात्रों का नामांकन कर कक्षाएं चलाने की शिकायत की थी। इसकी जांच जिला विद्यालय निरीक्षक ने की। डीआईओएस ने दिनांक 24-01-2024 जिलाधिकारी को भेजे गए रिपोर्ट में कहा है कि सेंट जेवियर्स हाईस्कूल कसया कुशीनगर के प्रबन्धक ने नोटरी शपथ पत्र द्वारा अगवत कराया है कि सेंट जेवियर्स जूनियर हाईस्कूल कसया कुशीनगर में स्थित है जो कक्षा एलकेजी से कक्षा-8 तक बेसिक शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त है और प्राप्त मान्यता के अनुसार ही कक्षा का संचालन किया जाता है। मान्यता से इतर कक्षाएं संचालित/नांमाकन पाया जाय तो, विद्यालय के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाय। सीएम पोर्टल पर अपलोड गए गए इस जांच आख्या पर फीडबैक के दौरान शिकायतकर्ता ने आपत्ति व असंतुष्टि जाहिर की तो शासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए डीआईओएस को पुनः जांच करने का आदेश जारी किया।

अधिकारियों का आदेश व स्कूल का लोगों

डीआईओएस ने बीएसए को कार्रवाई करने का दिया निर्देश

जिला विद्यालय निरीक्षक रवीन्द्र सिंह द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्य को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि सेंट जेवियर्स हाईस्कूल, कसया, कुशीनगर के विरूद्ध ओम प्रकाश गुप्ता ने आनलाइन शिकायत (संदर्भ संख्या 40018924001631) की है इस क्रम सेंट जेवियर्स हाईस्कूल की जांच की गई, जांच में पाया गया कि उक्त विद्यालय को आपके कार्यालय द्वारा कक्षा 8 तक मान्यता प्रदान की गई है किन्तु विद्यालय द्वारा सोशल मिडिया पेज पर तथा पोस्टर लगाकर सीबीएसई बोर्ड के अन्तर्गत कक्षा नौवीं एवं ग्यारहवीं में नामांकन प्रक्रिया शुरू करने के लिए प्रचार-प्रसार किया गया है, इससे सिद्ध होता है कि उक्त विद्यालय द्वारा कक्षा 9 एवं कक्षा 11 में बिना मान्यता के ही छात्रों का प्रवेश लिया जा रहा है। जो सर्वथा नियम विरुद्ध है।

संस्कार भारती ने मनाया भरत मुनि स्मृति दिवस

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। संस्कार भारती जनपद जालौन ईकाई के द्वारा दिनांक दूढ़ेमर वैश्य धर्मशाला स्टेशन रोड उरई÷ में भरत मुनि जयन्ती कार्यक्रम में रुप सज्जा एवं नाट्य प्रस्तुति का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, वृन्दावन से पधारे महंत, श्री हेमन्त पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि श्री धनंजय जी प्रान्तीय सह मन्त्री, एवं रसना तिवारी जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में भरत मुनि के चित्र पर माल्यार्पण कर मंत्रोत्तचारण से दीप प्रज्वलन कर ध्येय गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों को बैच अलंकरण एवं अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम संयोजक ज्ञानेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में सोलह संस्कार, भरत मुनि पर आधारित निबंध प्रतियोगिता, नाट्य मंचन, रूप सज्जा, एकांकी नाटक, बधाई गीत, लोकगीत, कविता आदि की सुन्दर आयोजन किया। सरस्वती वन्दना और स्वागत गीत, अवंतिका सक्सेना, महक ने रानी लक्ष्मीबाई के रूप में मनमोहक प्रस्तुति दी, श्री संतोष कुमार दीक्षित जी के द्वारा मार्मिक नाटक वृद्धों की अवस्था, प्रदीप कुमार ने माँ पर आधारित नाटक का अद्भुत प्रदर्शन किया। सुनीता सदन फाउंडेशन के बच्चों द्वारा गाँधी जी का नाटक प्रस्तुत किया। संस्कार भारती के सदस्यों ने डॉ0 सविता सिंदूर द्वारा लिखित वृद्ध और वृद्धाश्रम÷ नाटक का मंचन किया। प्रिंसी श्रीवास्तव और अवंतिका सक्सेना ने राधा कृष्ण संवाद, उषा निरंजन द्वारा लोकगीत, अभय कुमार निरंजन श्री रामचंद्र संवाद, आकांक्षा अहिरवार देवी स्वरूप की प्रस्तुति, तथा आये हुए विभिन्न कलाकारों ने अद्भुत प्रस्तुति दी। ब्रज बिहारी सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में सोलह संस्कार विषय में सीनियर वर्ग में प्रथम द्वितीय तृतीय तथा जूनियर वर्ग में भरत मुनि विषय में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले एवं रूप सज्जा और नाटक के समस्त प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाग किए हुए सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।निबंध प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान सत्यम कुमार, द्वितीय स्थान आदर्श बाथम, तृतीय स्थान किशन पाल जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान सीमा द्वितीय स्थान सुप्रिया तृतीय स्थान निखिल कुमार को दिया गया।

एक मार्च को निकलेगी प्रदेश स्तरीय चौरसिया समाज जनचेतना रथयात्रा

लखनऊ अवधनामा संवाददाता। चौरसिया समाज की ओर से प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए चौरसिया समाज शुक्रवार 1 मार्च को गोमती नगर के 1090 चौराहे से प्रदेश स्तरीय जनचेतना श्रीराम मंदिर रथयात्रा आरंभ करेगा। यह यात्रा सुबह 11 बजे प्रदेश के लगभग 35 जिलों के लिए प्रस्थान करेगी। अखिल भारतीय आदर्श चौरसिया महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष रिशी चौरसिया ने यह जानकारी, दी। रिशी चौरसिया के अनुसार इस प्रदेश स्तरीय वृहद अभियान में उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मंत्रियों और विधायकों को आर्मंत्रित किया गया है। इस समारोह के लिए जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह जी, परिवहन मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह जी सहित ज्योतिषाचार्य चौरसिया राजेश शास्त्री ही नहीं वाराणसी से गिनीज बुक वर्ल्ड रिर्काडधारी श्रीमती सोनी चौरसिया को भी आमंत्रित किया गया है। इसके साथ ही इस अभियान में अरुण चौरसिया, ओमप्रकाश चौरसिया, कृष्णा चौरसिया, उदय चौरसिया, अनरूद्ध चौरसिया, पंकज चौरसिया, सत्यम चौरसिया, अनिल वर्मा सहित चौरसिया समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल होगें। रिशी चौरसिया के अनुसार यह व्यापक जनचेतना यात्रा उत्तर प्रदेश में चौरसिया समाज को गांव-गांव और घर-घर जोड़ने का काम करेगी। इसके साथ ही साल 2024 में चौरसिया समाज को राजनीति और सरकार में हिस्सेदारी मिले, इसकी मांग भी पुरजोर उठाएगी। रथयात्रा को सफल बनाने में योगदान देने वाले समाज के लोगों का अभिनंदन भी इस यात्रा के माध्यम से किया जाएगा।

सरकार हताशा घबराहट और निराशा में जा चुकी है : सिंह

देवरिया। देवरिया के कांग्रेस के लोक सभा प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह ने कहां कि सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी को आज सीबीआई की नोटिस देना इस बात का धोतक है कि मोदी सरकार हताशा घबराहट और निराशा में जा चुकी है। इंडिया गठबंधन से डरी हुई है केंद्र के सरकार द्वारा अपनी जाँच एजेंसियों के माध्यम से गठबंधन के नेताओं को प्रताड़ित करने और डराने का जो प्रयास कर रहे हैं उनसे कोई अब डरने वाला नहीं है। खुद अब ये सरकार ही डरी हुई है।अब तो उसे यह आभास हो चुका है कि जनता उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में भारी पराजय देने जा रही है। विगतदस वर्षों में मोदी जी की कोई उपलब्धि नहीं है सिर्फ़ झूठे सब्ज़बाग़ दिखाना और विपक्ष को प्रताड़ित कर उन पर झूठे आरोप लगा कर इसकी बदौलत अब सत्ता मे वापसी होना नामुमकिन है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का एक एक कार्यकर्ता भाजपा के किसी भी दबाव या प्रताड़ना से डरने वाला नहीं है। बार बार विपक्ष को डराने का प्रयास ही यही बनाता है कि मोदी सरकार कितनी डरी हुई है और डरी हुई सरकार का जाना तय हो चुका है ऐसे डर से कोई जनता की लड़ाई लड़ना बंद नही करेगा

पुलिस को गोली मारने वाला युवक गिरफ्तार

कायमगंज फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। कोतवाली पुलिस ने सोनू कोहली को गोली मारने वाले युवक आशू उर्फ शेखर कोरी को तमंचा सहित गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मोहल्ला श्यामा गेट गंगा दरवाजा कूंचा निवासी आशू उर्फ शेखर पुत्र अवध बिहारी की निशान देही पर घूरे में दबाए गए 315 बोर के तमंचे को बरामद कर लिया है। आशू ने 23 फरवरी की रात प्रेम नगर निवासी ऋषिपाल कोरी के पुत्र सोनू को गोली मारी थी। पेट में गोली लगने से सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे उपचार के लिए सैफई अस्पताल में भर्ती कराया गया ऑपरेशन करके सोनू के पेट से बुलेट निकाल दिया गया है। सोनू मोहल्ले के दोस्त संजय के जन्म दिवस पर गया था सोनू के घर से निकलते ही उसे गोली मारी गई थी। बताया जाता है की आशू ने जन्मदिन की खुशी में तमंचे से फायरिंग की थी जब वह तमंचा लोडकर फायर करने जा रहा था उसी दौरान चली गोली सोनू को लग गई थी। आशू ने घटनास्थल के निकट घूरे के ढेर में तमंचे को छुपा दिया था। पुलिस को तमंचे में चलाए गए कारतूस के खोखे के अलावा दो अन्य कारतूस भी मिले हैं।

विशाल भंडारे का किया गया आयोजन

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। उरई औरैया स्टेट हाईवे पर स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर बिचौली में श्री श्री 1008 महंत श्री राघव दास जी तथा श्री श्री 1008 श्री महंत श्री निर्भय दास जी व श्री महंत निहारी दास गोहद के सानिध्य में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। जिसमें कथावाचक पंडित बाल व्यास साध्वी श्री रितु पांडे जी के मुखारबिंदु से कथा का रसपान कराया गया। जिसमें श्रोता गण भक्ति विभोर हुए इस आयोजन की परीक्षित रीना भदौरिया रही। महंत श्री कमल नयन दास जी छोटी छावनी अयोध्या तथा ग्वालियर शिवपुरी चिरगांव अमरगढ़ के सभी श्री महंत व क्षेत्रीय संत जालौन मंडल तथा जगह-जगह से पधारे हुए संत गणों ने आकर श्री पंच मुखी हनुमान मंदिर का गौरव बढ़ाया और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। लोगों में हर्षोल्हास का माहौल देखा गया। आए हुए सभी संत महात्माओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया और क्षेत्र की जनता को शुभ आशीर्वाद प्रदान किया।

दबंग ग्राम प्रधान नहीं दे रहा राज मिस्त्री की मजदूरी के रुपए

अवधनामा संवाददाता

अमृतपुर फर्रुखाबाद। विकास खंड राजेपुर की ग्राम पंचायत अल्हादादपुर भटौली के ग्राम प्रधान जयचंद राजपूत अपनी दबंगई के बल पर मजदूर राजमिस्त्री के रुपए नहीं दे रहे है। वहीं राजमिस्त्री रामआसरे पुत्र सिया राम निवासी भुवनपुर थाना अमृतपुर तहसील में समाधान दिवस पर लिखित शिकायती पत्र दिया है जिसमे कहा है कि ग्राम पंचायत अल्हादादपुर भटौली में इंटरलॉकिंग का काम किया था लेकिन अब ग्राम प्रधान 20000 नहीं दे रहे हैं। कई बार घर जाकर रुपए मांगने पर गाली गलौज करके घर से भगा दिया द्य सिर्फ अपनी प्रधानी का रुतबा झाडते फिर रहे हैं। पीड़ित राज मिस्त्री दर दर भटक रहा है और उसकी कोई सुनने को तैयार नहीं है द्य ग्राम प्रधान थाना पुलिस को कोर्ट का हवाला देकर मामले को उलझाए हुए हैंजबकि राज मिस्त्री द्वारा कोर्ट में कोई वाद दायर नहीं किया गया है।

पूर्व मंत्री ने अखिलेश से पूछा, धैर्य का इम्तिहान कब तक?

पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह के बदले सुर से बढ़ी सियासी हलचल

अवधनामा ब्यूरो

राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह

कुशीनगर। देवरिया लोकसभा सीट गठबंधन में कांग्रेस के पक्ष में चली जाने के बाद नाराज पूर्व मंत्री के बदले सुर ने सियासी हलचल बढ़ा दी है। इस सीट पर सपा से दावेदारी कर रहे पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह ने नाराजगी प्रकट की है। उन्होंने सपा पर आरोप लगाते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से पूछा कि आखिर उनके धैर्य का इम्तिहान कब तक? इसके अलावा शीर्ष नेतृत्व पर कई बार ऐसा करने का आरोप लगाया। पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह के तेवर से जिले का राजनीतिक तापमान बढ़ गया है।

सोशल मीडिया पर शेयर अपनी पोस्ट उन्होंने अपना दर्द बयां किया है। राजनीतिक गलियारे में इनके पार्टी बदलने की भी चर्चा है। हालांकि, उन्होंने अगला कदम उठाने से पहले किसानों की सहमति लेने की बात कही है। 32 वर्षों से सपा को सूबे में मजबूती और प्रदेश में किसानों के नेता कहे जाने वाले राधेश्याम सिंह देवरिया सीट से लोकसभा की तैयार कर रहे थे। संघर्षों के बदौलत किसानों के बीच इनकी अच्छी पैठ है। इनके बदले सुर बागी होने की ओर इशारा कर रहें है और अगर ऐसा होता है तो सपा को तगड़ा झटका लग सकता है। फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को टैग करते हुए पूर्व मंत्री राधेश्याम ने नाराजगी जाहिर की है। मंगलवार को प्रेसवार्ता में कहा कि 32 सालों से पार्टी की सेवा कर रहा हूं, कभी स्वार्थ के लिए दल नहीं बदला। मेरी ईमानदारी का यही फल मिला कि कई बार टिकट से वंचित किया गया। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष से त्याग, तपस्या व संघर्ष को भी महत्व देने की अपील की। उन्होंने आगे का निर्णय किसान भाइयों की सहमति के बाद लेने की बात कही है। 2019 लोकसभा चुनाव से पहले हुए टिकट बंटवारे से भी राधेश्याम सिंह नाराज दिखे थे जहां उन्होंने फेसबुक पोस्ट करते हुए खुद को सियासत का सिपाही नहीं संघर्ष का सिपाही बताया था।

देवरिया सीट के लिए कांग्रेस ने सपा पर बढ़ाया था दबाव

लोकसभा चुनाव से पहले सपा कांग्रेस गठबंधन में विशेषकर कांग्रेस की नजर देवरिया लोकसभा सीट पर थी। सपा-बसपा गठबंधन के तहत इस सीट पर 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा का उम्मीदवार था। हालांकि, यहां से भाजपा के रमापति राम त्रिपाठी ने जीत दर्ज की थी। पूर्व में कांग्रेस ने इस सीट पर लंबे समय तक अपना कब्जा जमाए रखा था। हालांकि, 1984 के बाद से लगातार यह सीट भाजपा और सपा-बसपा के हिस्से में रही है। यहां से राज्यपाल राजस्थान कलराज मिश्र की बात हो या पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा व वर्तमान सांसद रमापति राम त्रिपाठी की सबने यहां से दावा ठोका है।

ऐसे कार्यक्रमों से जागरूकता व देश के प्रति सशक्त राष्ट्र निर्माण करती है : प्राचार्य

अवधनामा संवाददाता

इटवा सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय विशेष शिविर के कार्यक्रम की शुरूवात मुख्य अतिथि डॉ0 राम मनोहर लोहिया पी0 जी0 कालेज इटवा सिद्धार्थनगर के प्राचार्य डॉ0 अष्टभुजा पाण्डेय के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूवात मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण से किया गया। तत्पश्चात सरस्वती वंदना की वंदना स्वयं सेविका सुन्दरी एवं सोनी ने प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि के स्वागत में गीत सलोनी पाण्डेय, प्रीति विश्वकर्मा, खुश्बू कसौधन ने प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि डॉ0 राम मनोहर लोहिया पी0 जी0 कालेज इटवा के प्राचार्य डॉ0 अष्टभुजा पाण्डेय ने कहा कि इस प्रकार के कार्यकम से समाज में एक जागरूकता आती है। जो देश के प्रति एक सशक्त राष्ट्र निर्माण करती है। कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यकम अधिकारी डॉ0 संतोष कुमार पाण्डेय ने बताया यह राष्ट्रीय सेवा योजना का सप्तदिवसीय शिविर 28 फरवरी 2024 से अनवरत सात दिन अर्थात 05.03.2024 दिन मंगलवार तक चलेगा। इस शिविर में 50 स्वयं सेवक और सेविकाएं रहेंगे जिनका चयन किया गया है। उनसे प्रतिदिन राष्ट्रीय सेवा योजना समय सारणी के अनुसार कार्य की अपेक्षा की जायेगी और उन्हें देश के प्रति जागरूक किया जायेगा। इसके साथ आस-पास साफ-सफाई, शिक्षा, छूआछूत, अशिक्षा जन जागरूकता के प्रति प्रेरित किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन भूतपूर्व कार्यकम अधिकारी तथा महाविद्यालय में इतिहास के प्रवक्ता डॉ प्रमोद कुमार द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में आर्यन त्रिपाठी, अपराजिता दूबे, राजा बाबू सफीना खान, आरती गुप्ता, ज्योति त्रिपाठी आदि स्वयं सेवक और सेविकाओं ने अपने अपने देखभक्ति भोजपुरी गीत, गजल, दहेज प्रथा गीत आदि प्रस्तुत किये। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रवक्ता में डॉ पवन कुमार पाण्डेय, डॉ नूरूल हसन, एसपी मणि, नवनीत शुक्ला आदि मौजूद रहे।

15 शाबान की लोरपुर महफ़िल जश्न इमामे असर अलैहिसलाम का हुआ आयोजन

दानिश मेहदी

अंबेडकरनगर। नगर के लोरपुर ताजन में अंजुमन हुसैनिया रजिस्टर्ड हुसैनाबाद के नेतृत्व में 15 शबान जश्ने इमामे अस्र अलैहिस्सलाम पारंपरिक ढंग से मस्जिदे हुसैनाबाद में आयोजित हुआ। महफिल का आगाज़ तिलावते कुराने पाक से शोज़ब जलालपुरी ने किया।

महफिल में मुख्य अतिथि के रुप में मौलाना सैयद मोहम्मद मेहंदी आजमी प्रोफेसर व सैय्यद अह्लन तथा कुंवर बासित अली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा उत्तर प्रदेश व सैय्यद हादी अब्बास मछली गांव मौजूद रहे वही मौलाना सैय्यद मोहम्मद मेहंदी आजमी आज़मी ने तकरीर को संबोधित किया पूरी रात चली महफिल में शहंशाह मिर्जापुरी शबाब जलालपुरी शबरोज कानपुरी शोजब जलालपुरी फरहान बनारसी सुहेल बस्तवी शम्स तबरेज झारखंड नायाब बलयावी किरतास करबलाई ज़ुहैर सुल्तानपुरी हसन जाफ़र उतरौला अली हमजा फ़ैजाबादी अज़ीज़ आज़मी असद नसीराबादी आकिब बरसानवी हसन अब्बास बाराबंकवी फ़रजान रिज़वी बस्तबी के अलावा दर्जनों शायरों ने मौला की आमद पर नज़राने अकीदत पेश की वही महफ़िल का संचालन जाहिद काजमी कानपुरी ने किया। महफिल में केक काटने के बाद मुल्क में अमन चैन शान्ति की दुआएं होने के बाद जश्न का समापन हुआ अंजुमन के सचिव इमरान रजा रिज़वी ने आए हुए तमाम मोमनीन व प्रशासन का शुक्रिया अदा किया। महफिल में प्रमुख रूप से कैफी जासिम अब्बास असद रोज़ सोनू मिनहाल सफ्फू मोनू बाबर निज़ाम गुलाम रज़ा शजर नसीम शाहरुख अशफी एराफ सदफ कामरान काविश आसिफ टोनू सलमान एराज जज़ा के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

एनसीसी द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन

लखनऊ अवधनामा संवाददाता। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की एनसीसी यूनिट द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया. बतादें कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के इस मौके पर ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में पोस्टर एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसका विषय युवाओं में वैज्ञानिक मनोवृति का महत्व था। विश्वविद्यालय की एनओ डॉ.(ले.) बुशरा अलवेरा ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि 28 फरवरी 1928 को भारतीय भौतिक विज्ञानी सर सी. वी. रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज को चिह्नित करने के लिए प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को भारत में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। यदि हमें राष्ट्र को विकसित करना है तो युवाओं में वैज्ञानिक मनोवृति के विकास पर महत्व दिया जाना आवश्यक है. बता दें कि विश्वविद्यालय की एन सी सी यूनिट 20 यू पी बालिका वाहिनी लखनऊ से संबद्ध है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने बढ़ चढ़कर प्रतिभा किया।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना संख्या : ETender-GSU-TRD-L16-23-24 दि. 26.02.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/गति-शक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते हैं : **क्र. सं. :** 01, **कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के वाराणसी सिटी यार्ड में नये एफओबी और सीओपी (पी.पी. शेल्टर) का निर्माण कार्य में आ रहे अवरोधों को हटाने से सम्बंधित 25 केवी विद्युतीकरण कार्य। **टेंडर रिफरेंश नं. :** ETender-GSU-TRD-L16-23-24, **कार्य का अनुमानित लागत रुपया में :** 1,54,59,839.43, **धरोहर राशि रुपया में :** 2,27,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में :** शून्य, **निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 19.03.2024 upto 14:45 Hrs., **कार्य पूरा करने की अवधि :** 6 माह।

- खुली ई-निविदा दिनांक 19.03.2024 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/गति शक्ति
मुजाधि/विद्युत-284 पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

सूचना

मैं अय्यूब हुसैन पुत्र अली हुसैन निवासी 185 इक़बाल नगर निकट ट्रांसफार्मर मुफ्तीगंज लखनऊ घोषणा करता हूँ की मेरा नाम अय्यूब हुसैन (AYYUB HUSAIN) है जो आधार कार्ड और पैनकार्ड में दर्ज है त्रुटिवश पासपोर्ट नंबर H5940695 में अय्यूब हसन खान लिख गया है जो गलत है मुझे अय्यूब हुसैन (AYYUB HUSAIN) पुत्र अली हुसैन के नाम से ही जाना एवं पहचाना जाये जो की सही है।

अय्यूब हुसैन पुत्र अली हुसैन निवासी 185 इक़बाल नगर निकट ट्रांसफार्मर मुफ्तीगंज लखनऊ

जिलाधिकारी ने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कार्य के लिए वीडियो अवलोकन टीम का किया गठन

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र, शांतिपूर्ण एवं सुचारू ढंग से सम्पन्न कराने हेतु निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कार्य के लिए वीडियो अवलोकन टीम का गठन किया गया है, जिसमें 271-रूदौली में सहायक व्यय प्रेक्षक श्रीमती अनिता कुमारी, 273-मिल्कीपुर में व्यय प्रेक्षक संजय कुमार यादव, 274-बीकापुर में व्यय प्रेक्षक डा0 अमृता जायसवाल, 275-अयोध्या में व्यय प्रेक्षक शान्ति भूषण चौबे व 276-गोसाईगंज में श्री राहुल सिंह को व्यय प्रेक्षक बनाया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उक्त वीडियो अवलोकन टीम द्वारा निर्वाचन प्रचार प्रसार आदि से सम्बंधित व्यय की वीडियोग्राफी देखकर निर्वाचन आयोग के निर्धारित प्रारूप पर की गयी वीडियोग्राफी की सी0डी0 सहित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं व्यय लेखा हेतु नियुक्त नोडल/सहायक नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण सेल को उपलब्ध कराया जाना है। यह आदेश अग्रिम आदेश तक प्रभावी रहेगा। उक्त जानकारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन

अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने दी है।

होली खेलत अवध में श्रीराम, लखन सिया के संग, और होली खेल रही सिया सरकार

अयोध्या। रामकथा पार्क में बीती शाम भक्तगण जमकर रामरंग की होली में सराबोर होते रहे। मर्यादा और भक्ति का संगम सुर, ताल के साथ, अवध की होली में सभी को आनंदित कर रहा था। लखनऊ की निधि श्रीवास्तव और उनके दल ने रामोत्सव में होली खेलत अवध के नर नारी,से राम सिया की होली का आरंभ किया । इसके बाद होली खेलत अवध में श्रीराम, लखन सिया के संग, और होली खेल रही सिया सरकार,प्रेम रंग बरस रहा पर भाव नृत्य किया तो फूलो की पंखुड़ियों को बौछार में सभी इस उल्लास में सम्मिलित हो गए। कृष्ण,महादेव से इतर प्रेम और मर्यादा की होली का स्वरूप देखकर सभी भाव विह्वल हो रहे थे। श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में स्वरूपों ने कोमल भाव से नृत्य करते हुए ÷खेले अवधपुरी में अबीर,अनुज संग रघुनायक रघुबीर सभी पर कृपा वर्षा करके निहाल कर दिया।

सोलर एनर्जी को बढ़ावा दे रही उत्तर प्रदेश की योगी सरकार

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। रामलला प्राण प्रतिष्ठा के बाद से विकास कार्य तीव्र गति से चल रहा है। ऐसे में केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार इन दिनों लगातार ग्रीन एनर्जी के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर जोर दे रही है, ताकि प्रदूषण को कम किया जा सके। खत्म होने वाले प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कम हो सके। इसी के तहत योगी सरकार द्वारा प्रदेश में ऑन ग्रिड सोलर रूफटॉप सिस्टम योजना चलायी जा रही है। उपभोक्ताओं के घरों की छत पर सोलर प्लेट लगाए जाएंगे, जिससे वो बिजली का इस्तेमाल कर पाएंगे। इससे उनके बिजली के बिल में कमी आयेगी। इस बारे में यूपी नेडा द्वारा लोगों को सोलर एनर्जी के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। यूपीनेडा परियोजना अधिकारी प्रवीण नाथ पाण्डेय ने बताया कि ऑन ग्रिड सोलर रूफटॉप सिस्टम योजना में उपभोक्ता को केन्द्रीय एवं राज्य अनुदान दोनों का लाभ मिलेगा। केंद्र अनुदान के अन्तर्गत घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 01 किलोवाट से 02 किलोवाट तक रूफटॉप सोलर पावर प्लांट संयंत्र पर अनुदान 30,000/- से 60,000/- रुपये प्रति किलोवाट अनुमन्य हैं। 3केवी से अधिकतम 10 किलोवाट तक संयंत्रों पर 78,000/- अनुदान अनुमन्य हैं। इसके अतिरिक्त राज्य अनुदान रुपये 15,000 प्रति

किलोवाट अधिकतम 30 हजार रुपये दिये जाने का प्रावधान है। संयंत्र की स्थापना के उपरान्त राज्य अनुदान यूपीनेडा द्वारा एवं केन्द्र अनुदान सम्बन्धित डिस्कॉम (विद्युत विभाग) द्वारा संयंत्र की क्षमता के आधार पर लाभार्थी के खाते में (डीबीटी) के माध्यम से प्राप्त होगा। योजना का क्रियान्वयन राज्यों के विद्युत वितरण कंपनियों के द्वारा किया जा रहा हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें। इस योजना के अंतर्गत अब जिले में 225 लोगों से अधिक लोगों ने सोलर सिस्टम लगवाया हैं। दी जा रही सब्सिडी उन्होंने बताया कि अपने घरेलू विद्युत कनेक्शन की क्षमता के आधार पर ऑन ग्रिड सोलर रूफटॉप सिस्टम लगवाने के लिए इच्छुक व्यक्ति को एमएनआरई भारत222.pmsuryaghar.gov.in पर अपना आवेदन / पंजीकरण कराना होगा इस बारे में विस्तृत जानकारी यूपीनेडा पोर्टल 222.ह्वश्चठ्ठद्गस्त्रड्डह्यश्द्यड्डह्लश्चह्ल श्चश्चश्चशह्ल ड्डह्य.ष्टद्व पर जाकर की जा सकती है। पोर्टल पर वेंडर की सूची भी उपलब्ध है। जिससे लाभार्थी अपने वेंडर (संयंत्र स्थापनाकर्ता फर्म) का चयन उक्त पोर्टल के माध्यम से कर सकते। ऑन ग्रिड सोलर रूफटॉप सिस्टम से प्रति किलोवाट लगभग 4-5 यूनिट तक विद्युत उत्पादन होगा। जिससे उपभोक्ताओं को 120-150 यूनिट बिजली का बिल कम पड़ेगा। संयंत्र पर व्यय की गयी धनराशि 2 से 3 वर्ष में वसूल हो जाती है। इस बारे में पूरी जानकारी के लिए आप अपने एंड्रॉयड फोन पर प्ले स्टोर से एप को डाउनलोड कर सकते हैं। इसके साथ ही आप अयोध्या जिले में स्थित विकास भवन में जाकर या मोबाइल नम्बर पर बात कर यूपीनेडा परियोजना अधिकारी से जानकारी ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि सोलर रूफ टॉप योजना के तहत सोलर पैनल आप अपने घर या हाउसिंग सोसायटी की छत पर लगा सकते हैं। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि बिजली के बिल की बचत होगी। 25 सालों तक पैनल खराब नहीं होते हैं, तो इसे लगाने में जो भी पूंजी लगती हो जाएगी।

बुनियादी शिक्षा को सफल बनाएंगे शिक्षामित्र

सोहावल- अयोध्या। निपुण भारत के अंतर्गत बुनियादी भाषा और गणित शिक्षक - प्रशिक्षण के सफलतम समापन पर प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा के नेतृत्व और ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष सिंह, साधना सिंह सहित दर्जनों शिक्षामित्र के सहयोग से वर्षों से सोहावल ब्लॉक में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण और मार्ग निर्देशन दे रहे एआरपी डॉ. दिनेशकांत पांडेय ,राम तीरथ वर्मा, पवन दुबे, संजय चौधरी, दीपक शुक्ला जी को माल्यार्पण एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया, साथ ही उपस्थित 100 प्रतिभागियों ने आरपी के कार्यों की प्रशंसा भी की।इस अवसर पर एआरपी डॉ. दिनेश कांत पांडे जी सहित सभी ने विषम परिस्थितियों व अत्यंत मानदेय में कार्य कर रहे शिक्षामित्र की जहां प्रशंसा की वहीं इनको समान कार्य के अनुसार समान वेतन देने की सरकार से सुझाव देने की बात को दोहराया।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के लिए करें आवेदनः एसके आज़ाद

बदायूँ। राजकीय पालीटेक्निक, व अलापुर के प्रधानाचार्य एस0के0 आजाद ने अवगत कराया है कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के अन्तर्गत संस्था में स्किल हब इनिटिएशेटिव योजना में निशुल्क अल्पकालीन प्रशिक्षण हेतु फिटर फेबरीकेशन कोड सीएससी/क्यू0303 के जॉब रोल में आवेदन किये जा रहे हैं।

जिसकी अन्तिम तिथि 06 मार्च निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए न्यूनतम आयु 16 वर्ष रखी गयी है तथा हाई स्कूल व ग्यारहवीं पास अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। कोर्स की अवधि सात माह है। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद आईटी इडस्ट्री के माध्यम से प्रशिक्षुओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

रजिस्ट्रेशन के बाद कालेज में आवेदन फार्म की लिंक पहुंचेगी। सीट के आधार पर फार्म स्वीकृत किये जाएंगे। बदायूँ हेतु कुल 75 व अलापुर हेतु कुल 60 सीटों पर आवेदन फार्म लिये जाएंगे। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी एवं ऑनलाइन पंजीकरण हेतु संस्था के समन्वयक रितुराज सिंह प्रवक्ता केमिकल अभियंत्रण मो0 न0 6000398621 एवं मनोज कुमार अग्रवाल कम्प्यूटर अनुदेशक से मो0 न0 9411010204) पर सम्पर्क किया सकता है। अलापुर हेतु संस्था के समन्वयक आजाद अनवर प्रवक्ता सिविल अभियंत्रण मो0 न0 9756413755 एवं महेन्द्र सिंह, कर्मशाला अनुदेशक मो0 न0 9457359444 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

गुंडा अधिनियम के तहत 11 पर हुई जिला बदर की कार्यवाही

बदायूँ। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा गुण्डा अधिनियम के तहत विभिन्न थानों के ग्यारह अभियुक्तों के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई की गई है। जिला प्रशासन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार जिले के थाना उसावां से 02, उझानी से 01, बिनावर से 01, बिसौली से 01, उघैती से 01, मूसाझाग से 01, अलापुर से 01, इस्लामनगर से 01 तथा दातागंज से 01 कुल 11 गुण्डा प्रवृत्ति के अभियुक्तों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए जनपद की सीमाओं से आदेश की तिथि से छह माह की अवधि के लिए जिला बदर किया किया गया।

बिना एचएसआरपी के रोड पर फर्राटा भर रहे 25 प्रतिशत वाहन

बाराबंकी। निजी व व्यवसायिक वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाने के लिए परिवहन मंत्रालय ने 15 फरवरी 2023 तक अंतिम डेडलाइन जारी की थी। समय बीते करीब सात माह बीत चुके हैं। जिले में अभी तक करीब 25 प्रतिशत वाहन बिना एचएसआरपी के फर्राटा भर रहे हैं। एआरटीओ व यातायात पुलिस की उदासीनता के चलते शासन के आदेश का शत प्रतिशत अनुपालन नहीं हुआ। अधिकारी बिना एचएसआरपी वाले वाहनों पर कार्रवाई की बात कह रहे हैं, मगर अभियान अभी तक शुरू नहीं हो सका है।

एआरटीओ प्रशासन श्रीमती अंकिता शुक्ला ने बताया कि जिले में करीब पांच लाख 30 हजार व्यवसायिक, प्राइवेट व सरकारी वाहन पंजीकृत हैं। इसमें से अभी तक 25 प्रतिशत वाहनों में एचएसआरपी नहीं लगी है। ऐसे वाहनों पर प्रवर्तन दल की टीमें बराबर जांच कर कार्रवाई कर रही हैं। उक्त नम्बर प्लेट न लगाने पर पांच हजार रुपए जुर्माने का प्राविधान है। एचएसआरपी के बगैर अन्य कमियां मिलने पर ऐसे वाहनों को सीज किया जाता है। अब तक करीब डेढ़ हजार वाहनों पर जुर्माना लगाया जा चुका है।

भगवान रामलला के दर्शन के बाद माता जानकी जी का दर्शन बड़ा ही पुण्य दाई :अवनीश दास

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। अयोध्या में स्थित पौराणिक सीता माता मन्दिर अब राम भक्तों के लिए आस्था का केन्द्र बन गया है । माता जानकी जी के दर्शन, पूजन अर्चन से सारे मनोरथ पूर्ण हो जाते हैं । राजाओं महराजाओ के जमाने से स्थापित माता जानकी जी के मन्दिर में बहुत से भक्त दर्शन पूजन के लिए आ रहे थे । माता सीता जी का मन्दिर लगभग 500 वर्षों पुरानी है । पहले यह राजाओं के संरक्षण में था करीब 7 पीढ़ियों से अयोध्या के संत माता जानकी जी की सेवा में लगे हैं । प्रतिदिन विधि विधान पूर्वक सेवा की जाती है द्य भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद अयोध्या में अपने देश के अलावा विदेशो के भक्तों का आवागमन बढ़ गया है । अब भक्त रामलला के दर्शन करने के लिए अयोध्या आ रहे है वे भगवान राम के पूरे परिवार के सदस्यों के दर्शन की अभिलाषा रखते है द्य अयोध्या माता का मंदिर पौराणिक स्थल श्री सीता निवास मंदिर सीता माता का मंदिर प्रमोद वन जानकी घाट सीता निवास पूज्य महंत सरबराकर अवनीश दास जी महाराज बताते है कि ऐसी प्राचीन मान्यता है कि भगवान श्री राम जी ने दर्शन करने के बाद यदि माता जानकी जी का दर्शन पूजन कर लिया जाय तो पुण्य का फल दुना हो जाता है । चूकि पौराणिक कथाओ में माता जानकी जी का मन्दिर, उनकी रसोई के साथ बहुत सी यादें जो माता जानकी जी के साक्षात दर्शन कराती है । पूज्य महंत सरबराकर अवनीश दास जी महाराज बताते है कि अयोध्या में भगवान रामलला के

बाद माता जानकी जी का मन्दिर अद्वितीय होगा । माता जानकी जी के मन्दिर के पूज्य महंत सरबराकर अवनीश दास महाराज के साथ संरक्षक उदय प्रताप सिंह मीरा श्रीवास्तव ट्रस्टी रखे राकेश सिंह पालीवाल एवं अन्य सदस्य एवं शिष्य भक्त गंण आदि मौजूद रहे ।

घटतौली रोकने के लिए कोटेदारों को दी जाएगी इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन

अयोध्या । सदर तहसील के गांवों में अब राशन वितरण में घटतौली नहीं हो पाएगी। इसके लिए प्रशासन 170 इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन दिया गया। जिला आपूर्ति विभाग इंस्पेक्टर पूजा सिंह ने बताया कि तहसील मुख्यालय पर 70 राशन इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन भेजा है। ई पासिंग मशीन के साथ लॉक लगाया जाएगा इसके बाद कोटेदारों को प्रशिक्षित किया जाएगा फिर कोटेदारों मशीन दी जाएगी।

हाइवे पर लूट करने वाले अन्तर्राजीय व अन्तर्रजनपदीय गिरोह का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। थाना रौनाही क्षेत्र मे हाईवे पर गुटखा एवं जर्दा से लदी डीसीएम गाड़ी से लूट की घटना कारित की गयी थी जिसके अनावरण हेतु एसएसपी द्वारा जनपद स्तर पर तीन टीमे बनायी गयी थी जिसमे थाना रौनाही की दो टीमे एवं एसओजी अयोध्या की टीम को निर्देशित किया गया था । टीमो द्वारा लगातार हाईवे पर लगे कैमरो को देखा गया एवं एसओजी अयोध्या द्वारा भी घटना अनावरण हेतु मुखबिरों को सक्रिय किया गया । सभी टीमे आपस मे सम्न्वय स्थापित कर 28 फरवरी को घटना कारित करने वाले अभियुक्त की गिरफ्तारी की गयी एवं लूटा गया माल गुटखा/जर्दा शिखर पान मसाला बरामद किया गया जिसकी कीमत लगभग 20 लाख रुपये है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि ऐसी कई घटनाये बिहार राज्य मे भी किया है। जिसके संबंध मे जानकारी करने हेतु थाना स्थानीय से एक टीम गयी है । पंजीकृत अभियोग - मु0अ0सं0 73/24 धारा 392/411/120बी/414 भा0द0वि थाना रौनाही जनपद अयोध्या गिरफ्तार अभियुक्त शहजाद पुत्र मंजूर उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम किठौर थाना किठौर जनपद मेरठ हाल पता सैफी कालोनी थाना सिम्भावली जनपद हापुड़बरामदगी का विवरण 80 अदद सफेद बोरे मे पैक पान मसाला 29 अदद सफेद बोरे में पैक जर्दा आयसर डीसीएम न0 यू0पी023टी9253 गिरफ्तारी करने वाली टीम उ0नि0 अमरेश त्रिपाठी उ0नि0 अनुराग पाठक उ0नि0 विवेक कुमार सिंह , उ0नि0 आलोक कुमार यादव, हे0का0 मुकेश कुमार का0 प्रियेश तिवारी का0 शिवा सिंह यादव का0 सिन्टू यादव शामिल रहे।

नवीन पुलिस चौकी सैदर का लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता

कुर्सी बाराबंकी। कुर्सी क्षेत्र में स्थापित नवीन पुलिस चौकी सैदर का लोकार्पण स्थानीय विधायक अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह की उपस्थिति रही। पूरे यूपी में मुख्यमंत्री द्वारा गृह विभाग के आवासीय अनावासीय भवनों के शुभारंभ, शिलान्यास के जीवंत प्रसारण में

साकेन्द्र वर्मा ने किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। विधायक कुर्सी साकेन्द्र वर्मा ने अध्यक्ष जिला पंचायत राजरानी रावत, जिलाधिकारी सतेंद्र कुमार, सदस्य राज्य सभा अंगद सिंह, पुलिस सहभागिता करते हुए थाना घुँघटेर की नवीन चौकी सैदर का लोकार्पण किया गया। विधायक ने कहा कि इस नवीन चौकी के खुल जाने से आमजन को व्यर्थ दौड़भाग से मुक्ति मिलेगी साथ ही पुलिस की सक्रियता में भी वृद्धि हो सकेगी।

धोखाधड़ी करने वाले गिरोह सरगना की एक करोड़ 44 लाख की संपत्ति की गई कुर्क

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। पुलिस, प्रशासन ने धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के सरगना की चल, अचल सम्पत्ति जिसकी कीमत लगभग एक करोड़ 44 लाख रुपये है, को गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क कर दिया। संगठित होकर अपराध करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गैंगस्टर एक्ट के तहत इनके द्वारा अपराध से स्वयं एवं परिजनों के नाम पर अर्जित चल/अचल सम्पत्तियों को जिलाधिकारी के आदेश के अनुक्रम में जब्तीकरण की कार्यवाही की गई। थाना देवा पर पंजीकृत यूपी गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त/गिरोह सरगना वासुदेव यादव पुत्र राम भूल यादव निवासी गोठवा दरखा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी, अपने गिरोह के सक्रिय सदस्य वीरेन्द्र तिवारी पुत्र श्री राम विलास तिवारी निवासी ग्राम नरौरा भर्रापुर थाना इटवा थोक, पटेसरी देवी पत्नी प्रहलाद निवासिनी पिपरा इस्माईल थाना खोडारे जनपद गोण्डा, 3. दिनेश कुमार वर्मा पुत्र धर्मदास वर्मा निवासी मकान नम्बर-04 सूयश इन्क्लेव, चिनहट थाना चिनहट जनपद लखनऊ के साथ

मिलकर विगत 05-08 वर्षों से आर्थिक व भौतिक एवं दुनियावी लाभ हेतु छल कपट, कूटरचना, धोखाधड़ी व जालसाजी कर जनता के लोगों को सस्ती आवासीय जमीन/प्लाट का लालच देकर एडवान्स में रुपये लेकर रजिस्ट्री न कराने जैसे अपराध में लिप्त हैं। इस संगठित गिरोह के द्वारा कारित किये जा रहे आपराधिक कृत्यों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु अभियुक्त सरगना वासुदेव उपरोक्त द्वारा स्वयं के नाम पर अर्जित की गई चल, अचल सम्पत्ति कीमत लगभग एक करोड़ 35 लाख रुपये व एचडीएफसी बैंक, विनीत खण्ड गोमती नगर जनपद लखनऊ खाते में जमा कुल रकम 8,97,589 को थाना देवा, कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चिन्हित कर जिला मजिस्ट्रेट को आख्या प्रेषित की गई थी।

फॉलोवर के घर से 8 लाख की चोरी, पीड़ित ने दी तहरीर

बाराबंकी। कोतवाली नगर अंतर्गत बंकी कस्बे में शातिर चोरों ने एक बन्द पड़े घर से एक लाख की नगदी व करीब 7 लाख के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। आज सुबह घर आये युवक को घटना की जानकारी हुई। जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा बाकि के रहने वाले मेवालाल एदीजी लखनऊ कार्यालय में फॉलोवर पद पर तैनात है। उनका बेटा मोहित बंकी स्थित घर में रहकर शादी विवाह में फोटोग्राफी का कारण काम करता है। कल रात वह प्रोग्राम में गया था। बुधवार की भोर जब वह घर वापस लौटा तब दरवाजे की कुंडी खुली दिखी। शक होने पर अंदर गया तो अलमारी में रखा सामान अस्त व्यस्त मिला। देखा कि अलमारी के भीतर से करीब एक लाख की नगदी व 7 लाख की कीमत के जेवर गायब थे।

सैनिकों का देश और समाज के लिए योगदान अमूल्य हैंः एडीएम

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के सभी भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं तथा आश्रितों की समस्याओं को अपर जिलाधिकारी द्वारा सुना गया और तत्काल दूरभाष द्वारा त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिकों द्वारा फसल बीमा,भूमि विवाद, राजस्व, भूमि आवंटन, आवास आवंटन एवं अवैध अतिक्रमण सहित कुल 08 मामलों को बैठक में रखा गया। अपर जिलाधिकारी ने बैठक के अंत मे पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि सैनिकों का देश और समाज के लिए योगदान अमूल्य है। उनकी समस्याओं का निराकरण जिला प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। इसलिए पूर्व सैनिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सैनिक बंधु की बैठक का इंतजार करने की आवश्यकता नहीं है और वे कभी भी जिलाधिकारी या मेरे समक्ष अपनी समस्याओं को रख सकते हैं। निश्चित रूप से उनके नियमानुसार समाधान के लिए प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने ज्ञापित करते हुए कहा कि सैनिकों की समस्याओं के निदान हेतु जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग प्राप्त होता है और इसके लिए पूर्व सैनिक जिला प्रशासन और जिलाधिकारी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। बैठक में जिला सैनिक कल्याण व पुनर्वास अधिकारी कर्नल (रि.) धीरेंद्र राय सहित भूतपूर्व सैनिक व उनके आश्रित उपस्थित रहे।

पांच मार्च तक चलेगा एमडीए अभियान, अब तक 33.67 लाख ने खाई दवा

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आमजन को फाइलेरिया से बचाने के लिए बीती 10 फरवरी से सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान शुरू किया गया है, जिसका समापन 28 फरवरी को होना था लेकिन अब इस अभियान का समापन आगामी पांच मार्च को होगा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर लोगों को इस बीमारी से बचाने की दवा खिला रहीं हैं। जिले के 34.74 लाख लोगों को फाइलेरियारोधी दवा खिलाने का लक्ष्य है, जिसमें से अब तक 33.67 लाख लोगों को यह दवा खिलाई जा चुकी है। अभियान को लेकर 3,064 टीमें बनाई गई हैं। प्रत्येक टीम प्रतिदिन 25 घरों का भ्रमण कर कम से कम 125-130 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का काम कर रहीं है। इन टीमों के सुपरविजन के लिए 511

सुपरवाइजर भी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा अभियान की राज्य और राष्ट्रीय स्तर से भी निगरानी की जा रही है। यह जानकारी देते हुए एसीएमओ व वीबीडी कंट्रोल प्रोग्राम के नोडल अधिकारी डॉ. डी.के. श्रीवास्तव ने बताया कि फाइलेरियारोधी दवा का सेवन दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और गंभीर बीमार को छोड़कर सभी को करना है। दवा का सेवन स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने सामने ही करवाएंगे। दवा खाली पेट नहीं खानी है। यह दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। इनका कोई विपरीत प्रभाव नहीं है। फिर भी किसी को दवा खाने के बाद उल्टी, चक्कर, खुजली या जी मिचलाने जैसे लक्षण होते हैं, तो यह इस बात का प्रतीक हैं कि उस व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के परजीवी मौजूद है। ऐसे लक्षण इन दवाओं के सेवन के उपरांत शरीर के भीतर परजीवियों के मरने के कारण उत्पन्न होते हैं। सामान्यतः ये लक्षण स्वतः समाप्त हो जाते हैं, परंतु ऐसी किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षित रैपिड रिस्पॉन्स टीम आरआरटी भी बनाई गई है। आवश्यकता पड़ने पर आरआरटी को उपचार के लिए आशा कार्यकर्ता के माध्यम से बुलाया जा सकता है।

खुल गया साइबर थाना राज्यमंत्री ने किया उद्घाटन

बाराबंकी। जिले में साइबर क्राइम थाना आज से वजूद में आ गया। इस थाने के खुल जाने से साइबर अपराध से जूझने वाले पीड़ितों को काफी राहत मिलेगी, साथ ही उन्हें बेजा दौड़भाग से भी छुट्टी हासिल होगी।

नए थाने का शुभारंभ सुबे के खाद्य रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा के द्वारा फीता काटकर किया गया। दरअसल बुधवार को प्रदेश के कई जिलों में साइबर क्राइम थाने का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के लोक भवन सभागार से वर्चुअल तौर पर किया। इस अवसर पर सांसद उपेंद्र सिंह रावत, विधायक दिनेश रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक आदि भी उपस्थित रहे।

56 आगनबाड़ी केंद्रो का हुआ शिलान्यास

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। आंगनबाड़ी सहायिका से कार्यकत्री पद पर चयनित आंगबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण और 56 आंगनबाड़ी केंद्रों का शिलान्यास कार्यक्रम विकास भवन सभागार में संपन्न हुआ। बैठक के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल और विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक पनियरा ज्ञानेंद्र सिंह मौजूद रहे। विधायक पनियरा ने बधाई देते हुए कहा कि यह चयन आपके परिश्रम का प्रतिफल है। आपकी भूमिका बच्चों के भविष्य निर्माण में बेहद अहम है और इसीलिए प्रधानमंत्री आपलोगों को यशोदा की संज्ञा दी है। सरकार द्वारा पारदर्शिता के साथ आप लोगों को नियुक्ति दी गई है। यह नियुक्ति आपके साथ-साथ महिला शक्ति का सम्मान है। आशा है जिस प्रकार आप लोग अपनी विविध भूमिकाओं का निर्वहन सफलतापूर्वक कर रही हैं, उसी प्रकार इस नवीन भूमिका का भूमिका का भी सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगी। जनपद में 81 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को कार्यकत्री पद पर चयन के पश्चात नियुक्ति पत्र गणमान्य अतिथियों द्वारा वितरित किया गया। साथ ही जनपद के 56 आंगनबाड़ी केंद्रों का शिलान्यास भी किया गया। धन्यवाद ज्ञापन जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया गया। संचालन सीडीपीओ परतावल राधाकृष्ण त्रिपाठी ने किया। इससे पूर्व जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश कुमार ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंटकर किया।

हरिद्वार में डा. भास्कर को डा. गिरेंद्र पाल मैमोरियल इंटरनेशनल अवॉर्ड

अवधनामा संवाददाता

- डॉ शर्मा अब तक बना चुके हैं 30 दर्जन से अधिक विश्व रिकार्ड
- अब तक पा चुके हैं देश-विदेश से 62 दर्जन से अधिक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय अवार्ड
- डॉ शर्मा लिख चुके हैं 13 दर्जन से अधिक पुस्तकें

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। विश्व प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक व गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड सहित सैकड़ों वर्ल्ड रिकॉर्ड धारी व सैकड़ों पुस्तकों के लेखक सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश के होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर भास्कर शर्मा को 25 फरवरी 2024 को हरिद्वार में उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ दिनेश चंद्र शास्त्री जी ने डॉक्टर भास्कर शर्मा को डॉक्टर गिरेंद्र पाल मेमोरियल इंटरनेशनल अवॉर्ड, मोमेंटो, साल देकर सम्मानित किया।

यह पुरस्कार सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश के डॉ भास्कर शर्मा होम्योपैथिक चिकित्सक जिन्हें उनके द्वारा होम्योपैथी में किए गए शोध कार्यों व उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया है। अभी हाल ही में यूनाइटेड नेशन वेलफेयर फाउंडेशन अमेरिका द्वारा भी डॉक्टर भास्कर शर्मा को प्रशंसा पत्र के साथ एक लाख का पुरस्कार भी दिया गया है। बैक पीपुल काउंसिल महाराष्ट्र ने भी एक लाख का पुरस्कार दे चुके हैं। डॉ शर्मा को पूर्व राष्ट्रपति अमेरिका डोनाल्ड ट्रंप जी द्वारा प्रेसीडेंशियल एक्टिव लाइफ स्टाइल अवार्ड तथा प्रेसीडेंशियल यूथ फिटनेस अवॉर्ड विथ गोल्ड मेडल से भी नवाजा जा चुका है। पूर्व राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नायक जी ने होम्यो एक्सीलेंस अवार्ड से भी नवाजा थाद्य डॉ शर्मा को पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव जी ने सर्जना पुरस्कार के साथ बीस हजार रुपए का पुरस्कार भी दे चुके हैं। डॉ शर्मा को पूर्व राज्यपाल असम डॉ भीष्म नारायण सिंह तथा पूर्व राज्यपाल मध्यप्रदेश डॉ महावीर भाई, पूर्व उपप्रधानमंत्री थाईलैंड कॉर्न डब्बारंसी, काठमांडू नेपाल राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी, न्यायमूर्ति हाईकोर्ट इलाहाबाद रविंद्र सिंह, जज हाईकोर्ट इलाहाबाद शेखर यादव ने भी होम्यो गौरव अवार्ड और गोल्ड मेडल से सम्मानित कर चुके हैं। इसके अलावा डॉक्टर सैमुअल हैनीमैन इंटरनेशनल अवॉर्ड लंदन, वरिष्ठ होम्योपैथिक इंटरनेशनल अवॉर्ड सिंगापुर, डॉ एलेन इंटरनेशनल अवॉर्ड थाईलैंड, डॉक्टर कैंट इंटरनेशनल अवॉर्ड मलेशिया, ग्लोबल आइकॉन पर्सनैलिटी ऑफ होम्योपैथी दुबई, होम्योपैथी शिरोमणि इंटरनेशनल अवॉर्ड मस्कट, स्टार आफ होम्योपैथी अवॉर्ड लंदन, ग्लोबल एनवायरमेंटल अवार्ड फिलीपींस, साहित्य रत्न अवॉर्ड कनाडा, बेस्ट होम्योपैथी अवार्ड नाइजीरिया, ग्लोबल आईकॉन पर्सनालिटी अवार्ड अफ्रीका, इंटरनेशनल पीस अवॉर्ड इंडोनेशिया, डॉक्टरेट अवॉर्ड अल्जीरिया, होम्यो भूषण काठमांडू, होम्योपैथी श्री गोवा, होम्योपैथी रत्न, चिकित्सा रत्न सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। सम्मान पाने की खुशी में डॉ विनोद प्रसाद डॉ अफरोज खान डॉ अमित अग्रवाल डॉ राजीव रतन राय डॉ हया नाज, डॉक्टर नसीम अख्तर, डॉ सी एल यादव, डॉ.संजय सिंह डॉ चंद्रशेखर वर्मा डॉक्टर मनोज शर्मा डॉक्टर ओपी श्रीवास्तव डॉ अरुण कुमार गौतम डॉक्टर एमपी सिंह आदि लोगों ने बधाइयां दी।

सीएम ने किया पुलिस अवस्थापना सुविधाओ के सुदृढ़ीकरण हेतु निर्माण कार्यो का लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता

- सांसद जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता में सदर थाने पर देखा गया लाइव प्रसारण

सिद्धार्थनगर। उप्र पुलिस अवस्थापना सुविधाओ के सुदृढ़ीकरण हेतु 3300 करोड़ से अधिक की लागत से 148 निर्माण कार्यों (थाना प्रशासनिक भवन एवं आवासीय भवन, पुलिस चैकी प्रशासनिक भवन, थानो पर हॉस्टल, मेडिकल कक्ष) आदि का लोकार्पण/शिलान्यास तथा 75 जनपदो में 1523 पुलिस थानो में साइबर सेल, 57 जनपदो में साइबर क्राइम पुलिस थाने, 18 मण्डल मुख्यालयो पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन थाने, 8 जनपदो में भ्रष्टाचार निवारण संगठन इकाई तथा प्रयागराज एवं कुशीनगर मे पर्यटन थाने का शुभारम्भ बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बर्चुअल किया गया।

जनपद स्तर पर सदर थाना सिद्धार्थनगर में सांसद जगदम्बिका पाल, सदस्य विधान परिषद, ध्रुव कुमार त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, अध्यक्ष नगर पालिका सिद्धार्थनगर गोविन्द माधव, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह की उपस्थिति में लाइव प्रसारण देखा गया। इस दौरान सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि प्रदेश के सभी जनपदो में साइबर थानो का गठन हुआ है। आजकल साइबर की घटनाये काफी बढ़ गयी है। पुलिस के लोग 24 घंटे ड्यूटी करते है। पुलिस के लोग कोई भी त्यौहार नही मना पाते है बल्कि दूसरो को सकुशल त्यौहार मनाने के लिए ड्यूटी पर तैनात रहते है। पुलिस लाइन से लेकर थानो के बैरक, हॉस्टल आदि काफी जर्जर थे जिसके लिए मुख्यमंत्री जी द्वारा इसके समाधान के लिए कदम उठाया जिससे वह अपनी ड्यूटी आसानी से कर सके और समय से लोगो की समस्याओ का समाधान करा सके। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। पुलिस के जवानो को सुरक्षा व्यवस्था के लिए आधुनिक हथियार व वाहन आदि से लैस किया गया है। पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह ने कहा कि पुलिस के जवान सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए हर समय तैयार रहते है। साइबर की घटना होने पर उसी थाने पर उसका समाधान होगा। जनपद मुख्यालय आने की आवश्यकता नही पड़ेगी। मुख्यमंत्री जी द्वारा अच्छा कदम उठाया गया है। जिससे पुलिस के जवानो व लोगो को लाभ प्राप्त होगा। थाना सिद्धार्थनगर में 48 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल/बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना उसका बाजार 48 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल/बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना भवानीगंज 32 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल/बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना ढेबरूआ 32 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल/बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना खेसरहा 32 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल/बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना बांसी 48 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल/बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना पथरा बाजार 16 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल/बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना शोहरतगढ़ 40 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल/बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना गोल्हौरा 32 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल/बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना त्रिलोकपुर 32 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल/बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना डुमरियागंज 40 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल/बैरिक एवं 1 विवेचना कक्ष, थाना जोगिया उदयपुर मे श्रेणी-2 के 4 नग आवासीय भवन व जनपद सिद्धार्थनगर में साइबर क्राइम थाना का लोकार्पण/शुभारम्भ किया गया है। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त अध्यक्ष जिला पंचायत प्रतिनिधि उपेन्द्र सिंह, एस.पी. अग्रवाल, उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, क्षेत्राधिकारी सदर सुजीत राय, थानाध्यक्ष सिद्धार्थनगर व पुलिस बल के जवान आदि उपस्थित रहे।

गांव के समग्र विकास को लेकर प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय ने वीडीसी सदस्यों के साथ की बैठक

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज क्षेत्र के बहेरिया स्थित श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में बुधवार को प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय के अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुआ। जिसमें एचडीएफसी बैंक व आरोह फाउंडेशन के जरिए गांव के समग्र विकास पर मंथन हुआ।

संस्था द्वारा चयनित गांव के विलेज डेवलपमेंट कंडीडेट यानी वीडीसी सदस्यों के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि आदि बुनियादी विषय से संबंधित गांव के उत्थान की दिशा में जिम्मेदारों ने चर्चा की। बैठक में फाउंडेशन के कलस्टर समन्वयक अमन सिंह ने बताया कि एचडीएफसी बैंक के सहयोग से फाउंडेशन अगले तीन सालों तक गांव में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य बुनियादी विषय से सम्बन्धित समग्र विकास की दिशा में काम करेगी।

इन सभी कार्यों को निष्पक्ष निष्पादन के लिए गांव विकास समिति की भी गठन किया गया जिसमे गांव के ही 15 लोगो को चुना गया है। जिनके साथ मिलकर लोगो को जागरूक कर गांव में विकास का काम किया जायेगा। विकास के काम में वित्तीय सहायता एचडीएफसी बैंक के द्वारा दिया जायेगा। कृषि विशेषज्ञ आदर्श पाण्डेय ने जैविक खेती पर जोर दिया साथ ही परंपरागत खेती से हटकर सब्जी आदि की खेती करने के लिए प्रेरित किया। प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय ने बताया कि एचडीएफसी बैंक व आरोह फाउंडेशन के जरिये गांव में अब तक दस सोलर लाइट लगाया गया। वहीं कृषि क्षेत्र सुधार की दिशा में काम जारी है।

इस दौरान संध्या वर्मा, रामानंद वर्मा, वीरेन्द्र दूबे, शिव कुमार पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, महेश कुमार, प्रभूनाथ मौर्य आदि मौजूद रहे।

प्रधानाचार्य सुरेशलाल श्रीवास्तव आइकान इंडिया अवार्ड से किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

आलापुर अम्बेडकरनगर। शिवपुर (गयासपुर) के मूल निवासी एवं राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज के प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव आइकॉन ऑफ इण्डिया अवॉर्ड 2024 सहित कई अन्य अवॉर्ड से सम्मानित हुए। ग्लोबल एजुकेशन एण्ड मीडिया फॉउंडेशन द्वारा सुरेश लाल श्रीवास्तव को एक ओर जहाँ आइकॉन ऑफ इण्डिया अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया।

वहीं स्वदेश संस्थान भारत, सागर कला भवन अयोध्या एवं भरत कुण्ड महोत्सव न्यास, जिला प्रशासन अयोध्या, उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा राम कथा पार्क अयोध्या में आयोजित अयोध्या कला संस्कृति महाकुंभ में इन्हें स्वदेश भारत गौरव सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया।इसके अलावा आपको एम.टी.टी.वी.इंडिया द्वारा आत्मनिर्भर भारत सम्मान 2024 की प्राप्ति हुई। बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की तरफ से भी साहित्य, शिक्षा, काव्य एवं मानव अधिकार आदि विषयों पर उत्कृष्ट लेख सृजन सन्दर्भ में यूएसए बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड 2024 प्राप्त करने वाले सुरेश लाल श्रीवास्तव को भारत सरकार द्वारा पंजीकृत वेईल फॉउंडेशन के अध्यक्ष राउल माथेव व अनुपमा लक्ष्मी के द्वारा राष्ट्र सेवा पुरस्कार 2024 की प्राप्ति हुई साथ ही भावना कला एवं साहित्य फॉउंडेशन द्वारा साहित्य शिरोमणि सम्मान2024 से नवाज़ा गया। श्रीवास्तव की इन उपलब्धियों पर क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। इनकी उपलब्धियों के लिए शिक्षकों, समाजसेवियों तथा साहित्य सेवियों ने हार्दिक खुशी जताते हुए बधाई दी है। अपनी हर उपलब्धि के लिए पिता स्वर्गीय रामेश्वर लाल व माँ उर्मिला व गुरुजनों को श्रेय देते हैं। आपके अब तक 170 साझा संग्रह,04 एकल संग्रह प्रकाशित होने के साथ साथ 600 से अधिक लेख विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित हो चुके हैं।

शक्ति वंदन अभियान के निमित्त सम्मेलन का आयोजन

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी द्वारा शक्ति वंदन अभियान के निमित्त बुधवार को सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल रहे। इस दौरान सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि महिला कल्याण और उनके सशक्तिकरण के लक्ष्य को पूरा करने में महिला स्वयं सहायता समूह की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सांसद ने कहा प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद में पास होना महिला सशक्तिकरण का एक बड़ा कदम है। जिससे आज नारी शक्ति हर क्षेत्र में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रही हैं। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के माध्यम से समाज में उत्कृष्ट कार्य कर रहे सभी सम्मानित गैर सरकारी संस्थाओं के अध्यक्षों सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं आप सभी ऐसे ही समाज के प्रति संदैव समर्पित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य जिला महामंत्री विपिन सिंह नगर अध्यक्ष महेश वर्मा व अधिक एनजीओ प्रमुख उपस्थित रहे।

गरीबों के हक के राशन में किसी तरह की हकमारी नहीं होनी चाहिए

एजाज़ सिद्दीक़ी

इटवा सिद्धार्थनगर। पारदर्शिता के साथ राशन वितरण कराने के लिए बुधवार को इटवा के उपजिलाधिकारी राहुल सिंह व इटवा चेयरमैन विकास जायसवाल ने कोटेदारों को ई पास मशीन, नापतौल का कांटा व अन्य उपकरण वितरण किया। साथ ही निर्धारित मात्रा और निर्धारित दर के साथ राशन वितरण करने के निर्देश दिया। एसडीएम राहुल सिंह ने तहसील क्षेत्र के कोटेदारों को ई पास मशीन वितरण करने के बाद कहा कि राशन वितरण प्रक्रिया को पूरी तरह से पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से यह वितरण किया जा रहा है जिसमें लाभार्थी का अंगूठा लगवाने के बाद राशन दिया जाता है जिससे किसी तरह की गडबडी न हो। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि गरीबों के हक के राशन में किसी तरह की हकमारी नहीं होनी चाहिए। ऐसे में सभी कोटेदार सही तरीके से राशन वितरण करें जिससे लाभार्थियों के बीच संतुष्टि का भाव बना रहे। ब्लाक खुनियांव के 104 कोटेदारों में 95, इटवा 108 के सापेक्ष 60 व भनवापुर के 46 मे से 41 को ई पास मशीन वितरित हुआ है शेष को कल दिया जायेगा। ई पास मशीन वितरण के दौरान पूर्ति निरीक्षक मुकेश कुमार, राघवेंद्र शाही व पूर्ति लिपिक अखिलेश्वर सिंह मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह संपन्न हुआ

अवधनामा संवाददाता

- हिन्दू समुदाय के 345 जोड़ों, बौद्ध धर्म के 19 तथा मुस्लिम समुदाय के 50 जोड़ो का हुआ विवाह

सिद्धार्थनगर। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बगल खाली प्रागंण में मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान एवं जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार आदि की उपस्थिति में सामूहिक विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत कुल 414 जोड़ो में हिन्दू समुदाय के 345 जोड़ों, बौद्ध धर्म के 19 तथा मुस्लिम समुदाय के 50 जोड़ो का विवाह सम्पन्न हुआ। जिसमें हिन्दू एवं मुस्लिम समुदाय के लोग सम्मिलित हुए इस विवाह कार्यक्रम में हिन्दू परिवार के लोगो को पंडित द्वारा विवाह सम्पन्न कराया गया तथा मुस्लिम समुदाय के जोड़ों का निकाह मौलाना द्वारा निकाह पढ़कर शादी/विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया तथा बौद्ध धर्म का उनके धर्मानुसार कराया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम हेतु सभी पंक्तियों के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्ति किये गये थे। सांसद जगदम्बिका पाल ने सभी अधिकारियों एवं उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन एवं जिला प्रशासन के कुशल नेतृत्व में भव्य रूप से सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हो रहा है। गरीब परिवारों के बेटियों को अपनी शादी धूमधान से होने की चिन्ता रहती है आज मुख्यमंत्री जी द्वारा उनकी चिन्ता को दूर करते हुये समान रूप से सामूहिक विवाह के माध्यम से भव्य रूप से करने का कार्य किया है।

शादी के साथ ही आपको रोजगार भी उपलब्ध कराया जायेगा। 3 मार्च को रोजगार मेला प्रस्तावित है। आप लोग साक्षात्कार में सम्मिलित होकर रोजगार प्राप्त करे। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक जोड़े के बैंक खाते में 35000 दिया जा रहा है तथा 10000 का सामान भी दिया गया है तथा 6000 बारात के स्वागत पर व्यय किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा सभी नवयुगल जोड़ों को आशीर्वाद दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार एवं अन्य अधिकारियों द्वारा वर-वधू को आर्शीवाद प्रदान किया गया तथा सगुन किट वितरित किया गया। इस अवसर पर पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 राहुल गुप्ता, सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

आजादी के अमृत महोत्सव पर हुआ कंबल वितरण

बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर आईपीएस स्वर्गीय प्रवीन कुमार ट्रस्ट के बांसी तहसील क्षेत्र असिधवा पंचायत भवन पर कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजन किया गया कार्यक्रम में सांसद पुत्री पूजा पाल के द्वारा ग्राम सभा असिधवा, चेतिया अशोगवा मऊ उडवलिया छतवा सहित दर्जनों गांवों के सैकड़ों ग्रामीण महिलाओं पुरुषों व द्विव्यांग जनों को कंबल वितरण किया वहीं ग्रामीण कंबल को पाकर काफी खुश दिखे इस दौरान सांसद प्रतिनिधि अमरेन्द्र पाल, प्रिंश शर्मा ग्राम प्रधान असिधवा रामेश्वर श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान अशोगवा प्रतिनिधि ग्राम प्रधान उडवलिया प्रतिनिधि रोशन श्रीवास्तव, उपेन्द्र प्रताप सिंह, मंटू सिंह, भाजपा नेता बहरैची गुप्ता विक्रम निषाद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

डीएम ने की समस्त उपजिलाधिकारी के साथ बैठक

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। विगत लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2019 मे जिन बूथो पर मतदान प्रतिशत बहुत कम था, उन बूथो के बीएलओ तथा समस्त उपजिलाधिकारी के साथ बुधवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने निर्देश देते हुए कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2019 मे जिन बूथो पर मतदान का प्रतिशत बहुत कम था उन बूथो को चिन्हित कर ले तथा वहां पर बी.एल.ओ. घर-घर- जाकर लोगो को मतदान के प्रति जागरूक करे। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कमेटी बनाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर, समस्त उपजिलाधिकारी, अब्दुल जब्बार तथा अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

सीएम ने किया नवचयनित 3077 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र का वर्चुअल वितरण

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। मिशन रोजगार अन्तर्गत नवचयनित 3077 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण एवं 173 करोड़ की लागत से 31 जनपदो में 1459 आंगनबाड़ी केन्द्र भवनो का शिलान्यास बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा वर्चुअल किया गया। जिसका लाइव प्रसारण सांसद जगदम्बिका पाल, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया।

इस दौरान सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि कोविड के दौरान आगंनबाड़ी व आशा कार्यकत्रियों द्वारा अपने जान की परवाह किये बिना घर-घर जाकर कोरोना किट का वितरण किया था। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा अपने दायित्व के साथ-साथ अन्य कार्यो में भी सहयोग किया जाता है। पोषाहार वितरण किया जा रहा है। कुपोषित बच्चो को पोषित की श्रेणी में लाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा दिन-रात मेहनत किया जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा आगंनबाड़ी कार्यकत्रियों के मानदेय में वृद्धि की गयी है। सभी लोगो को बधाई दी गयी। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियो द्वारा कोविड के दौरान भी काफी मेहनत किया गया था। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियो द्वारा गर्भवती महिलाओ व बच्चो को समय से पोषाहार वितरण कर सहयोग कर रही है। आंगनबाड़ी केन्द्रो का आपरेशन कायाकल्प के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रो का सुधार किया जा रहा है। बचे हुए आंगनबाड़ी केन्द्रो का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर हैण्डओंवर करा दिया जायेगा। जनपद सिद्धार्थनगर में 52 आगंनबाड़ी सहायिकाओं का आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रूप में प्रमोशन किया गया है। उन्हे अतिथियों द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव, समस्त सीडीपीओ, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि की उपस्थिति रही।

प्रदर्शनी से कुछ करने की भावन होती है जागृत

पौली। पौली विकास क्षेत्र के पैरामाउंट चिल्ड्रेन एकेडमी बघौडा मटौली में बुधवार को कक्षा 4 से 9 तक के बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने यातायात, सोलर पैनल, पानी प्यूरीफाई, चंद्रयान, लेजर सिक्योरिटी सिस्टम, सूर्य ग्रहण चंद्र ग्रहण, बिजली सप्लाई, हियूमंन ब्लड सर्कुलेशन, ज्वालामुखी जैसी 19 प्रकार की माडल बना कर लोगो को जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रबंधक श्रीराम प्रजापति ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। बच्चे मुख्य अतिथि को प्रदर्शनी मे बने माडल को विस्तार से बताया। प्रबंधक ने बच्चों की प्रतिभा देख उत्साह बर्धन किया। मौके पर प्रधानाचार्य धीरज त्रिपाठी, प्रबंधक श्री राम प्रजापति, रामपलट भारती, मिथिलेश यादव, अजय पांडे, सुनील पांडे दीपक, दीपांशु, बंदना सिंह, रामचंद्र दुबे, अंकिता पाण्डेय, प्रांजलि पाण्डेय, विमलेश, ममता यादव, प्रियंका गुप्ता, रणविजय सहित तमाम अभिभावक व बच्चे मौजूद रहे।

भाभौरा से अतरौलिया जाने वाली सड़क बदहाल

अवधनामा संवाददाता

आलापुर (अंबेडकर नगर)। विधानसभा क्षेत्र आलापुर अंतर्गत भभौरा से अतरौलिया जाने वाली सड़क बदहाली की आंसू बहा रही है खबर को प्रमुखता से विगत 16फरवरी को प्रकाशित किया गया था खबर का असर हुआ और आलापुर एवं अतरौलिया को जोड़ने वाली सड़क पर कार्य शुरू हो गया लेकिन सड़क ग्राम पचरी से पटेल विद्यालय तक ही कार्य शुरू किया गया है जिससे क्षेत्रीय लोगों ने नाराजगी जताई है। मालूम हो विधानसभा क्षेत्र आलापुर एवं अतरौलिया को जोड़ने वाली सड़क जो जहांगीरगंज मुख्य मार्ग से भभौरा से अतरौलिया जाती है की हालत बद से बदतर हो गई थी जिस पर चलना जान को जोखिम में डालना हो गया था। सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे और सड़क पूरी तरह टूट चुकी थी जिस पर हजारों लोगों का प्रतिदिन आना जाना रहता है। क्षेत्र की इस गम्भीर समस्या को खत्म करने के लिए आलापुर विधायक त्रिभुवनदत्त ने विधानसभा सदन में इस मामले को उठाया भी था और खबर प्रमुखता से प्रकाशित किया गया जिसका असर हुआ कि शासन प्रशासन द्वारा उक्त सड़क पर कार्य शुरू कर दिया गया लेकिन सड़क का कार्य पटेल विद्यालय से पचरी गांव तक आजमगढ़ सीमा में ही किया जा रहा है। सड़क बनाने का कार्य शुरू हो जाने पर भवनाथपुर चौराहे के दुकानदार रणविजय यादव, डा सुनील निषाद, अरविंद, सचिन सिंह, राजू शर्मा और क्षेत्रीय लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए क्षेत्रीय विधायक, समाचार पत्रों एवं शासन प्रशासन को धन्यवाद किया है और सड़क को पूरी तरह पटेल विद्यालय से भभौरा तक बनाए जाने की मांग की है जिससे क्षेत्रीय लोगों को सड़क की समस्या से छुटकारा मिल सके।

किसानों को उन्नति खेती करने के लिए जागरूक करें

बस्ती अवधनामा संवाददाता। अधिकारीगण शासन द्वारा संचालित योजनाओं से किसानों को प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित करायें। विकास भवन सभाकक्ष में सिंचाई बब्धु समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए उपाध्यक्ष गजेन्द्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि सरकार किसानों के हित में विविध योजनाओं के माध्यम से उनकी आय बढाने हेतु सतत् कार्य कर रही है। उन्होने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि समय-समय पर किसानों को उन्नति खेती करने के लिए जागरूक करें। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि कटी नहरों का कार्य समय से पूर्ण करते हुए रिपोर्ट आख्या उपलब्ध करायें। बैठक में उन्होने पाया कि जिला योजना के तहत 14 नालियों का कार्य पूर्ण है। इस संबंध में उन्होने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्ण 14 कार्यो का सूची उपलब्ध कराये। कृषि, सिंचाई, उद्यान, नलकूप, गन्ना, भू-गर्भ सहित सभी विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर योजनाओं के आवंटित लक्ष्य को पूरा करायें।

हयात मौत का सफर

इस महीने में कई नामचीन हस्तियों ने अलविदा कह दिया। इस कड़ी में पकज उधास, मशहूर ग़जल गायक ने अपने को जोड़ते हुये लम्बी बिमारी से जूझते हुये बम्बई के अस्पताल मे अपना सफर पूरा कर दुनियां को अलविदा कह रूखसत हो गये। अभी मशहूर रेडियो ब्राड कास्टर अमीन सपानी के गम से निजात नहीं पा पाये थे तभी पंकज उधास भी गम की सरिता में डुबो कर चल दिये। पंकज उधास का लखनऊ से बहुत प्रेम था यही हाल यहां के लोगो का उनसे था। वह लखनऊ के किसी कार्यक्रम को न नहीं कहते थे। लखनऊवासी भी उन्हें हाथों हाथ लेते थे उनके कार्यक्रम में टूट पड़ते थे। बताते है लखनऊ महोत्सव में उनके कार्यक्रम इतने मकबूल थे कि उस दिन टिकटों की बिक्री दोगुना हो जती थी। औरते उनको नज़दीक देखने और सुनने कि लिये कुर्सी घेर कर खड़ी हो जाती थी।

उनके मशहूर ग़जलों का मुखड़ा चिट्ठी आई है, निकलो न वे नकाबष् थोडी थोडी दिया करो, मोहें आई न जग की लाज मै नाची झूम के आज कि घुघरू टूट गयेष्, लोगो के जेहन में हमेशा धूमता रहता था क्योकि उनकी दिलकश आवाज में ये ग़ज़ल नया समा बांध देती थी सबको कुछ कुछ अपनी जिन्दगी की झलक दिखने लगती थी। उनको उनकी कला के लिये पद्मश्री से नवाजा गया।

2021 फरवरी में लखनऊ में आयोजित एक कनसर्ट में बताया था यहां के श्रोताओं का मुझे विशेष स्नेह मिलता रहा है। जब भी लखनऊ आया श्रोताओं का स्नेह देख अभिभूत हुआ। यहां के लोग गुणी है अच्छी गजल सुनना चाहते है। उनका कहना था गजलों को लोकप्रियता जो मिली गुलाम अली, जगतजीत सिंह ने इसमें चार चांद लगा दिया। उधास से 1972 में कामना फिल्म के लिये पहली बार गया पर सफलता नहीं मिली। कैरियर बनाने के लिये उर्दू सीखा और कनाड़ा चले गये। अमेरिका में छोटे छोटे कार्यक्रम करते रहे। भारत आये तो पहला एलबम आहट मार्केट में आया। अलबम ने लोगो को प्रभावित किया और सराहना और सफलता के ज़रिये बढ़ते हुये बहुत सी फिल्में की। गज़लों की दुनियां का चमकता सितांरा बन गये। पंकज लखनऊ की असीम प्रशंसा किया करते थे वह कहा करते थे यहां के दीवानों और मेहमान नवाजी का अलग लुत्फहै। फरवरी 2021 में सुशान्त गोल्फसिटी स्थित दयाल बाग में हुये महफिले दयाल में उन्हें लोकगीत गायिका मालिनी अवस्थी को दयाल यथार्थ अवध से सम्मानित किया गया था। पंकज उधास एक कार्यक्रम में लोगो की फर्माइश पर थोडा थोड़ा पिया करों गज़ल सुनाई तो लोग भावुक हो उठे युवाओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से आसमान सर पर उठा लिया, महिलायें मन्त्रमुग्ध प्रशासा में खड़ी हो गई। यह नज़ारा कुछ देर तक बना रहा। वह कहते थे अवध नगरी से उन्हें बेइन्तहा प्यार है। फिल्मों में रहकर भी प्राइवेट कार्यक्रम को कभी ना नहीं करते थे। वे श्रोताओं पर भी अपना प्यार लुटाते थे। श्रोताओं के सामने गाने में उन्हें अथाह आनन्द मिलता था। अब तो अफसाने ही रह गये है। अकेले ही वीराना आबाद कर देते थे। शामेतन्हाई अब उनके गम में बहुत रायेगी।

मुसावात को बाइख्तियार बनाना यूनीफार्म सिविल कोड पर पसमांदा मुस्लिम के तनाज़ुर

इंशा वारसी

हिन्दुस्तान में यूनीफार्म सिविल कोड (यूसीसी) जारी तनाज़ा का मौज़ू रहा है, जिससे मुख्तलिफ़ मज़हबी बिरादरियों के मुख्तलिफ़ नुक़्ता-ए-नज़र और ख़दशात जन्म लेते हैं। उनमें से, पसमांदा मुस्लिम कम्यूनिटी इस मकालमे में सरगर्म ए अमल है, जो मुसलमानों के पसमांदा और पसमांदा शोबों की नुमाइंदगी करती है, जिसका मक़सद इस मौज़ू पर अपना अलग नुक़्ता-ए-नज़र फ़राहम करना है। कई दहाईयों से, पसमांदा मुस्लिम कम्यूनिटी ने समाजी-ओ-इक़्तेसादी अदमे-मुसावात को बर्दाश्त किया है। मौजूदा क़वानीन के बाज़ पहलू सनफ़ी अदमे-मुसावात को बरक़रार रख सकते हैं और समाजी तरक्क़ी में रुकावट बन सकते हैं, जो अक़ीदे की अशर्फ़ तशरीहात और पर्सनल लॉ के ज़ेर-ए-इंतज़ाम पहले से मौजूद सक़ाफ़्ती तरीक़ों से पैदा होते हैं जिनकी जड़ें मज़हबी और सक़ाफ़्ती रिवायात में गहरी हैं।

यूसीसी पर पसमांदा मुस्लिम गुफ़्तगु को चलाने का बुनियादी मुहर्रिक ख़्वातीन की मुसावात की तलाश है। पसमांदा मुस्लिम कम्यूनिटी के अंदर, दूसरे पिदराना निज़ाम के नतीजे में मौजूदा पर्सनल लॉ के मुतअद्दिद पहलूओं ने ख़्वातीन को ग़ैर इरादी तौर पर पसमांदा कर दिया है, खासतौर पर विरासत के मामलात में, तलाक़, और शादी। एक मुनासिब मिसाल जहेज़ का रिवाज है, जिसकी इस्लाम ने तौसीक़ नहीं की, लेकिन हिन्दुस्तान के कुछ मुस्लिम ख़ानदानों में अब भी बरक़रार है। इस्लामी तालीमात के बावजूद शादी पर दुल्हन को महर एक मख़सूस रक़म देने की ज़रूरत है, जहेज़ का निज़ाम राइज है। मज़ीद बरआँ, पसमांदा मुसलमान, अपने अशरफ़ हम मंसबूबों के बरअक्स, ताद्दुद अज़दवाज पर अमल नहीं करते और शादी को ताहयात वाबस्तगी के तौर पर देखते हैं। पसमांदा मुसलमानों की सक़ाफ़्ती हक़ीक़त को अक्सर अशरफ़ दानिश्वर तबक़ा नज़रअंदाज कर देता है, जिसकी वजह से मुस्लिम पर्सनल (शरीयत) एप्लीकेशन ऐक्ट 1937 मुतआरिफ़ कराया गया, जो ख़्वातीन के मसाइल के हल के तौर पर ताद्दुद अज़दवाज की इजाज़त देता है। बदकिस्मती से, ये क़ानून ग़ैर मुतनासिब तौर पर मर्दों को बाइख्तियार बनाता है और तलाक़ के अमल को आसान बनाता है, इस तरह अशरफ़ियों और पस्मांदगियों उसके तजुर्बात के दरमियान ताल्लुक़ को मज़ीद गहरा करता है। यूसीसी की हिमायत करते हुए, पसमांदा मुस्लिम कम्यूनिटी का मक़सद एक से ज्यादा मुसावी और आगे की सोच रखने वाले मुआशरे को फ़रोग़ देना है, जहां उनकी सफ़ों में ख्वातीन को बाइख्तियार बनाया जाये और उन्हें मुसावी हुक़ूक़ फ़राहम किए जाएं यूसीसी की बारीकियों और मुज़म्मिरात को समझना है। यूसीसी का नफ्फ़ाज़ एक तरक्क़ी-पसंद क़दम है जो ज़ाती क़वानीन को जदीद मुआशरती उसूलों के साथ हम-आहंग करता है, तमाम शहरियों के बुनियादी हुक़ूक़ को बरक़रार रखते हुए ज़ाती मामलात में मज़हबी तौर पर मुहर्रिक क़वानीन को ख़त्म करता है। ये इमतियाज़ी और पसमांदा नज़र आने वाले तरीक़ों को ख़त्म करने में मदद कर सकता है, एक से ज्यादा खुले और तरक़्क़ी-पसंद मुआशरे को फ़रोग़ दे सकता है। ज़ाती क़वानीन को मुल्क के बदलते हुए एहदाफ़ के साथ हम-आहंग करते एक यूसीसी मतनू आबादियों के इंज़माम को फ़रोग़ देता है और समाजी तरक्क़ी की हिमायत करता है

यूनीफार्म सिविल कोड की पसमांदा मुस्लिम तशरीह एक जामा और आगे की सोच रखने वाले क़ानूनी निज़ाम का वर्जन पेश करती है जो सब के लिए इन्साफ़ और मुसावात को फ़रोग़ देते हुए सक़ाफ़्ती शनाख्त को महफ़ूज़ रखता है। पसमांदा मुस्लिम कम्यूनिटी तबदीली की ज़रूरत को तस्लीम करते हुए, ख़्वातीन को बाइख्तियार बनाने, तालीम को फ़रोग़ देने, सक़ाफ़्ती शनाख्त के तहफ़्फ़ुज़, और सियासी शिरकत की तलाश के ज़रिये यूसीसी पर जारी बहस में तामीरी हिस्सा डालने की कोशिश करती है। उनका बयानिया एक याद-दहानी का काम करता है कि एक से ज्यादा पुरअमन और मुसावी मुआशरे की तशकील के लिए मुवासलात, फ़हम और इजतमाई कोशिशें तनू में इत्तेहाद का बाइस बन सकती हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

इंडिया गठबंधन एवं कांग्रेस ने अनेक झटके झेले। छोटे-बड़े नेताओं के कांग्रेस छोड़ने का सिलसिला भी तेज हुआ। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का नाम खास तौर पर चर्चित रहा। इसे चाहे इन नेताओं का व्यक्तिगत अवसरवाद कहें या भाजपा और एनडीए नेतृत्व की सक्रियता एवं राजनीतिक कौशल इतना तय है कि इन नेताओं को कांग्रेस का भविष्य खास अच्छा नहीं दिख रहा। आम आदमी पार्टी एवं समाजवादी पार्टी जैसे दल अपनी साख बचाने एवं सत्ता के करीब बने रहने के लिये सीटों के बंटवारे पर सहमत हुए है, उसमें कांग्रेस का घूटने टेकना भी उसकी टूटती सांसों को बचाने की जद्दोजहद ही कहीं जायेगी।

क्या इंडिया गठबंधन भाजपा के लिये चुनौती बनेगा?

अंधेरों एवं निराशा के गर्त में जा चुके एवं लगभग बिखर चुके इंडिया गठबंधन के लिए कुछ अच्छी खबरों ने जहां उसमें नये उत्साह का संचार किया है वहीं भारतीय जनता पार्टी के लिये चिन्ता के कारण उत्पन्न किये हैं। पहले उत्तर प्रदेश और फिर दिल्ली में समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी से सीट बंटवारे पर बनी सहमति ने टूट की कगार पर पहुंचे इंडिया गठबंधन में वर्ष 2024 के आम चुनावों को लेकर संभावनाभरी तस्वीर को प्रस्तुत किया है। अब ये चुनाव दिलचस्प होने के साथ कुछ सीटों पर कांटे की टक्कर वाले होंगे। इन नये बन रहे चुनावी समीकरणों के बावजूद भाजपा के लिये अभी कोई बड़ा संकट नहीं दिख रहा है। भले ही इंडिया गठबंधन ढ़ींगे हांके कि वह भाजपा एवं उसके गठबंधन के लिए कड़ी चुनौती पेश करने की स्थिति आ गयी है। भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों का जब गठबंधन बना तभी यह आशंका की गयी कि यह कितनी दूर चल पायेगा, टिक पायेगा भी या नहीं? कुछ हालात तो ऐसे भी बने कि इसके तार-तार होने की संभावनाएं बलवती हुई। भले ही अब कुछ सीटों पर दलों के बीच सहमति बनी हो लेकिन अभी कई महीने निकल जाने के बाद भी विधिवत रूप से इंडिया गठबंधन के संयोजक का नाम घोषित नहीं हो पाना अनेक सन्देहों एवं अटकलों का कारण बना हुआ है।

ललित गर्ग

सत्ता तक पहुंचने के लिए जिस प्रकार दल-टूटन व गठबंधन हो रहे हैं इससे सबके मन में अकल्पनीय सम्भावनाओं की सिहरन उठती है। राष्ट्र और राष्ट्रीयता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लगने लगा है। कुछ अनहोनी होगी, ऐसा सब महसूस कर रहे हैं। प्रजातंत्र में टकराव होता है। विचार फर्क भी होता है। मन-मुटाव भी होता है पर मर्यादापूर्वक। लेकिन अब इस आधार को ताक पर रख दिया गया है। राजनीति में दुश्मन स्थाई नहीं होते। अवसरवादिता दुश्मन को दोस्त और दोस्त को दुश्मन बना देती है। यह भी बड़े रूप में देखने को मिल रहा है। राजनीति नफा-नुकसान का खेल बन रहा है, मूल्य बिखर रहे हैं। चारों ओर सत्ता की भूख बिखरी है। पिछले कुछ समय से इंडिया गठबंधन को एक के बाद एक कई झटके लगे। पहले तो कांग्रेस ने ही पिछले साल दिसंबर के विधानसभा चुनावों में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद में गठबंधन से जुड़ी बातचीत को ठंडे बस्ते में डाले रखा। बातचीत शुरू भी हुई तो नेताओं में न तो पहले जैसा जोश दिखा और न वैसी राजनीतिक जिजीविषा महसूस हुई। फिर गठबंधन के प्रस्ताव पर सबसे बढ़-चढ़कर काम करने वाले नीतीश कुमार ही उसे छोड़ गए। यूपी में रालोद के जयंत चौधरी भी इंडिया गठबंधन का हाथ थामते-थामते एनडीए में शामिल हो गए। इंडिया गठबंधन एवं कांग्रेस ने अनेक झटके झेले। छोटे-बड़े नेताओं के कांग्रेस छोड़ने का सिलसिला भी तेज हुआ। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का नाम खास तौर पर चर्चित रहा। इसे चाहे इन नेताओं का व्यक्तिगत अवसरवाद कहें या भाजपा

और एनडीए नेतृत्व की सक्रियता एवं राजनीतिक कौशल इतना तय है कि इन नेताओं को कांग्रेस का भविष्य खास अच्छा नहीं दिख रहा। आम आदमी पार्टी एवं समाजवादी पार्टी जैसे दल अपनी साख बचाने एवं सत्ता के करीब बने रहने के लिये सीटों के बंटवारे पर सहमत हुए है, उसमें कांग्रेस का घूटने टेकना भी उसकी टूटती सांसों को बचाने की जद्दोजहद ही कहीं जायेगी। कांग्रेस एवं अन्य दलों के बीच सहमति के स्वर उभरने से आगामी लोकसभा चुनाव में अच्छा मुकाबला दिख सकता है। लेकिन अहम सवाल तो यही है कि क्या गठबंधन की गाड़ी आगे और हिचकोले नहीं खाएगी? क्या यह दावा पूरी दृढ़ता से किया जा सकता है? अरविन्द केजरीवाल ने कांग्रेस से सीटों पर सहमति बनाकर पलटूराम ही बने हैं। जी-भरकर एक-दूसरे को कोसने वाले जब हाथ मिलाए तो आश्चर्य होना स्वाभाविक है। देखा जाये तो कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच चुनावी गठबंधन होना मूल्यहीनता एवं सिद्धान्तहीनता की चरम पराकाष्ठा है क्योंकि कांग्रेस की नीतियों के खिलाफ लड़ कर और आंदोलन खड़ा करके ही आम आदमी पार्टी का जन्म हुआ था। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब की सत्ता से कांग्रेस को बाहर किया और अपनी स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाई। आम आदमी पार्टी के चमत्कारिक प्रदर्शन के चलते ही गुजरात में कांग्रेस ने अब तक का सबसे निराशाजनक प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी ने गोवा में भी कांग्रेस को काफी नुकसान पहुँचाया और हरियाणा में भी अपने संगठन का आधार बढ़ाया। ताजा कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी की सहमति से कांग्रेस को ही नुकसान होना है। केजरीवाल की बजाय ममता बनर्जी ने अलग छाप छोड़ी है। उसने बंगाल में कांग्रेस के लिए उनकी मौजूदा दो लोकसभा सीटों को ही छोड़ने की बात कह कर कांग्रेस के अधिक सीटों पर दावा करने के कारण स्वतंत्र चुनाव लड़ने की घोषणा कर गठबंधन को धराशायी किया। ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल ही नहीं, बल्कि त्रिपुरा, असम और गोवा में भी स्वतंत्र चुनाव लड़ने की बात कह रही हैं, जिससे कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में निराशा ही हाथ लगेगी।

इंडिया गठबंधन के नये बन रहे सकारात्मक परिदृश्यों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीतिक सेहत पर कोई असर न झलकना उनकी राजनीतिक परिपक्वता की परिचायक है। 2024 के चुनावों में भाजपा के लिए 370 और एनडीए के लिए 400 सीटों का लक्ष्य तय करने के मोदी के लक्ष्य के सामने अभी भी कोई बड़ी चुनौती दिख नहीं रही है। इन बड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए भाजपा एवं मोदी अपनी सीटें कहां से बढ़ा सकेंगे, इसके लिये भाजपा दोतरफा रणनीति पर काम कर रही है। पहली है, दक्षिणी राज्यों में पैठ बनाना। यह स्वाभाविक भी है क्योंकि भाजपा पहले ही उत्तर-पश्चिम के कई राज्यों में चरम पर पहुंच चुकी है। दूसरी रणनीति है पुराने सहयोगियों को एनडीए में वापस लाने और नए सहयोगियों को जोड़ने की, जिसमें वह अब तक काफी हद तक सफल भी रही है। जदयू एनडीए के साथ फिर से आ गई है, रालोद भी एनडीए में लौट आई है, पंजाब में अकाली दल को वापस लाने के प्रयास जारी हैं और तेदेपा के साथ बातचीत अंतिम चरण में है। कुछ और पार्टियां एनडीए में शामिल हो सकती हैं। लेकिन एनडीए के विस्तार भर से भाजपा को 2024 में 370 सीटें नहीं मिलने वालीं। अभी उसे काफी जोड़-तोड़ करने होंगे।

गौरतलब है कि अमित शाह ने तमिलनाडु की कमान संभाल ली है और पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख के. अन्नामलै को काम करने की खुली छूट दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी तमिलनाडु का दौरा किया है, जिसे दक्षिण में भाजपा के चुनावी अभियान की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। केन्द्रीय मंत्रियों को बड़ी जिम्मेदारी के साथ सक्रिय किया गया है। भाजपा दक्षिण के राज्यों में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। राम मंदिर का उत्साह निश्चित रूप से उत्तर भारतीय हिंदी पट्टी के राज्यों में अधिक है, लेकिन दक्षिण भी भाजपा को कुछ चुनावी लाभ दे सकता है। याद रहे कि भाजपा ने पहले ही दक्षिण भारतीय राज्यों के लिए मतदाता-पहुंच कार्यक्रम शुरू कर दिया है। तेलंगाना और केरल आदि दक्षिण के राज्यों पर भाजपा विशेष बल दे रहा है, वहां भी इस बार अच्छा प्रदर्शन होने की संभावना है।

भारत सहित यूरोप के किसान आंदोलन की राह पर जाने को क्यों मजबूर?

यूरोपीय यूनियन के 27 देशों के किसान आंदोलन की करें तो, सोमवार को ब्रसेल्स और मैड्रिड में किसानों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों पर दबाव कम करने के लिए कृषि मंत्री यूरोपीय संघ के प्रस्तावों के एक नए सेट पर बहस करने के लिए तैयार थे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पानी की बौछार की। करीब 900 ट्रैक्टरों के साथ पहुंचे किसानों ने ब्रसेल्स के कुछ हिस्सों को जाम कर दिया। सुपरमार्केट में सस्ती कीमतों और मुक्त व्यापार सौदों के खिलाफ कदम उठाने की मांग को लेकर किसानों ने सोमवार को ब्रसेल्स और मैड्रिड में विरोध प्रदर्शन किया। वह यूरोपीय संघ मुख्यालय के बाहर एकत्र हुए और प्रदर्शन किया।

वैश्विक स्तरपर भारत ही नहीं, कई अन्य देशों में भी कृषि संबंधित कई मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ विरोधप्रदर्शन चल रहे हैं। एक तरफ जहां भारत में किसान एमएसपी की कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं, तो वहीं रोम के किसान आर्थिक और हरित नीतियों (ग्रीन पॉलीसी) को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। भारत समेत दुनियां के अनेक देशों में किसानों का विरोध प्रदर्शन चल रहा है किसानों के महत्व का मूल्यांकन हर देश अच्छी तरह से समझता है,क्योंकि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था व विकास में किसानों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। परंतु लंबे समय से हम देख रहे हैं कि इन्हीं किसानों को अपनी समस्याओं के लिए लंबा जदोजहद करना पड़ता है, जो हम भारत में पिछले सालों एक लंबा आंदोलन देख चुके हैं, जिसनें सरकार को भी हिला दिया था फिर एमएसपी का समाधान करने का आश्वासन देकर आंदोलन समाप्त कर दिया गया था, जिसका अभी तक किसानों में समाधान नहीं दिख रहा है। वहीं तेज़ आंदोलन की सुबसुबाहट उठ रही है। जब कि लोकसभा इलेक्शन सर पर हैं, परंतु ऐसी चिंगारी अभी यूरोपीय देशों में हमें पिछले कुछ दिनों से देखने को मिल रही है। यूरोपियन यूनियन के कई देश फ्रांस जर्मनी पोलैंड रोमानिया सहित अनेक देशों में किसान आंदोलन ने जोर पड़ा है। अनेक यूरोपीय देशों में पर्यावरण अनुकूल नीतियों से परेशानी, रूस यूक्रेन युद्ध से बदली कुछ नीतियां, करो में बेतहाशा बढ़ोतरी, मुक्त व्यापार समझौता में सस्ता विदेशी माल आयात करने, गैस बिजली की बढ़ती कीमतों,जलवायु परिवर्तन संबंधी सख्त नियमों से किसानो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, इस आंदोलन में सामान्य व्यक्ति भी शामिल हो गए हैं करीब 89 प्रतिशत लोगों का समर्थन हासिल होने की बात की जा रही है, जिसपर सरकार भी सख्ते में है। चूंकि भारतीय किसान आंदोलन की तर्ज पर यूरोप के कई देशों में किसान आंदोलन उफान पर है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वैश्विक स्तरपर अन्नदाता किसानों की समस्याओं पर मंथन कर चार्टर बनाना समय की मांग है।

किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम भारत में किसान आंदोलन की करें तो, दिल्ली कूच मोर्चा के मद्देनजर सुनाम, मूनक, खनौरी इलाके में बंद की इंटरनेट सेवा को आज 16 दिन का समय हो गया है, जिस कारण न केवल दुकानदारों व कारोबारियों का कामकाज प्रभावित हो रहा है, बल्कि सुविधा केंद्र, सांझ केंद्र, स्कूलों का कामकाज भी ठप पड़ा हुआ है। पंजाब में किसान और केंद्र की खींचतान से आम लोगों की दिक्कतें बढ़ गई है। कई जिलों में इंटरनेट बंद होने से लोगों के जरूरी कामकाज ठप पड़े हैं। लोग अपना कामकाज करवाने के लिए सरकारी दफ्तरों में जाते हैं लेकिन इंटरनेट सेवा बंद होने के कारण इन केंद्रों में कोई काम नहीं हो रहा है व लोग मायूस होकर वापस लौट रहे हैं। सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के बच्चे ऑनलाइन पढ़ाई तो दूर, अपनी परीक्षा की तैयारी के लिए ऑनलाइन जानकारी भी प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। सुविधा व सांझ केंद्र से संबंधित रोजमर्रा के जरूरी काम भी लोगों के नहीं हो रहे हैं।

साथियों बात अगर हम यूरोपीय यूनियन के 27 देशों के किसान आंदोलन की करें तो, सोमवार को ब्रसेल्स और मैड्रिड में किसानों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों पर दबाव कम करने के लिए कृषि मंत्री यूरोपीय संघ के प्रस्तावों के एक नए सेट पर बहस करने के लिए तैयार थे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पानी की बौछार की। करीब 900 ट्रैक्टरों के साथ पहुंचे किसानों ने ब्रसेल्स के कुछ हिस्सों को जाम कर दिया। सुपरमार्केट में सस्ती कीमतों और मुक्त व्यापार सौदों के खिलाफ कदम उठाने की मांग को लेकर किसानों ने सोमवार को ब्रसेल्स और मैड्रिड में विरोध प्रदर्शन किया। वह यूरोपीय संघ मुख्यालय के बाहर एकत्र हुए और प्रदर्शन किया। मुख्यालय के मुख्य प्रवेश बिंदुओं पर लगाए गए बैरिकेड्स के पास पुलिस गश्त कर रही थी, जहां 27 देशों के कृषि मंत्री एकत्र हुए थे।किसानों पर दबाव कम करने के लिए कृषि मंत्री यूरोपीय संघ के प्रस्तावों के एक नए सेट पर बहस करने के लिए तैयार थे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पानी की बौछार की। करीब 900 ट्रैक्टरों के साथ पहुंचे किसानों ने ब्रसेल्स के कुछ हिस्सों को जाम कर दिया। यह उस क्षेत्र से थोड़ी ही दूर थे, जहां मंत्री बैठक कर रहे थे। पूरे यूरोप में किसान हफ्तों से कर रहे विरोध प्रदर्शनपूरे यूरोप में किसान हफ्तों से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और नीति निर्माताओं से कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इस बीच सोमवार को मैड्रिड में भी प्रदर्शन हुआ। स्पेन के किसानों ने यूरोपीय संघ से लालफीताशाही को खत्म करने और कामन एग्रीकल्चर पालिसी (सीएपी) में कुछ बदलाव का आग्रह किया।अनाज और चुकंदर उगाने वाले किसान ने कहा कि इन नियमों को बर्दाश्त करना असंभव है। वे चाहते हैं कि हम दिन में खेत पर काम करें और रात में कागजी काम निपटाएं। हम इससे तंग आ चुके हैं। 46 वर्षीय किसान ने कहा कि नया सीएपी हमारे जीवन को बर्बाद कर रहा है। हम वैसे ही उत्पादन करना चाहते हैं, जैसे हमेशा करते आए हैं, लेकिन वे नहीं चाहते कि हम उत्पादन करें। यूरोपीय देशों में किसान संगठन नाराज चल रहे हैं। किसानों का आरोप है कि उन्हें खेती के लिए अच्छे पैसे नहीं मिल रहे हैं। साथ ही उन पर टैक्स लादे जा रहे हैं। पर्यावरण संबंधी प्रतिबंधों ने उन्हें और परेशान कर दिया है। यूरोप के किसानों की ये भी शिकायत है कि उन्हें विदेश से कड़ी प्रतिस्पर्धा का भी सामना करना पड़ रहा है। खासकर यूक्रेन से आने वाले सस्ते आयात से उनकी परेशानी कई गुना बढ़ गई है। बता दें कि रूस यूक्रेन युद्ध के चलते यूरोपीय देशों ने यूक्रेन से आने वाले कृषि आयात को कई छूट दी हैं, जिससे यूक्रेन समेत अन्य देशों से सस्ती कृषि उपज यूरोप के बाजारों में आ रही है, जिससे स्थानीय किसानों को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है इससे वे नाराज हैं। बेल्जियम की राजधानी ब्रुसेल्स में करीब एक हजार ट्रैक्टर्स सड़कों पर उतरे। किसान यूरोपीय यूनियन पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं ताकि उनकी परेशानी पर भी ध्यान दिया जाए और उनके लिए आर्थिक मदद का एलान किया जाए। गौरतलब है कि प्रदर्शन के बाद बेल्जियम के पीएम ने भी किसानों की परेशानियों पर चिंता जाहिर की है और इस मुद्दे पर चर्चा की बात कही है।

महिलाओं में मासिक धर्म संबंधी समस्याएं: सेनेटरी पैड से जुड़े भ्रम

सैनिटरी पैड को तैयार करने के दौरान कई ऐसे रसायनों का इस्तेमाल किया जाता है जो महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। इसमें फाइबर होते हैं जिन्हें साफ और रोगाणु हीन बनाने के लिए क्लोरीन से ब्लीच किया जाता है। यह ब्लीचिंग प्रक्रिया डाइऑक्सिन उत्पन्न करती है, जो एक अत्यधिक विषैला प्रदूषक है। जो पेल्विक सूजन की बीमारी, हार्मोन असंतुलन, एंडोमेट्रियोसिस और यहां तक कि कैंसर का कारण भी बन सकता है।

महिलाओं और किशोरियों में स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे हमेशा महत्वपूर्ण रहे हैं. विशेषकर माहवारी और प्रसव के मामले यह बहुत ही संवेदनशील विषय रहा है. लेकिन इस मुद्दे पर सामाजिक कुरीतियों और संकुचित सोच ने उन्हें हमेशा चुप रहने पर मजबूर किया है. महिलाओं में मासिक धर्म उनके स्वास्थ्य प्रथाओं के विकास में महत्वपूर्ण चरण रहा है. कपड़े के उपयोग से सैनिटरी पैड तक के चरण ने संक्रमण से स्वच्छता की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति को चिह्नित किया है. पहले के समय में महिलाएं जब कपड़े का इस्तेमाल करती थीं तो अक्सर पुराने कपड़े का प्रयोग करती थीं, जो स्वास्थ्य की दृष्टि से उनके लिए बहुत खतरनाक होता था। समय बीतने के साथ उसकी जगह सैनिटरी पैड ने ले ली, जो एक स्वच्छ और अधिक सुविधाजनक विकल्प साबित हुआ।

सैय्यदा रुखसार

आज 21वीं सदी में भारत में बड़ी संख्या में महिलाएं और किशोरियां सैनिटरी पैड का इस्तेमाल करती हैं। हालांकि, इस संक्रमण के बावजूद, चुनौतियां बनी हुई हैं, जिससे सैनिटरी पैड की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि क्या इसका उपयोग उनके स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित है? देश के अन्य क्षेत्रों की तरह जम्मू कश्मीर की महिलाओं और किशोरियों के बीच भी यह बहस का एक महत्वपूर्ण विषय बना हुआ है। इस संबंध में, जम्मू के सीमावर्ती क्षेत्र पुंछ की एक किशोरी शबनम कौसर कहती हैं कि जब वह सूती कपड़े का इस्तेमाल करती थीं तो उनका पीरियड बेहतर रहता था, लेकिन सैनिटरी पैड का इस्तेमाल करने के बाद से मासिक धर्म के दिनों में दर्द और काफी परेशानी देखने को मिलती थी। इस संबंध में जब उन्होंने पुंछ के जिला अस्पताल की डॉ. शहनाज़ से सलाह ली, तो डॉक्टर ने उन्हें दिन में कम से कम 3 बार सैनिटरी पैड बदलने की सलाह दी, साथ ही उन्हें सैनिटरी पैड का उपयोग करने से बचने की भी सलाह दी। डॉक्टर के अनुसार सैनिटरी पैड में हानिकारक रसायन होते हैं। जो स्वास्थ्य के लिए पूरी तरह से लाभकारी नहीं होते हैं। शबनम का कहना है कि डॉक्टर ने मुझे सैनिटरी पैड की जगह सूती कपड़े या मेंस्ट्रुअल कप इस्तेमाल करने की सलाह दी, जो स्वास्थ्य के लिहाज से बेहतर हैं और पर्यावरण के अनुकूल भी है। हालांकि सैनिटरी पैड ने निस्संदेह मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता में सुधार किया है, लेकिन इससे स्वास्थ्य के बारे में भी कई चिंताएं उठाई गई हैं। दरअसल सैनिटरी पैड को तैयार करने के दौरान कई ऐसे रसायनों का इस्तेमाल किया जाता है जो महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। इसमें फाइबर होते हैं जिन्हें साफ और रोगाणु हीन बनाने के लिए क्लोरीन से ब्लीच किया जाता है। यह ब्लीचिंग प्रक्रिया डाइऑक्सिन उत्पन्न करती है, जो एक अत्यधिक विषैला प्रदूषक है। जो पेल्विक सूजन की बीमारी, हार्मोन असंतुलन, एंडोमेट्रियोसिस और यहां तक कि कैंसर का कारण

भी बन सकता है। इसके अतिरिक्त पैड में परंपरागत रूप से उगाए गए कपास का उपयोग किया जाता है, जिसमें कीटनाशक दवाओं का प्रभाव रहता है जो कपास की कटाई के बाद भी लंबे समय तक बने रहते हैं। इसके दुष्प्रभाव भी महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। सेनेटरी पैड को लीक-प्रुफ माना जाता है। दरअसल पैड के नीचे एक प्लास्टिक की परत होती है जो इसे लीक होने से रोकती है। लेकिन यही प्लास्टिक गर्मी और नमी के दिनों में यीस्ट और बैक्टीरिया के लिए प्रजनन स्थल बनाने का काम करता है। इससे महिलाओं और किशोरियों को योनि के आसपास जलन, झनझनाहट और दर्द होने की संभावना रहती है। इसलिए जैसे-जैसे जागरूकता बढ़ती है, वैकल्पिक, स्वस्थ विकल्प ढूंढना महत्वपूर्ण हो जाता है। मैंने पुंछ के डिग्री कॉलेज से अपनी शिक्षा पूरी की है। जब मैं कॉलेज के दूसरे वर्ष में थी, इस दौरान डॉक्टरों की एक टीम लड़कियों के स्वास्थ्य और सैनिटरी पैड के उपयोग और प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए आई थी। इस दौरान महिला डॉक्टरों ने लड़कियों से पूछा कि वे माहवारी के दिनों में एक दिन में कितनी बार सैनिटरी पैड बदलती हैं? ज्यादातर लड़कियों ने जवाब दिया कि वे सिर्फ एक या दो बार ही बदलाव करती हैं। हॉल में लगभग पाँच सौ लड़कियाँ थीं और सभी ने कहा कि वे सैनिटरी पैड का इस्तेमाल करती हैं लेकिन उन्हें इसके नुकसान के बारे में पता नहीं है। डॉक्टरों ने हमें सैनिटरी पैड के नुकसान के बारे में भी बताया और इससे होने वाली खतरनाक बीमारियों से भी अवगत कराया। साथ ही उन्होंने हमें बेहतर पैड का इस्तेमाल करने की सलाह दी जो हर स्थिति में सुरक्षित हों। इसके लिए साफ सूती कपड़े का इस्तेमाल करने की सलाह दी। यह दुकानों में कॉटन पैड के नाम से भी उपलब्ध है।

इसके साथ ही उन्होंने विकल्प के रूप में मेंस्ट्रुअल कप की जानकारी भी दी, जो हमारे लिए नई और अनोखी बात थी। मेडिकल ग्रेड सिलिकॉन, रबर या लेटेक्स से बने, ये पुनः प्रयोज्य कप एक टिकाऊ और सुरक्षित विकल्प प्रदान करते हैं। ये प्लास्टिक नहीं हैं जो पर्यावरण के लिए हानिकारक हों, इसके साथ ही जलन और संक्रमण के खतरे को भी कम करते हैं। इसके अतिरिक्त, वे समय के साथ एक लागत प्रभावी समाधान भी प्रदान करते हैं, जिससे कुछ महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण सैनिटरी उत्पादों तक पहुंचने में आने वाली आर्थिक बाधाओं को दूर किया जाता है। महिला डॉक्टरों ने उल्लेखनीय विकल्प के रूप में जैविक कपास पैड के बारे में भी जानकारी दी। जो कृत्रिम योजकों और रसायनों से मुक्त होती है। ये पैड स्वास्थ्य और पर्यावरणीय स्थिरता दोनों को प्राथमिकता देते हैं। इनके इस्तेमाल से महिलाएं और किशोरियां माहवारी के दिनों में आरामदायक महसूस करती हैं।

दरअसल किशोरियों को उनके मासिक धर्म के दौरान स्वास्थ्य से जुड़े इन विकल्पों के बारे में शिक्षित करना महत्वपूर्ण है। उत्पाद चयन के अलावा, न केवल महिलाओं और किशोरियों को, बल्कि सभी को मासिक धर्म के बारे में शिक्षित करने की आवश्यकता है। इस बारे में जागरूक करने की जरूरत है कि माहवारी कोई बीमारी या कुछ गलत नहीं है बल्कि प्रकृति द्वारा प्रदत उपहार है। जिसे महिलाएं अभी भी सबसे छुपाती हैं या इसके बारे में बात करने से भी कतराती हैं। दरअसल आज भी देश के लगभग सभी गांव में अनगिनत महिलाएं और किशोरियां हर महीने मासिक धर्म के दर्द और बीमारियों का सामना करती हैं, लेकिन वह इसके बारे में घर में किसी से भी चर्चा नहीं कर सकती हैं, क्योंकि उनके घरों के पुरुषों को इसके बारे में शिक्षित नहीं किया जाता है। ऐसे में वे खुद इस दर्द को चुपचाप सहन करती रहती हैं। सामाजिक स्तर पर हमें न केवल महिलाओं और किशोरियों को बल्कि पुरुषों को भी इस दिशा में जागरूक करने की जरूरत है ताकि महिलाएं और किशोरियां इससे जुड़ी खतरनाक बीमारियों से समय रहते बच सकें। (चरखा फीचर)

पत्रकारिता का बेहद संयमपूर्वक निर्वहन आवश्यक : अनुप्रिया

खबरों की सत्यता का पड़ताल कर ही करें प्रकाशित

अवधनामा संवाददाता

- समाज की समस्याओं को प्रतिबिंबित करती है पत्रकारिता : जिलाधिकारी
- पत्रकारिता सरकार और जनता के मध्य सेतु का करती है काम : निदेशक

लखनऊ। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि खबरों का आकाश विस्तृत हो गया है। लिहाजा ये पत्रकारों के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण हो गया है कि वे तथ्यपरक खबरों की शिनाख्त करके आमजन मानस को भ्रांतियों से बचाएं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री बुधवार को मीरजापुर में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) वाराणसी की ओर से आयोजित वार्तालाप कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विचार व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय पत्रकारों और भारत सरकार के बीच संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के 100 से अधिक पत्रकारों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि वार्तालाप कार्यक्रम उद्देश्यपरक है। आज इस वार्तालाप कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों के लिए किया गया है। मंत्री जी ने इस वार्तालाप कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में केवल छह जनपद में ही ऐसा कार्यक्रम हो पाया है। उनमें से मिर्जापुर में वार्तालाप अब तक दो बार हो चुका है। गौरतलब है कि इससे पूर्व गत वर्ष नवंबर में जनपद के लालगंज तहसील में वार्तालाप का कार्यक्रम हुआ था। उन्होंने पत्रकारों को लोकतंत्र का सजग प्रहरी कहा। भारत सरकार की तमाम कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए पत्रकारों की महती भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने बताया कि कई सारे पात्र लाभार्थी योजनाओं के लाभ से जानकारी के अभाव में वंचित रह जाते हैं। अतः ऐसे लोगों को योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देना आपका महती कर्तव्य है।

उन्होंने कार्यशाला में आए पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी कलमवीर हैं। आपकी कलम की बहुत ताकत है। अतः आपसे संयम की अपेक्षा है। आप अपनी लेखनी का उपयोग जनहित में बहुत सोच समझकर करेंगे। यदि नदी में बाढ़ आ जाए तो चहुंओर तबाही मच जाती है। प्रकृति के संवर्धन के लिए नदी का नियंत्रित रूप से बहना बहुत जरूरी होता है। ठीक उसी प्रकार पत्रकार अपनी कलम का सदुपयोग संयमपूर्वक करें।

उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा का उल्लेख करते हुए बताया कि आजाद हिंदुस्तान में विकसित भारत संकल्प यात्रा की पहल नजीर पेश करती है। विगत वर्ष जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया था। इस अभियान के माध्यम से ऐसे लोग जो जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह गए थे, उनको त्वरित लाभ पहुंचाया जा रहा है। इस योजना को उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ की गई महत्वपूर्ण पहल बतलायीं। उन्होंने वार्तालाप कार्यशाला की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए पत्रकारों से अपील की कि इस कार्यशाला के माध्यम से सरकार की योजनों को गहनता एवं विस्तारपूर्वक जानें और उन्हें लक्षित समूहों तक पहुंचाने में अपनी महती भूमिका अदा करें। पत्रकारिता की रूपरेखा पर उन्होंने प्रकाश डालते हुए बताया कि पत्रकारिता कभी व्यवसाय नहीं हो सकती। उन्होंने बताया कि तथ्यपरक खबरों को जनता तक पहुंचाना आपकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। अनुप्रिया पटेल ने मोदी सरकार में विकास की बहती गंगा का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। आज देश के विभिन्न आयामों में विकास हो रहा है चाहे वह स्थापत्य क्षेत्र हो या सड़क निर्माण, या मेट्रो कनेक्शन हो या रेलवे का विकास।

व्यक्तिगत आरोप पर भड़के नगर आयुक्त

लखनऊ। लखनऊ के नगर निगम में कचरा प्रबंधन को लेकर बुलाए गए विशेष सदन में भाजपा विधायक राम नरेश रावत की टिप्पणी को लेकर जमकर हंगामा हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस तक बुलानी पड़ी।

बुधवार को नगर निगम में शहर की सफाई को लेकर चुनी गई कंपनी रामकी पर सहमति बनाने के लिए बैठक आहूत की गई थी कि तभी भाजपा पार्षद राम नरेश रावत ने नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह पर आरोप लगाते हुए कहा कि नई कंपनी को लाने के लिए आपको क्या ऑफर मिला है? इस पर नगर आयुक्त भड़क गए और सदन छोड़कर बाहर चले गए। हालांकि, जब दोबारा सदन शुरू हुआ तब भी नगर आयुक्त शांत नहीं हुए और कहा कि अगर व्यक्तिगत आरोप लगाए तो जान से मार दूंगा।

इस दौरान जमकर हंगामा होता रहा। महापौर सुषमा खर्कवाल ने अपने पार्षद को जमकर लताड़ लगाई। कहा इसके काम की जांच कराएंगे। यहां सदन का चीरहरण किया जा रहा है। सदन हमारी मां है।

पार्षद को पुलिस बुलाकर गिरफ्तार करने की मांग की गई। इस दौरान पार्षद रामनरेश रावत को जबरदस्ती सदन से बाहर ले जाने की कोशिश हुई। इस पर रावत ने कहा कि वह सदन में सफाई देंगे। अगर उन्हें जबरदस्ती बाहर ले जाया गया और पुलिस बुलाई जाएगी तो आत्महत्या कर लेंगे। विवाद पर भाजपा पार्षद ने सफाई देते हुए कहा कि ऑफर का गलत मतलब निकल गया। उनका यह कहना था कि जब ब्लैक लिस्टेड कंपनी को काम दिया गया तो उसने सफाई में सुधार को लेकर ऐसा क्या ऑफर दिया। इस बारे में ही वह पूछ रहे थे लेकिन उनकी पूरी बात नहीं सुनी गई।

गारंटी वैन से गई सरकारी योजनाओं की जानकारी

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी जी की गारंटी वैन आज प्रथम सत्र में निकट भारतीय जनता पार्टी सिविल लाइंस तथा द्वितीय सत्र में कार्यक्रम में प्रयागराज रेलवे स्टेशन के पास पहुंची। जहां पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

प्रथम सत्र में कार्यक्रम के दौरान फूलपुर की सांसद श्रीमती केशरी देवी पटेल, फाफामऊ के विधायक श्री गुरू प्रसाद मौर्य, श्री अवधेश चंद गुप्ता ने लाभार्थियों एवं स्थानीय लोगों को मिलने वाले सरकारी योजनाओं के लाभों के विषय में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में विजय श्रीवास्तव, सचिन जयसवाल, अवधेश कुशवाहा, अभिषेक सिंह, अनिल भट्ट, आभा सिंह, चंद्रा अहलूवालिया, कल्पना राजुल शर्मा, चन्द्रशेखर ओझा, अजय हेला, गीता विश्वकर्मा आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी, भारत सरकार राम मूरत ने बताया कि गुरूवार को प्रथम सत्र में अरैल तिराहा नैनी तथा द्वितीय सत्र में स्वराज भवन कर्नलगंज के पास विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैन पहुंचेगी।

पेंशनर्स की समस्याओं का समय पर होगा निस्तारण

पेंशनर्स को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए : वित्त मंत्री

लखनऊ। पेंशनर्स को बिना परेशानी समय से पेंशन के भुगतान व उन्हें को दी जाने वाली सेवाओं को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए पेंशन निदेशालय के नवीन भवन का शुभारंभ किया गया है। बुधवार को उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने इंदिरा नगर लखनऊ में वित्तीय प्रबंध प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान परिसर में पेंशन निदेशालय के नवीन भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने कहा कि पेंशनर्स की पेंशन समय से निस्तारित की जाए, ये हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। कोई भी वजह हो, लेकिन पेंशनर्स को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने निदेशालय में कार्यरत कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें बुजुर्गों की सेवा का अवसर मिला है। ये पेंशनर्स हमारे बीच के ही लोग हैं। उनकी सेवा करना आपका कर्तव्य है। वित्त मंत्री ने सभी ट्रेजरी को संबोधित करते हुए कहा कि हमें ऐसा मैकैनिज्म बनाना होगा कि पेंशनर्स या उनके आश्रितों को दी जाने वाली पेंशन में किसी तरह की त्रुटि न हो। उन्हें निर्धारित राशि समय पर मिले, इसकी व्यवस्था करनी होगी। इसके गलत निस्तारण पर बाद में रिकवरी जैसी चीजों से हमें बचना होगा।

मालूम हो कि राजकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों का निस्तारण महालेखाकार कार्यालय के स्थान पर उत्तर प्रदेश राज्य से ही कराए जाने के लिए पेंशन निदेशालय की 2 जून 1988 को स्थापना की गई थी। अभी तक यह निदेशालय इंदिरा भवन के आठवें तल पर क्रियाशील था, लेकिन आवश्यक पत्रावलियों, अभिलेखों के अभिरक्षण के लिए पर्याप्त स्थान न होने के कारण इसे वित्तीय प्रबंध प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान परिसर में स्थानांतरित किया गया है। इस प्रशासनिक भवन का जीर्णोद्धार लोक निर्माण विभाग द्वारा एक करोड़ की लागत से कराया गया है।

वर्तमान में समूह क श्रेणी के अधिकारियों, विभिन्न आयोगों के सदस्यों एवं खादी बोर्ड सहित कृषि विश्वविद्यालयों एवं प्राविधिक कॉलेज के कार्मिकों की पेंशन प्रकरण का निस्तारण निदेशालय स्तर से किया जा रहा है। साथ ही राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से आच्छादित कार्मिकों की सेवारत मृत्यु के प्रकरणों में इनके आश्रितों को उनके विकल्प के आधार पर पारिवारिक पेंशन भी स्वीकृत किए जाने की व्यवस्था है। अब तक लगभग 81 हजार से अधिक कार्मिकों के पेंशन प्रकरणों का निस्तारण पेंशन निदेशालय के स्तर से किया जा चुका है। वर्तमान समय में ई पेंशन सिस्टम के माध्यम से ऑनलाइन पेंशन प्राधिकार पत्र निर्गत करने की कार्रवाई की जा रही है।

सूर्या में सजेगी 'एक शाम लखनऊ के नाम'

अवधनामा संवाददाता

- हुनर क्रिएशन्स देगा अनूप जलोटा को `शाने अवध अवार्ड'
- जलोटा के संग डा. हरिओम और अंकिता कपूर सजाएंगे महफिल

लखनऊ। हुनर क्रिएशन्स क्राफ्ट एसोसिएशन ने लखनऊ से रिश्ता रखने वाले पद्मश्री गायक अनूप जलोटा को 'शान-ए-अवध अवार्ड' से नवाजने का फैसला किया है। अनूप जलोटा को सम्मान छावनी के सूर्या प्रेक्षागृह में आठ मार्च को आयोजित एक शाम लखनऊ के नाम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्य कमान प्रमुख ले.जनरल एनएस सुब्रमण्यिन द्वारा दिया जायेगा। कार्यक्रम में उनके साथ ही आईएएस डा.हरिओम और गायिका अंकिता कपूर भी सुरों की महफिल सजाएंगे। इस अवसर पर मध्य कमान के चीफ आफ स्टाफ ले.जनरल मुकेश चड्ढा और अन्य सैन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि प्रमुख सचिव संस्कृति व पर्यटन मुकेश मेश्राम होंगे।

एसोसिएशन की बैठक के हुए निर्णय की जानकारी देते हुए सचिव जफर नबी ने बताया कि लखनऊ विभिन्न विचार धाराओं और संस्कृतियों का संगम रहा है। हुनर क्रियेशन्स संस्था कला-संस्कृति में योगदान देने वाले प्रमुख कलाकारों को सम्मानित करने और नयी प्रतिभाओं का हुनर निखारने के मकसद से उन्हें प्रोत्साहित करने के साथ रोजगारोन्मुख नजरिये से काम कर रही है। हमारी संस्था पहले सरोदवादक अमजद अली खां, संतूर वादक शिवकुमार शर्मा, हेमा मालिनी, रेखा भारद्वाज, सोनू निगम और तलत अजीज जैसे विश्वविख्यात कलाकारों को पिछले वर्षों के आयोजनों में अलंकृत कर चुकी है।

देश के विकास के लिए वैज्ञानिक सोच आवश्यक : डॉ. ह्यूमन

अवधनामा संवाददाता

- विज्ञान के बिना विकास की राह में आगे नहीं बढ़ा जा सकता है

लखनऊ। विकसित भारत के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकियाँ विषय पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन इंटीग्रल यूनिवर्सिटी की पॉलीटेक्निक बांच में किया गया, जहां साइंस एक्पो का उद्घाटन करने के पश्चात उक्त विचार व्यक्त करते हुए नेशलन चिल्ड्रेन साइंस कांग्रेस के कोआर्डिनेटर असिस्टेंस प्रोफेसर डॉ. इरफ़ान ह्यूमन ने आगे कहा कि विज्ञान के द्वारा ही हम समाज के लोगों का जीवन स्तर अधिक से अधिक खुशहाल बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज देश के विकास के लिए वैज्ञानिक सोच का प्रसार आवश्यक है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस जैसे आयोजन वैज्ञानिक सोच के प्रसार में निश्चित रूप से सहायक सिद्ध हो सकते हैं और विद्यार्थियों को वैज्ञानिक बनने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

कार्यक्रम की विशेष अतिथ उप्र गन्ना शोध परिषद की वैज्ञानिक डॉ. अर्चना कुमार ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत के महान वैज्ञानिक सीवी रमन ने इस दिन 'रमन इफेक्ट' की खोज की थी, जिसके लिए उन्हें 1930 में भौतिकी के लिए नोबेल पुरस्कार भी प्रदान किया गया था। उन्होंने कहा कि आज विद्यार्थियों को सीवी रमन से प्रेरणा लेते हुए अपने कार्यकलापों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

इससे पूर्व इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के प्राचार्य डॉ. नसीम ने अपना स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। साइंस एक्सपो में विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर रोचक प्रदर्शों को प्रस्तुत किया गया, जिसमें विंड मिल, हाइड्रोलिक ब्रिज, स्मार्ट एग्रीकल्चरल अलार्म, पास्वर्ड आधारित डोर लॉक, हाइड्रोलिक बियरिंग सिस्टम, ट्राफिक रिडयूज़ सिस्टम, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, स्मार्ट स्ट्रीट लाइट, सेल्फ र्स्टाट बाइक सेफ्टी हेलमेट, लेजर सेक्यूरिटी अलार्म, इलेक्ट्रिक कार, अर्थक्वेक रेसिस्टेंट बिल्डिंग, सोलर बल्ब, न्यूक्लियर पावर प्लांट और सोलर पॉवर हेक्सा प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी।

विवाहिता ने लगाया गांव के ही युवकों पर बलात्कार का आरोप

कौशाम्बी (अवधनामा संवाददाता)। करारी थाना क्षेत्र के एक गांव में शौच को खेतों में गई विवाहिता को पहले से ही घात लगाकर बैठे दबंगों ने उसके साथ जबरन बलात्कार किया। इस बात की शिकायत महिला ने करारी थाने में की है। पुलिस ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है।

मंगलवार को करारी थाने में एकौरा गांव निवासी दलित महिला ने शिकायती पत्र देकर बताया कि बीते 21 फरवरी को वह शाम सात बजे घर से शौच के लिए खेतों की ओर गई थी। वह जैसे ही खेत में पहुंची पहले से ही घात लगाए बैठे गांव के ही दो युवकों ने उसे दबोच लिया। वह चीखती इससे पहले ही उन्होंने मेरा मुंह दबा कर खेत मे ही बारी बारी से बलात्कार किया। दबंगों ने इस बात की सूचना पुलिस को देने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायती पत्र लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

अच्छे समाज की आधारशिला स्कूल से है : अवनीश

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर द्वितीय कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का भव्य आयोजन आज विद्यालय के ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे श्री अवनीश कुमार सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, उ.प्र. ने मेधावी छात्रों व अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अच्छे समाज की आधारशिला स्कूल में ही रखी जाती है क्योंकि स्कूल के वातावरण का बच्चों पर गहरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सी.एम.एस. की प्रशंसा करते हुए कहा कि सी.एम.एस. छात्र पढ़ाई के साथ साथ चारित्रिक उत्कृष्टता में भी अग्रणी हैं। श्री सिंह ने छात्रों को सलाह दी कि स्वयं से स्पर्धा करें, दूसरों से नहीं।

इससे पहले, समारोह का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट एवं प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने अपने संबोधन में कहा कि ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में छात्रों को वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान करना समय की माँग है। यही भावी पीढ़ी आगे चलकर अपनी बुद्धिमत्ता व रचनात्मकता से विश्व समाज में एकता, शान्ति व सौहार्द की स्थापना करेंगे। उन्होंने शिक्षकों व अभिभावकों को आहवान किया कि बच्चों में शुरू से ही चारित्रिक उत्कृष्टता व उच्च जीवन मूल्यों के साथ ही वैश्विक दृष्टिकोण का विकास करें, तभी ये बच्चे बड़े होकर मानवता का कल्याण कर सकेंगे।

इस अवसर पर विद्यालय के प्री-प्राइमरी व कक्षा-1 व 2 के छात्रों ने जहाँ एक ओर ईश्वर भक्ति से परिपूर्ण अपने गीत-संगीत से सभी दर्शकों एवं अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया तो वहीं दूसरी ओर एक से बढ़कर एक शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सार्वभौमिक जीवन मूल्यों, विश्वव्यापी चिंतन, विश्व की सेवा के लिए तथा सभी चीजों में उत्कृष्टता विषय पर अपने सारगर्भित विचार प्रकट किये। समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वोच्चता अर्जित करने वाले एवं वार्षिक परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया।

सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या सुश्री मंजीत बत्रा ने इस अवसर पर कहा कि सी.एम.एस. अपने छात्रों का सर्वांगीण विकास कर 'टोटल क्वालिटी पर्सन' बनाने को दृढ़-संकल्पित है और यह कार्य अभिभावकों के सहयोग से ही संभव हो सकता है। प्रधानाचार्या सुश्री संगीता बनर्जी ने बच्चों की हौसलाअफ़ज़ाई करने के लिए अभिभावकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग तीन मवेशी झुलसे

अवधनामा संवाददाता

कौशाम्बी। नगर पंचायत चरवा के वार्ड नंबर 13 कन्हैया लाल नगर धमसेडा में बीती रात पशु बाड़े में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। घटना में तीन पशु बुरी तरह झुलस गए। बाद में उनकी मौत हो गई। पशु पालक ने इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस से की है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

मंगलवार की रात चरवा निवासी भूपेंद्र सिंह यादव पुत्र श्याम लाल यादव की चार गाय और एक भैस पशुबाड़े में बंधे हुए थे बीती रात पशुबाड़े के छप्पर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई।आग की चपेट में आकर सारे पशु झुलस गए। जब तक लोगों को आग लगने की जानकारी हुई। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटों में आकर पांचो मवेशी जलने लगे। आग से झुलस रहे मवेशी चिल्लाने लगे पशुओं की आवाज सुनकर मौके पर परिवार के लोग पहुंचे लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। देखते-देखते पांचो मवेशी गंभीर रूप से झुलस गए और इस हादसे में तीन गाय की मौके पर मौत हो गई और एक गाय और एक भैंस काफी झुलसे हुए हैं जिनका इलाज परिवार के लोग करवा रहे हैं इस अग्निकांड में पशुबाड़े का छप्पर वा वहां रखा अन्य सामान भी जलकर राख हो गया है मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

गांव में पसरा सन्नाटा, लोगों में अब भी दहशत

पटाखा फैक्टरी मालिक के पिता की हालत अब भी नाजुक

अवधनामा संवाददाता

कौशाम्बी। रविवार को भरवारी के खल्लाबाद में हुए पटाखा फैक्टरी में विस्फोट के बाद फैक्टरी मालिक सहित सात मजदूरों की दर्दनाक मौत के बाद गांव में चारों ओर सन्नाटा पसरा हुआ है। वहीं जवान बेटे की मौत के बाद फैक्टरी मालिक के पिता की भी हालत नाजुक बनी हुई है। हर आंख में दहशत साफ देखी जा सकती है। जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी से निगाह लगाय हुए है।

पटाखा फैक्टरी में विस्फोट हुए तीन दिन बीत गए लेकिन ग्रामीणों की आंखों ने जो मंजर देखा है वह भूल नहीं रहे हैं। घटना के बाद फैक्टरी मालिक के घर मातम पसरा हुआ है तो वहीं गरीब मजदूरों के घर भी चीत्कार सुनाई दे रही है। घटना के बाद अपने जवान बेटे को खो देने वाले फैक्टरी मालिक के बुजुर्ग पिता की हालत बिगड़ गई है। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक बेटे की मौत और दूसरा बेटा गम्भीर रूप से झुलस कर मौत और जिंदगी के बीच जूझ रहा है। अगर लोगों की बातों पर जाएं तो उक्त घटना को तीन दिन बीत जाने के बाद भी किसी घर में चूल्हा नहीं जला।

चीत्कार के साथ उठी सात अर्थियां

कौशाम्बी। पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट के बाद मृतकों के शव उनके घरों से जब उठे तो मानो कयामत आगई हो। चारों तरफ सिर्फ चीख पुकार सुनाई दे रही थी। सभी एक दूसरे को ढांढस बंधा रहे थे। मुआवजे को लेकर भी परिजनों में आक्रोश व्याप्त था। रविवार को भरवारी के खल्लाबाद में हुए पटाखा फैक्टरी में विस्फोट के बाद मारे गए लोगों के शव अंतिम संस्कार के लिए उठे तो परिजनों की चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। सभी मृतकों के शव का अलग अलग स्थान पर अंतिम संस्कार किया गया। वहीं मृतकों के परिजनों ने सरकार से मुआवजे की मांग को लेकर अपनी बात रखी। वहीं सरकार से मांग को लेकर परिजनों ने कहा कि मृतकों के परिवार के एक एक सदस्य को सरकारी नौकरी के साथ 20-20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता भी दी जाय।

गम और गुस्से के साथ किया गया अंतिम संस्कार

राष्ट्रीय लोक अदालत नौ मार्च को

कौशाम्बी (अवधनामा संवाददाता)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला जज अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय, कौशाम्बी में दिनांक 09 मार्च 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा याचिकाओं, पारिवारिक वाद, बैंक वसूली, एन0आई0 एक्ट, विद्युत के मामले, श्रम सम्बन्धी, लेबर सम्बन्धी, जमीन सम्बन्धी, चालानी व अन्य प्रकार से सम्बन्धित शमनीय वादों का निस्तारण किया जायेगे।

बिजली निजीकरण के खिलाफ उपभोक्ताओं ने खोला मोर्चा

अवधनामा संवाददाता

- देश में 51 प्रतिसत ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में निजी घरानों का कब्जा जो चिंता का विषय

लखनऊ। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर उपभोक्ता परिषद प्रदेश व देश के विद्युत उपभोक्ताओं की 5 प्रमुख मांगों को लेकर रायशुमारी कर रहा है जिसके बाद सर्वसम्मत से जो भी हमारे सम्मानित विद्युत उपभोक्ता निर्णय करेंगे उसके आधार पर सभी राजनीतिक दलों के चुनावी घोषणा पत्र में उसे शामिल कराने को लेकर सभी दलों से अनुरोध किया जाएगा उसी क्रम में उपभोक्ता परिषद ने पिछले 24 घंटे का एक निश्चित समय निर्धारित कर बिजली क्षेत्र का निजीकरण प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं के हित में है? अथवा उपभोक्ता हितों के खिलाफ है? साथ ही देश के उत्पादन क्षेत्र में निजी घरानों का 51 प्रतिसत कब्जा उचित है? अथवा अनुचित? जिस पर ट्विटर और सोशल मीडिया पर 24 घंटे के अंतराल में वोटिंग कराई गई जिसमें विद्युत उपभोक्ताओं व सम्मानित नागरिकों ने बिजली क्षेत्र के निजीकरण को अनुचित बताते हुए उसके खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की ट्विटर पर 24 घंटे की वोटिंग में 300 से ज्यादा उपभोक्ताओं ने निजीकरण के खिलाफ किया वोट यानी लगभग 76 प्रतिसत उपभोक्ताओं ने बिजली में निजीकरण को बताया अनुचित और केवल 24 प्रतिसत विद्युत उपभोक्ताओं ने निजीकरण को बताया उचित। आगे उपभोक्ता परिषद इस मुद्दे पर सामाजिक संगठनों गणमान्य व्यक्तियों किसान नेताओं से भी उनकी राय जानेगा और उसके बाद उपभोक्ता परिषद जल्द ही इस पूरे मामले को सभी राजनीतिक दलों को भेजेगा और यह मांग करेगा की सभी राजनीतिक दल निजीकरण पर अपनी रणनीति पर विचार करें।

बिजली विभाग के खिलाफ भूख हड़ताल हुई खत्म

- पीड़ित परिवार का बचेगा सम्मान
- सरिता भदौरिया ने हरि किशोर तिवारी एवं उनके साथ हड़ताल कर रहे लोगों सेब खिलाकर अनशन ख़त्म कराया

वहाज अली निहाल

इटावा। विजय नगर मोहल्ले में विद्युत विभाग द्वारा बिजली चोरी पकड़े जाने के मामले में महिलाओं समेत निर्दोष लोगों के विरुद्ध अनुचित फर्जी धाराओं में एफआईआर दर्ज किए जाने के खिलाफ एसडी फील्ड स्थित विद्युत अधिशाषी अभियन्ता कार्यालय पर की जा रही भूख हड़ताल तीसरे दिन बुधवार को सकारात्मक समाधान के आश्वासन के बाद खत्म हो गई।

सदर विधायक सरिता भदौरिया ने अनशन स्थल पर आकर संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के प्रदेश अध्यक्ष हरि किशोर तिवारी एवं उनके साथ हड़ताल कर रहे लोगों सेब खिलाकर अनशन खत्म कराया। त्रिपक्षीय वार्ता में उपस्थित रहे विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता ने पीड़ित परिवार पर लगाई गई मीटर टेंपरिंग गैंग तथा एससी एक्ट जैसी धाराओं को अनुचित स्वीकार करते हुए इन्हें हटाए जाने की बात कही, जिससे मानसिक वेदना में जी रहे पीड़ित परिवारीजनों को राहत मिली है। भूख हड़ताल खत्म करने के बाद इंजी.हरि किशोर तिवारी ने कहा कि हमारी यह लड़ाई एक निर्दोष परिवार के सम्मान को बचाने

के लिए थी, इसीलिए सभी दलों एवं सामाजिक, व्यापारिक, साहित्यिक, संस्कृति आदि दर्जनों संगठनों और जनता के जागरूक लोगों ने हमारे धरना स्थल पर आकर भूख हड़ताल का समर्थन किया तथा जनता की इस लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिया। सांसद एवं विधायक जी के सहयोग से मंगलवार की शाम से ही प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने भी समस्या के समाधान के लिए सकारात्मक प्रयास किया जिसका अपेक्षित नतीजा बुधवार को आया, जब स्वयं विद्युत अधिशाषी अभियंता ने सदर विधायक सरिता भदौरिया की मौजूदगी में एफीडेबिट के साथ अनुचित धाराओं को हटाने की बात कही तथा पुलिस प्रशासन के द्वारा पीड़ित पक्ष की ओर से भी मुकदमा लिखे जाने का आश्वासन मिलने पर हम लोगों ने अपनी भूख हड़ताल समाप्त कर दी है। उन्होंने कहा कि हमने बिजली विभाग के अधिकारियों से यह भी कहा है कि वे आगे जब भी कही बिजली चोरी चेकिंग के लिए जाएं तो नियमानुसार तथा पुलिस को साथ लेकर जाएं और अगर किसी घर में पुरुष नहीं हैं तो घर के भीतर प्रवेश न करें, न महिलाओं से अभद्रता और विवाद करें। इसके लिए उन्होंने सांसद एवं विधायक से भी मांग की कि वे बिजली विभाग के द्वारा आपत्तिपूर्ण बिलिंग प्रक्रिया तथा चेकिंग आदि से जनता को होने वाली किसी भी तरह की अनुचित परेशानी व समस्या से बचाने के लिए अपने स्तर से पहल कर सहयोग भी करें, जिससे कोई अन्यथा स्थिति उत्पन्न न हो। श्री तिवारी ने हड़ताल में समर्थन और सहयोग करने वाले सभी संघर्षशील साथियों तथा विशेष रूप से मीडिया प्रतिनिधियों का आभार भी व्यक्त किया और यह भी कहा कि चाहे कर्मचारी हो या जनता, उनके वाजिब हितों एवं सम्मान की लड़ाई लड़ने के लिए मैं सदैव तैयार रहूंगा।

कम्प्यूटर दक्ष युवा आदर्श भारत की बुनियाद हैं: विधायक

- कंप्यूटर प्रशिक्षण कोर्स के प्रशिक्षित युवाओं को मिलें प्रणाम पत्र

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित ओ लेवल, सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण कोर्स के उत्तीर्ण व प्रशिक्षित युवाओं को बुधवार को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कमर्शियल कॉमपलेक्स पक्का तालाब स्थित ए एंड ए कंप्यूटरॉनिक्स सेंटर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि कंप्यूटर दक्ष युवा आदर्श भारत की बुनियाद हैं जो भारत को विश्व गुरु बनाने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। कंप्यूटर दक्ष युवा डिजिटल युग में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने सभी प्रशिक्षितों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रदीप तिवारी ने सभी प्रशिक्षितों को बधाई देते हुए मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संयोजन ए एंड ए कंप्यूट्रॉनिक्स कंप्यूटर सेंटर के निदेशक राहुल दुबे और संचालन राष्ट्रीय कवि एवं गीतकार डॉ राजीव राज ने किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता सागर दुबे, अशोक चौहान और पूनम तिवारी भी मौजूद रही।

धार्मिक पर्यटन विकास की योजनाओं में आयेगी तेजी: एसबी सिंह

मथुरा। शासन से 2015 बैच के आईएएस अफसर एसबी सिंह ने उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ और मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पद का चार्ज ले लिया। इस से पहले उन्होंने मथुरा आकर वृंदावन स्थित श्रीबांकेबिहारी के दर्शन किए।

दो दिन पूर्व एसबी सिंह का शाहजहांपुर के मुख्य विकास अधिकारी पद से मथुरा स्थानांतरण हुआ है। इससे पहले वे मथुरा में सिटी मजिस्ट्रेट और मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के सचिव भी रहे हैं। महाराजगंज निवासी एसबी सिंह ने नई जिम्मेदारी संभालने के बाद अनौपचारिक वार्ता करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली सभी योजनाओं को तेज गति से पूरा किया जायेगा। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद और विकास प्राधिकरण धार्मिक नगरी मथुरा में तीर्थ विकास की संभावनाओं पर और तेजी से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि मथुरा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता वाला जनपद है, यहां व्यापक स्तर पर विकास की योजनाओं पर काम हो रहा है।

इस दौरान एसबी सिंह ने ब्रज तीर्थ विकास परिषद और विकास प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों से मुलाकात करते हुए तीर्थ विकास परिषद कार्यालय का निरीक्षण किया।

इस मौके पर सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी, ओएसडी प्रसून द्विवेदी, डिप्टी सीईओ जेपी त्रिपाठी, मुख्य लेखाधिकारी नागेंद्र त्रिपाठी, एटीपी रिचा कौशिक, तकनीकी विशेषज्ञ आरके जायसवाल, मुख्य लिपिक सारांश शर्मा, श्याम सिंह आदि मौजूद रहे।

सांसद शफीकुर्रहमान बर्क को सपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धान्जली

- समाजवादी पार्टी को मज़बूत बनाने में उनका अमूल्य योगदान है: आलोक
- सांसद जी गरीब, बेसहारा लोगों के मुद्दे सड़क से संसद तक उठाते रहे: शफी

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। संभल से सांसद रहे समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मरहूम शफीकुर्रहमान बर्क ने निधन पर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने नौरंगाबाद चौराहे पर स्थित मार्केट में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, 93 साल की उम्र में मंगलवार को उनका संभल में निधन हो गया था। सपा जिला उपाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने कहा कि समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाने में उनका अमूल्य योगदान है।

वरिष्ठ सपा नेता शफी अहमद बालक ने कहा कि चार बार विधायक, पांच बार सांसद और प्रदेश सरकार मे मंत्री रहते हुये गरीब, बेसहारा लोगों के मुद्दे सड़क से संसद तक उठाते रहे। वरिष्ठ सपा नेता राजपाल सिंह यादव ने कहा कि उनका जीवन भर जनता को इंसाफ दिलाना और पीड़ितों को न्याय दिलाना उनका काम रहा। सपा नेता जैनुल आबदीन ने कहा कि सांसद जी का निधन पार्टी की अपूरणीय क्षति है। इस अवसर पर उपस्थित सपा कार्यकर्ताओं नें दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति की कामना कर परिवार को ये दुख सहने की दुआ की। इस अवसर पर सपा के वरिष्ठ नेता राहत हुसैन रिजवी, कामरान खान, हाजी गुड्डु मंसूरी, बल्लू फैयाज, बंटी मंसूरी, मुस्तकीम गामा, गुलजार अहमद, राहिल सगीर, जैनुल आबदीन, अमित शंखवार, अमित शुक्ला, मुस्तकीम राइन, सफर टेलर, रियाज अहमद, रहीम, शाहरुख, हसन राइन, रहीस उद्दीन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्मार्ट फोन पाकर खिले छात्र छात्राओं के चेहरे

बिलग्राम हरदोई। शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत छात्र एवं छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। बुधवार को सदरपुर गांव स्थित श्री रामलाल सिंह महाविद्यालय में स्मार्टफोन वितरित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य एवं पूर्व सांसद अंजू बाला ने सर्वप्रथम मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करते हुए अपने संबोधन मे कहा कि यह शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत सभी छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन के जरिए और स्मार्ट बनाने की योजना है जी स्मार्टफोन के जरिए बच्चे आगे चलकर अपना भविष्य तय करेंगे उन्होंने कहा कि छात्र एवं छात्राएं अपने गुरुजनों का मान रखें और अपना भविष्य उज्जवल करें उन्होंने यह भी कहा कि यही बच्चे आगे चलकर देश में अपना नाम तथा अपने अभिभावक का नाम रोशन करेंगे इस मौके पर नोडल अधिकारी जय सिंह यादव प्रबंधक रजनीकांत सिंह निर्देशिका रीना सिंह प्रधानाचार्य खुशबू उपाध्याय सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

आम जनमानस को साइबर संबंधी अपराधों के निस्तारण करने में मदद मिलेगी- सरिता भदौरिया

इटावा, अवधनामा ब्यूरो। प्रदेश के नव श्रजित 57 साइबर क्राइम थानों का बुधवार को मुख्यमंत्री द्वारा ऑनलाइन रिजर्व पुलिस लाइन हाल में शुभारंभ किया गया एवं मुख्यमंत्री के उद्बोधन को भी सुना गया। रिजर्व पुलिस लाइन में मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया द्वारा साइबर क्राइम थाने का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। सदर विधायक ने बताया गया कि साइबर क्राइम थाने का लोकार्पण होने से आम जनमानस को साइबर संबंधी अपराधों के निस्तारण करने में मदद मिलेगी तथा साइबर संबंधी मुकद्मो की विवेचना इसी थाने के माध्यम से की जाएगी। उक्त अवसर पर जिलाधिकारी अवनीश राय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह , एसपी क्राइम सुबोध गौतम, उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, समस्त क्षेत्राधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

एआरटीओ ऑफिस में सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ सिटी ने मारा छापा

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद जिले में एआरटीओ ऑफिस में सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ सिटी ने छापामार कार्रवाई की जिसमें एक बाहरी व्यक्ति को गिरफ्तार किया है फिलहाल पुलिस पकड़े गए युवक से पूछताछ कर रही है पकड़े गए युवक के पास से कुछ दस्तावेज बरामद हुए हैं जबकि ऑफिस के अंदर से कोई भी व्यक्ति नहीं पकड़ा गया है, एआरटीओ सिद्धार्थ यादव ने कहा कि आज पुलिस और सिटी मजिस्ट्रेट के द्वारा छापामार कार्रवाई की गई है और आगे भी ऐसी कार्रवाई होती रहेगी जबकि विभाग में सारा काम ऑनलाइन संबंधित है, अगर कोई बाहरी दलाल संज्ञान में आता है तो उसके विरुद्ध सख्त-कार्रवाई करेंगे।

मिशन सखी अभियान की शुरुआत

मथुरा। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चन्द्र ने अवगत कराया है कि 27 फरवरी को विकासखंड-मथुरा के अंतर्गत हैजा अस्पताल तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राल में मिशन शक्ति एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जनपद की किशोरियों को एनीमिया मुक्त सशक्त बनाने एवं मासिक धर्म स्वच्छता की जानकारी हेतु एक नई पहल के तहत मिशन सखी के नाम से एक विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मिशन सखी अभियान 27 फरवरी, से लेकर 10 मार्च तक पूरे जनपद में संचालित होगा। इस अभियान का शुभारंभ 27 फरवरी को विकासखंड मथुरा के हैजा अस्पताल में किया गया।

छात्राओ का सांसद हेमा मालिनी ने किया उत्साहवर्धन

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। सांसद हेमा मालिनी ने अपने निज निवास पर दिशा इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी के छात्राओ को बुलाकर उनके काम की सरहाना करते हुए सम्मान किया। मौके पर मौजूद दिशा इंस्टिट्यूट की हेड ऑफ डिपार्टमेंट अंकिता शर्मा ने बताया की दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय नेशनल डिज़ाइनर अवार्ड्स के छठे संस्करण मे विश्व स्तर के 700 डिज़ाइनर्स के बीच प्रतियोगिता कर ÷बेस्ट फैशन आर्ट इंस्टालेशन÷ का अवार्ड अपने नाम कराया। और मथुरा का नाम रोशन किया जब इस बात का सांसद हेमा मालिनी को अवगत कराया गया तो उन्होंने इंस्टिट्यूट कि छात्राओ से मिलने और उनके द्वारा बनाई गई ड्रेसस को देखने के लिए अपने निज निवास पर बुलाया। जहां उन्होंने एक एक करके सभी की ड्रेसस को पर्सनली रुप से देखा और उनकी कार्य की सराहना करते हुए कहा की ड्रेसस बहुत ही शानदार और अविश्वनीय है अगर अभी से इन बच्चों के हाथों मे ये कला है तो आगे इनका भविष्य उज्जवल होने वाला है, इसका पूरा श्रेय इंस्टिट्यूट की फैकल्टी को देते हुए सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। साथ ही साथ छात्राओ का मार्गदर्शन करते हुए वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देते हुए उन्होंने ब्रज की कला को फैशन के क्षेत्र में आगे ले जाने को कहा। वही दूसरी तरफ इंस्टिट्यूट की डायरेक्टर शिखा बंसल ने सांसद हेमा मालिनी को अवार्ड दिखाया।

सर्विलांस एवं मक्खनपुर पुलिस ने मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरों को किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

मक्खनपुर/ फ़िरोज़ाबाद- थाना मक्खनपुर पुलिस, एसओजी एवं सर्विलांस टीम द्वारा दिनांक 27, 28-02-2024 की रात्रि में संयुक्त रूप से बिल्टीगढ़ बाइपास पुल से खैरगढ़ रोड पर चैकिंग की जा रही थी खैरगढ़ की तरफ से 01 मोटरसाइकिल पर 02 बदमाश आते हुए दिखाई दिये जिसे पुलिस टीमों द्वारा रोकने का प्रयास किया तो उक्त बदमाशों द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस टीमों के ऊपर फायर किया गया । पुलिस टीमों द्वारा खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ फायर किया गया जिसमें एक बदमाश शिवा के बायें पैर में गोली लग गयी जिसे घायल अवस्था में व उसके अन्य साथी शिवम को गिरफ्तार किया गया है। घटनास्थल पर पहुँचे एसपी ग्रामीण रणविजय सिंह ने बताया अभियुक्तों के कब्जे से 01 मोटर साइकिल, 01 तमंचा 02 खोखा कारतूस व 03 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है । घायल अभियुक्त शिवा को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है । अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम शिवा पुत्र पूरन सिंह निवासी नगला धरम थाना करहल जनपद मैनपुरी, शिवम पुत्र सत्यपाल निवासी ग्राम सिकंदरपुर थाना एका बताया गया।

व्यापारी हित रक्षा के लिए व्यापारी सैनिक होंगे तैयार: लोकेश अग्रवाल

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश की आवश्यक बैठक धोली प्याऊ पर स्थित कौशिक प्लाजा में जिले के व्यवसाय समिति के अध्यक्ष महामंत्री की बैठक हुई। बैठक मै संगठन को मजबूत बनाने हेतुएवं व्यापारी हेतु को संरक्षित करने हेतु मुद्दों पर बात हुई , प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने बताया प्रांतीय चुनाव अप्रैल माह में मेरठ में करने तथा एक लाख प्रांतीय सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया है जिसमें दस हजार व्यापारी सैनिक बनकर व्यापारी हितों की रक्षा के लिए काम किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल की उपस्थिति में व्यापारी हितों को संरक्षित करने हेतु सरकार के समक्ष दो मांगे मुख्यता से रखी गई।

आगामी लोकसभा चुनाव में हमेशा की तरह व्यापारी की मंडियों का अधिग्रहण करके चुनाव आयोग के कार्यालय ना बनाए जायें ! जिससे व्यापारी का व्यापार प्रभावित होता है एवं सरकार के राजस्व का भी नुकसान होता है। आयकर विभाग की धारा 43 ए में एमएसएमई कानून जिसमें व्यापारी को 15 दिनों के अंदर खरीदे गए माल का भुगतान करना होगा , जो की व्यवहारिक रूप से संभव नहीं है। व्यापारी इस व्यापार विरोधी कानून का विरोध करता है एवं सरकार से मांग करता है। इस कानून को वापस किया जाये। जिसके लिए उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के केंद्रीय नेतृत्व ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी समय मांगा है। व्यापारियों को आशा है सरकार व्यापार मंडल के दिए गए सुझावों की समीक्षा करेगी एवं व्यापारी हित में कार्य करेगी।

जिलाग्राम्य विकास संस्थान पर हुआ प्रशिक्षण

मथुरा। जिला ग्राम्य विकास संस्थान मथुरा पर दो दिवसीयआवासीय प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अंतर्गत लखपति दीदी का सामुदायिक केडर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमे जिला हाथरसऔर मथुरा 47प्रतिभागियो ने प्रतिभाग किया प्रशिक्षण उपायुक्त स्वतः रोजगार दुष्यंत सिंह व जिला मिशन आजीविका प्रबंधक सतेन्द्र अनुरागी के निर्देशन मे आयोजित किया गया सत्र के समय विकास खण्ड मथुरा के सहायक विकास अधिकारी (आई. एस. बी.) ने कहा मन लगा कर प्रशिक्षण ले सभी को आपस मे एक दूसरे की जान पहचान करना आवश्यक है।

हेमा मालिनी ने स्पेशल डीजीसी अलका को किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। पुलिस लाइन सभागार में सांसद हेमा मालिनी द्वारा स्पेशल डीजीसी पोक्सो कोर्ट अलका उपमन्यु एडवोकेट को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय भी मौजूद रहे। सांसद हेमा मालिनी द्वारा दिए गए प्रशस्ति पत्र में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही 2 वर्षीय कार्य योजना मिशन शक्ति के दौरान मथुरा जिले की स्पेशल डीजीसी अलका उपमन्यु एडवोकेट द्वारा पोक्सो अधिनियम के अन्तर्गत वादों का कुशल एवं दक्ष अभियोजन करते हुए आपके द्वारा तीन मामलों में अभियुक्त को फांसी की सजा से दंडित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की एवं अनेकों मामलों में बलात्कार के अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा दिलाने में शतत भूमिका अदा की, आपका यह कार्य अभियोजन के प्रति आपकी उत्कृष्ट समर्पण कार्य दक्षता एवं उच्च कोटि के विधिक ज्ञान को प्रदर्शित करता है। मथुरा जिले की सांसद होने के नाते मैं आपके इस महत्वपूर्ण कार्य की सराहना करती हूं, तथा यह आशा करती हूं कि आप इसी तरह महिलाओं की रक्षा के लिए और अधिक शतत प्रयास करेंगी और अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को निरंतर जारी रखेंगी। मैं आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती हूँ।

स्पेशल डीजीसी पोक्सो कोर्ट अलका उपमन्यु ने कहा कि यह प्रशस्ति पत्र मेरे अधीनस्थ सरकारी सहयोगी एवं अभियोजन के अधिकारी व कर्मचारी आदि सभी के विशेष सहयोग से मिला है। मैं सभी को धन्यवाद देती हूं।

योग और धर्म मिलकर ही मजबूत सनातन राष्ट्र का निर्माण संभव: श्री कृष्ण

- श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के 41वे हनुमान चालीसा पाठ पर आयोजित हुआ योग के साथ मंगल पाठ

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। इकतालिसवे मंगलपाठ में श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने भक्त प्रहलाद नगरी हरदोई के कई अन्य मंदिरो में एक साथ हनुमान चालीसा पाठ कर माहौल को भक्ति मय बना दिया 7 आज श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने श्री गणेश साई मंदिर विभूति नगर, श्री शिव मंदिर कांशीराम कालोनी, श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमाऊ तथा श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ कर माहौल को राममय बना दिया।

महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख विनीता पांडे के नेतृत्व में सांय 4 बजे विभूति नगर हरदोई के श्री गणेश साई मंदिर पर बहनों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा, राम स्तुति ,बजरंग बाण व् आरती के साथ बजरंगबली जी का पूजन किया द्य महिला जिला प्रमुख विनीता पांडेय ने कहा कि मुगल शासक अकबर की जेल में बंद स्वामी तुलसीदास जी ने चालीस दिन तक प्रत्येक दिन एक छंद की रचना की यही चालीस छंद हनुमान चालीसा हनुमान जी व् राम जी का आशीर्वाद प्राप्त करने का प्रभावशाली तरीका है और इसे भक्ति व् एकाग्रता के साथ पढ़ने से फलदायी परिणाम प्राप्त होते है व् मनुष्य सांसारिक व् भौतिक कष्टों से दूर होता है श्रीमती विनीता पांडेय ने योग के माध्यम से लोगो को व्याधियों से दूर रहकर सशक्त उन्नत विकसित राष्ट्र के निर्माण का आह्वान किया

इस मौके पर महिला संगठन की संयोजक सुधा गुप्ता, संघठन मंत्री अनीता मिश्रा, सह सयोंजक कंचन गुप्ता, नगर संयोजक रानी शुक्ला, प्रभारी अनीता गुप्ता, महामंत्री लक्ष्मी मिश्रा, नगर संयोजक आरती गुप्ता, सह संयोजक बीना त्रिपाठी, मंजु गुप्ता, मीनू सैनी, शशि गुप्ता, अनुपमा सिंह आदि ने सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ किया।

महिला जिला युवा सह प्रभारी संध्या श्रीवास्तव के नेतृत्व में सांय 5 बजे कांशीराम कालोनी में स्थित श्री शिव मंदिर पर लोगो ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा राम स्तुति ,बजरंग बाण आरती के साथ सुंदर कांड का पाठ किया गया द्य इस मौके पर महिला युवा संगठन की पुष्पा श्रीवास्तव, रीता गुप्ता, पूनम दीक्षित, मनीषा शर्मा, पिंटू कश्यप, उमाकांति त्रिवेदी, गीता शर्मा, मधु गुप्ता, अनीता कटियार, रिंकी सिंह, मोहिनी दीक्षित, सरला गुप्ता, अजय, दीपक, शिवम्, नितिन, उतकर्ष व् सचिन आदि सदस्य शामिल रहे। महिला प्रभारी मंजू गुप्ता के नेतृत्व में श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज में भजन गायक वेद प्रकाश गुप्ता राजू व् करण सिंह राणा ने सभी को हनुमान चालीसा व् हनुमान अष्ठक का पाठ करवाया पुजारी विश्वास पाठक व् सरोज मिश्रा ने आरती व् पूजन अर्चन संपन्न कराया आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ इस मौके पर सुनील अग्रवाल, विजय अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, बेटियाँ फाउंडेशन की रेशमा गुप्ता, नीलम जिंदल, अंशिका अग्रवाल, अपूर्व द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

श्री शिव महादेव मंदिर ग्राम काईमाऊ लखनऊ रोड हरदोई में युवा प्रभारी सुमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में सभी को मंगल पाठ कराया गया। इस अवसर पर दुर्गेश तिवारी, मिंटू द्विवेदी, हरिप्रकाश तिवारी, सुशील द्विवेदी, आदर्श द्विवेदी, अंकित द्विवेदी, प्रियांशु तिवारी, सचिन द्विवेदी गोलू , संजय द्विवेदी , देवा तिवारी, अस्थाना द्विवेदी, सचिन आदि लोग शामिल रहे। अखंड स्वतंत्र सनातन हिन्दू राष्ट्र कार्यक्रम के तहत मल्लावां के श्री महावीर मंदिर में श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्तिदल का सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ हुआ जिसमें आकाश गुप्ता,अजय गुप्ता, प्रतीक कटियार, वंश कटियार, आर्यन कटियार, पियुष् कटियार, निशु कटियार, शालू कटियार, प्रशान्त कटियार, अभिषेक कश्यप, अभिषेक सविता छोटे, अमन कटियार, विभु कटियार, अंश कटियार व अन्य लोग शामिल रहे।

ग्रामीणों के विरोध के सामने नहीं चला महाबली, बैरंग लौटी टीम

अवधनामा संवाददाता

बरसाना (मथुरा)। विप्रा के द्वारा आधा दर्जन अबैध कालौनीयों पर बुल्डोजर जलाने की मंशा ग्रामीणों के विरोध के सामने पूरी नहीं हो सकी। टीम कालौनीयों ध्वस्त किए बिना बैरंग लौट गई। ग्रामीणों ने विरोध के मध्य मजिस्ट्रेट की गाड़ी को घेर लिया। मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के जेई दीप शिखर गुप्ता व नायब तहसीलदार अवनीश कुमार एवं पुलिस टीम के साथ करहला रोड पर निर्माणाधीन आधा दर्जन अबैध कालौनीयों पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करने पहुंचे तो वहां मकान स्वामी सैकड़ों ग्रामीणों के द्वारा विप्रा की टीम का विरोध करना शुरू कर दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने मजिस्ट्रेट की गाड़ी को घेर लिया।सैकड़ों ग्रामीणों के द्वारा विरोध होता देख विप्रा की टीम बैरंग लौट गई। टीम ने ग्रामीणों से कहा कि दो दिन बाद सभी अपने कागज लेकर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आकर दिखाओ उसके बाद विचार किया जाएगा। ग्रामीणों ने विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों पर आरोप लगाया कि जब हमारे मकान बन रहे थे तब ये लोग पैसे लेकर चले जाते थे। तब किसी ने यह नहीं कहा कि निर्माण नहीं करना। कुछ ग्रामीणों ने विकास प्राधिकरण पर आरोप लगाए की जब हमारे प्लाटों की रजिस्ट्री हो रही थीं उस समय हमारी रजिस्ट्री होने से क्यों नहीं रोकी। इस दौरान ग्रामीणों में नूतन ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, हरिओम छोंकर, हरिओम शंकरा, सुघड़ सिंह, मोनी बाबा, रोहन काका, ओम प्रकाश फौजी, एवं कलौनाइजरों व अन्य ग्रामीणों ने मिलकर विरोध किया।

ध्रुव जुरेल और गिल-यशस्वी को बड़ा फायदा, रोहित-कोहली को घाटा

भारत के युवा विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने बल्लेबाजों की सूची में लंबी छलांग लगाई है। जुरेल भारत और इंग्लैंड के बीच रांची में खेले गए टेस्ट मैच के बाद 31 पायदान ऊपर 69वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके 461 रेटिंग अंक हैं। उन्होंने रांची में खेले गए चौथे टेस्ट में कमाल की बल्लेबाजी की थी। आईसीसी ने बुधवार को टेस्ट प्लेयर्स की ताजा रैंकिंग जारी की है। इसमें भारत के युवा विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने बल्लेबाजों की सूची में लंबी छलांग लगाई है। जुरेल भारत और इंग्लैंड के बीच रांची में खेले गए टेस्ट मैच के बाद 31 पायदान ऊपर 69वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके 461 रेटिंग अंक हैं। उन्होंने रांची में खेले गए चौथे टेस्ट में कमाल की बल्लेबाजी की थी। जुरेल ने पहली पारी में मुश्किल हालात में 90 और दूसरी पारी में नाबाद 39 रन बनाए। उन्होंने शुभमन गिल के साथ 72 रन की अटूट साझेदारी कर भारत को पांच विकेट से जीत दिलाई थी। जुरेल प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।

भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल और गिल को भी फायदा हुआ है। यशस्वी तीन स्थान ऊपर यानी 12वें नंबर पर पहुंच गए हैं, जो उनके करियर बेस्ट टेस्ट रैंकिंग हैं। उनके फिलहाल 721 रेटिंग अंक हैं। यशस्वी ने आखिरी मैच में 73 और 37 रन का योगदान दिया। वन डाउन उतरे गिल ने रांची में 38 रन के अलावा नाबाद 52 रन की बेहद अहम पारी खेली थी। जिसके बाद वो चार पायदान चढ़कर 31वें पर चले गए हैं। उनके 616 अंक हैं। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा (720 अंक) को एक स्थान और विराट कोहली (744 अंक) को दो स्थान का नुकसान झेलना पड़ा है। इसके साथ ही रोहित शर्मा 13वें और विराट कोहली 9वें नंबर पर खिसक गए हैं। कोहली निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज नहीं खेल रहे हैं। फिलहाल भारत ने सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है।

3 महीने बाद ईशान किशन ने की मैदान पर वापसी, बनाए महज 19 रन

मंगलवार को ईशान ने डीवाई पाटिल कप 2024 रुट मोबाइल लिमिटेड के खिलाफ आरबीआई का नेतृत्व किया। करीब तीन महीने बाद ईशान किशन मैदान पर उतरे हैं। उन्होंने पिछले साल अफ्रीका दौरे पर टेस्ट सीरीज से अपना नाम वापस ले लिया था, जिसके बाद से वह क्रिकेट से दूर हैं। भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन पिछले तीन महीने बाद क्रिकेट खेलते हुए नजर आए। मंगलवार को ईशान ने डीवाई पाटिल कप 2024 रुट मोबाइल लिमिटेड के खिलाफ आरबीआई का नेतृत्व किया। करीब तीन महीने बाद ईशान किशन मैदान पर उतरे हैं। उन्होंने पिछले साल अफ्रीका दौरे पर टेस्ट सीरीज से अपना नाम वापस ले लिया था, जिसके बाद से वह क्रिकेट से दूर हैं। डीवाई पाटिल टी20 कप में आरबीआई के लिए खेलते हुए ईशान ने विकेटकीपिंग की, एल्कीन बल्लेबाजी में वह कमाल करने में असफल रहे और 19 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए। ऐसे में ईशान चयनकर्ताओं को प्रभावित करने में नाकामयाब रहे। ईशान ने कोच राहुल द्रविड़ और बीसीसीआई के दिशानिर्देशों के बावजूद रणजी ट्रॉफी से दूरी बनाए रखी। जिसके बाद उनके केंद्रीय अनुबंध को खत्म करने की खबरें भी सामने आने लगी। वहीं बता दें कि, उन्होंने अपने ब्रेक के दौरान मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ ट्रेनिंग की और जिम में समय बिताया, जिससे घरेलू प्रतिबद्धताओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर सवाल खड़े हो गए।

इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट में जसप्रीत बुमराह की होगी वापसी, धर्मशाला में खेला जाएगा मुकाबला

आखिरी टेस्ट के लिए भारत की प्लेइंग इलेवन में जसप्रीत बुमराह की वापसी होने की संभावना है। इस टॉप तेज गेंदबाज को वर्कलोड मैनेज के कारण रांची टेस्ट में आराम दिया गया था। हालांकि, अब जब सीरीज खत्म हो चुकी है तो टीम इंडिया खिलाड़ियों को आराम देने की अपनी नीति जारी रखेगी।

धर्मशाला टेस्ट के लिए भारत की प्लेइंग इलेवन में जसप्रीत बुमराह की वापसी होने की संभावना है। इस टॉप तेज गेंदबाज को वर्कलोड मैनेज के कारण रांची टेस्ट में आराम दिया गया था। हालांकि, अब जब सीरीज खत्म हो चुकी है तो टीम इंडिया खिलाड़ियों को आराम देने की अपनी नीति जारी रखेगी।

वहीं क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार कुछ अन्य खिलाड़ियों को आराम दिए जाने से बुमराह की शुरुआती एकादश में वापसी होगी। भारत के तेज आक्रामण की अगुवाई बुमराह ही करेंगे। हालांकि, वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण भारतीय उपकप्तान को टेस्ट टेस्ट में आराम दिया गया था। लेकिन अब जब सीरीज कुछ और दिनों के ब्रेक के साथ खत्म होगी तो बुमराह एक्शन में लौटेंगे।

रांची टेस्ट में बुमराह की गैरमौजूदगी में बंगाल के गेंदबाज आकाश दीप को टेस्ट डेब्यू का मौका मिला था। जिसे उन्होंने बखूबी अंजाम दिया। उन्होंने सिराज के साथ जोड़ी बनाई और बेहतरीन प्रदर्शन किया। वहीं धर्मशाला में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की स्थिति में बुमराह की वापसी तय मानी जा रही है।

दुबई में जीत के बाद संन्यास ले सकते हैं एंडी मरे, कहा कुछ महीनों में ले सकता हूं रिटायरमेंट

एंडी मरे ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप के पहले दौर में सोमवार को तीन सेट में डेनिस शापोवालोव को हराने के बाद संकेत दिया कि उनके करियर के अब 'कुछ अंतिम महीने' बचे हैं। मरे पहले भी संन्यास लेने पर विचार कर चुके हैं। शापोवालोव के खिलाफ जीत साल की उनकी सिर्फ दूसरी जीत है।

तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन एंडी मरे ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप के पहले दौर में सोमवार को तीन सेट में डेनिस शापोवालोव को हराने के बाद संकेत दिया कि उनके करियर के अब 'कुछ अंतिम महीने' बचे हैं। मरे ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करत हुए शापोवालोव को 4-6, 7-6 (5), 6-3 से हराकर हार्ड कोर्ट पर 500वीं जीत दर्ज की।

पहले दौर में जीत के बाद मरे ने कहा, बेशक मुझे अब भी प्रतिस्पर्धा पेश करना पसंद है और अब भी खेल से प्यार करता हूं। लेकिन उम्र बढ़ने के साथ युवा खिलाड़ियों से प्रतिस्पर्धा करना और शरीर को फिट तथा तरोताजा रखना मुश्किल होता जाता है। उन्होंने कहा, संभवतः मेरे पास काफी समय नहीं बचा है लेकिन इन अंतिम महीनों में मैं जितना संभव हो उतना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा।

मरे पहले भी संन्यास लेने पर विचार कर चुके हैं। शापोवालोव के खिलाफ जीत साल की उनकी सिर्फ दूसरी जीत है। मरे अगले दौर में उगो हम्बर्ट और गेल मोनफिल्स के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। ओपन युग में मरे के अलावा रोजर फेडरर (783), नोवाक जोकोविच (700), आंद्रे अगासी (592) और रफेल नडाल (518) ने हार्ड कोर्ट पर 500 से अधिक जीत दर्ज की हैं।

बोपन्ना-एबडेन, युकी-हासे की जोड़ी जीती, सुमित नागल को मिली हार

रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैम्पियनशिप में पुरूष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जिन्होंने पाकिस्तान के ऐसाम उल हक कुरैशी और ट्यूनीशिया के सिकंदर मंसूरी को सीधे सेटों में हराया। टॉप वरीयता प्राप्त रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैम्पियनशिप में पुरूष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जिन्होंने पाकिस्तान के ऐसाम उल हक कुरैशी और ट्यूनीशिया के सिकंदर मंसूरी को सीधे सेटों में हराया। पिछले महीने ऑस्ट्रेलियाई ओपन युगल खिताब जीतने वाले बोपन्ना और एबडेन ने एक घंटा41 मिनट तक चले मैच में 7.6, 7.6 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना उरूग्वे के एरियल बहार और चेक गणराज्य के एडम पाव्लासेक से होगा। भारत के युकी भांबरी और नीदरलैंड के रॉबिन हासे ने कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक और फ्रांस के एड्रियन मनारिनो को 6.7, 6.3, 10.8 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।

हॉकी इंडिया ने गुटबाजी और मतभेद के आरोपों को किया खारिज, पूर्व सीईओ एलेना नॉर्मन ने लगाए थे आरोप

13 साल बाद भारतीय हॉकी से नाता तोड़ने के बाद पूर्व सीईओ एलेना नॉर्मन ने कहा था कि हॉकी इंडिया में जिस तरह का माहौल बन गया था, उसमें काम करना मुश्किल होता जा रहा था और ऐसे में उनके पास त्यागपत्र देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। उन्होंने कहा था कि हॉकी इंडिया में दो गुट हैं।

हॉकी इंडिया में गुटबाजी और आपसी मतभेदों के आरोपों को खारिज करते हुए महासंघ के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह ने बुधवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि हॉकी की बेहतरी के लिये वे मिलकर काम करते रहेंगे। हॉकी इंडिया द्वारा जारी संयुकत बयान में उन्होंने कहा हाल ही में कुछ निवर्तमान अधिकारियों ने मीडिया में कहा है कि हॉकी इंडिया में गुटबाजी है। यह सही नहीं है। हॉकी के हित के लिये हम एकजुट होकर काम करते रहेंगे। 13 साल बाद भारतीय हॉकी से नाता तोड़ने के बाद पूर्व सीईओ एलेना नॉर्मन ने कहा था कि हॉकी इंडिया में जिस तरह का माहौल बन गया था उसमें काम करना मुश्किल होता जा रहा था और ऐसे में उनके पास त्यागपत्र देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। उन्होंने कहा था कि हॉकी इंडिया में दो गुट हैं। एक तरफ वह और (अध्यक्ष) दिलीप टिर्की हैं तथा दूसरी तरफ (सचिव) भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आर के श्रीवास्तव और (कोषाध्यक्ष) शेखर जे मनोहरन हैं। इससे पहले महिला हॉकी टीम की कोच यानेके शॉपमैन ने भी महिला हॉकी के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैये और सम्मान की कमी का आरोप लगाकर इस्तीफा दिया था। वहीं भारतीय महिला हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने में नाकाम रही थी जिसके बाद शॉपमैन ने पद छोड़ा। टिर्की और भोलानाथ ने संयुक्त बयान में कहा हॉकी इंडिया भारतीय हॉकी के विकास के लिये गठित स्वायत्त और पेशेवर ईकाई है। हमारा लक्ष्य हॉकी और अपने खिलाड़ियों की बेहतरी और प्रगति है। हमारी राष्ट्रीय टीमों को वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये हर तरह का सहयोग दिया जाता है। बयान में कहा गया महासंघ ने हर खिलाड़ी और टीम के साथ समानता का रूख रखा है। सभी को समान सुविधायें और लाभ दिये गए जिसमें नकद पुरस्कार और सम्मान शामिल है। हम जमीनी स्तर से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर भी समानता में विश्वास रखते हैं। बयान में कहा गया हम महिला टीम को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में मदद के लिये हरसंभव प्रयास नये सिरे से करेंगे। इसके साथ ही पेरिस ओलंपिक में एक बार फिर पदक जीतने के लिये पुरूष टीम को हरसंभव सुविधायें मुहैया करायेंगे। इसमें आगे कहा गया हमें टीमों और अपने खिलाड़ियों के लिये हॉकी प्रेमियों के सतत सहयोग की जरूरत है। फिलहाल पूरा फोकस ओलंपिक पर रहना चाहिये।

अलग हो गये है कुमकुम भाग्य अभिनेता अभिषेक मलिक और सुहानी चौधरी, तलाक की खबरों को किया कंफर्म

अभिनेता अभिषेक मलिक और स्टाइलिस्ट सुहानी चौधरी शादी के दो साल बाद तलाक लेने जा रहे हैं। कुमकुम भाग्य अभिनेता ने अलगाव की खबर की पुष्टि की और फैसले के पीछे का कारण भी बताया।

टीवी अभिनेता अभिषेक मलिक और स्टाइलिस्ट सुहानी चौधरी शादी के दो साल बाद तलाक लेने जा रहे हैं। कुमकुम भाग्य अभिनेता ने अलगाव की खबर की पुष्टि की और फैसले के पीछे का कारण भी बताया। दोनों ने अक्टूबर 2021 में शादी कर ली। हाल ही में ईटाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में अभिषेक ने इस खबर की पुष्टि की और कहा, हां, यह सच है कि सुहानी और मैं अलग हो रहे हैं और आगे बढ़ रहे हैं। हमने अपनी शादी में अनुकूलता और समझ संबंधी समस्याओं का अनुभव किया। निर्णय सौहार्दपूर्ण रहा है और हमारे बीच कोई कटु भावना नहीं है। हम केवल एक-दूसरे के अच्छे होने की कामना करते हैं। अभिषेक के साथ अलगाव पर बोलते हुए, सुहानी ने कहा, हमने यह अनुमान लगाए बिना कदम उठाया कि हम असंगत हो सकते हैं, कुछ ऐसा जो हमें एक साथ रहना शुरू करने के बाद पता चला। हालाँकि, कोई शिकायत या पछतावा नहीं है। हमें एहसास हुआ कि हम दोनों को अपनी जिंदगी में आगे बढ़ना चाहिए। अलग होना शायद हम दोनों के लिए सही फैसला है। मैं अभिषेक के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। पिंकविला के साथ एक साक्षात्कार में, अभिषेक ने बताया कि कैसे उन्होंने और सुहानी ने 2021 में शादी करने का फैसला किया। अभिनेता ने कहा हमने वास्तव में इसे सुलझाने की कोशिश की, लेकिन कुछ वास्तविक संगतता मुद्दे थे और हमें निर्णय लेना पड़ा। जब जनवरी 2021 में हमारी सगाई हुई, तो हमारे पास एक-दूसरे के साथ बिताने और समझने के लिए कम समय था। इसके तुरंत बाद, हमने शादी कर ली (अक्टूबर 2021 में)। उसके बाद, मैं नया घर खरीदने में थोड़ा व्यस्त हो गया। इसलिए हमें वास्तव में जुड़ने का समय नहीं मिला। उन्होंने कहा कनेक्शन गायब था। हमने इसे सुलझाने की कोशिश की, हम 2 साल तक मुंबई में एक साथ थे लेकिन आखिरकार, हमें समझ आया कि हमें इसे बहुत ज्यादा नहीं खींचना चाहिए क्योंकि हमारे आगे हमारी सारी जिंदगियां पड़ी हैं और तभी हमने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया। हम सौहार्दपूर्ण ढंग से अलग हो गए हैं। उन्होंने कहा, मैं उसके लिए कुछ भी बुरा नहीं चाहता। बता दें, अभिषेक मलिक ने 2012 में शो, छल-शह और मात से टेलीविजन पर शुरुआत की थी। स्प्लिट्सविला 7 में भाग लेने के बाद वह प्रसिद्धि में आए और बाद में एक विवाह ऐसा भी, भाग्यलक्ष्मी, ये है सहित कई लोकप्रिय टीवी शो में अभिनय किया। मोहब्बतें और कुमकुम भाग्य।

गुपचुप-गुपचुप सारा तेंदुलकर और शुभमन गिल का शुरू हुआ शादी का संगीत? सज धजकर शेयर की तस्वीरें...

सारा तेंदुलकर ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी बेहद शानदार तस्वीरें डालीं और जिस चीज ने सभी का ध्यान खींचा वह है उनका कैप्शन जिसमें लिखा है, संगीत तैयार है। नेटिज़ेंस उत्सुक हो गए और पूछा कि क्या लड़के साले शुभमन गिल तैयार हैं।

सारा तेंदुलकर ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी बेहद शानदार तस्वीरें डालीं और जिस चीज ने सभी का ध्यान खींचा वह है उनका कैप्शन जिसमें लिखा है, संगीत तैयार है। नेटिज़ेंस उत्सुक हो गए और पूछा कि क्या लड़के साले शुभमन गिल तैयार हैं। सारा और शुभमन कथित प्रेमी हैं, और संगीत रेडी पर उनकी पोस्ट प्रशंसकों को यह विश्वास दिलाती है कि वह उन्हें जीवन भर के लिए साथी बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

सारा तेंदुलकर इस भारतीय पोशाक में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। स्टार बेटी के प्रति दीवानगी अकल्पनीय है। सारा के बहुत सारे वफादार अनुयायी हैं जो केवल यही चाहते हैं कि उनकी शादी शुभमन गिल से हो। सारा तेंदुलकर वास्तव में जानती हैं कि आपका ध्यान कैसे खींचना है। हमें यह सुंदरता बहुत पसंद है।

बेज रंग का झिलमिलाता पहनावा सारा तेंदुलकर को किसी राजकुमारी से कम नहीं लग रहा है। क्या कोई उनकी खूबसूरती की तारीफ करना बंद नहीं कर सकता। सारा ने घोषणा की थी कि यह एक प्यार का दिन है, और कैसे प्रशंसकों ने उनसे अपने उत्सव से शुबमन के साथ तस्वीरें पोस्ट करने की मांग की। सारा इस काले रंग की पोशाक में बेहद खूबसूरत लग रही हैं और दिखाती हैं कि वह बेहद खूबसूरत हैं, खासकर पारंपरिक पोशाक में। क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के भगवान अपनी पत्नी और बेटी के साथ अपनी कश्मीर छुट्टियों की तस्वीरें साझा करते रहे हैं, और यह इसके लायक है।

मौसी बनने वाली है अनन्या पांडे, कजिन अलाना ने सुनाई खुशखबरी, शेयर की बेबी बंप की वीडियो

पिछले साल शादी करने वाली अलाना पांडे ने अपनी गर्भावस्था की घोषणा की है और बहन अनन्या पांडे पहले से ही बहुत उत्साहित हैं। अनन्या पांडे तब से शांत नहीं रह पा रही हैं जब से उन्होंने अपनी बहन और उनके पति आइवर मैक्रे के पहले बच्चे की उम्मीद की खबर सुनी है।

पिछले साल शादी करने वाली अलाना पांडे ने अपनी गर्भावस्था की घोषणा की है और बहन अनन्या पांडे पहले से ही बहुत उत्साहित हैं। अनन्या पांडे तब से शांत नहीं रह पा रही हैं जब से उन्होंने अपनी बहन और उनके पति आइवर मैक्रे के पहले बच्चे की उम्मीद की खबर सुनी है। अनन्या, जो मासी बनने के लिए बेहद रोमांचित है, ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर अपना उत्साह साझा किया। अनन्या ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अलाना पांडे की गर्भावस्था की घोषणा का वीडियो साझा किया और लिखा, मेरा दिल बस फट सकता है। छोटा बच्चा हम तुमसे पहले से ही बहुत प्यार करते हैं। मैं एक मासी और एक्स सबसे अच्छी बनने जा रही हूं। अनन्या की बहन अलाना 28 साल की हैं और उन्होंने खुशी-खुशी अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट किया, वीडियो से पता चलता है कि महिला नन्हें बच्चे के आने का इंतजार नहीं कर सकती। अलाना पांडे एक लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं और उनके पोस्ट अक्सर वायरल होते रहते हैं। अलाना के इंस्टाग्राम पर 1.5 मिलियन फॉलोअर्स हैं और वे गर्भावस्था की मनमोहक घोषणा साझा करने के लिए सेलिब्रिटी पर प्यार बरसा रहे हैं।

वीडियो में अलाना अपना बेबी बंप दिखा रही हैं, जबकि उनके पति इवोर उनके बेबी बंप को पूरे प्यार से सहला रहे हैं। यह भावपूर्ण वीडियो सभी सही कारणों से बहुत अधिक ध्यान खींच रहा है।

अनन्या पांडे इस समय बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर के साथ अपने कथित रिश्ते को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। दोनों सितारे एक साथ सार्वजनिक रूप से नज़र आ रहे हैं और ऐसा लगता है कि उन्हें रिश्ते में होने की बात स्वीकार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं है।

विक्की जैन नहीं करना चाहते थे अंकिता लोखंडे से शादी, अभिनेत्री ने भारती सिंह को बताई वजह

बिग बॉस 17 के बाद अब एक बार फिर अंकिता लोखंडे और विक्की जैन का रिश्ता सुर्खियों में है। दरअसल, हाल ही में अभिनेत्री ने अपनी शादी को लेकर एक चौकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया कि विक्की शुरू में उनसे शादी नहीं करना चाहते थे। भारती सिंह और हर्ष लिम्बाचिया के शो में अंकिता ने ये खुलासा किया।

टीवी अभिनेत्री अंकिता लोखंडे हाल ही में अपने पति विक्की जैन के साथ बिग बॉस 17 में नजर आई थीं। अंकिता और विक्की ने बिग बॉस की ट्रॉफी के लिए एक मजबूत दावेदारी पेश की थी। लेकिन दोनों में से कोई भी जीत नहीं पाया। शो में, अंकिता और उनके पति अपनी लड़ाईयों की वजह से चर्चा में रहे। दोनों हर-दूसरे दिन एक दूसरे से झगड़ा करते रहते थे। इन झगड़ो की वजह से दोनों का रिश्ता मजाक बनकर रह गया था। दर्शकों ने तो यहाँ तक भविष्यवाणी भी कर दी थी कि अंकिता और विक्की शो से निकलते ही अलग हो जायेंगे। हालाँकि, दर्शकों की भविष्यवाणी को अंकिता और विक्की ने गलत साबित कर दिया। अंकिता और विक्की जैन साथ में हैं और खुश हैं।

बिग बॉस 17 के बाद अब एक बार फिर अंकिता लोखंडे और विक्की जैन का रिश्ता सुर्खियों में है। दरअसल, हाल ही में अभिनेत्री ने अपनी शादी को लेकर एक चौकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया कि विक्की शुरू में उनसे शादी नहीं करना चाहते थे। भारती सिंह और हर्ष लिम्बाचिया के शो में अंकिता ने ये खुलासा किया। भारती और हर्ष से बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, मैं शादी करना चाहती थी लेकिन वह मुझसे डर गया और चला गया। उसने कहा कि वह उस समय मुझसे शादी नहीं कर सकता, और वह चला गया क्योंकि हमारी जीवनशैली बहुत अलग थी। वह बिलासपुर में रहता था, और मैं यहां रहती थी, और उसे लगा कि उसे बिलासपुर से एक लड़की की जरूरत है। बता दें, विक्की जैन भी अपनी पत्नी के साथ इस शो पर आए थे। अपनी पत्नी की बातों विक्की ने याद किया कि अंकिता ने उस समय उन्हें शादी के फैसले के बारे में बोलने नहीं दिया था।

भारती और हर्ष से बात करते हुए अंकिता लोखंडे ने सलमान खान से जुड़े एक किस्से का जिक्र किया। अभिनेत्री ने बताया कि बिग बॉस खत्म होने के बाद भाईजान ने उन्हें बच्चा करने की सलाह दी थी। अंकिता ने कहा, मैं शो के बाद उनसे मिलने गयी थी। तब उन्होंने मुझसे कहा कि मैं तुमसे कह रहा हूं। बस एक बच्चा पैदा कर लो। अभिनेत्री ने आगे कहा कि उनका मतलब था कि एक बच्चे के बाद, एक जोड़ा एक साथ मजबूत हो जाता है।

हिमंत बिस्वा सरमा की तानाशाही कब तक चलेगी?

चुनाव

करीम उद्दीन बरभुइया ने कहा, हम आगामी लोकसभा चुनाव में सीटें बचाने की कोशिश करेंगे।

गुवाहाटी (असम)। असम में भाजपा और कांग्रेस के बीच कथित सहयोग के बारे में चिंताओं का हवाला देते हुए, एआईयूडीएफ (ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट) विधायक और पार्टी महासचिव करीम उद्दीन बरभुइया ने जोर देकर कहा कि वे केवल वर्ष 2031 में असम में राजनीतिक परिदृश्य को बदलने में सक्षम होंगे। एएनआई से बात करते हुए, एआईयूडीएफ विधायक करीम उद्दीन बरभुइया ने कहा, हम क्षेत्रीय दलों की मदद से 2026 में असम में सरकार बनाने की कोशिश करेंगे। हिमंत बिस्वा सरमा की तानाशाही कब तक चलेगी? असम के लोग बदलाव चाहते हैं, लेकिन वर्तमान मुख्य विपक्षी दल तैयार नहीं है। करीम उद्दीन बरभुइया ने कहा, हम राज्य के लोगों के आशीर्वाद से 2031 में असम में सरकार बनाएंगे। बारभुइया ने असम में कांग्रेस के पतन की भविष्यवाणी करते हुए इसके लिए कथित तौर पर भाजपा के साथ सहयोग करने वाले कांग्रेस नेताओं को जिम्मेदार ठहराया।

करीम उद्दीन बरभुइया ने कहा, हम आगामी लोकसभा चुनाव में सीटें बचाने की कोशिश करेंगे। असम में कांग्रेस नेतृत्व पूरी तरह से बीजेपी के संपर्क में है। एक के बाद एक कांग्रेस नेता अब बीजेपी में शामिल हो रहे हैं। हमें कांग्रेस की भी चिंता है, लेकिन उन्हें नहीं, क्योंकि उनके मुख्यमंत्री से अच्छे संबंध हैं। यदि आप संख्या के अनुसार चलते हैं, तो अब हम असम में मुख्य विपक्षी दल हैं। उन्होंने खुलासा किया कि 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले 4-6 कांग्रेस विधायकों के एआईयूडीएफ में शामिल होने की उम्मीद है।करीम उद्दीन बरभुइया ने कहा, असम में 2026 विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के 4-6 विधायक एआईयूडीएफ में शामिल होंगे। आधिकारिक या गैर-आधिकारिक तौर पर ये विधायक लोकसभा चुनाव से पहले कुछ बैठकों में एआईयूडीएफ के साथ मंच साझा करेंगे। कांग्रेस के 3-4 विधायक अब हमारे संपर्क में हैं। अब हम उपचुनाव नहीं चाहते, इसलिए हम चाहते हैं कि 2026 के विधानसभा चुनाव से ठीक पांच-छह महीने पहले वे एआईयूडीएफ में शामिल हो जाएं।

इससे पहले 14 फरवरी को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा था कि कांग्रेस के चार विधायकों ने राज्य सरकार को अपना समर्थन दिया है। हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, कांग्रेस के दो विधायकों बसंत दास और कमलाख्या डे पुरकायस्थ ने असम सरकार को अपना समर्थन दिया है।

संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए विपक्ष ने उत्तर-दक्षिण को बांटा

विशाखापत्तनम। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भाजपा सिर्फ उत्तर केंद्रित पार्टी नहीं है और उत्तर-दक्षिण के बीच रेखा विपक्ष ने संकीर्ण राजनीतिक

लाभ के लिए खींची है। उन्होंने कहा कि पार्टी को बदनाम करने के ऐसे प्रयास राष्ट्रीय अखंडता पर सवालिया निशान लगाते हैं। आंध्र प्रदेश में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलनों में राजनाथ ने कहा, भाजपा विभिन्न राज्यों की सत्ता में रही है जिनमें दक्षिणी राज्य कर्नाटक शामिल है। अक्सर आरोप लगाया जाता है कि भाजपा सिर्फ उत्तर भारत की पार्टी है या भाजपा सिर्फ हिंदी पट्टी की पार्टी है, लेकिन भाजपा ने असम में दो बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई है। असम हिंदी पट्टी का राज्य नहीं है।

पार्टी राजस्थान और गुजरात जैसे पश्चिमी राज्यों में लगभग तीन-चार दशकों से प्रभावी उपस्थिति दर्ज करा रही है और पिछले लोकसभा चुनावों में पश्चिम भारत में उसे अधिकतम सीटें प्राप्त हुई थीं। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा, 'गुजरात में 30 वर्षों से हमारी सरकार है। कर्नाटक में लंबे समय तक हमारी सरकार रही। वर्तमान में हम बंगाल, ओडिशा व कर्नाटक में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी हैं। आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु व केरल में हमारा मत प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है। इसलिए यह कहना तथ्यात्मक रूप से बिल्कुल गलत है कि भाजपा सिर्फ उत्तर भारतीयों की पार्टी है।' राजनाथ ने कहा, 'दक्षिण भारत की समृद्धता के आंकड़े दिखाकर हमारे विपक्ष के सहयोगी कई बार उत्तर व दक्षिण भारतीयों के बीच विद्वेष दिखाने का प्रयास करते हैं।'

पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी को मद्रास हाई कोर्ट से झटका

चेन्नई। तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी को मद्रास हाई कोर्ट से झटका लगा है। मद्रास हाई कोर्ट ने सेंथिल बालाजी की जमानत

याचिका को खारिज कर दिया है। बता दें कि पूर्व मंत्री को पिछले साल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था।

समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, चार महीने में यह दूसरी बार है कि जब छ्रमुक नेता की याचिका को मद्रास हाई कोर्ट द्वारा खारिज किया गया है। इससे पहले भी उन्होंने अपनी जमानत को लेकर हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हालांकि, उस दौरान भी हाई कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया था। जज एन. आनंद वेंकटेश ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता (आरोपी) करीब 8 महीने तक हिरासत में थे, इसलिए धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के मामलों की सुनवाई कर रही विशेष अदालत को इस मामले की सुनवाई करने का निर्देश दिया गया था। दिन-प्रतिदिन आधार पर इसे तीन महीने के भीतर पूरा किया जाए। बता दें कि बालाजी को 14 जून 2023 को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा नौकरी के बदले नकदी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया था। वह गिरफ्तारी के समय तमिलनाडु सरकार में परिवहन मंत्री थे।

इससे पहले ईडी ने 12 अगस्त को बालाजी के खिलाफ 3,000 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। मद्रास ह्र ने 19 अक्टूबर को बालाजी की पिछली जमानत याचिका खारिज कर दी थी। एक स्थानीय अदालत भी उनकी जमानत याचिकाएं तीन बार खारिज कर चुकी है।

भारतीय नौसेना ने पोरबंदर में चरस, मॉर्फिन समेत 3,300 किलोग्राम जब्त किया ड्रग्स

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने एक संयुक्त अभियान में गुजरात तट के पास से एक ईरानी नौका से पांच

विदेशियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 3,300 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया है। एनसीबी ने बुधवार को कहा। नौसेना, गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते और एनसीबी का यह संयुक्त अभियान अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) से सटे अरब सागर में चलाया गया था। जब्त की गयी खेप में चरस, मेथामफेटामाइन और मॉर्फिन शामिल है, जो भारत में प्रतिबंधित हैं। अधिकारियों ने बताया कि जब्त किये गये मादक पदार्थों में 3,089 किलोग्राम चरस, 158 किलोग्राम 'मेथामफेटामाइन' और 25 किलोग्राम 'मॉर्फिन' शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि नौसेना ने चालक दल के सदस्यों को मंगलवार को पकड़ा गया, जिन्हें कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सौंप दिया गया। नौसेना के एक प्रवक्ता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''भारतीय नौसेना ने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के साथ एक संयुक्त अभियान में लगभग 3300 किलोग्राम प्रतिबंधित सामग्री (3089 किलोग्राम चरस, 158 किलोग्राम 'मेथामफेटामाइन' और 25 किलोग्राम मॉर्फिन) ले जा रही एक संदिग्ध नौका को पकड़ा। हाल के दिनों में जब्त की गई मादक पदार्थों की यह सबसे बड़ी खेप है।''

पोस्ट में कहा गया, ''निगरानी मिशन पर तैनात पी8आइएलआरएमआर विमान की ओर से इस बारे में सूचना मिली और एनसीबी ने भी इसकी पुष्टि की, जिसके बाद भारतीय नौसेना के मिशन तैनात युद्धपोत को संदिग्ध नौका रोकने और पकड़ने के लिए मोड़ दिया गया।'' नौका से गिरफ्तार किए गए पांचों लोगों के या तो ईरानी या पाकिस्तानी नागरिक होने का संदेह है। एनसीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उनके पास से राष्ट्रीयता का कोई दस्तावेज बरामद नहीं हुआ है।

बेंगलुरु के इन दो मेट्रो स्टेशनों पर मिल रही ई-ऑटो की सुविधा, महिलाएं होंगी ड्राइवर

बेंगलुरु (कर्नाटक)। बेंगलुरु के नम्मा मेट्रो स्टेशनों तक अंतिम-मील कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए

भविष्य

एक बहुराष्ट्रीय कंपनी एल्सटॉम की एक पहल है जो कम कार्बन वाले भविष्य के लिए समाधान पेश करती है।

बुधवार को इंदिरानगर और येलाचेनहल्ली मेट्रो स्टेशनों पर महिलाओं द्वारा इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा चलाया गया। बता दें कि सार्वजनिक परिवहन तक कम उत्सर्जन पहुंच, एक बहुराष्ट्रीय कंपनी एल्सटॉम की एक पहल है जो कम कार्बन वाले भविष्य के लिए समाधान पेश करती है। इसे डब्ल्यूआरआई इंडिया के सहयोग से

किया जा रहा है, जो एक शोध संगठन है जिसका उद्देश्य सरकारी नीतियों और नागरिक समाज के कार्यों को प्रभावित करना है। अन्य सहयोगी बेंगलुरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीएमआरसीएल) और मेट्रोराइड है, जो पहली और आखिरी मील कनेक्टिविटी के लिए ऐप है। एल्सटॉम इंडिया के प्रबंध निदेशक ओलिवियर लोइसन ने समाचार एजेंसी ब्द्धह्र को बताया कि कार्यक्रम के पायलट फेस के हिस्से के रूप में, हम येलाचेनहल्ली और इंदिरानगर स्टेशनों पर अंतिम-मील सेवा के रूप में इलेक्ट्रिक ऑटो तैनात करेंगे, जो प्रत्येक स्टेशन से 4 किमी के दायरे में यात्रियों को सेवा प्रदान करेंगे। पायलट पहल की शुरुआत पूर्व सांसद राजीव गौड़ा, स्टेट इंस्टीट्यूट फॉर द ट्रांसफॉर्मेशन ऑफ कर्नाटक के उपाध्यक्ष और ब्रांड बेंगलुरु समिति के सदस्य द्वारा की गई थी। इस दौरान बीएमआरसीएल की कार्यकारी निदेशक कल्पना कटारिया भी उपस्थित थीं। लोइसन ने कहा कि इंदिरानगर को एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चुना गया था क्योंकि यह शहर के केंद्र के करीब एक वाणिज्यिक केंद्र है और इसलिए, भारी यातायात आवाजाही देखी जाती है। उन्होंने कहा, हालांकि येलाचेनहल्ली मुख्य रूप से एक आवासीय क्षेत्र है, लेकिन यह भी तेजी से एक प्रमुख आईटी केंद्र में तब्दील हो रहा है।

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में बरी दोषी संथन की मौत, चेन्नई के अस्पताल में ली अंतिम सांस

चेन्नई। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में रिहा किए गए दोषी संथन की मौत हो गई है। संथन ने चेन्नई के राजीव गांधी सरकारी जनरल अस्पताल में अंतिम सांस ली है।

अस्पताल के अधिकारी ने बताया कि पूर्व पीएम राजीव गांधी की हत्या के मामले में बरी किए गए दोषी संथन का चेन्नई के राजीव गांधी सरकारी जनरल अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान संथन की मौत हो गई।

अस्पताल के एक अधिकारी के अनुसार, संथन को लीवर से संबंधित बीमारियों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था डॉक्टरों के अनुसार, बुधवार सुबह संथन ने राजीव गांधी सरकारी जनरल अस्पताल में अंतिम सांस ली।

मिशिगन प्राइमरी चुनाव में बाइडन और ट्रंप की हुई जीत

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मिशिगन में डेमोक्रेटिक प्रेसिडेंशियल प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की है। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी डीन फिलिप्स को डेमोक्रेटिक प्रेसिडेंशियल प्राइमरी चुनाव में मात दी है। इस जीत के साथ ही राष्ट्रपति जो बाइडन साल 2024 में होने वाले चुनाव की रेस में एक कदम और आगे बढ़ गए हैं।

इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रिपब्लिकन की तरफ से मिशिगन प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की है। इससे पहले ट्रंप ने आयोवा, न्यू हैम्पशायर, नेवादा, यूएस वर्जिन आइलैंड्स और निक्की हेली के गृह राज्य साउथ कैरोलिना में जीत हासिल की थी। दोनों नेताओं को मिशिगन चुनाव में मिली जीत के साथ ही राष्ट्रपति पद के रेस में जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच सीधा मुकाबला होने के प्रबल आसार हैं। हालांकि, निक्की हेली ने साउथ कैरोलिना चुनाव में हार के बाद भी राष्ट्रपति पद की रेस में बने रहने की बात कही है। उन्होंने एक बयान में कहा कि वह अपने चुनावी अभियान को आगे भी जारी रखेंगी।

उत्तर कोरिया का जासूसी सैटेलाइट मल्लिग्योंग -1 अभी भी है एक्टिव, साउथ कोरिया और अमेरिका के सैन्य जगहों की कैप्चर की तस्वीरें

सियोल। उत्तर कोरिया का पहला जासूसी सैटेलाइट अभी भी चालू है। नीदरलैंड स्थित एक अंतरिक्ष विशेषज्ञ ने मंगलवार को बताया कि प्योंगयांग सफलतापूर्वक अंतरिक्ष यान को नियंत्रित कर रहा था, हालांकि, इसकी क्षमताएं अज्ञात हैं। दरअसल, उत्तर कोरिया का यह जासूसी सैटेलाइट दो बार लॉन्च होने से पहले ही फेल हो गया था। लेकिन, पिछले साल नवंबर में उत्तर कोरिया ने एक बार फिर से मल्लिग्योंग-1 सैटेलाइट को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया। प्योंगयांग के राज्य मीडिया ने दावा किया कि उसने दक्षिण कोरिया, संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य जगहों पर संवेदनशील सैन्य और राजनीतिक स्थलों की तस्वीरें ली हैं, लेकिन कोई इमेजरी जारी नहीं की है। स्वतंत्र रेडियो ट्रैकर्स ने सैटेलाइट से सिग्नल का पता नहीं लगाया है।

बंधक समझौता हुआ तो गाजा में रमजान में रहेगा संघर्ष विराम, अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने किया दावा

यरुशलम। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि अगर आतंकियों द्वारा बंधक बनाए गए कुछ बंधकों को रिहा करने के लिए समझौता हो जाता है तो इजरायल आगामी रमजान के दौरान गाजा में हमास के विरुद्ध लड़ाई रोकने के लिए तैयार हो जाएगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि संघर्ष विराम समझौता अगले सप्ताह तक लागू हो सकता है। बाइडन की टिप्पणियों पर इजरायल की प्रतिक्रिया नहीं आई है, वहीं हमास के अधिकारी अहमद अब्देल-हादी ने संकेत दिया कि समझौते के बारे में कुछ भी कहना अभी जल्दबाजी है। उन्होंने कहा, हम अपनी किसी भी मांग को नहीं छोड़ने वाले। अभी समझौता नहीं हुआ है।

निगरानी

रॉयटर्स के अनुसार ईरान समर्थित सशस्त्र संगठन हिजबुल्ला ने मंगलवार को इजरायली हवाई निगरानी अड्डे पर रॉकेटों की बौछार की।

समझौते को लेकर कतर में मंगलवार को भी बातचीत चल रही थी। वार्ता में कतर, मिस्त्र और अमेरिका मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं। मिस्त्र के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि संघर्ष विराम समझौते के मसौदे में 300 फलस्तीनी कैदियों के बदले में 40 बंधकों की रिहाई शामिल है - जिनमें ज्यादातर महिलाएं, नाबालिग और बुजुर्ग लोग शामिल हैं।

एक अधिकारी ने कहा कि प्रस्ताव है कि छह सप्ताह के संघर्ष विराम में हर दिन सैकड़ों ट्रकों को गाजा में अत्यंत आवश्यक सहायता लाने की

अनुमति दी जाएगी। इस दौरान शेष बंधकों की रिहाई पर बातचीत जारी रहेगी। रमजान की शुरुआत अगले महीने से हो रही है। इससे पहले नवंबर के अंत में लगभग 240 फलस्तीनियों के बदले लगभग 100 बंधकों को रिहा किया गया था, इनमें ज्यादातर महिलाएं, बच्चे और विदेशी नागरिक थे।

इस बीच इजरायली रक्षा बलों ने मंगलवार को कहा कि इजरायली सैनिकों ने गाजा सिटी जिले में हथियार फैक्ट्री और रॉकेट लॉन्चर को नष्ट कर दिया है। सेना ने एक सुरंग के अंदर कई आतंकियों को भी मार गिराया। रॉयटर्स के अनुसार ईरान समर्थित सशस्त्र संगठन हिजबुल्ला ने मंगलवार को इजरायली हवाई निगरानी अड्डे पर रॉकेटों की बौछार की। इजरायल ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए हिजबुल्ला के सैन्य ठिकानों पर लड़ाकू विमानों से हमले किए। इजरायली सेना ने पुष्टि की कि लेबनान से लगभग 35 रॉकेट उत्तरी इजरायल के माउंट मेरोन में एक सैन्य हवाई नियंत्रण इकाई को निशाना बनाते दिखे।

अफ्रीकी देश माली में बड़ा सड़क हादसा, पुल से नीचे गिरी बस; 31 लोगों की मौत

बामाको। माली में मंगलवार को हुई बस दुर्घटना में 31 लोगों की मौत हो गई। यह घटना पश्चिमी शहर के केनीबा में उस समय हुई, जब एक बस नदी पर बने पुल से नीचे जा गिरी। इस सड़क हादसे में 10 लोगों के घायल होने की खबर है। घटना को लेकर परिवहन मंत्रालय ने कहा कि मंगलवार (27 फरवरी) को माली में 31 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब बुर्किना फासो की ओर जा रही एक बस देश दक्षिण-पूर्व स्थित एक पुल से गिर गई। ये हादसा स्थानीय समयानुसार शाम पांच बजे हुआ। इस दुर्घटना का कारण वाहन से ड्राइवर के नियंत्रण हटने को बताया जा रहा है। पश्चिम अफ्रीका में सड़क दुर्घटनाएं अधिक होती हैं, जहां सार्वजनिक परिवहन अक्सर अत्यधिक भरा होता है और खराब तरीके से नियंत्रित होता है।

चक माव्हिनी का 74 वर्ष में हुआ निधन

नई दिल्ली। चक मावहनी, जिनकी दक्षिण वियतनाम के घने जंगल और उगती हाथी घास के बीच रेंगने की क्षमता और फिर एक दुश्मन

घोषणा

न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, उनकी मृत्यु की घोषणा बेकर सिटी में कोल्स फ्यूनरल होम द्वारा की गई।

सैनिक को मारने के लिए अपनी स्कोप्ड राइफल के साथ घंटों तक इंतजार करने की क्षमता ने उन्हें मरीन कॉर्प्स के इतिहास में सबसे तेज स्नाइपर बना दिया है। उनकी 12 फरवरी को बेकर सिटी में, ओरेगॉन के उत्तरपूर्वी कोने में एक शहर में उनकी मृत्यु हो गई। वह 74 वर्ष के थे। न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, उनकी मृत्यु की घोषणा बेकर सिटी में कोल्स फ्यूनरल होम द्वारा की गई।

इसके अलावा कोई अन्य जानकारी उपलब्ध नहीं है। मई 1968 से मार्च 1970 तक वियतनाम में सेवा करने वाले मावहनी ने 103 हत्याओं की

पुष्टि की और अन्य 216 संभावित हत्याएं कीं, औसतन प्रति सप्ताह लगभग चार - औसत कंपनी से अधिक, जिसमें लगभग 150 सैनिक शामिल थे।

अमेरिकी सैन्य स्नाइपरों में, केवल क्रिस काइल, एक नेवी सील, जिन्होंने इराक में सेवा की और 160 हत्याओं की पुष्टि की और एडेलबर्ट वाल्ड्रॉन, वियतनाम युद्ध के दौरान 109 हत्याओं के साथ एक आर्मी स्नाइपर, की संख्या मावहनी से अधिक थी। एक स्नाइपर के रूप में, माव्हिनी ने कई भूमिकाएँ निभाईं। वह पूरी रात अपनी राइफल और नाइट स्कोप के साथ जागते रहते थे और घुसपैठ के लिए, किसी छावनी की परिधि पर नजर रखते थे। वह अन्य नौसैनिकों के साथ गश्त पर निकलते थे, और यदि कोई गोलीबारी होती तो उनका सामना करने के लिए तैयार रहते थे।

उनकी अधिकांश हत्याएं धीरे-धीरे हुईं, घंटों के इंतजार के बाद उनके बोल्ट-एक्शन एम40 से एक शॉट निकला। लेकिन 14 फरवरी, 1969 की रात को कुछ विस्फोट हुए। माव्हिनी ने उत्तरी वियतनामी सैनिकों के एक दल को दा नांग के पास एक उथली नदी को पार करते हुए, एक समुद्री छावनी की ओर बढ़ते हुए देखा। उसने गोलीबारी शुरू कर दी और 30 सेकंड में उसने 16 को मार डाला और बाकी पीछे हट गए। माव्हिनी ग्रामीण पूर्वी ओरेगॉन में पले-बढ़े और उन्होंने अपने नाना से निशानेबाजी सीखी। वह हिरणों के शिकार के पक्षधर थे और वह जंगल में कई दिन बिताते थे, वहां डेरा डालते थे और अपने शिकार का तब तक पीछा करते रहते थे जब तक कि उन्हें शिकार न मिल जाए। यह, उनके युद्धकालीन भविष्य के लिए उत्तम प्रशिक्षण था।

उन्होंने कहा, उन्हें हत्या करना पसंद नहीं था, लेकिन उन्होंने इसे अपने साथी नौसैनिकों को सुरक्षित रखने के एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में स्वीकार किया।

उन्होंने 2000 में द लॉस एंजिल्स टाइम्स को बताया, मैंने वही किया जिसके लिए मुझे प्रशिक्षित किया गया था। जब उनके एक कमांडर ने अपने शिविर में एक स्नाइपर लीडरबोर्ड पोस्ट किया, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को उसकी हत्या की संख्या के आधार पर रैंकिंग दी गई, तो माव्हनी ने इसका विरोध किया। उन्होंने कहा, यह अरुचिकर है और इससे भी बुरी बात यह है कि यह

खैबर पख्तूनख्वा में नवनिर्वाचित विधायकों को दिलाई गई शपथ

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में नवनिर्वाचित विधायकों ने बुधवार को शपथ ली। उम्मीद है कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी

लगातार तीसरी बार खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सरकार बनाएगी। खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा के निवर्तमान अध्यक्ष मुश्ताक गनी ने विधानसभा के लिए चुने गए 113 प्रांतीय सदस्यों को शपथ दिलाई। बता दें कि खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा में कुल 145 सदस्य हैं, जिनमें 10 महिलाएं और आरक्षित सीटों पर चुने गए चार अल्पसंख्यक शामिल सदस्य शामिल हैं। बता दें कि पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने बड़ी संख्या में जीत दर्ज की हैं, जो खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने की स्थिति में हैं। इधर रिपोर्ट्स के हवाले से बताया गया है कि पीटीआई प्रमुख ने अली अमीन गंडापुर को पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और बाबर सलीम स्वाति को विधानसभा अध्यक्ष के रूप में नामित किया है। विधानसभा के निवर्तमान अध्यक्ष गनी ने बताया कि 145 सदस्यीय सदन के स्पीकर और डिप्टी स्पीकर का चुनाव गुरुवार को होगा। मुश्ताक गनी के हवाले से बताया गया कि विधानसभा स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के चुनाव के लिए मतदान गुरुवार सुबह 10 बजे होगा। बता दें कि प्रांतीय विधानसभा और नेशनल असेंबली के लिए आठ फरवरी को मतदान हुआ था।

चीन के पूर्व विदेश मंत्री किन गैंग ने संसद से दिया इस्तीफा

बीजिंग। चीन के पूर्व विदेश मंत्री किन गैंग ने चीन की संसद से इस्तीफा दे दिया है। किन गैंग को पिछले वर्ष विदेश मंत्री पद से बर्खास्त कर दिया गया था और वांग यी को फिर से विदेश मंत्री बना दिया गया था। बर्खास्त किए जाने के बाद से किन गैंग लापता थे। चीन की राष्ट्रीय विधायिका के वार्षिक सत्र से पहले किन ने इस्तीफा दिया है।

परम्परागत खेती छोड़कर टेक्निकल खेती करें: भौम

केला की खेती विषयक सफलता की कहानी

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। शासन द्वारा विभिन्न जनहितकारी योजनाओं का संचालन इस उद्देश्य से किया जा रहा है कि इससे जरुरतमंद, पात्र एवं वंचित व्यक्तियों को इसका लाभ मिल सके, जिससे उनका जीवन स्तर सुधर सके और उनको भी समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। इसीक्रम में उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजना एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना से लाभान्वित परम्परागत खेती छोड़कर भौम प्रकाश सिंह पुत्र सत्यनारायण सिंह निवासी ग्राम भरहुपुर विकास खण्ड रामनगर बताते है कि वे टिश्यू कल्चर केला की खेती करने से पहले परम्परागत ढंग से कृषि कार्य करते थे। समाचार पत्रों एवं कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी द्वारा जानकारी मिली कि उद्यान विभाग में चल रही एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना में टिश्यू कल्चर केला की खेती के लिए सुविधा उपलब्ध है, जिसमें किसान को अच्छा लाभ प्राप्त हो सकता है। उन्होंने पूरी जानकारी प्राप्त कर आनलाइन पंजीयन 4.00 हे0 में टिश्यू कल्चर केला रोपण हेतु कराया। तत्पश्चात स्थानीय स्तर पर केला की खेती कर रहे सहयोगी कृषक भाईयों एवं विभाग की तकनीकी ज्ञान से 4.00 हे0 क्षेत्रफल हेतु टिश्यू कल्चर केला पौध प्राप्त कर खेती की तथा पौधो की देख-रेख एवं समय-समय पर निराई गुणाई, रसायन एवं उर्वरको का प्रयोग करते रहे। फसल विपणन के पश्चात 21 से 22 लाख रु0 का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ। जो अन्य फसलों की तुलना में सर्वाधिक है। उन्होंने शासन प्रशासन का आभार व्यक्त किया जिनके द्वारा इस महत्वाकांक्षी योजना को संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद के किसानों के लिए अत्यन्त लाभकारी साबित हो रही है इससे न सिर्फ किसानों की आय दोगुनी हो रही है अपितु उनके जीवन स्तर मे तेजी से सुधार हो रहा है। उन्होंने जनपद के अन्य किसानों को भी परम्परागत खेती छोड़कर इस तरह की खेती शुरू करने तथा उद्यान विभाग के द्वारा संचालित अन्य योजनाओं का भी लाभ लेने की अपील की है।

डॉ. सुधीर उपाध्याय की पुस्तक का विमोचन

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में पर्यावरण विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुधीर उपाध्याय की पर्यावरण पर प्रकाशित पुस्तक का विमोचन विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने बुधवार को किया। पुस्तक विमोचन के अवसर पर कुलपति के साथ-साथ छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर अजय द्विवेदी, विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर राजेश शर्मा आदि उपस्थित रहे। डॉ. उपाध्याय की यह पुस्तक मानव और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के लिए नैनो-बायोफोर्टिफिकेशन पर है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशक स्प्रिंगर नेचर, स्विट्जरलैंड ने प्रकाशित किया है। यह पुस्तक पौधों और मानव स्वास्थ्य के लिए पोषक तत्वों के महत्व का वर्णन करती है।

फसलों के बायोफोर्टिफिकेशन के लिए नैनोटेक्नोलॉजी का उपयोग कैसे किया जा सकता है एवं प्रदूषित मिट्टी में नैनोटेक्नोलॉजी के विषैले प्रभावों से संबंधित समस्या को पुस्तक में प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। विदित है कि डॉ. उपाध्याय के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च कोटि के शोध हमेशा प्रकाशित होते रहते है। आने वाले समय में डॉ. उपाध्याय की तीन और पुस्तकें प्रकाशित होने वाली है, जिनका अनुबंध अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशक, एलेसेविएर, विएले एवं टेलर एंड फ्रांसिस से हुआ है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह एवं संकायाध्यक्ष विज्ञान प्रो राजेश शर्मा ने डॉ. सुधीर उपाध्याय को इस उपलब्धि पर बधाई दी है ।

बलवा नियंत्रण के लिए किया गया रिहर्सल

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)। पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा के निर्देशन में उपनिरीक्षक राकेश राय के नेतृत्व में थाना मुंगरा बादशाहपुर परिसर में आगामी त्योहारों एवं लोकसभा चुनाव को सकुशल व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना तथा किसी भी प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के उद्देश्य बलवा ड्रिल का पूर्वाभ्यास कराया गया।

इस दौरान पुलिस टीम को दंगा निरोधक व बलवा निरोध उपकरणों का प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया गया। पुलिस जवानों को विभिन्न प्रकार के शास्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।और पुलिस बालकोट दंगाइयों से निपटने के लिए विभिन्न तरीके के गुर सिखाए गए। अभ्यास के दौरान भीड़ को तीतर बितर करने के विभिन्न तरीकों के साथ लाठी चार्ज, आंसू गैस की गोली और दंगाइयों पर रबड़ के गले, एंटी राइट गन , रबर बुलेट गन, टियर गैस गन, हैंड ग्रेनेड व मिर्ची बम आदि शास्त्रों के बारे में जानकारी दी गई।

इस दौरान उप निरीक्षक राकेश राय ने कहा कि बलवर ड्रिल का उद्देश्य कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाने रखना है। इस दौरान उपनिरीक्षक राकेश कुमार राय, उप निरीक्षक शतींद्र तिवारी, उप निरीक्षक कमलेश कुमार वर्मा, हेड कां विनोद कुमार, कांस्टेबल शिवकुमार प्रजापति, कांस्टेबल संतोष सैनी, कांस्टेबल प्रदीप यादव व हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

भारत मे पर्यटन के क्षेत्र मे अपार संभावनाएं

प्रयागराज। जगत तारन गर्ल्स डिग्री कालेज मे भूगोल एवं प्राचीन इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के संयुक्त तत्वावधान मे दिनांक 26 - 28फरवरी तक ट्रैवल एण्ड टूरिज्म विषय पर त्रिदिवसीय वर्कशाप का अयोजन किया गया। उक्त वर्कशाप मे डाज़ अजिन रे, असोसिएट प्रोफेसर, ईज्सीज़्सी ; प्रोज़ एज़आरज़ सिद्दिकी, पूर्व विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय; डाज़ श्रीरंजन शुक्ल ,पूर्व क्यूरेटर, इलाहाबाद राष्ट्रीय संग्रहालय ने क्रमशः फोकसिंग आवरसेल्फ आन टूरिज्म एन्ड हास्पिटालिटी मैनेजमेंट,पर्यटन के क्षेत्र मे रोज़गार की संभावनाए तथा पर्यटन मे संग्रहालय की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

सिद्दीकपुर से जमुहायी मार्ग के सुदृरीकरण में खर्च होंगे साढ़े अट्ठारह करोड़ रूपये

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव के अथक प्रयास से सदर विधानसभा में स्वीकृति परियोजना सिद्दीकपुर से जमुहायी सम्पर्क मार्ग का शिलान्यास खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चन्द्र यादव द्वारा किया गया। इस सम्पर्क मार्ग कि लम्बाई 11.600 किलोमीटर है जो जौनपुर व आजमगढ़ की सीमा को जोड़ती है।इस सम्पर्क मार्ग को चौड़ीकरण व सुध्दरिकरण करने में कुल लागत 1843.25 लाख (रूपये अठ्ठारह करोड़ तिरालिस लाख पच्चीस हजार मात्र) रूपये खर्च होगा। शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए खेल मत्री ने कहा कि इस सम्पर्क मार्ग के चौड़ीकरण हो जाने से दोनों जनपद के लोगो को लाभ मिलेगा मोदी व योगी के सरकार मे विकास कि गंगा बह रही है। चारो तरफ सड़को का जाल बिछ गया है। हमारी सरकार हर क्षेत्र में काम किया है। चाहे सड़क हो, बिजली , ग्रामीण पेयजल हो, गरीबो का आवास हो, आयुष्मान कार्ड हो,रोजगार करने के लिए तमाम तरह के लोन भी दे रही है।विश्वकर्मा योजना हो, मुद्रा लोन हो , रेहड़ी पटरी तक क रोजगार करने वालों कि चिंता सरकार कि है।शिलान्यास कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ रामसूरत मौर्या, शिव कुमार सिंह पूर्व प्रधान, सावले सिंह पूर्व प्रधान, श्याम कन्हैया सिंह, रविंद्र सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव,शरद सिंह, रविंद्र सिंह राजू दादा, राजकेशर, अमित श्रीवास्तव, अजय सिंह, जितेंद्र सिंह, मनीष श्रीवास्तव, श्यामबाबू यादव जिला पंचायत सदस्य, राधे पाल व दीपक सिंह, बलवंत सिंह, विकास शर्मा, ब्रमेश शुक्ला व संजय पाठक आदि लोग उपस्थिति रहे। इस परियोजना के बन जाने से जनपद वासियों को बहुत लाभ मिलेगा।

विद्यार्थियों को जागरूक करने हेतु अभाविप चलाएगी युवा मतदाता जागरूकता अभियान

प्रयागराज। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की दो-दिवसीय केंद्रीय कार्यसमिति बैठक पुडुचेरी स्थित विवेकानंद सीबीएससी स्कूल में संपन्न हुई। इस बैठक में अभाविप द्वारा देश के सभी राज्यों में संचालित शैक्षिक अभियानों की संगठनात्मक समीक्षा, शिक्षा क्षेत्र में सुधार हेतु आगामी अभियानों व किए गए प्रयासों समेत विभिन्न बिंदुओं पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई तथा अभाविप की आगामी कार्ययोजना तय की गई। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिला अत्याचार की वीभत्स घटना पर पश्चिम बंगाल सरकार की उदासीनता तथा अपराधियों के संरक्षण का विरोध करते हुए अभाविप केंद्रीय कार्यसमिति द्वारा निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजशरण शाही ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में शीघ्रता से सुधार किए जाने की आवश्यकता है। विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु चिंतन कर उसका क्रियान्वयन भी महत्वपूर्ण हो जाता है। अभाविप देश भर में %परिसर चलो अभियान% के माध्यम से कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु कार्य कर रही है।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि अभाविप की केंद्रीय कार्यसमिति बैठक में देश भर में वृहद स्तर पर आयोजित गतिविधियों की समीक्षा की गई एवं आगामी कार्ययोजना निर्धारित हुई है। आगामी लोकसभा चुनाव में युवा अपनी भूमिका सुनिश्चित कर सकें इसके हेतु अभाविप देशव्यापी जागरूकता अभियान चलाएगी, सभी जिलों में विद्यार्थियों से सीधा संवाद करेगी एवं लोकतंत्र के इस पावन पर्व को अधिक सार्थकता प्रदान करने में विद्यार्थी व युवा समुदाय की भूमिका सुनिश्चित करने हेतु प्रयास करेगी।

माफिया अतीक की सात करोड़ की संपत्ति गैंगस्टर में होगी कुर्क

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। कमिश्नरेट पुलिस ने माफिया अतीक अहमद की सात करोड़ की एक और बेनामी संपत्ति खोज निकाली है। लगभग 500 वर्ग गज क्षेत्रफल वाली बेशकीमती भूमि करेली के जीटीबी नगर में है। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत इसे कुर्क करने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। खास बात यह है कि पूर्व में खोजी गई संपत्तियों की तरह अतीक ने इसे किसी और नहीं बल्कि अपने ही नाम पर जबरन लिखाया था। 20 अप्रैल 2006 में इस जमीन का बैनामा उसने अपने हक में कराया था। डीसीपी नगर दीपक भूकर के नेतृत्व में कमिश्नरेट पुलिस की एक टीम लगातार माफिया की अपराध से अर्जित संपत्तियों का पता लगाने में जुटी है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने जब इस संपत्ति के बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि अतीक ने यह जमीन मंसूर आलम पुत्र नईम उल्ला निवासी जीटीबी नगर से खरीदी थी। यह जमीन आलम सहकारी आवास समिति की थी। तब मंसूर आलम इस समिति के सचिव थे। पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि यह आवासीय समिति थी। अतीक को जब इसके बारे में मालूम हुआ तो उसने कहा कि पहले 500 वर्ग गज जमीन उसके नाम की जाए, वरना वह समिति को किसी तरह का काम नहीं करने देगा। साथ ही उसकी बात न मानने पर धमकाया। दहशत में आकर उन्होंने जमीन का बैनामा कर दिया। इस संपत्ति के बारे में यह भी पता चला है कि बैनामे में जो विक्रय मूल्य था, वह तत्कालीन सरकारी मालियत से कम था। इसके विक्रय पत्र में कुल सरकारी मालियत 23.76 लाख दर्शाई गई, जबकि विक्रय मूल्य 14.85 लाख अंकित है।

दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने का हो रहा प्रयास: नरेन्द्र

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा कृत्रिम अंग/ सहायक उपकरण एवं ओ लेवल व सीसीसी प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर प्रदेश नरेन्द्र कश्यप, बुधवार को जिला पंचायत परिसर में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनान्तर्गत कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण एवं ओ लेवल व सीसीसी प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। मंत्री ने सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल व विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्य व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मंत्री ने अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ विभिन्न विभागों के द्वारा सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार से सम्बंधित लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्ची गुनगुन जायसवाल के द्वारा सरस्वती वंदना की सुंदर प्रस्तुति दी गयी, कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश मूक बधिर कॉलेज जार्जटाउन के दिव्यांग बच्चों के द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयी। मंत्री श्री कश्यप के द्वारा कार्यक्रम में 100 दिव्यांगों को ट्राइसाईकिल, 100 व्हील चेयर, 50 ब्रेल किट, 250 कान की मशीन के साथ पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के माध्यम से 100 पिछड़े वर्ग के लाभार्थियों को ओ-लेवल, सीसीसी प्रमाणपत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के माध्यम से नियमित रूप से दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने का प्रयास पूरे प्रदेश में किया जा रहा है। मैं कामना करता हूं कि आप सभी लोग प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करते हुए सशक्त व समर्थ बनें एवं समाज की मुख्य धारा से जुड़कर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें। कार्यक्रम में उप निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग अभय श्रीवास्तव के द्वारा दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग के द्वारा संचालित की जा रही कृषि यंत्र उपकरण, दुकान निर्माण योजना, शादी-विवाह प्रोत्साहन योजना, शल्य चिकित्सा अनुदान आदि योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि विभाग के द्वारा इन योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा दिव्यांगजनों को लाभ दिलाये जाने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

मंगल क्लीनिक न्यूरो-साईकियाट्रिक 10 वर्ष पूर्ण होने पर मनाई खुशी

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। जिले के वाजिदपुर तिराहा स्थित मंगल क्लीनिक न्यूरो-साईकियाट्रिक सेन्टर के सकुशल 10 वर्ष पूर्ण हो जाने के उपलक्ष में मानसिक व न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ0 उत्तम कुमार गुप्ता द्वारा गोष्ठी किया गया।

गोष्ठी में मनुष्य के भाग दौड़ वाली जीवन में टेंशन, हेडेक, माइग्रेन जैसी बीमारी से निजात पाने का तरीका बताते हुए कहा कि मनुष्य को प्राणायाम, योग, नियमित रूप से नींद लेना कम से कम 6 से 8 घंटे, नशे का प्रयोग न करने का सुझाव दिया और इस 10 वर्ष सकुशल पूर्ण हो जाने पर आने वाले सभी मरीज को बधाई व स्वस्थ रहने का सुझाव दिया। डॉक्टर साहब द्वारा गोष्ठी में आए हुए सभी लोगों का मुंह मीठा करा कर यह संदेश दिया।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। उच्च प्राथमिक विद्यालय सुजौना जसरा प्रयागराज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राथमिक एवं जूनियर संवर्ग में विज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। ज्ञातव्य है कि नोबेल पुरस्कार विजेता भारत रत्न महान भौतिक शास्त्री सर सीवी रमन द्वारा खोजे गए रमन प्रभाव के सम्मान में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। उन्होंने 28 फरवरी 1930 को रमन प्रभाव की खोज किया था। जिसका प्रयोग आज भी प्रयोगशालाओं में किया जाता है। प्राथमिक व जूनियर वर्ग के कक्षा चार से कक्षा आठ तक के 140 बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। बहुविकल्पीय प्रश्न पत्र को ओएमआर शीट पर हल किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्यामाकांत द्विवेदी ने कहा बच्चों में विज्ञान विषय में रूचि को जागृत करने के लिए प्रतिवर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसको लेकर बच्चों में बहुत उत्साह रहता है। इससे उनका न केवल विज्ञान विषय तैयार हो जाता बल्कि विज्ञान का सामान्य ज्ञान भी तैयार हो जाता है। परिणाम घोषित कर बच्चों को प्रशस्ति पत्र मेडल और पुरस्कार वितरण किया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक भारतेन्द्र त्रिपाठी, नाज़िया सुल्ताना, रजनीकांत पांडेय, जितेंद्र कुमार शर्मा, राकेश कुमार, पूनम तिवारी, पंकज कुमार गुप्त आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक विज्ञान शिक्षक अमरदीप चौधरी रहे।

बसपा छोड़ पूर्व विधायक शाह आलम साईकल पर सवार

आजमगढ़। बसपा के पूर्व विधायक शाह आलम उर्फगुड्डू जमाली आज समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। उन्हें सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सदस्यता दिलाई। इस दौरान सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि 2022 के चुनाव के समय शाह आलम हमारे पास आयें थे लेकिन कुछ कारणों से पार्टी में शामिल नहीं हो सके लेकिन इस बार वे हमारे पास नहीं आये, हमने उन्हें बुलाया है। अखिलेश यादव के इस कथन के बाद मौके पर मौजूद सपा नेताओं सहित कार्यकर्ताओं ने जमकर तालियां बजाई और नारे लगाए। इस दौरान शाह आलम गुड्डू जमाली ने कहा कि मैं पढ़ा लिखा जिम्मेदार हूं और मैं सौदा नहीं करता हूं. उन्होंने कहा कि मेरे दिल-दिमाग ने कहा कि यही विकल्प है।

3077 चयनित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को दिया गया नियुक्ति पत्र

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन लखनऊ से वर्चुअल माध्यम के द्वारा प्रदेश स्तर पर मिशन रोजगार के अंतर्गत 3077 चयनित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र एवं 173 करोड़ की लागत से 31 जनपदों पर 1459 आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का शिलान्यास किया गया। जिसमें जनपद आजमगढ़ के 63 आंगनबाड़ी केंद्र शामिल है। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण नेहरू हाल के सभागार में जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी व आंगनबाड़ियों की उपस्थिति में किया गया। इसी के साथ ही जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा जनपद आजमगढ़ में आंगनबाड़ी सहायिका से आंगनबाड़ी कार्यकत्री पद पर नव चयनित 6 अभ्यर्थियों को प्रतीकात्मक रूप से नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। जिसमें जिसमें सुनीता देवी तरवा, शबीना बानो मेहनगर, पूनम पाठक मुकेरीगंज, मंजू मिश्रा लालगंज, सरिता गुप्ता रानी की सराय, कांति पल्ह्री शामिल है। जनपद आजमगढ़ में आंगनबाड़ी सहायिका से आंगनबाड़ी कार्यकत्री पद पर कुल 165 नवचयनित अभ्यर्थियों को जिला कार्यक्रम अधिकारी हेमन्त सिंह द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित कराया गया।

कार्यक्रम में सांसद आजमगढ़ दिनेश लाल यादव श्निरहुआ जीश् द्वारा भी नव चयनित 10 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। सांसद द्वारा मातृशक्ति को आगे बढ़ने पर हर्ष व्यक्त किया गया तथा माननीय मुख्यमंत्री व माननीय प्रधानमंत्री महोदय द्वारा किए गए भेदभाव रहित पारदर्शी ढंग से किए गए कार्य की सराहना की गयी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, सीडीपीओ के0के0 सिंह शहरध्तरवा, निरुपमा प्रभारी मुख्य सेविका मेहनगर एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रहे।

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पर 44 लाख 51 हजार रुपये के गबन करने की आरोप

आजमगढ़। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव के दूसरे कार्यकाल में वित्तीय अनियमितता के कई मामले सामने आए। एसडीएम की जांच रिपोर्ट में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष के कार्यकाल में 44 लाख 51 हजार रुपये के गबन करने की पुष्टि हुई है। गबन की धनराशि की वसूली की संस्तुति के साथ एसडीएम ने अपनी जांच रिपोर्ट शासन को भेजी है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव के खिलाफशासन में शिकायत हुई थी। आरोप है कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान वर्ष 2020-21 में बगैर टेंडर के ही एक लाख रुपये से अधिक के काम करा दिए। उनके ऊपर नगर पालिका सीमा के बाहर भी काम कराने व मनमाने तरीके से स्ट्रीट लाइटों की खरीदारी जैसे आरोप लगे। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शासन ने जांच कराने का आदेश दिया था। शासन के निर्देश पर तत्कालीन एसडीएम सदर वागीश शुक्ल को जांच दी गई थी।

मतदान के प्रति ईवीएम को लेकर जागरूकता

अधिवक्ताओं को मतदान के बारे में बारे में जानकारी दी गई

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन में मतदान के प्रति जन सामान्य में मतदान एवं ईवीएम के प्रति जागरूकता के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं को ईवीएम एवं वीवीपैट से वोटिंग करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान अधिवक्ताओं ने ईवीएम के माध्यम से वोटिंग किया, वहीं वीवीपैट की उपयोगिता से भी परिचित हुए। स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर इंजीनियर कुलभूषण सिंह ने सभी अधिवक्ताओं को डमी बैलट पेपर लगे बैलट यूनिट का बटन दबाकर मतदान करने के तरीके से अवगत कराया। इसके साथ ही वीवीपैट में दिए गए वोट का प्रिंट 7 सेकंड तक प्रत्याशी का नाम, क्रमांक तथा चुनाव चिन्ह देखने को लेकर अधिवक्ताओं को अभ्यस्त कराया गया। कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के महामंत्री श्री रामनयन यादव जी ने कहा कि सभी अधिवक्ता आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन में मुवक्कीलों को अधिक से अधिक मतदान करने हेतु जागरूक करेंगे।सभी उपस्थित अधिवक्ताओं ने उत्साह से जागरूकता अभियान में भाग लिया। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर धर्मेन्द्र कुमार सिंह, संजीत बेरा, अनिस सिद्धिकी उपस्थित रहे।

कार्यालय अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या

पत्रांक/398/अ0वि0प्रा0अयो0/सम्पत्ति अनु0/2023-24 दिनांक 28/2/2024

आवश्यक सूचना

समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुशीला देवी पत्नी स्व0 जनार्दन प्रसाद गुप्ता, दुकान संख्या-17 निवासी-बन्धा तिराहा नयाघाट परगना-हवेली अवध, तहसील सदर जनपद-अयोध्या द्वारा दुकान संख्या-17 (बड़ी) बन्धा तिराहा नयाघाट जनपद-अयोध्या में स्व0 जनार्दन प्रसाद गुप्ता, पुत्र स्व0 छेदीलाल की मृत्यु दिनांक 04.03.2023 के उपरान्त वारिसानों के रजिस्टर्ड वसीयतनामा पत्र के आधार पर नामान्तरण किये जाने हेतु विकास प्राधिकरण, अयोध्या से अनुरोध किया गया है जिसका विवरण निम्नवत हैः-

क्र	मृतक का नाम व पता	योजना का नाम एवं का विवरण	सम्बन्ध प्रमाण पत्र के अनुसार उत्तराधिकारी का नाम व पता
1	स्व0 जनार्दन प्रसाद गुप्ता पुत्र स्व0 छेदीलाल निवासी-दुकान संख्या-17 बन्धा तिराहा नयाघाट परगना -हवेली अवध, तहसील सदर जनपद-अयोध्या	दुकान संख्या-17 (बड़ी) बन्धा तिराहा नयाघाट, परगना-हवेली अवध, तहसील-सदर जनपद-अयोध्या।	श्रीमती सुशीला देवी पत्नी स्व. जनार्दन प्रसाद गुप्त, निवासी- दुकान संख्या-17(बड़ी) बन्धा तिराहा नयाघाट, परगना-हवेली अवध, तहसील-सदर जनपद-अयोध्या।

उपरोक्त विवरण के अनुसार वारिसानों के रजिस्टर्ड वसीयतनामा पत्र के आधार पर नामान्तरण किया जाना है। यदि किसी हितबद्ध व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो समाचार में प्रकाशित तिथि से 30 दिन के अन्दर अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या को सूचित करने का कष्ट करें। अन्यथा निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा व नियमानुसार नामान्तरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति)
अयोध्या विकास प्राधिकरण
अयोध्या।

मंत्री स्मृति ईरानी ने अमेठी की सुकन्याओं को सशक्त बनाने के लिए दो बोइंग साक्षरता कार्यक्रम शुरू किए

■ पीएम मोदी के विजन पर आधारित फ्लैगशिप बोइंग सुकन्या कार्यक्रम के तहत लॉन्च किया गया

■ अमेठी के स्कूलों में लर्निंग लिंक्स फाउंडेशन के साथ 30 बोइंग रूम टू रीड लाइब्रेरी और तीन बोइंग इनोवेशन स्टूडियो का उद्घाटन

मंत्री ईरानी ने अमेठी में महिला

अमेठी। भारत सरकार की माननीय महिला एवं बाल विकास तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री, स्मृति जुबिन ईरानी ने उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में बोइंग के रूम टू रीड साक्षरता कार्यक्रम के तहत 30 पुस्तकालयों और लर्निंग लिंक्स फाउंडेशन द्वारा 3 बोइंग इनोवेशन स्टूडियो का उद्घाटन किया। मंत्री ईरानी ने अमेठी में महिला साक्षरता को आगे बढ़ाने और बालिकाओं को सशक्त बनाने में मदद करने के लिए जिले में बोइंग साक्षरता कार्यक्रम शुरू किया। भारत के माननीय प्रधान मंत्री, नरेंद्र मोदी ने हाल ही में राष्ट्र को बोइंग सुकन्या कार्यक्रम समर्पित किया था, जिसका उद्देश्य पूरे भारत की लड़कियों और महिलाओं को एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित) क्षेत्र में महत्वपूर्ण कौशल सीखने और विमानन क्षेत्र में नौकरियों के लिए प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करना है।

इस मौके पर ईरानी ने कहा सबसे बड़ी बात ये है कि मैं बोइंग सुकन्या कार्यक्रम के माध्यम से भारत के विमानन क्षेत्र में अपने देश की बेटियों की भागीदारी आगे बढ़ाने में मदद करने के विजन के लिए हमारे प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की आभारी हूँ। मुझे इस बात की भी उतनी ही खुशी है कि इस कार्यक्रम के तहत, हमने अमेठी में 60 बोइंग रूम टू रीड लाइब्रेरी और बोइंग एसटीईएम लैब स्थापित करके साक्षरता अभियान का विस्तार किया है। आज इनमें से 30 लाइब्रेरी और तीन एसटीईएम लैब अमेठी में बच्चों के लिए पूरी तरह से चालू हो गए हैं। इस तरह के कार्यक्रम न केवल हमारी बालिकाओं और महिलाओं के लिए शिक्षा को सुलभ और रोजगार को समावेशी बनाते हैं बल्कि प्रत्येक महिला को परिवार, समुदाय और देश में निर्णय लेने का केंद्र बनने के लिए सशक्त बनाते हैं और यही वह दृष्टिकोण है जिसे हम जिले और राष्ट्र के लिए आगे बढ़ा रहे हैं। अमेठी में उद्घाटन समारोह में मंत्री ईरानी के साथ वरिष्ठ सरकारी और जिला अधिकारी, बोइंग इंडिया चीफ ऑफ स्टाफ और बोइंग ग्लोबल एंगेजमेंट लीड, भारत और दक्षिण एशिया, प्रवीणा यज्ञभट, लर्निंग लिंक्स फाउंडेशन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुदीप दुबे, और इनोवेशन ऐंड डोनर इंगेजमेंट, रूम टू रीड इंडिया के डायरेक्टर श्री ऋषि राजवंशी भी उपस्थित थे। बोइंग इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष सलिल गुप्ते ने कहा हमें देश के बढ़ते विमानन क्षेत्र में लड़कियों की अधिक भागीदारी के लिए पीएम मोदी के विजन पर आधारित बुनियादी ढाँचे की स्थापना और शिक्षा को सुलभ बनाने के लिए बोइंग सुकन्या कार्यक्रम के हिस्से के रूप में की व्यक्त की गई प्रतिबद्धता पर गर्व है। हमें खुशी है कि मंत्री ईरानी आज अमेठी जिले में इस अभियान का विस्तार करेंगी। हम अपने पार्टनर्स रूम टू रीड और लर्निंग लिंक्स फाउंडेशन को भी उनके फोकस और समर्पण के लिए धन्यवाद देते हैं।

वर्ष 2023 में अमेठी जिले में लॉन्च किया गया, बोइंग रूम टू रीड साक्षरता कार्यक्रम स्वतंत्र पाठकों और आजीवन सीखने वालों के पोषण में मदद करने के लिए अगले कुछ वर्षों में अमेठी में 60 प्राथमिक विद्यालयों को शामिल करेगा।

भारत का प्रमुख व्यक्तिगत विकास आयोजन चेंजमेकर्स 2024

लखनऊ। सक्सेस ज्ञान द्वारा आयोजित भारत का सबसे बड़ा व्यक्तिगत विकास आयोजन चेंजमेकर्स 2024 अपने वादों पर खरा उतरा, जिसका आयोजन जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में किया गया था। देश के हर कोने से 3000 से अधिक प्रतिभागी चेंजमेकर्स 2024 में शामिल हुए और यह आयोजन इनमें से हर प्रतिभागी की उम्मीदों पर खरा उतरा। व्यक्तिगत एवं पेशेवर विकास के दृष्टिकोण के साथ यह सभी के लिए प्रेरणादायक साबित हुआ। 'चेंजमेकर्स एक सालाना आयोजन है, जिसमें हम दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कोचों को एक ही मंच पर लेकर आते हैं। यह मंच हमारे समुदाय को आजीवन लर्नर बनने के लिए प्रेरित करता है। सक्सेस ज्ञान में हमारा मानना है कि हर व्यक्ति में अपार क्षमता है। हमारा उद्देश्य हर व्यक्ति को ज़रूरी सहयोग प्रदान कर सशक्त बनाना है। विभिन्न क्षेत्रों से सर्वोच्च स्तर के कोचों ने इस आयोजन में हिस्सा लिया और हमारे प्रतिभागियों को विकास की क्षमताओं के साथ परिचित कराया। 2012 में अपनी स्थापना के बाद से हमने देश भर में लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित किया है।'' सुरेन्द्रन जयासेकर, संस्थापक, सक्सेस ज्ञान ने कहा। जाने-माने मनुष्य व्यवहार विशेषज्ञ डॉ जॉन डेमार्टिनी इस अवसर पर मुख्य प्रवक्ता थे, उन्होंने ख्यालीय दृष्टिकोण जागृत करने के तरीके के बारे में बताया। उन्होंने कहा ''चेंजमेकर्स में हम विचारों, दृष्टिकोण एवं कार्य की क्षमता को देखकर बहुत खुशी हो रही है- आप जीवन में जो कुछ भी सोचते हैं, करते हैं वह आपकी वास्तविकता बन जाती है।''फिल्म 'ट्वेल्थ फेल' के अभिनेता और दादा साहेब फाल्के पुरस्कार विजेता विक्रान्त मैस्से ने अपनी सफलता की यात्रा के बारे में बताया।

यूपी में ट्रैक्टर दुर्घटना में मारे गए श्रद्धालुओं को मोरारीबापू की श्रद्धांजलि एवं परिवारों को सहाय

नई दिल्ली। दो दिन पहले माघ पूर्णिमा के दिन उत्तर प्रदेश के कासगंज में श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रॉली तालाब में गिरने से 23 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। पूज्य मोरारीबापू की रामकथा हाल में अयोध्या में चल रही है। यह घटना दो दिन पहले की है पूज्य बापू ने प्रत्येक मृतक के परिवारों को पंद्रह-पंद्रह हजार रुपये, यानी कि कुल 3,45,000 रुपये की सहायता राशि अर्पण की है। पूज्य बापू ने सभी मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है और ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से मारे गए लोगों के निर्वाण के लिए प्रार्थना की है। यह राशि दिल्ली स्थित रामकथा श्रोताओं द्वारा मृतकों के परिवारों तक पहुंचाई जाएगी।

'पेटीएम मर्चेंट भुगतान में सबसे आगे

नई दिल्ली। डाटम के एक हाल में किये गये सर्वे में पता चला है कि 76 प्रतिशत से ज्यादा व्यापारी अपने लेन-देन के लिये पेटीएम का इस्तेमाल पसंद करते हैं। पेटीएम भारत की अग्रणी भुगतान एवं वित्तीय सेवा कंपनी है। इस कंपनी ने क्यूआर, साउंडबॉक्स और मोबाइल पेमेंट्स की पहल की है। व्यापारियों को होने वाले भुगतानों के लिये वह लगातार पहली पसंद बनी हुई।

आरबीआई के हालिया फैसले ने भुगतान लेने के लिये व्यापारियों के तरीकों को तरह-तरह से प्रभावित किया है। सर्वे किये गये 59 प्रतिशत व्यापारियों ने किसी तात्कालिक असर की बात नहीं की है और पेटीएम का इस्तेमाल जारी रखना पसंद किया है।

सर्वे में यह खुलासा भी किया गया है कि डिजिटल भुगतानों के मामले में पेटीएम सबसे आगे है। 58 प्रतिशत व्यापारियों ने पेटीएम को, 23 प्रतिशत ने गूगल पे को और 3प्रतिशत ने भारत पे को पसंद किया। सर्वे किये गये व्यापारियों में से 39 प्रतिशत अपने भुगतानों के लिये पेटीएम साउंडबॉक्स का इस्तेमाल करते हैं, जबकि 5 प्रतिशत ने पेटीएम ऐप के माध्यम से ऋण लिये हैं। कुल मिलाकर, व्यापारियों पर कम असर हुआ है और यदि उन्हें कोई नुकसान हुआ हो, तो इसे कम करने के लिये पेटीएम लगातार संपर्क कर रही है। इस सर्वे में 2000 व्यापारी थे, जो भारत के 12 शहरों में भुगतान लेने के लिये पेटीएम ऐप्स का इस्तेमाल करते हैं।

सुनील मित्तल को मानद नाइटहुड सम्मान, भारत व ब्रिटेन के व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देने का श्रेय

नई दिल्ली। भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और चेयरमैन सुनील भारती मित्तल को ब्रिटेन की राजशाही की ओर से मानद नाइटहुड सम्मान से सम्मानित किया गया है। 66 वर्षीय मित्तल यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय नागरिक है। उन्हें यह सम्मान ब्रिटेन के राजा किंग्स चार्ल्स थ्री की ओर से भारत और ब्रिटेन के व्यापारिक संबंधों को बढ़ाने की दिशा में योगदान के लिए दिया गया है। सम्मान की घोषणा के बाद सुनील मित्तल ने कहा, मैं महामहिम, किंग चार्ल्स से यह सम्मान पाकर बहुत अभिभूत हूं। ब्रिटेन और भारत के बीच ऐतिहासिक संबंध हैं, जो अब और अधिक सहयोग के एक नए युग में प्रवेश कर रहे हैं। मैं हमारे दो महान देशों के बीच आर्थिक और द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करने की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

मित्तल ने कहा, मैं ब्रिटेन की सरकार का शुक्रगुजार हूं, जो देश को निवेश के लिए आकर्षक स्थान बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग और कारोबार की जरूरतों पर ध्यान दे रही है। ब्रिटिश साम्राज्य का यह सम्मान स्थानीय समुदायों या व्यक्तियों को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है।

केबीई ब्रिटेन के राजा की ओर से नागरिकों को दिए जाने वाले सर्वोच्च सम्मानों में से एक है। यह आमतौर पर राजनयिक सेवा और विदेश सेवा के लिए ब्रिटेन के लोगों को दिया जाता है। यह सम्मान विदेशों में स्थित ब्रिटिश नागरिकों या विदेशी नागरिकों को मानद रूप से दिया जाता है। ब्रिटेन के कैबिनेट कार्यालय द्वारा जारी किए गए मानद ब्रिटिश पुरस्कारों की सूची के अनुसार मित्तल को मोस्ट एक्सीलेंट ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर के तहत केबीई प्रदान किया गया।

डोनियर ग्रुप ने लॉन्च किया 'नियो स्ट्रेच फ्रीडम टू मूव

नई दिल्ली। भारत का सबसे बड़ा लाइफस्टाइल और फैशन हाउस, डोनियर ग्रुप अपनी एक पहल से इन दिनों सुर्खियों में है। इसकी वजह है कि फैशन की दुनिया में तहलका मचाने के लिए यह रूप लेकर आया है एक म्यूज़िकल कैपेन 'फ्रीडम टू मूव'। इस म्यूज़िकल में दर्शकों के सामने होंगे टाइगर श्रॉफ, नताशा भारद्वाज और जन्नत जुबैर रहमानी। इस तिकड़ी का गीत 'नियो स्ट्रेच फैब्रिक' को लॉन्च करता है। यह दुनिया का सबसे बढ़िया फैब्रिक है जो चार तरफ़ स्ट्रेच हो सकता है। इस फैब्रिक से ग्राहकों को मिलेगी मूव के लिए ज्यादा आजादी। लॉन्च के मौके पर डोनियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री राजेंद्र वी. अग्रवाल ने कहा नियो स्ट्रेच के ब्रैंड एंबेसडर के रूप में टाइगर श्रॉफ को चुनना स्वाभाविक था। उनकी डायनैमिक एनर्जी और एफर्टलेस स्टाइल हमारे इस नए तरह के फैब्रिक नियो स्ट्रेच के साथ मैच होती है। डोनियर ग्रुप का यह फैब्रिक गुणवत्ता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के साथ ही ग्राहकों के लिए आराम और फैशन को फिर से परिभाषित करने के लिए किए जाने वाले हमारे लगातार प्रयास का ही नतीजा है। डोनियर में हमारा मानना है कि नियो स्ट्रेच के साथ, हम फैब्रिक की दुनिया में नए स्टैन्डर्ड स्थापित करेंगे।

'फ्रीडम टू मूव' कैंपेन के बारे में बात करते हुए डोनियर ग्रुप के एवीपी ब्रांड मार्केटिंग आकाश मिश्रा ने कहा, फ्रीडम टू मूव कैंपेन के पीछे अलग तरह के फैब्रिक के लिए जगह बनाना और इससे जुड़ा अनुभव को सभी तक पहुंचाने का विचार था। नियो स्ट्रेच हमारा प्रमुख प्रॉडक्ट है जो इस नई पहल में हमारे लिए सबसे अहम प्रॉडक्ट है। हमारा लक्ष्य नियो स्ट्रेच को फैशन की दुनिया का जाना पहचाना नाम बनाना है। इस म्यूज़िकल का हर स्टेप और हर मूव इस फैब्रिक से मिलने वाले कंफर्ट और आजादी को बताता है। इनोवेशन और क्रिएटिविटी के इस सफर के लिए हमारे साथ बने रहें।

डोनर स्टूडियोज के लिए इस म्यूज़िकल को ख्यात म्यूजिक वीडियो डाइरेक्टर मिहिर गुलाटी ने डाइरेक्ट किया है। इसे ड्रीम्सवॉल्टमीडिया और बैंग ऑन फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। इस लॉन्च में फैशन और सिनेमा से जुड़े कई सितारे नजर आए। टेक्सटाइल की दुनिया में डोनियर ग्रुप जाना-पहचाना नाम है और भारत में चार तरफ़ से स्ट्रेच होने वाले फैब्रिक का सबसे बड़ा मैन्युफैक्चरर भी है। यह ग्रुप अपने नए इनोवेशन से लोगों को मूवमेंट के लिए, ज्यादा आजादी देने जा रहा है। इस फैब्रिक में हवा की आवाजाही अब तक के सभी फैब्रिक से बेहतर है, इसका लचीलापन और आराम भी सबसे बेहतर है। इस नई पहल से डोनियर ग्रुप मार्केट में नए स्टैन्डर्ड सेट करने जा रहा है।

नियो स्ट्रेच सूटिंग फैब्रिक कई तरह के ब्लेन्ड में उपलब्ध है। इनमें पालीस्टर विस्कोस, कॉटन, लिनन, और वूल भी शामिल हैं ताकि हर ग्राहक की ज़रूरत को पूरा किया जा सके। कंपनी का लक्ष्य नियो स्ट्रेच के लिए मार्केट में एक अलग पहचान बनाना है। कंपनी इसे लिवा और लाइक्रा जैसे खास फैब्रिक सेगमेंट की तरह स्थापित करना चाहती है।

आर्किटेक्चर की बेहतरीन मिसाल नवविकसित गोमतीनगर रेलवे स्टेशन

CP KUKREJA ARCHITECTS

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में गत 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये गोमतीनगर रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया गया। सभी सुविधाओं से लैस गोमतीनगर रेलवे स्टेशन की इस नायाब कारीगरी के लिये सीपी कुकरेजा आर्किटेक्ट के अथक प्रयासों का परिणाम है। यह सीपी कुकरेजा आर्किटेक्ट के अट्ट प्रयासों का ही नतीजा है कि अब गोमती नगर रेलवे स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्री अब एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। जैसे कि फ्री वाय-फाय, एस्केलेटर, एक्ज़ेक्टिव लाउंज, बेबी फीडिंग रूम तथा यात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा आदि। पुनःविकसित की गई यह परियोजना स्टेशन को परिवहन के आधुनिक हब में बदलकर प्रगतिशील भारत की महत्वाकांक्षाओं को साकार करने में योगदान देगी। दीक्षु सी कुकरेजा के अनुसार गोमती नगर, लखनऊ का उभरता कमर्शियल एवंआईटी हब है। उन्होंने कहा, ''आर्किटेक्ट्स होने के नाते हम गोमती नगर रेलवे स्टेशन को सिर्फ इन्फ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड के दायरे से आगे बढ़कर पुनर्विकसित करना चाहते थे। हमने ऐसी परियोजना की कल्पना की, जो लखनऊ के आर्थिक विकास को गति प्रदान करे और क्षेत्र के निवासियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाए। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के निरीक्षण में गोमती नगर रेलवे स्टेशन का पुनःविकास मिश्रित-उपयोग विकास के रूप में किया गया है, अपनी प्राइम लोकेशन के चलते यह कनेक्टिविटी को बढ़ावा देकर क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करेगा। 60 एकड़ में फैली इस परियोजना में 40 एकड़ का कमर्शियल लैण्ड पार्सल, मौजूदा रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर है जो इसे डायनामिक एवं वाइब्रेन्ट कॉम्पलेक्स बनाते हैं।

वाल्ट डिज्नी और रिलायंस मीडिया के विलय का एलान, नीता अंबानी होंगी चेयरपर्सन

नई दिल्ली। भारत में वाल्ट डिज्नी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के मीडिया ऑपरेशन का विलय हो गया है। बयान के अनुसार, रिलायंस इस डील के तहत दोनों कंपनियों के विलय से बनी इकाई में 11,500 करोड़ रुपये निवेश करेगी। वॉल्ट डिज्नी कंपनी और रिलायंस इंडस्ट्रीज ने बुधवार को भारत में अपने मीडिया परिचालन का विलय कर 70,000 करोड़ रुपये की एक बड़ी कंपनी बनाने की घोषणा की। डिज्नी और रिलायंस इस संबंध में एक बाध्यकारी समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। इस कंपनी में रिलायंस की 63.16 फीसदी हिस्सेदारी होगी। वहीं डिज्नी को 36.84 फीसदी हिस्सेदारी मिलेगी। दोनों कंपनियों के मीडिया ऑपरेशन से बने संयुक्त उद्यम की चेयरपर्सन नीता अंबानी होंगी। वहीं उदय शंकर इस नई कंपनी के उपाध्यक्ष होंगे। रिलायंस अपनी मीडिया और एंटरटेनमेंट यूनिट वायकॉम 18 के माध्यम से कई टीवी चैनल्स, जियो स्ट्रीमिंग एप का संचालन करता है। वहीं वॉल्ट डिज्नी का भारत में वेंचर डिज्नी इंडिया है, जिसके अंतर्गत स्टार इंडिया भी आता है। जिसके पास कलर्स, स्टार प्लस, स्टार गोल्ड, स्टार स्पोर्ट्स जैसे चैनल्स का स्वामित्व है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के मीडिया ऑपरेशंस और वाल्ट डिज्नी का विलय भारत के सबसे बड़े मनोरंजन साम्राज्य में से एक का निर्माण करेगा, जिसका मुकाबला जी एंटरटेनमेंट और सोनी के संयुक्त उद्यम और नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम जैसे स्ट्रीमिंग दिग्गजों से होगा। बयान में कहा गया है कि विलय से बने संयुक्त उद्यम से भारत में डिजिटल और मीडिया के क्षेत्र में बड़े बदलाव आएंगे। इससे उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता और बेहतर कंटेंट कहीं भी और कभी भी मिल सकेगा। इस जॉइंट वेंचर (संयुक्त उद्यम) को भारत में डिज्नी फिल्म के वितरण और प्रोडक्शन के भी अधिकार मिलेंगे। विलय पर रिलायंस इंडस्ट्रीज के सीएमडी मुकेश अंबानी ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक समझौता है, जो भारत के मनोरंजन जगत में नए युग की शुरुआत करेगा।

सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड एक सस्टेनेबल फ्यूचर को आकार देने के लिए समर्पित है: रमन भाटिया फाउंडर एंड मैनेजिंग डायरेक्टर सर्वोटेक पावर

नई दिल्ली। सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड एक सस्टेनेबल फ्यूचर को आकार देने के लिए समर्पित है। हमारा विज़न, हाई-परफॉर्मेंस वाले ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशंस को आगे बढ़ाकर एक उज्जवल कल को प्रज्वलित करना यह तीन मुख्य एलिमेंट्स पर हमारा ध्यान केंद्रित करता है-

इनोवेशन हम बाजार की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने बाइडिरेक्शनल ईवी चार्जर और सोलर कारपोर्ट जैसे अत्याधुनिक उत्पादों का विकास करते हुए लगातार तकनीकी प्रगति कर रहे हैं।

सस्टेनेबल हम अपने पूरे ऑपरेशंस में रिन्यूएबल एनर्जी और ग्रीन इनिशिएटिव को प्राथमिकता देते हैं, कार्बन-न्यूट्रल फ्यूचर के लिए जागरूक विकल्पों को सशक्त बनाते हैं।

कस्टमर-सेंट्रिक हम ग्राहकों को अपने व्यवसाय के केंद्र में रखते हैं, अपनी मज़बूत आफ्टर-सेल्स सर्विसेज़ के माध्यम से असाधारण अनुभव और अटूट समर्थन सुनिश्चित करते हैं।

ये पिलर्स सीधे प्रमुख इंडस्ट्री ट्रेंड्स से अलाइन हैं- इनोवेटिव, सस्टेनेबिलिटी एनर्जी सॉल्यूशंस की मांग और कस्टमर-सेंट्रिक व्यवसाय मॉडल पर बढ़ता जोर। सर्वोटेक साझा सफलता में विश्वास करता है और इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी और अपने ग्राहकों में निवेश करके, हम एक हरित और अधिक ग्राहक-केंद्रित ऊर्जा परिदृश्य की ओर अग्रसर होते हैं।

बाजार की स्थिति

सर्वोटेक क्वॉलिटी, ग्राहक-संचालित इनोवेशन और अपेक्षाओं से अधिक पर ध्यान केंद्रित करके अलग खड़ा है। हम सुनिश्चित करते हैं कि हमारे प्रोडक्ट्स विश्वसनीय और तकनीकी रूप से उन्नत हों, मल्टीपोर्ट चार्जर और रिन्यूएबल एनर्जी इंटीग्रेशन जैसे समाधानों के साथ जो वास्तव में ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करते हैं। असाधारण ग्राहक सहायता पर हमारा ध्यान हमारी प्रतिबद्धता को मज़बूत करता है।

अपनी नेतृत्व स्थिति को आगे बढ़ाने के लिए, हमने निर्णायक कदम उठाए हैं-

इन-हाउस मैन्युफैक्चरिंग स्वदेशी एसी से डीसी मॉड्यूल प्रोडक्शन में अग्रणी हमारी क्वॉलिटी कंट्रोल और इनोवेशन क्षमता को मज़बूत करती है।

स्केल की गई क्षमता हमारी नई यूनिट की सालाना 24,000 ईवी चार्जर का उत्पादन करने की क्षमता हमें बढ़ती बाज़ार मांग को पूरा करने के लिए तैयार करती है।

भविष्य में निवेश पेटेंट फाइल करने सहित भारी रिसर्च एवं डेवलपमेंट इन्वेस्टमेंट यह सुनिश्चित करता है कि हम तकनीकी सफलताओं में सबसे आगे बने रहें।

सर्वोटेक केवल उत्पाद बेचने के बारे में नहीं है; यह विश्वसनीय समाधान बनाकर और व्यवसायों और व्यक्तियों को सशक्त बनाकर सस्टेनेबल एनर्जी के भविष्य को आकार देने के बारे में है।

सर्वोटेक के नज़रिए से देखा जाए तो, हम जानते हैं कि खेल में आगे रहना महत्वपूर्ण है, खासकर अनिश्चित समय में। इसलिए हमने कई सक्रिय कदम उठाए हैं। हम डाइवर्सफाइड हुए हैं, कि हमारा रेवेन्यू कहीं से आता है और हम किसे सेवा देते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि हम किसी एक चीज़ पर बहुत अधिक निर्भर नहीं हैं। हम अपने वित्त पर कड़ी नजर रखते हैं और खर्च के बारे में स्मार्ट निर्णय लेते हैं।

हम लगातार संभावित जोखिमों का आकलन करते हैं ताकि कुछ भी अप्रत्याशित होने पर हम क्विक-रिस्पॉन्स प्लान्स विकसित कर सकें। हम अपनी साझेदारी को महत्व देते हैं, चुनौतियों का मिलकर सामना करने के लिए सप्लायर्स और अन्य लोगों के साथ ओपन कम्युनिकेशन रखते हैं। फुर्ती महत्वपूर्ण है - हम इनोवेशन को अपनाते हैं ताकि जब बाज़ार में बदलाव हो तो हम आगे बढ़ सकें।

16 जीबी रैम और 128 जीबी रोम के साथ टेक्नो का ऑल-राउंडर स्पार्क 20सी भारत में अमेज़न पर रुपए 7,999 की आकर्षक कीमत पर उपलब्ध है

नई दिल्ली। किफायती कीमतों पर सर्वोत्तम श्रेणी की सुविधाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता पर खरा उतरते हुए, ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड टेक्नो ने भारत में एक और ऑल-राउंडर स्मार्टफोन- टेक्नो स्पार्क 20सी की पेशकश की है, जिसकी प्रतिस्पर्धी कीमत रुपए 8,999 है। हालाँकि, एक रोमांचक लॉन्च ऑफर के साथ, यूज़र्स 5 मार्च, 2024 से विशेष रूप से अमेज़न पर रुपए 7,999 की अत्यधिक शानदार कीमत पर इस स्मार्टफोन को खरीदी कर सकते हैं।

टेक्नो स्पार्क 20सी अधिक प्रीमियम रोजमर्रा के स्मार्टफोन अनुभव के लिए यूज़र्स को स्मार्टफोन में मिलने वाली सभी नवीन प्रमुख विशेषताओं की पेशकश करके एक स्मार्ट विकल्प होने के अपने वादे पर खरा उतरता है। अन्य स्मार्टफोन्स में जहाँ यूज़र्स को चुनिंदा स्पेसिफिकेशन्स को प्राप्त करने के लिए समझौता करना पड़ता है, वहीं इसके विपरीत स्पार्क 20सी यूज़र्स के लिए इस संघर्ष को समाप्त करता है। एक उल्लेखनीय डिस्प्ले और शक्तिशाली कैमरे से लेकर पर्याप्त स्टोरेज तक, टेक्नो स्पार्क 20सी एक

शानदार डिज़ाइन के साथ अत्याधुनिक सुविधाओं को एकीकृत करता है, जो इसे यूज़र्स के लिए एक बहुमुखी साथी बनाता है।

मूल्य में वृद्धि करते हुए, स्पार्क 20सी एक कॉम्प्लिमेंटरी ओटीटी प्ले प्रीमियम सब्सक्रिप्शन के साथ आता है, जिसका मूल्य रुपए 5,803 है। यह यूज़र्स को सीधे अपने फोन पर 24 लोकप्रिय ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पहुँच प्रदान करता है, जिससे वे अपनी सुविधानुसार रोमांचक कॉन्टेंट का आनंद ले सकते हैं। इस प्रकार, टेक्नो यूज़र्स को मनोरंजन की दुनिया में शामिल करते हुए, #मेकएस्मार्टरचॉइस के लिए आमंत्रित करता है।

लॉन्च इवेंट के दौरान बोलते हुए, अरिजीत तालापात्रा, सीईओ, टेक्नो मोबाइल इंडिया, ने कहा, टेक्नो स्पार्क 20सी रोजमर्रा के स्मार्टफोन अनुभव को नए स्तर तक ले जाने की हमारी प्रतिबद्धता को गहनता से दर्शाता है। टेक्नो स्पार्क 20सी, अपनी नवीन विशेषताओं और स्टाइलिश डिज़ाइन के साथ, भारतीय यूज़र्स की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए समर्पित है। टेक्नो यूज़र्स को स्टोरेज और डिस्प्ले अनुभव से लेकर कैमरा क्षमताओं तक उनकी हर जरूरत की पेशकश करके बेहतर विकल्प चुनने के लिए प्रोत्साहित करता है। स्पार्क 20सी के साथ, हम यूज़र्स को अपने दैनिक जीवन में सहजता से नवाचार को शामिल करने के लिए सशक्त बनाते हैं, जिससे वे रोमांचक संभावनाओं की दुनिया से खुद को जुड़ा हुआ पाते हैं।

स्पार्क 20सी की मुख्य विशेषताएँ

शक्तिशाली इंजन के साथ व्यापक स्टोरेज

टेक्नो स्पार्क 20सी प्रभावशाली 16 जीबी* रैम और 128 जीबी इंटरनल स्टोरेज के साथ आता है, जो इसे अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्ट बनाता है। इसका मतलब है कि आप स्टोरेज की कमी की चिंता किए बिना ढेर सारी यादें, संगीत और अन्य चीज़ों को कुशलतापूर्वक स्टोर कर सकते हैं। साथ ही, यह 1 टीबी तक के एक्सटर्नल कार्ड को भी सपोर्ट करता है, ऐसे में इसने पुरानी फिक्रसें या फाइल्स हटाने की जरुरत को पूरा तरह खत्म कर दिया है। स्पार्क 20सी एक सुदृढ़ परफॉर्मेंस प्रदान करता है, जिससे आप 16 बैकग्राउंड ऐप्स के साथ फोन को आसानी से चला सकते हैं और ऐप्स को 65% तेजी से लॉन्च कर सकते हैं, जिससे मल्टीटास्किंग को परफॉर्म करना परेशानी मुक्त हो जाता है। साथ ही, यह डार्विन इंजन के साथ आता है, जो परफॉर्मेंस को और भी बेहतर बना देता है। यह इंजन फ्रेम रेट स्टेबिलिटी को 15 गुना बढ़ा देता है और भारी उपयोग के दौरान टेम्परेचर को 5 डिग्री तक कम कर देता है, जो स्मूद और तेज परफॉर्मेंस सुनिश्चित करता है।

रीजेंसी गैस्ट्रो और कैंसर हॉस्पिटल पैनक्रियाटिक कैंसर सर्जरी के लिए अपनी तरह की पहली रोबोटिक तकनीक से इलाज़ किया

कानपुर। रीजेंसी गैस्ट्रो और कैंसर हॉस्पिटल अपनी तरह की पहली रोबोटिक तकनीक के साथ एडवांस्ड पैनक्रियाटिक कैंसर सर्जरी करने वाला पहला हॉस्पिटल बन गया है। डिपार्टमेंट हेड डॉ. अभिमन्यु कपूर और वरिष्ठ सर्जन डॉ. स्नेहा झा के नेतृत्व में हॉस्पिटल की सर्जिकल टीम व्हिपल प्रक्रिया के लिए एक इनोवेटिव दृष्टिकोण अपना रहे हैं। व्हिपल प्रक्रिया पैनक्रियाटिक (अग्नाशय) के कैंसर के लिए एक प्राइमरी सर्जिकल इलाज़ है। व्हिपल प्रक्रिया परंपरागत रूप से काफी जटिल समझी जाती है और इसमें 7 से 8 घंटे लगते है, व्हिपल के ऑपरेशन में डॉ. कपूर के इनोवेटिव दृष्टिकोण के तहत एक शानदार बदलाव आया है। रोबोटिक टेक्नोलॉजी की सटीकता और क्षमता का उपयोग करके डॉ. कपूर ने इस प्रक्रिया को सरल बना दिया है, जिससे सर्जरी में लगने वाला समय काफी कम हो गया है। इस तरह के दृष्टिकोण से बेहतर सटीकता और प्रभावकारिता सुनिश्चित हुई है। डॉ. कपूर दूरबीन विधि से यह ऑपरेशन करने वाले राज्य के पहले सर्जन हैं। यह दृष्टिकोण कैंसर सर्जरी में एक

ऐतिहासिक प्रगति साबित हुआ है। व्हिपल प्रक्रिया को पैंक्रियाटिकोडुओडेनेक्टॉमी के रूप में भी जाना जाता है, यह ग्लैंड (ग्रंथि) के सिर के अंदर स्थित पैनक्रियाटिक के कैंसर के लिए गोल्ड स्टैंडर्ड सर्जिकल ट्रीटमेंट है। इस जटिल प्रक्रिया में अग्न्याशय के सिर, अधिकांश ग्रहणी (छोटी आंत का एक खंड), पित्त नली का एक भाग, पित्ताशय और संबंधित लिम्फ नोड्स को सावधानीपूर्वक हटाना होता है। इस व्यापक दृष्टिकोण को अपनाकर सर्जनों का लक्ष्य पाचन क्रिया के लिए जरूरी महत्वपूर्ण संरचनाओं को सुरक्षित करते हुए कैंसर को बढ़ने से रोकना और खत्म करना है। पैनक्रियाटिक कैंसर सर्जरी में एक्सपर्ट डॉ अभिमन्यु कपूर ने इस बारे में कहा, व्हिपल प्रक्रिया में रोबोटिक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कैंसर के इलाज में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। रोबोट-असिस्टेड सर्जरी की सटीकता और निपुणता का उपयोग करके हम ऑपरेशन को अच्छे ढंग से कर सकते हैं और मरीज के इलाज़ के परिणामों को बेहतर कर सकते हैं। इनोवेशन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हमारे मरीजों को हाइएस्ट क्वॉलिटी वाली देखभाल प्रदान करने के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाती है। पैनक्रियाटिक कैंसर का आक्रामक प्रकृति और अक्सर आखिरी स्टेज में डायग्नोज होने के कारण इलाज करना बेहद चुनौतीपूर्ण हो जाता है। हालांकि सर्जिकल तकनीक और विशेषज्ञता में प्रगति होने से रीजेंसी गैस्ट्रो और कैंसर हॉस्पिटल जैसे अस्पताल पैनक्रियाटिक कैंसर इलाज़ के लैंडस्केप को नया आकार दे रहे हैं।

सड़क सुरक्षा अभियान में महायोगी गोरखनाथ विवि को राज्य स्तरीय सम्मान

अवधनामा संवाददाता

- रोड सेफ्टी क्लब के नोडल अधिकारी धनंजय पांडेय एवं छात्र शिवम पाण्डेय को मिला पुरस्कार

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर के रोड सेफ्टी क्लब के नोडल अधिकारी धनंजय पांडेय और छात्र शिवम पांडेय को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया गया है। उन्हें मंगलवार को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद और परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने सम्मानित किया। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय को यह पुरस्कार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनमानस को जागरूक करने के लिए प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि के लिए धनंजय पांडेय और शिवम पांडेय को बधाई देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेयी तथा कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने कहा कि विश्वविद्यालय के लिए यह गौरव की अनुभूति का क्षण है। सड़क सुरक्षा अभियान में विश्वविद्यालय ने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर समाज और राष्ट्र हित में बेहतर योगदान देने का प्रयास किया है।

फाइलेरिया की दवा खाने से बच्चों की तबीयत बिगड़ी

अमेठी अवधनामा संवाददाता। फाइलेरिया की दवा खाने से एक परिषदीय विद्यालय के 36 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के बाद बच्चों का स्वास्थ्य ठीक हुआ और उन्हें उनके घर भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार विकास खंड बहादुरपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय उड़वा में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को कल 27 फरवरी को विद्यालय में फाइलेरिया कार्यक्रम के अन्तर्गत दवा खिलाई गई थी। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक गिरीश कुमार से जानकारी करने पर अवगत कराया गया कि उक्त तिथि को एमडीएम खिलाने के बाद आशा द्वारा दवा खिलाई गई थी।बुधवार को विद्यालय के 36 छात्र-छात्राओं ने विद्यालय पहुंचने पर पेट दर्द जी मिचलाना एवं शरीर दर्द की शिकायत शिक्षक से की। जिसके बाद विद्यालय के शिक्षक ने एम्बुलेंस बुलाकर सभी 36 बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुरसतगंज भेजा गया। जहाँ सभी बच्चों का उपचार किया गया। उपचारोपरान्त सभी बच्चों को एम्बुलेंस से उनके घर भेज दिया गया।बताया गया है की सभी बच्चे पूर्ण रुप से स्वस्थ हैं। उक्त जानकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने बताया कि केवल तीन बच्चो को हल्का सिर दर्द बुखार एक बच्चे को उल्टी और एक बच्चे के दाहिने घुटने में हल्की स्वेलिंग कुल पांच बच्चे प्रभावित थे अब सभी बच्चे स्वस्थ है उन्होंने बताया कि मैं जूनियर हाई स्कूल उड़वा और सीएचसी फुरसतगंज भी गया था स्थित सामान्य है।

मतदाता जागरूकता के तहत हुई खेलकूद प्रतियोगिता

अमेठी अवधनामा संवाददाता। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में विभिन्न विकास खंड में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया। उपनिदेशक डॉ आराधना राज के निर्देश के क्रम में भादर ब्लॉक में कार्यक्रम प्रभारी सर्वेश विक्रम सिंह की अगुवाई में राजर्षि रणंजय आसल देव महाविद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्रबंधक रविंद्र प्रताप सिंह प्रवक्ता हरिराम नन्द कुमार यादव रेनू यादव शिखा सरोज एनवाईबी राहुल कुमार उपस्थित रहे। गौरीगंज ब्लाक में कार्यक्रम प्रभारी अभय शर्मा के नेतृत्व में जूनियर हाई स्कूल पूरे केसरी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य हरिप्रसाद शुक्ल विनायक मिश्रा वृजेश द्विवेदी प्रधान मो अमीन उपस्थित रहें। सभी विजेता व उपविजेता टीमों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विकासखंड संग्रामपुर में कालिकन इंटर कॉलेज के मैदान में कार्यक्रम प्रभारी सरिता सिंह व सीमा यादव के नेतृत्व में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य जय बहादुर सिंह व वरुण सिंह ने सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। विकास खण्ड तिलोई में ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी राघवेन्द्र प्रताप सिंह युवा मण्डल अध्यक्ष शिवम मिश्र महिला मण्डल अध्यक्ष श्रद्धा सिंह युवा मण्डल अध्यक्ष देवेश सिंह सहित तमाम युवा प्रतिभागी उपस्थित रहे।

बच्चों ने दिखाई विज्ञान प्रदर्शनी में हुनर

तरकुलवा देवरिया अवधनामा संवाददाता। जनपद के विकासखंड तरकुलवा के अंतर्गत ग्राम सभा मठिया महाबल में संचालित आरडीबी एकेडमी में बच्चों ने दिखाई विज्ञान प्रदर्शनी में अपनी प्रतिभा। प्रदर्शनी का आयोजन प्रत्येक कक्षाओं में विज्ञान पढ़ाने वाले अध्यापक अपने-अपने कक्षा वर्ग के साथ छात्रों के साथ उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में कहीं पर खेती को बचाने के लिए उपाय के साथ-साथ देश की उन्नति के लिए कैसे संसाधनों का प्रयोग किया जाना चाहिए नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा तैयार किए गए प्रोजेक्ट पर सब के मन मुग्ध हो रहे थे। जबकि कार्यक्रम के मुख्य अध्यक्ष विद्यालय के प्रधानाचार्य राधेश्याम कुशवाहा स्वयं ही सबके स्वागत व निर्देशन का कार्य खुद ही संभाल रहे थे। प्रधानाचार्य के द्वारा सभी आगंतुकों का सम्मान माला के साथ अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर के स्वागत किया गया।

विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेला आयोजित

देवरिया अवधनामा संवाददाता। विकास खण्ड भागलपुर में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अंतर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले मे चयनित अभियार्थियो को नियुक्ति पत्र वितरित किए गये। रोजगार मेले में 246 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया एवं रोजगार मेले में उपस्थित 07 कंपनियों द्वारा मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर 125 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। प्लेसमेन्ट अधिकारी राजकीय आईटीआई देवरिया दिनेश चन्द्र दीक्षित, जिला कौशल प्रबंधक गोबिन्द चौहान तथा राजेश यादव, अलोक कुमार पाण्डेय, आदि उपस्थित रहे।

दिनदहाड़े गहना साफ करने के बहाने तीन लाख के जेवर ले उड़े बदमाश

अवधनामा संवाददाता

- हाटा कोतवाली के सुकरौली कस्बे में दिनदहाड़े हुई वारदात
- भाग रहे बाइक सवार बदमाशों का फोटो सीसीटीवी में कैद

हाटा, कुशीनगर। हाटा कोतवाली क्षेत्र के सुकरौली कस्बें में बुधवार दोपहर लगभग एक बजे बाइक सवार बदमाशों ने गहना साफ करने के बहाने लाखों के जेवर ले उड़े। भागते समय बाइक सवार बदमाशो का कस्बें में लगा सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। दिनदहाड़े हुई इस घटना से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

हाटा कोतवाली के सुकरौली नगर पंचायत के वार्ड न. 2 राम जानकी नगर निवासी छोटेलाल शास्त्री के घर दोपहर एक बजे के करीब अपाची बाइक पर सवार दो युवक पहुंचे। घर पर मौजूद उनकी पत्नी सुभद्रा देवी से बाइक सवार बदमाशों ने अपने को बर्तन व गहना साफ करने वाला बताया तथा उनसे अपना गहना साफ कराने के लिए आग्रह किया। घर की महिला सुभद्रा देवी पहले तो चांदी के जेवर व पूजा का बर्तन साफ करने को दिया। जिसे बदमाशों ने अच्छी तरह साफ कर दे दिया और दोबारा घर में रखें सोने के सभी जेवर साफ कराने की बात कही। बदमाशों के विश्वास में आई सुभद्रा देवी ने अपने शरीर का सोने की तीन अंगूठी, एक चेन, कान का झुमका व घर में रखें अन्य जेवर लगभग तीन लाख के जेवर को साफ करने को देकर जैसे ही साफ किए गए चांदी के जेवर को धोने घर में गई। बाइक सवार बदमाशों ने बाइक चालू कर सोने चांदी के लगभग तीन लाख के जेवर लेकर भाग निकलें। घटना के बाद घर की महिलाए जोर जोर से शोर मचाने लगी।

शोर सुन आस पास के लोग जब तक पहुंचे तब तक बदमाश लाखों के जेवर लेकर चंपत हो गए। भागते समय बदमाशों का सुकरौली नगर पंचायत में कुछ जगहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे में फोटो कैद हो गया। दिनदहाड़े हुई चोरी की घटना से सुकरौली कस्बें के लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है।

हाटा कोतवाल राज प्रकाश सिंह का कहना है कि जेवर साफ करने के बहाने महिला का जेवर लेकर बाइक सवारों द्वारा भागने की घटना की जानकारी हुई हैं। सुकरौली कस्बें में अगल बगल लगें सीसीटीवी कैमरों में फुटेज को खंगाला जा रहा है। जल्द ही घटना को अंजाम देने वालें पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

3.90 करोड़ की लागत से देवरिया कसया का होगा चौड़ीकरण

अवधनामा संवाददाता

- विधायक के प्रयास से जर्जर सड़क को बनाने की मिली स्वीकृति

कसया, कुशीनगर। विधायक पंचानंद पाठक के प्रयास से क्षेत्र की विभिन्न सड़कों व गांव-टोले का कायाकल्प हो रहा है। अभी एक जर्जर सड़क को बनाने की सौगात लोक निर्माण विभाग से मिल चुकी है, जिसमें शीघ्र ही फेज-टू-फेज काम लगेगा जिसमे देवरिया कसया मार्ग संख्या 79 के शहरी भाग के चौड़ीकरण और सुंदरीकरण की स्वीकृति मिल गई है।

लोक निर्माण कार्य विभाग द्वारा कुशीनगर विधानसभा में एक सड़क शामिल है जिसकी कुल लागत 3 करोड़ 90 लाख 65 हजार है। जर्जर सड़क के लिए कुशीनगर विधायक ने विगत 11 अक्टूबर 2023 को लोक निर्माण मंत्री से मिलकर इस सड़क को सुंदरीकरण और चौड़ीकरण करने संबंधी मांग-पत्र दिया गया था, जिसकी स्वीकृति विभाग द्वारा मिल गई है। जिसके तहत कुशीनगर विधान सभा में शीघ्र ही कार्य प्रारंभ होगा। उक्त सड़क के लिए 78.13 लाख रुपए की स्वीकृति भी मिल गई है। विधायक ने कहा कि इस सड़क के सुंदरीकरण और चौड़ीकरण के बाद आवागमन और सुचार होने के साथ साथ सड़कों से सीधा संपर्क जुड़ेगा। इसके लिए लोक निर्माण व मंत्रिपरिषद के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में बिना भेदभाव विकास कार्य हो रहे है। अब गांवों को भी लिंक रोड से जोड़कर आवागमन सुगम हो रही है। मेरा प्रयास है कि विधान सभा क्षेत्र में एक भी सड़क जर्जर न हो।

नवाचार के युग में तकनीकी ज्ञान बेहद जरूरी है : कुशवाहा

अवधनामा संवाददाता

सलेमपुर। सलेमपुर के श्रीरैनाथ ब्रह्मदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्रों को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। सांसद रविन्दर कुशवाहा ने कहा कि अब बच्चों की शिक्षा तकनीकी ज्ञान पर आधारित हो गई है। तकनीकी ज्ञान से शिक्षा ग्रहण करने में लोगों को मदद मिलती है। नवाचार के युग में तकनीकी ज्ञान बेहद जरूरी है। केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार युवाओं एवं छात्र-छात्राओं को शिक्षित करने को लेकर सभी प्रकार के उपक्रम कर रही है। टैबलेट व स्मार्टफोन बच्चों की पढ़ाई में काफी मददगार साबित होंगे। उन्होंने कहा कि देश की तरक्की में युवाओं का बड़ा योगदान है। महाविद्यालय के प्रबंधक दीनदयाल मिश्रा ने कहा कि छात्र-छात्राओं के सुनहरे भविष्य के लिए सरकार की पहल पर टैबलेट का वितरण किया जा रहा है। इससे उन्हें आगे की पढ़ाई करने में आसानी होगी। उक्त अवसर पर अजय दूबे वत्स, सत्यप्रकाश सिंह विशेन, अशोक कुशवाहा, अशोक प्रजापति, अनूप उपाध्याय, रविशंकर मिश्र आदि मौजूद रहे।

राज्यसभा में आरपीएन सिंह समेत आठ प्रत्याशियों के जीत पर जश्न

अवधनामा ब्यूरो

भाजपा कार्यालय पर एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए

कुशीनगर। राज्य सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सभी 8 प्रत्याशियों की जीत और पूर्वांचल के कद्दावर नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन सिंह के राज्य सभा सांसद निर्वाचित होने पर कुशीनगर भाजपा कार्यकर्ताओं के जश्न मनाने का सिलसिला दूसरे दिन भी जारी रहा। बुधवार को रविन्द्र नगर स्थित भाजपा के लोकसभा कार्यालय में जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों द्वारा एक दूसरे का मुंह मीठा कर जीत का जश्न मनाया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि कुशीनगर जनपद को पहली बार राज्य सभा में प्रतिनिधित्व मिला है यह सभी जनपदवासियों के लिए गौरव की बात है। कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विश्वास और सबका प्रयास वाली कार्यपद्धति की जीत है। इस चुनाव में जिस प्रकार से भाजपा की जीत हुई है यह लोकसभा चुनाव के लिए शुभ संकेत है।इस प्रचंड विजय से तय हो गया है कि लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी अपनी जीत सुनिश्चत करेगी। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुदर्शन पाल, जिला उपाध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह, रमेश सिंह, विनोद भारती, एडवोकेट सीता सिंह,जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल, बाबूनन्दन सिंह, जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द, आई टी विभाग जिला संयोजक नमो नारायण मौर्य,पडरौना विधानसभा संयोजक मार्कण्डेय शाही, प्रवीण गुंजन, गिरीश चतुर्वेदी, मण्डल अध्यक्ष महेश रौनियार, राधेश्याम गुप्ता, भुवनेश्वर त्रिपाठी, ज्ञानविक्रम सिंह, मुंशी सिंह, अवधेश प्रजापति, जनार्दन मद्देशिया, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष मनीष विश्वकर्मा, प्रमोद राय, रामाधार चौहान, सूर्याश शाही आदि मौजूद थे।

जनता के साथ दुर्व्यवहार करने वाले दो सिपाही निलंबित

अवधनामा संवाददाता

कप्तानगंज, कुशीनगर। जनता से दुर्व्यवहार करने एवं अपने कर्तव्यों और दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में एसपी धवल जायसवाल ने बुधवार को कप्तानगंज थाने में तैनात दो सिपाही को निलंबित कर दिया। बता दें कि पुलिस उच्चाधिकारियों का आदेश है कि थाने पर जो जनता अपनी फरियाद लेकर पहुंचे उसके साथ अच्छा व्यवहार करें और उसका हाल चाल जाने। फिर शिकायत सुने। ऐसा करने से आम जनता पुलिस के प्रति अच्छा महसूस करें। लेकिन कप्तानगंज थाने में तैनात आरक्षी आशीष यादव व आरक्षी शेखर चौधरी आए दिन आम जनता से दुर्व्यवहार करते नजर आ रहे थे। जिसको संज्ञान लेकर एसपी धवल जयसवाल ने तत्काल प्रभाव से दोनों सिपाहियों को निलंबित कर दिया है। एसपी के इस कार्यवाई से अन्य लापरवाह सिपाहियों में हड़कंप मचा हुआ है।

51 आंगनबाड़ी भवनों का हुआ शिलान्यास

अवधनामा संवाददाता

- 38 नव चयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित

देवरिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में 3,077 नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र एवं 31 जनपदों में 1459 आंगनबाड़ी केंद्रों भावनों का शिलान्यास किया। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकास भवन स्थित गांधी सभागार में माननीय सांसद सलेमपुर रविंदर कुशवाहा, ग्राम्य विकास राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, विधायक रुद्रपुर जयप्रकाश निषाद, अध्यक्ष जिला पंचायत पंडित गिरीश चंद तिवारी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में देखा गया। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में 51 आंगनबाड़ी केंद्र भवन का शिलान्यास तथा 38 सहायिकाओं को आंगनबाड़ी कार्यकत्री पद पर चयन का नियुक्ति पत्र भी दिया गया। इस अवसर पर सांसद सलेमपुर रविंदर कुशवाहा ने सभी नव चयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इससे नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के जीवन में बड़ा बदलाव आएगा। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं ने कोरोना काल तथा इंसेफेलाइटिस उन्मूलन में उल्लेखनीय सेवा की है।

शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने सभी नव चयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के सुखद जीवन की कामना करते हुए शासन की मंशानुरूप जनसेवा करने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीण विकास राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि योगी सरकार की पहल पर 14 वर्षों पश्चात आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का चयन किया गया है। इससे मातृ शक्ति को बढ़ावा मिलेगा। सरकार बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। विधायक रुद्रपुर जयप्रकाश निषाद ने कहा कि मोदी-योगी की डबल इंजन सरकार महिला कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विभिन्न कानून बनाये गए हैं।

सीएम योगी रखेंगे पशु चिकित्सा महाविद्यालय की आधारशिला

अवधनामा संवाददाता

- तीन को ताल नदोर में होगा सीएम का कार्यक्रम
- दो मार्च को 1007 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण व शिलान्यास

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगामी तीन मार्च को गोरखपुर के ताल नदोर में पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय की आधारशिला रखेंगे। इसे भविष्य में विश्वविद्यालय के रूप में अपग्रेड कर दिया जाएगा। इसके एक दिन पहले दो मार्च को सीएम योगी महंत दिग्विजयनाथ पार्क में आयोजित कार्यक्रम में जिले को 1007 करोड़ रुपये की 49 विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। गोरखपुर में बनने वाला पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय, पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा से संबद्ध होगा। इसके बन जाने से पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी बिहार और पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के पशुपालकों को भी काफी फायदा होगा। इस महाविद्यालय को क्रमवार तीन चरणों में विकसित किया जाएगा। इसके लिए गोरखपुर-वाराणसी हाईवे पर स्थित ताल नदोर में 80 एकड़ भूमि चिन्हित की जा चुकी है। पहले चरण के निर्माण पर 228 करोड़ रुपये की लागत आएगी। कार्यदायी संस्था के रूप में लोक निर्माण विभाग को जिम्मेदार दी गई है। महाविद्यालय के परिसर में हॉस्पिटल ब्लॉक, एकेडमिक ब्लॉक, स्टाफ क्वार्टर, छात्रावास जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ पशु चिकित्सा विज्ञान से जुड़ी विभिन्न विधाओं के शोध अध्ययन केंद्रों की स्थापना की जाएगी। महाविद्यालय परिसर को नेट जीरो एनर्जी की अवधारणा पर विकसित किया जाएगा। प्रारंभिक चरण में यहां स्नातक स्तर पर 100 छात्रों के प्रवेश की व्यवस्था होगी। ताल नदोर में मुख्यमंत्री तीन मार्च को दोपहर बाद महाविद्यालय के निर्माण के लिए भूमि पूजन करेंगे। इसके एक दिन पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर बाद महंत दिग्विजयनाथ पार्क में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां वह 1007 करोड़ रुपये की 49 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इनमें करीब 954 करोड़ रुपये से अधिक की 35 परियोजनाओं का शिलान्यास तथा 53 करोड़ रुपये से अधिक की 14 परियोजनाओं का लोकार्पण शामिल है। लोकार्पण और शिलान्यास की परियोजनाओं में बाढ़ बचाव, फ्लाई ओवर, सड़क एवं नाली निर्माण, कलेक्ट्रेट परिसर में डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में आवासीय एवं अनावासीय भवनों का निर्माण, एमईएस ऑफिस की शिफ्टिंग, पर्यटन विकास के कार्य सम्मिलित हैं।

स्मृति ईरानी ने सुकन्याओं को सशक्त बनाने के लिए शुरू किए दो बोइंग साक्षरता कार्यक्रम

अमेठी अवधनामा संवाददाता। केंद्रीय मंत्री व स्थानीय सांसद स्मृति ईरानी ने बुधवार को जिले में बोइंग के रूम टू रीड साक्षरता कार्यक्रम के तहत 30 पुस्तकालयों और लर्निंग लिंक्स फाउंडेशन द्वारा 3 बोइंग इनोवेशन स्टूडियो का उद्घाटन किया।उन्होंने महिला साक्षरता को आगे बढ़ाने और बालिकाओं को सशक्त बनाने में मदद करने के लिए जिले में बोइंग साक्षरता कार्यक्रम शुरू किया।प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में राष्ट्र को बोइंग सुकन्या कार्यक्रम समर्पित किया था जिसका उद्देश्य पूरे भारत की लड़कियों और महिलाओं को एसटीईएम (विज्ञान प्रौद्योगिकी इंजीनियरिंग गणित) क्षेत्र में महत्वपूर्ण कौशल सीखने और विमानन क्षेत्र में नौकरियों के लिए प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करना है।इस मौके पर स्मृति ईरानी ने कहा सबसे बड़ी बात ये है कि मैं बोइंग सुकन्या कार्यक्रम के माध्यम से भारत के विमानन क्षेत्र में अपने देश की बेटियों की भागीदारी आगे बढ़ाने में मदद करने के विजन के लिए हमारे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी की आभारी हूँ। मुझे इस बात की भी उतनी ही खुशी है कि इस कार्यक्रम के तहत हमने अमेठी में 60 बोइंग - रूम टू रीड लाइब्रेरी और बोइंग एसटीईएम लैब स्थापित करके साक्षरता अभियान का विस्तार किया है।

नये टीबी मरीजों को खोजने पर आशा कार्यकर्ता को भी पांच सौ रुपये देने का प्रावधान : डीटीओ

अवधनामा संवाददाता

- टीबी और कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के बारे में आशा संगिनी और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों का हुआ प्रशिक्षण

गोरखपुर। जिला क्षय और कुष्ठ अधिकारी डॉ गणेश यादव ने कहा है कि अगर आशा कार्यकर्ता नया टीबी मरीज खोज कर पंजीकृत करवाती हैं तो उन्हें भी पांच सौ रुपये उनके खाते में सूचनादाता के तौर पर देने का प्रावधान है। ब्लॉक स्तरीय अधिकारी और आशा संगिनी इस बारे में आशा कार्यकर्ताओं को जागरूक करें।

यह बातें उन्होंने टीबी और कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के बारे में आशा संगिनी और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान एनेक्सी भवन सभागार में मंगलवार को कहीं। इस प्रशिक्षण के बाद ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों और आशा संगिनी की मदद से आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर कार्यक्रम को मजबूती प्रदान की जाएगी। डॉ गणेश यादव ने कहा कि अगर किसी को दो सप्ताह से अधिक की खांसी, सीने में दर्द, पसीने के साथ बुखार, तेजी से वजन घटने, भूख न लगने और बलगम में खून आने जैसे लक्षण दिखें तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या आयुष्मान आरोग्य मंदिर भेज कर टीबी की जांच कराना है। अगर आशा कार्यकर्ता के माध्यम से मरीज केंद्र आता है और जांच के बाद पहली बार टीबी की पुष्टि होती है तो कार्यकर्ता को सूचनादाता के रूप में 500 रुपये उसके खाते में दिये जाते हैं। मरीज को भी इलाज चलने तक 500 रुपये प्रति माह की दर से धनराशि पोषण के लिए दिये जाते हैं । मरीज को धनराशि देने का उद्देश्य है कि वह प्रोटीनयुक्त आहार जैसे दूध, मछली, अंडा, पनीर आदि का सेवन करे। ऐसा करने से मरीज को जल्दी ठीक होने में मदद मिलती है। मरीज को महंगी जांचें भी सरकारी प्रावधानों के अनुसार उपलब्ध कराई जाती हैं। डॉ यादव ने कहा कि अगर गृह भ्रमण के दौरान आशा कार्यकर्ता को कुष्ठ का संभावित रोगी मिले तो नजदीकी ब्लॉक स्वास्थ्य इकाई पर भेज कर नान मेडिकल असिस्टेंट या नान मेडिकल सुपरवाइजर की मदद से कुष्ठ की जांच करा लें । किसी के शरीर में अगर सुन्न दाग धब्बे हैं जिनका रंग चमड़ी के रंग से हल्का है तो यह कुष्ठ भी हो सकता है । ऐसे लक्षण दिखने पर संबंधित व्यक्ति को स्वास्थ्य केंद्र पर भेजें। पासी बेसिलाई कुष्ठ रोगी खोज कर सम्पूर्ण इलाज करवाने पर 650 रुपये और मल्टी बेसिलाई कुष्ठ रोगी खोज कर सम्पूर्ण इलाज करवाने पर 850 रुपये आशा कार्यकर्ता को खाते में देने का प्रावधान है। उप जिला क्षय अधिकारी डॉ विराट स्वरूप श्रीवास्तव और जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ भोला गुप्ता ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। आभार ज्ञापन पीपीएम समन्वयक अभय नारायण मिश्रा ने किया। इस मौके पर डीपीसी धर्मवीर प्रताप सिंह, इंद्रनील, वर्ल्ड विजन इंडिया संस्था से शक्ति पांडेय, चंद्रप्रकाश, कुष्ठ रोग विभाग से आसिफ और पवन श्रीवास्तव प्रमुख तौर पर मौजूद रहे।

बहराइच को मिली साइबर थाने की सौगात, मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअली शुभारंभ

समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त अपराधियों पर होगी हर समय निगरानी

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। जनपद के पुलिस लाइन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद के थाना नानपारा में एटीएस के प्रशासनिक भवन और टाइप -3 के बत्तीस आवासीय भवन का शिलान्यास एवं साइबर थाना जनपद बहराइच का वर्चुअली शुभारम्भ किया गया।

बहराइच वासियों को साइबर अपराध से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से आज मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद बहराइच के साइबर क्राइम थाना का वर्चुअली शुभारम्भ तथा थाना नानपरा में एटीएस के प्रशासनिक भवन टाइप -3 के 32 आवासीय भवनों का वर्चुअली शिलान्यास किया गया। इस दौरान पुलिस लाइन में आयोजित इस समारोह में सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गौंड़, विधायक सदर अनुपमा जयसवाल, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह,विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके साथ-साथ लोकार्पण के समय पुलिस अधीक्षक बहराइच वृन्दा शुक्ला अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ0 पवित्र मोहन त्रिपठी अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा समस्त क्षेत्राधिकारी प्रतिसार निरीक्षक लाइन प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना व अन्य अधिकारी कर्मचारीगणों एवं गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित रहकर मुख्यमंत्री के विचारों से लाभान्वित हुये। साइबर क्राइम थाने का लोकार्पण होने से आमजनमानस को साइबर सम्बन्धी अपराधों के निस्तारण करने में मदद मिलेगी तथा साइबर सम्बन्धी मुकदमों की विवेचना इसी थानें के माध्यम से की जायेगी।

आवासीय भवन से पुलिस में तैनात निरीक्षक व उपनिरीक्षक को सुविधा बढ़ेगी इसके लिए 3 बी0एच0के0 फ्लैट तैयार किए गए हैं जो निरीक्षक उपनिरीक्षक रैंक के अधिकारी को आवंटित किए जाएंगे जिसमें वह अपने परिवार को साथ में रखकर पूर्ण मनोयोग से अपनी ड्यूटी कर सकेगें। इस जनपद में नेपाल के साथ अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर की लगभग 100 किलोमीटर की सीमा है इसके दृष्टिगत रखते हुए यहां राष्ट्रविरोधी संगठनों एवं व्यक्तियों की कार्यवाही की सतत निगरानी बरतने की आवश्यकता है जिसके फल स्वरुप एटीएस स्थायी प्रशासनिक भवन के निर्माण से इनकी टीम वहां पर रहकर स्थानीय पुलिस के साथ समनन्वय स्थापित कर सभी राष्ट्र विरोधी एवं समाज विरोधी गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए रख सकेगी।

आचार्यश्री को दी विनयांजलि

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा संत शिरोमणि आचार्य भगवंतश्री 108 विद्यासागर महाराज के समाधित्य होने पर श्री 1008 संकट मोचन हनुमानजी मन्दिर नझाई बाजार पर विनयाजंलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने आचार्यश्री के बारे में अपने-अपने संस्करण बतायें। इस दौरान सभी धर्म-प्रेमी बन्धुओं ने आचार्यश्री के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित एवं अक्षत पुष्प समर्पित किये। वक्ताओं में सुनील शर्मा, नवल सोनी, शुभम कौशिक, कन्हैया नामदेव, रामगोपाल नामदेव, अजय जैन साईकिल, सानू बाबा, मंगू पहलवान, रामेश्वर मालवीय, बृजेन्द्र सिंह गौर, राजू जैन, संजू ग्वाला, राजकुमार सोनी, नरेन्द्र पाठक, प्रशान्त तिवारी, नितिन पाराशर, डग्गीराजा परमार, भरत वैद्य, पंकज सतरवांस, सिद्देश्वर जमौरया, रामजी महाराज, ओम ताम्रकार, पीयूष श्रीवास्तव, अंकित जैन, अमन शर्मा, अनुराग साहू, रूपेश चौधरी, संजय चौधरी, अभिषेक चौरसिया, आकाश वर्मा, विकास श्रीवास्तव, नरेन्द्र पाठक, नीरज साहू, अमित खटीक, नीलेश कुशवाहा, विकास कुशवाहा, सोनू कुशवाहा, दीपक राजपूत, किशन कुशवाहा, कमलेश कुशवाहा, राहुल, मनोहर कुशवाहा, करन, अभिषेक कुशवाहा, कार्तिक, रोहित, गुलशन, कमल जैन, अक्षय चौधरी, राकेश जैन, राजीव जैन, विजय, शाहिल, प्रमोद साहू आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत संपन्न हुआ 342 गरीब कन्याओं का विवाह

जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने दिया वर-वधू को आशीर्वाद

बाबुल का आंगन बना गेंद घर का मैदान

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत गेंद घर में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 342 कन्याओं का विवाह सम्पन्न हुआ जिसमें 16 जोड़े अल्पसंख्यक (मुस्लिम समुदाय) के हैं। कार्यक्रम में मौजूद सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल, पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, विधायक पयागपुर के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडी डीआरडीए राज कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमा शंकर, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी सहित अन्य अधिकारियों ने नव विवाहित वर-वधू को सुखमय दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद देकर विदा किया।

सामूहिक विवाह योजना के लिए करें ऑनलाइन

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों के विवाह हेतु सामूहिक विवाह योजना का ऑनलाईन पोर्टल संचालित है। जनपद के पात्र आवेदक योजनान्तर्गत संचालित बेवसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 10 मार्च 2024 की तिथि सामूहिक विवाह के आयोजन हेतु निर्धारित की गयी है। यह जानकारी देते हुये सीडीओ कमलाकान्त पाण्डेय ने बताया कि इच्छुक आवेदक 10 मार्च 2024 को होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए 04 मार्च 2024 तक विभागीय बेवसाइट पर जन सुविधा केन्द्र, साइवर कैफे, निजी इंटरनेट केन्द्र आदि माध्यमों से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजनान्तर्गत पात्रता हेतु कन्या के पिता की वार्षिक आय रूपये दो लाख या उससे कम होनी चाहिए, वधु की आयु 18 वर्ष तथा वर की आयु 21 वर्ष होनी चाहिए साथ ही आयु की पुष्टि हेतु शैक्षिक योग्यता, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड या मनरेगा कार्ड अनिवार्य है। योजनान्तर्गत आर्थिक सहायता 35 हजार रू0 की धनराशि कन्या के खाते में 10 हजार रू0 की वैवाहिक उपहार सामग्री तथा 6 हजार रू0 विवाह आयोजन हेतु इस प्रकार कुल 51 हजार रू0 की धनराशि प्रति जोड़ा) उपलब्ध कराई जाती है।

नियुक्ति पत्र पाकर कार्यकत्रियों के खिले

नवचयनित 50 लाभार्थियों को वितरण किया गया नियुक्ति पत्र

जिले को 41, आंगनबाड़ी केन्द्रों की मिली सौगात

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 3077 नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण एवं 173 करोड़ रूपये की लागत से प्रदेश के 31 जनपदों में 1459 जिसमें जनपद बहराइच के 41, आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों का शिलान्यास कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद बहराइच अक्षयबर लाल गोड, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडीडीआरडीए राज कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों ने नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की गरिमामयी उपस्थिति में सजीव प्रसारण हुआ। इस अवसर पर सांसद श्री गोड द्वारा विधायक नानपारा, मुख्य विकास अधिकारी के साथ नवनिर्मित होने वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों के शिलालेख का अनावरण किया तथा आंगनबाड़ी सहायिका से आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर नव चयनित 50 लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया।

संक्षिप्त समाचार

जनपद के समस्त थानों व पुलिस चौकी के प्रभारी व पुलिस कर्मियों ने चलाया चेकिंग अभियान

सुल्तानपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस बल के साथ अपने अपने क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया। जिले में सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु समस्त थानों के पुलिस कर्मचारियों द्वारा बैंक ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गयी।उनके द्वारा जनपद की पिकेट ड्यूटी तथा बार्डर ड्यूटी पर बैरियर लगा कर संदिग्ध व्यक्ति एंव वाहन को चेक किया गया। जनपद में चल रही कक्षा 10/12 वीं की बोर्ड परीक्षा के मद्दे नजर रखते हुये मुख्यमार्गो तथा जनपद की सीमा पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध वाहनों, व्यक्तियों एवं वस्तुओं की चेकिंग की गई।

रक्तदान कर मनाया चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस

सुल्तानपुर। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ की ओर से देश की आज़ादी के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले महान वीर सपूत चन्द्र शेखर आज़ाद के बलिदान दिवस की पुण्य स्मृति में जिला चिकित्सालय ब्लड में रक्तदान शिविर का आयोजन शुरू हुआ। 100 बार रक्तदान महादान कर कीर्तिमान स्थापित करने वाली ब्लड आईकॉन जहाँ आरा सहायक कमान्डेंट होम गार्ड ने रक्तदान शिविर कार्यक्रम का फीता काट कर शुभारंभ किया। सी एम एस डॉ एस के गोयल ,ब्लड बैंक प्रभारी डॉ आर के मिश्रा, हड्डी रोग सी एल रस्तोगी, निज़ाम खान अनुराग पाण्डेय,अनुराग गुप्ता विजय चौधरी आदि मौजूद रहे।

साइबर थाने का किया उद्घाटन

सुल्तानपुर। डीएम कृतिका ज्योत्सना व एसपी सोमेन वर्मा ने साइबर अपराध पर रोक लगाने के लिए बड़ी पहल की है। बुधवार को पुलिस लाइन परिसर में साइबर थाने का उक्त अधिकारियों द्वारा उदघाटन किया गया।साइबर अपराध की बढती घटनाओं को लेकर पुलिस लाइन परिसर में साइबर थाने का शुभारम्भ किया गया।आधुनिक उपकरणों से लैस पहला साइबर थाना खुलने से साइबर अपराध पर रोक थाम लगेगी।साइबर अपराध के पीड़ित ऑफलाइन व ऑनलाइन अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे। साइबर फ्रॉड की प्राथमिकी दर्ज कर टेक्निकल एक्सपर्ट प्रशिक्षित पुलिस पदाधिकारी व तकनीकि सेल के पुलिस कर्मी साइबर अपराध के मामलों का अनुसंधान कर साइबर फ्रॉड के शिकार लोगो को न्याय दिलायेंगे।

श्री गुरुनानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का मनाया गया वार्षिकोत्सव

अवधनामा संवाददाता

सुलतानपुर। गुरुनानक विद्यालय ,गुरुनानकपुरा में वार्षिकोत्सव एवं मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक और प्रतियोगी कार्यक्रम आयोजित हुए। मुख्य अतिथि चेयर मैन नगर पालिका प्रवीन अग्रवाल ने संस्था संस्थापक स्वर्गीय इंद्रजीत सिंह जी के साथ अपनी पुरानी यादों को साझा करते हुए विद्यालय के लिए उनके संघर्ष को याद किया।विभिन्न प्रतियोगी विजेता बच्चों को पुरस्कृत कर के बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर व्यवसायी आलोक आर्या जी, राकेश पालीवाल , प्रख्यात कवि कमलनयन पांडे, डा. रमाशंकर मिश्रा (वरिष्ठ होमियोपैथिक चिकित्सक), प्रोफेसर बी. पी. सिंह ने शिक्षा और समाज निर्माण मे विद्यालय की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रबंधक सरदार महेंद्रपाल सिंह (एडवोकेट) ने विद्यालय के विभिन्न विषयों मे छात्रों की विशिष्ट क्षमताओं को बढ़ाने के लिए विद्यालय में किये जा रहे प्रयासों को साझा किया। अभिभावकों के अलावा प्रमुख रूप से सरदार गुरुचरन सिंह, माता महेंद्र कौर, सिंह, सुदीप सिंह, तेजेंदरपाल सिंह, तेजपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में अविभावक व विद्यालय के छात्रऔजुद रहेउपस्थित रहे।

कोतवाली नगर पुलिस की तानाशाही

सुल्तानपुर। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर श्रीराम पांडे की कार्य प्रणाली से क्षेत्र के पीड़ित जन त्रस्त हैं। उनके साथ घटी अपराधिक घटनाओं की तहरीर तो उनसे ले लेते हैं, किंतु मुकदमा लिखवाने में टाल- मटोल करते रहते हैं। थक हारकर पीड़ित घर बैठ जाता है। नगर के खैराबाद के अन्नू चौराहा निवासी शमीम आफताब पुत्र अब्दुल सलाम जो पत्रकार भी है,अपने साथ हुए एक लाख आठ हजार रुपए के फॉड की तहरीर बीते 19 फरवरी को इंस्पेक्टर साहब को दिया था। लगभग एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी आज तक न तो मुकदमा लिखा गया,और न ही कोई कार्यवाही ही की गई। इसी तरह के सैकड़ों की संख्या में पीड़ितों की तहरीर कोतवाल साहब की डस्ट बिन की शोभा बढ़ा रही हैं।

अयोध्या के लिए जाखलौन से रवाना हुयी बस

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। श्रीराम जन्म भूमि दर्शन के लिए बस से श्रद्धालुओं को रवाना किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान महेंद्र सिंह ने श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर यात्रा की कामना की। बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या दर्शन के लिए तैयार हैं। शासन द्वारा सभी को दर्शन कराने की पूरी व्यवस्थाएं चल रही हैं। कस्बा के इंद्र अखाड़ा मंदिर से अयोध्या धाम के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की एक बस को रवाना किया गया। मंदिर के पुजारी अखिलेश चौबे ने बस का स्वस्ति वाचन कर विधिवत पूजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गांव के लोगों ने अयोध्या जाने वाले दर्शनार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस दौरान सुरेश प्रकाश कौन्तेय ने कहा कि कई वर्षों के संघर्ष के बाद अयोध्या में भगवान श्रीराम की जन्म भूमि पर भव्य मंदिर बना है। यह हमारी पीढ़ी का सौभाग्य है कि हमें भव्य मंदिर के दर्शन करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने सभी दर्शनार्थियों को तिलक लगाकर बस को रवाना किया। बस प्रभारी मनोहर अहिरवार ने कहा कि सभी श्रद्धालुओं के लिए हर संभव सुरक्षित और सुखद वातावरण में यात्रा और दर्शन करवाए जाएंगे। इसके लिए पार्टी वचनबद्ध है।

कोटेदार पर राशन कम देने का लगाया आरोप

अवधनामा संवाददाता

विरोध करने पर कोटेदार ने महिला पर चलाया हाथ

शाहजहांपुर। थाना मदनापुर ग्राम हैदरपुर जहां से एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमे कोटेदार दबंग तरीके से महिलाओं को गाली दे रहा है।

जहां एक ओर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मनसा अनुसार हर ग्राम पंचायत में फ्री राशन वितरण किया जा रहा है। तो वहीं एक तरफ कोटेदार अपनी मनमानी के चलते सरकार के मंसूबों पर पानी फेरता नजर आ रहा है।

महिला का आरोप है कि एक यूनिट पर 5 किलो की जगह पर 4 किलो ही गल्ला देता है कोटेदार पति अंशु कोटेदार सुमन देवी का पति राशन बांट रहा था तभी गांव की ही रहने वाली महिला कोटेदार पति अंशु से चार यूनिट का 20 किलो राशन लेने के लिए आई तभी कोटेदार 18 किलो गला तोलने लगा जब महिला ने इसका विरोध किया की हमें गल्ला पूरा 20 किलो चाहिए तभी इतने में कोटेदार अंशु आग बबूला हो गया।

इतने में महिला से गाली गलौज कर महिला को तौलने बाला कटोरा मार दिया।

कोटेदार ने महिला का अंगूठा,साइन कर राशन देने से इंकार कर दिया और महिला से कहा जो करना हो करो हम राशन पूरा नहीं देंगे हमारी भी पहुंच ऊपर तक है। महिला द्वारा सरकार से प्रार्थना करते हुए कह रही है कि ऐसे भ्रष्ट कोटेदार व सरकार की योजनाओं पर पानी फेरता कोटेदार पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए इसी क्रम में महिला विमला देवी ने मदनापुर थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है लेकिन पुलिस इस मामले की अभी तक जांच पड़ताल नही कर पाई है।

रंगीन चौपाल की पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

शाहजहांपुर। महानगर के थाना सदर बाजार क्षेत्र में स्थित मोहल्ला रंगीन चौपाल की रहने वाली राबिया पुत्री इरफान हुसैन ने पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी शादी बीते वर्ष 16 फरवरी को मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार मोहल्ला जलालनगर ऊंची मस्जिद के पास रहने वाले डॉ रईस उद्दीन पुत्र स्वर्गीय शहाबुद्दीन के साथ मेरे पिता ने लगभग 40 लख रुपए खर्च कर की थी। लेकिन ससुराल वाले इसे संतुष्ट नहीं हुए और अतिरिक्त दहेज में 10 लख रुपए एक बड़ी चार पहिया की गाड़ी की डिमांड करने लगे। जब ससुराल वालों की इस मांग को पूरा करने में हमारे परिवार वालों ने असमर्थता जताई तो वह लोग मारपीट और प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता ने दिए गए पत्र में पति पर कई अन्य महिलाओं से भी संबंध रखने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने ससुराल वालों पर उसके मायके आकर पिता भाई और अन्य परिवार जनों पर जानलेवा हमला करने का भी आरोप लगाया है। पीड़िता ने एसपी अशोक कुमार मीना से रिपोर्ट दर्ज करवाकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

बच्चों को दीनी तालीम के साथ दी गई दुनियावी ज़रूरी तालीम

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। इस बार सदनशाह मस्जिद के इमाम हाफिज असगर अली साहब ने उन बच्चों पे काफी मेहनत की जो बच्चे किसी मजबूरी की वजह से पढ़ाई-लिखाई से कोसों दूर थे। उनके अन्दर पढ़ाई का शौक पैदा करके इन बच्चों पर खूब मेहनत की और इन बच्चों में ज्यादातर बच्चे गरीब घरों से थे तो उनके मुफ्त खाने पीने का इन्तेजाम और मुफ्त तालीम भी देते रहे। जिसका हल्का सा नमूना उन्होंने 21 फरवरी 2024 को एक छोटा सा प्रोग्राम करके लोगों के सामने भी रखा। जिसका नतीजा ये निकला कि जिन बच्चों को किसी भी भाषा का ज्ञान ना था उन बच्चों ने सिर्फ आठ-नौ महीने में ही अब लोगों के सामने अरबी, अंग्रेजी और उर्दू भाषा में स्पीच भी दी और स्पीच के द्वारा उन बच्चों ने अपने गुरुओं, सदन शाह व पूरे शहर वासियों का शुक्र अदा भी किया और कहा कि आप लोगों की मदद से ही मेरे गुरु हाफिज अली साहब हम पर इतनी मेहनत कर सके और उन बच्चों ने मौजूद सभी लोगों से ये वादा भी किया।

मास्टर जाकिर साहब ने उन बच्चों से जनरल नॉलेज के कुछ सवालात भी किये जिनका बच्चों ने बखूबी जवाब भी दिये और फिर कार्यक्रम के बाद सभी बच्चों को खूब इनामों से भी नवाजा गया। कार्यक्रम में पवन जायसवाल एड., डा.पवन सूद, एड.रामेशवर, एड.आबिद मंसूरी, जावेद असलम उर्फ राजू पत्रकार, पत्रकार इमरान मंसूरी, सदर मस्जिद कमेटी हाजी रफीक, उर्स कमेटी सदर हाजी बाबू बदरुद्दीन, इरशाद, मुहम्मद जमा, हाजी शहीद मंसूरी, मास्टर जाकिर, मास्टर मुनीर और इन के इलावा तमाम बुजुर्ग और हाजी साहिबान महमाने खुसूसी रहे और सभी ने बच्चों को खूब आशीर्वाद दिया और खूब दुआओं से नवाज़ा और नसीहत भी दी। कार्यक्रम में आये हुए सभी मेहमानों नें हाफिज असगर अली साहब को भी खूब मुबारकबाद दी और इस नेक सराहनीय काम में हाफिज असगर साहब के सहयोगी मुफ्ती अजहर साहब, मौलाना शाह जहां मंजरी, मास्टर शोएब अखतर, आरिफ उर्फ बोबी, आसिद खां उर्फ रोबी रहे।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के राजेन्द्र सिंह बने अध्यक्ष शतेंद्र सिंघई जिला मंत्री

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद ललितपुर की जिला कार्यकारिणी का निर्वाचन चंद्रभान यादव निर्वाचन अधिकारी, झांसी की देखरेख में पी एन इंटर कॉलेज ललितपुर में संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी के समक्ष राजेन्द्र सिंह बुंदेला अध्यक्ष पद हेतु, शतेंद्र कुमार सिंघई जिला मंत्री, मानवेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष, वेद प्रकाश सिंह एवं उमेश चंद्र ने प्रान्तीय प्रतिनिधि हेतु नामांकन किया। उक्त पदों हेतु कोई अन्य शिक्षकों ने नामांकन नहीं किया, जिसके कारण उक्त सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। निर्वाचित पदाधिकारियो को चुनाव अधिकारी चंद्रभान यादव एवं प्रताप सिंह परिहार संरक्षक द्वारा निर्वाचित होने के प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। चुनाव अधिकारी ने शिक्षकों से अपील की कि संगठन में बहुत बड़ी शक्ति होती है, जनपद के शिक्षक अगर एक साथ रहेंगे तो आपकी सभी मांगे अधिकारियों द्वारा मानी जाएंगी तथा सभी शिक्षक साथियों में एकता का भाव विकसित होगा। जिले एवं मंडल स्तर की मांगों का निस्तारण में पूरा सहयोग किया जाएगा। श्री प्रताप सिंह परिहार पूर्व प्रधानाचार्य ने सभी पदाधिकारियो एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मैं रिटायरमेंट होने के बाद भी आपसे कंधे से कंधा मिलाकर आपके साथ रहूंगा तथा आपका सहयोग करूंगा। अंत में नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष श्री राजेंद्र सिंह बुंदेला ने निर्वाचन अधिकारी, सभी पदाधिकारियो एवं जनपद के शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। निर्वाचन के समय अजय सक्सेना, सत्येंद्र शिवा, धीरेंद्र जैन, घनश्याम बिन्द,अनुराग जैन, मुकेश पंथ, हर प्रसाद कुशवाहा, देवेंद्र यादव, अरुण सिंह, रमाकांत यादव, मोहम्मद अली, अबरारुद्दीन, विजय बहादुर सरोज, संजीव वर्मा, सुरेश यादव, अमित यादव, ओम प्रकाश आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

कार्यालय-जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी।

पत्रांक : 182 (1) /नि0अ0/ई-टेण्डर/जि0पं0/2023-24 दिनांक : 26 फरवरी, 2024

अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

उ0प्र0 क्षेत्र समिति तथा जिला परिषद निर्माण कार्य (प्रथम संशोधन) नियमावली के अनुपालन में समस्त जिला पंचायतों में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों के अतिरिक्त, राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पन्द्रहवॉ वित्त आयोग (अनटाईड) अनुदान योजनान्तर्गत निम्न कार्य प्रतिशत दर के आधार पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र बेबसाईट http//etender.up.nic.in से दिनांकः 04.03.2024 अपरान्ह 01.00 बजे से डाउनलोड किये जा सकते है। ऑनलाइन निविदा दिनॉकः 11.03.2024 को अपरान्ह 03.00 बजे तक डाली जा सकती है, जो दिनांकः 11.03.2024 को सायं 04.00 बजे से निविदा समिति के समक्ष तकनीकी बिड ऑनलाइन खोली जायेगी तथा तकनीकी बिड जॉचोपरान्त फाइनेन्सियल बिड आनलाइन खोली जायेगी। कार्यो का विवरण बेबसाईट http//etender.up.nic.in व http//kheri.nic.in तथा कार्यालय के कार्य दिवस में जाना जा सकता है।

अभियन्ता, जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी। | **अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी** | **अध्यक्ष, जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी**

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **सिंगल पैकेट पद्धति** से ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **28.03.2024** को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा फार्म का मूल्य जमा नही करना है तथा निविदादाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नही किये जायेंगे।

निविदा सूचना संख्या	01302024 दिनांक 27.02.2024	
कार्य का नाम	1.	सहायक मण्डल इंजीनियर–मुख्यालय /उ0रे0/लखo के अधीन वी0जी0 कालोनी, चालीस क्वार्टर कालोनी, शान्तीपुरम कालोनी, एल0डी0 कालोनी, चर्च कालोनी, डीजल कालोनी, डीजल शेड कालोनी बरहा कालोनी ईस्ट ऑफ जेल रोड कालोनी, वेस्ट ऑफ कालोनी, हॉस्पिटल कालोनी, हैदर कैनाल कालोनी, बन्दरियाबाग कालोनी, ओल्ड एण्ड न्यू सी0एन0बी0 लाइन कालोनी, बिहाइन्ड डिप्टी सी0ओ0एस0 कालोनी, धोबी घाट कालोनी, आर0पी0एस0एफ0 फैमिली लाइन कालोनी, आर0पी0एफ0 फैमिली लाइन कालोनी इत्यादि में दरवाजे खिड़कियों, पानी आपूर्ति तथा सैनेटरी की भारी मरम्मत, छत की मरम्मत, सफेदी तथा रंगाई पुताई तथा सड़क की मरम्मत का कार्य।
अनुमानित लागत	क्रम सं0 01 के लिए	(1) रु.6,73,03,624.16
धरोहर राशि	क्रम सं0 01 के लिए	(1) रु.4,86,500.00
कार्य की समापन अवधि	क्रम सं0 01 के लिए	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छह (06) माह।
निविदा डालने का प्रारंभ	क्रम सं0 01 के लिए	14.03.2024
निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	क्रम सं0 01 के लिए	28.03.2024 15:00 बजे
वेबसाईट	www.ireps.gov.in	

नोट :

1. तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबंधित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नही किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रो को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ.रे. नयी दिल्ली का पत्र सं. **74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose Dated : 07.04.2015**)

632/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सर्वे रिपोर्ट में 18.091 किसानो की फसले हुयीं बर्बाद

15546.6 हेक्टर फसल प्रभावित, राहत पोर्टल पर फीडिंग शुरू

अवधानामा संवाददाता

हमीरपुर। बीते दिनों हुई ओलावृष्टि से बर्बाद हुई किसानों की फसलों का सर्वे प्रशासन द्वारा करवा लिया गया है। जिसमें हमीरपुर तहसील के कुल 51 गांव के 18091 किसानो की 33त्न से अधिक फसल की क्षति हुई है। इस ओलावृष्टि से करीब 15546.6 हेक्टर फसल प्रभावित है। प्रशासन ने ओलावृष्टि से हुई क्षति होने पर प्रभावित किसानों को कृषि निवेश अनुदान के अंतर्गत सहायता का वितरण करने के लिए 23,29,10370 रुपए धन आवंटन की मांग शासन से की है। अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि बीते दिनों हुई वर्षा और ओलावृष्टि से फसलों की हुई बर्बादी के लिए टीम बनाकर सर्वे कराया गया था। जिसकी रिपोर्ट आ गई है। जिसके अनुसार 51 गांव 18091 किसानो की 15546.6 हेक्टर फसल की 33त्न से अधिक क्षति हुई है। वहीं शासन द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे किसानों की फीडिग राहत पोर्टल पर भी की जाए। जिसका कार्य शुरू हो चुका है। सभी लेखपालों को इसके लिए लगा दिया गया है। जिन्होंने किसानो की डिटेल लेनी शुरू कर दी है।

एडीएम ने बताया कि ओलावृष्टि से किसानों की मटर, गेहूं,चना व लाही समेत अन्य फैसले चौपट हुई है। इससे सबसे अधिक नुकसान हमीरपुर तहसील क्षेत्र के किसानों का हुआ है। किसानों को कृषि निवेश अनुदान के अंतर्गत सहायता का वितरण करने के लिए प्रशासन ने 23,2910,370 रुपए धन आवंटन की मांग शासन से की है।

इन गांव में हुआ सबसे अधिक फसल का नुकसान

ओलावृष्टि से तहसील हमीरपुर के अंतर्गत कुल 51 गांव की फैसले प्रवाहित हुई है जिसमें पौथिया बुजुर्ग, पौथिया खुर्द, सहुरापुर डंडा, सहुरापुर दरिया दरिया, कलौलीजार, उजनेड़ी, सिकरी, ललपुरा, कुडौरा नरायनपुर, नजरपुर मोराकांदर, परसनी, ममरेजपुर डंडा समेत ममरेजपुर दरिया, कुम्हऊपुर, बहरौली डाडा है। इसके अलावा बहरौली दरिया, पारिपुरा, पंधरी, टेढ़ा, मौहर, धुंधपुर, केंथी, नदेहरा, बड़ा, शादीपुर, बाकी, बाक बिल्हड़ी, बबीना, रगौरा, पलरा, सुमेरपुर, जखेला, करियापुर, लहरा गुजरौरा गांव शामिल है। सूची में भैंसापाली, रिठारी, चकोठी, जल्ला, कंडौर डंडा, कंदौर दरिया, पारा, बेरी, इंद्रपुरी, झलोखर, तिकोनाहार कुसौली आदि गांव भी है। 18091 किसानों के 15546.6 हेक्टेयर कृषि भूमि पर बार गई रवि की फसलों में जैसे सरसों, लाही,गेहूं,चना,मटर आदि 33 प्रतिशत सबसे अधिक की क्षति हुई है।

बैंकर्स के साथ मुख्य विकास अधिकारी नें की महत्वपूर्ण बैठक

हमीरपुर। विभिन्न ऋण संबंधी योजनाओं को प्रभावी गति देने के उद्देश्य से बैंकर्स के साथ मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष आयोजित की गयी। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की पीएम रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत किए जाने वाले आवेदनों को किसी भी दशा में पेंडिंग ना रखा जाए ,उनको नियमानुसार स्वीकृत कर समय से डिस्बर्स किया जाए। उन्होंने स्वरोजगार संबंधी अन्य योजनाओं के लंबित प्रकरणों पर बैंकर्स को समयबध्द ढंग से निर्णय लेकर नियमानुसार पेंडेंसी को निस्तारित करने के निर्देश दिए।

शादी के एक दिन पहले बारात लेकर पहुंचा दूल्हा

लड़की पक्ष किसी तरह बारातियों का किया स्वागत सत्कार

द्वारचार के साथ शादी की अन्य रश्म कराई गई पूरी

अवधनामा संवाददाता।

हमीरपुर। कार्ड में शादी की तिथि गलत होने से वर पक्ष एक दिन पहले ही लड़की पक्ष के दरवाजे बारात लेकर पहुंच गया। एक दिन पहले घर के बाहर पहुंची बारात को देखकर हर कोई दंग रह गया। बाद में कन्या पक्ष का सहयोग करते हुए गांव के लोगों ने बारात का स्वागत सत्कार किया। शादी की अन्य कार्यक्रम पूरा करने के बाद शाम दुल्हन की विदाई हुई। कुरारा क्षेत्र के सिकरोडी गांव निवासी स्वर्गीय रामपाल अनुरागी की पुत्री रेखा की शादी सदर कोतवाली के पारा पुरवा गांव के बेटाराम के साथ तय हुई थी। शादी की तारीख 27 फरवरी निर्धारित की गई थी। बेटाराम की भाभी कौशल्या ने बताया कि कार्ड छपाई में 27 की जगह शादी की तारीख 26 फरवरी छप गई। उनके घर में कोई ज्यादा पढ़ा लिखा नहीं था। इसलिए किसी ने तारीख पर गौर नहीं किया और रिश्ते नातेदारों को कार्ड भी बांट दिए गए। तय तिथि से पूर्व रिश्तेदारों का आना-जाना हो गया और 26 फरवरी को वह लोग बारात लेकर सिकरोड़ी गांव पहुंच गए। निर्धारित तिथि के एक दिन पहले बारात पहुंचने के बाद उन्हें पता चला कि तब शादी की तारीख 27 फरवरी रखी गई थी। गांव में एक दिन पहले दरवाजे पर बारात देखकर लड़की पक्ष के लोग भी हैरान हो गए। गांव निवासी अशोक कुमार पांडे ने बताया कि रेखा के पिता की मौत हो चुकी है। बारात एक दिन पहले आने से हर किसी के चेहरे का रंग बदल गया। यहां गांव के सभी लोगों ने मिलकर मदद की और रातों-रात बारात के स्वागत सत्कार की तैयारी की गई। हलवाई लगाकर भोजन तैयार कराया गया।उसके बाद द्वारचार और जयमाला आदि की रस्में हुई। सुबह भावरे पड़ी।

प्रभारी मंत्री ने किया साइबर क्राइम थाना का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा जनपद हमीरपुर के साइबर क्राइम थाना सहित प्रदेश के समस्त जनपदों के साइबर क्राइम थाना का वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन व लोकार्पण किया गया। साथ ही जनपद के पुलिस भवनों का उद्घाटन एवं लोकार्पण किया गया।

मुख्यमंत्री द्वारा साइबर क्राइम के रोकथाम हेतु सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारियों को वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

जनपद हमीरपुर में स्थापित साइबर क्राइम थाने का लोकार्पण होने से आमजनमानस को साइबर सम्बन्धी अपराधों के निस्तारण करने में मदद मिलेगी। जनपद हमीरपुर के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू) द्वारा फीता काटकर साइबर क्राइम थाना का उद्घाटन व लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी सदर व अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारी एव कर्मचारी मौजूद रहें।

मन्त्री ने सरकार की लाभार्थीपरक योजनाओं से जनता को रुबरू कराया

अवधानामा संवाददाता

हमीरपुर। भारत सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम नगर मौदहा के वार्ड नम्बर 04 मीरा तालाब प्रागंण में आयोजित किया गया, जिसमें भारत सरकार द्वारा संचालित योजनायें जिन में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना आदि के स्टाल लगाकर लाभार्थियों का पंजीयन कर उनको लाभान्वित किया गया, तथा अन्य को भी लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में मनोहर लाल पंथ राज्य मंत्री श्रम सेवा योजन उ0प्र0 सरकार /प्रभारी मंत्री उपस्थित रहे, उन्होने अपने उद्बोधन में भारत सरकार एवं राज्य सरकार की लाभार्थीपरक योजनाओं से आमजनमानस को अवगत कराया। बाबूराम निषाद राज्य सभा सांसद, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, लाला राम निषाद ब्लाक प्रमुख, रजा मुहम्मद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मौदहा तथा पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश पालीवाल एवं बाल्मीक गोस्वामी नगर पालिका परिषद मौदहा इन के अलावा चन्द्रशेखर शुक्ल मुख्य विकास अधिकारी हमीरपुर, डा0 नागेन्द्र नाथ यादव अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/ प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय हमीरपुर राजेश चन्द्र उपजिलाधिकारी मौदहा, श्रेयस त्रिपाठी क्षेत्राधिकारी मौदहा के साथ.साथ भारतीय जनता पार्टी के अन्य पदाधिकारी अनूप सिंह नगर अध्यक्ष एवं नगर के सम्भ्रान्त व्यक्ति भी उक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रूप से सुशील कुमार दोहरे अधिशासी अधिकारी नगरपालिका मौदहा एवं उनकी की पूरी टीम का योगदान सराहनीय रहा। प्रभारी मंत्री ने मकराव गौशाला का निरीक्षण कर गौशाला में पशुओं तथा उनके चारा, भूसा, पानी व टीकाकरण आदि की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिए।

डिज़िटाइज़ेशन एंड ऑटोमेशन इन सेफ्टी प्रतियोगिता संपन्न

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/रेणुकूट। हिण्डाल्को में चल रहे सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत डिज़िटाइज़ेशन एंड ऑटोमेशन इन सेफ्टी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न प्लांटों की चार टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत टीमों को डिज़िटाइज़ेशन एवं ऑटोमेशन के द्वारा कार्यों को कैसे और सुरक्षित तथा सुगम बनाया जाये इस पर प्रस्तुतिकरण देना था। प्रतियोगिता के निर्णायक विमल रहेजा एवं योगेन्द्र सिंह के सम्मुख सभी टीमों ने अपना-अपना प्रस्तुतिकरण दिया। प्रस्तुतिकरण के आधार पर निर्णायकों ने अल्युमिना प्लांट के सुनील कुमार सिंह, संजय कुशवाहा व अशोक दीक्षित की टीम का चयन प्रथम पुरस्कार के लिए किया जबकि फ़ैब्रिकेशन प्लांट के अनिकेत सिंह, पी.एन. सिंह व शुभागम द्विवेदी की टीम को द्वितीय तथा रिडक्शन प्लांट के हेमंत लोढ़ा, अंजली मिश्रा एवं साक्षी कुण्डू की टीम को तृतीय स्थान प्रदान किया। प्रतियोगिता का संचालन सुनील कुमार पाण्डेय ने किया। इसी क्रम में बेस्ट सेफ्टी कॉन्सियस कॉन्टेक्टर्स प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें अल्युमिना प्लांट से मे. बजरंग कन्सट्रक्शन ने प्रथम, रिडक्शन से मे. भुल्लन कन्सट्रक्शन ने द्वितीय तथा युटिलिटी से मे. अनिता स्क्रैप ट्रेडर्स ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत ज्यूरी के सदस्य प्रमोद उपाध्याय, कमल किशोर, महेश प्रसाद, आर.के. यादव एवं विनोद सिंह ने विभिन्न प्लांटों में घूम-घूम कर कॉन्ट्रेक्टर्स के एरिया एवं कार्यों को विभिन्न पैरामीटर्स के अंतर्गत जांचा एवं परखा और तदनुसार विजेताओं का चुनाव किया।

एनटीपीसी सिंगरौली के तृतीय चरण के विस्तारीकरण हेतु कार्यवाही जारी

सोनभद्र/शक्तिनगर। राज्य एवं राष्ट्र के विकास को समर्पित शक्तिनगर सोनभद्र स्थित, एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना 800 मेगा वॉट की दो यूनिट लाने की योजना के साथ विस्तारीकरण हेतु अग्रसर है। इस विस्तारीकरण के लिए ज्वालामुखी आवासीय परिसर को खाली कराये जाने का कार्य प्रगति पर हैं और काफी हद तक पूरा किया जा चुका हैं। उक्त आवासीय परिसर को खाली कराने का कार्य शासन एवं प्रशासन की मदद से वैधानिक रूप से एवं शांतिपूर्ण ढंग हो रहा हैं। कतिपय अधिवासित व्यक्तियों ने संपदा अधिकारी एनटीपीसी सिंगरौली के आदेश पर न्यायालय से राहत भी मांगी है जिनका निस्तारण सेशन न्यायालय सोनभद्र से होना है। ऐसे ही एक मामले मे उच्च न्यायालय ने वादी को संपदा अधिकारी को एक लाख जमा करने तथा सेशन न्यायालय को सीमित समय मे मामले को निस्तारित करने का आदेश पारित किया है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अर्न्तगत 223 जोड़े हुये एक-दूजे के

अवधानामा ब्यूरो

सोनभद्र। ''मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना'' के अन्तर्गत आज विकास खण्ड राबर्ट्सगंज के डायट परिसर में 223 जोड़ों का विवाह भव्य तरीके स सम्पन्न हुआ, इसमें रावर्टसगंज ब्लॉक-76, घोरावल में-57, करमा में-16, चतरा में-50 व नगवॉ में-24 यानी कुल 223 जोड़ों की शादी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान उरमौरा राबर्ट्सगंज परिसर में धूम-धाम के साथ धार्मिक रीति-रिवाजों से शादी सम्पन्न करायी गयी, जिसमें 219 हिन्दू समाज के व 04 मुस्लिम समाज के जोड़ें शादी में शामिल रहें। शादी समारोह में सासंद पकौडी लाल जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, जिलाध्यक्ष भाजपा नन्दलाल गुप्ता व विधायक घोरावल के प्रतिनिधि सुरेन्द्र मौर्य, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारिगण सम्मलित रहे इस दौरान धार्मिक पूजा, जयमाल, सिन्दूरदान, शादी के सात फेरे कराकर शादी सम्पन्न करायी गयी शादी समारोह में भोज का भी आयोजन किया गया, शादी समारोह में बारात आयी, बारात का स्वागत किया गया, वर व वधु पक्ष के लोगों का सेवा सत्कार भी किया गया, शादी समारोह में जहां हिन्दू समाज के 219 जोड़ों का हिन्दू रीति-रिवाज से शादी सम्पन्न हुई, वहीं 04 मुस्लिम जोड़ों की शादी निकाहनामे के साथ हुई। उन्हें सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी

गयी, शादी के वधु के 35 हजार रूपये का स्वीकृति-पत्र और 10 हजार रूपये का घर-गृहस्थी का सामान दिया गया। सामान में विभिन्न प्रकार के बर्तन का सेट, चुनरी, साड़ी शादी के लिए एक सेट, वधु के लिए तीन सेट साड़ी, 5 लीटर का प्रेशर कूकर, एक जोड़ी चांदी की पायल, चांदी की बीछिया, एक बड़ा कलश, सरकार की तरफ से दिया गया, इस प्रकार से सरकार की तरफ से प्रति जोड़ा 51 हजार रूपये का खर्च किया गया। इस मौके पर घराती व बाराती के पक्ष के जो नागरिक मौके पर पहुंचे सभी का सत्कार किया गया और लजीज पकवान भी खिलाये गये, शंख ध्वनि से शादी समारोह श्री गणेश किया गया और पंचांग पूजन धार्मिक रीति-रिवाज से किया गया। शादी समारोह को सम्बोधित करते हुए सांसद श्री पकौड़ी लाल कोन ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित किया जाये, इसके लिए योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक किया जाये, जिससे कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी की योजनाओं से वंचित न रहें, इस दौरान जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने कहा कि धार्मिक रिति-रिवाज के साथ समाज के हर वर्ग के व्यक्तियों का मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत शादी समारोह सम्पन्न हो रहा है।

इस शादी समारोह में सम्मलित होकर लोग काफी हर्ष व प्रफुल्लित हो रहे है यह प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। शादी समारोह में जिलाध्यक्ष अपना दल (एस.) सत्यनारायण पटेल, जिला, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर, डी.सी. मनरेगा रमेश यादव, जिला कृषि अधिकारी एच.आर. मिश्रा, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी/ जिला सूचना अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारियों, मीडिया के पदाधिकारियों सहित वर तथा वधू पक्ष के परिवारजन आदि ने शादी समारोह कार्यक्रम में सकारात्मक सहयोग किया।

श्री श्याम बाबा भक्तों ने निकाली निशान यात्रा

अवधानामा ब्यूरो

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज शहर के डीआर ड्रीम्स में श्री श्याम भक्त मंडल रॉबर्ट्सगंज द्वारा आयोजित होने वाले बाबा श्याम का छठा वार्षिक महोत्सव से पूर्व नगर में निशान यात्रा निकाली गई। इस दौरान खाटू श्याम के गगन भेदी जयकारों से नगर गुंजायमान हो उठा। बुधवार को निशान यात्रा हनुमान मंदिर बगीची से प्रारम्भ होकर भ्रमण के पश्चात बांके बिहारी जी मंदिर रामलीला मैदान पहुंची। निशान यात्रा के दौरान भक्त खाटू श्याम के जयकारे लगा रहे थे। यात्रा में शामिल श्याम भक्तों की भीड़ रास्ते भर भक्ति गीतों पर थिरकती रही। श्री श्याम भक्त मंडल रॉबर्ट्सगंज की ओर से निकाली गई यात्रा में महिलाओं, बच्चों और पुरुषों की भीड़ रही। यात्रा शुभारम्भ से पूर्व मंदिर में पं. ने पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की गई। इस मौके पर समाजसेवी पुनीत जैन, अमित जैन, पवन जैन, राकेश गुप्ता, रवि केजरीवाल, गणेश अग्रवाल, अंकिता केजरीवाल, प्रिया जैन, रितु अग्रवाल, सोनी जैन, सिम्पल सोनी आदि मौजूद रहे।

साइबर अपराध वर्चुअल मीटिंग का सीएम ने किया शुभारंभ

साइबर फ्राड, साइबर धोखाधड़ी, साइबर क्राइम की रोकथाम हेतु हुआ साइबर थाना का शुभारंभ

अवधानामा ब्यूरो

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वर्जुअली रूप से किया गया साइबर थाने का शुभारंभ

जनपद सोनभद्र में साइबर थाना का हुआ उद्घाटन

सोनभद्र। पूर्वाह्न 11:00 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु 2,310 करोड़ से अधिक के 144 निर्माण कार्यों का लोकार्पण /शिलान्यास तथा 75 जनपदों के 1523 पुलिस थानों में साइबर सेल, 57 जनपदों में साइबर क्राइम पुलिस थाने, 18 मंडल मुख्यालयों पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन थाने, 8 जनपदों में भ्रष्टाचार निवारण संगठन इकाई तथा प्रयागराज एवं कुशीनगर में पर्यटन थाने का शुभारंभ लोक भवन सभागार, लखनऊ से वर्जुअली माध्यम से किया गया । उसी क्रम में जनपद फोन पर पुलिस लाइन में स्थित साइबर क्राइम थाने में उपस्थित सदर सिओ संजीव कटियार के नेतृत्व में जिसका लाइव प्रसारण UPGovtOfficial यू-ट्यूब चैनल के साथ साथ, Government of UP के ट्वीटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम एकाउन्ट पर लाइव प्रसारण किया गया। आधुनिक उपकरणों से लैस साइबर थाने में साइबर अपराध के पीड़ित ऑफलाइन व ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

साइबर फ्रॉड की प्राथमिकी दर्ज कर टेक्नीकल एक्सपर्ट प्रशिक्षित पुलिस पदाधिकारी व तकनिकी सेल के पुलिस कर्मी साइबर अपराध के मामलों का अनुसंधान कर साइबर फ्रॉड के शिकार लोगो को न्याय दिला सकेंगे। जहां अत्याधुनिक तरीके से साइबर फ्रॉड मामलों का उद्भेदन हो सकेगा।

तीन लोगों ने चालक को पीटकर ई-रिक्शा लूटा

बांदा। दो अज्ञात लुटेरे सवारी बनकर ई-रिक्शा में बैठ गए और त्रिवेणी चैराहा जाने की बात कही। त्रिवेणी चैराहे पर नाले के पास रिक्शा रुकवाया और चालक को मारपीट कर खंती में फेंक दिया। इसके बाद ई-रिक्शा लेकर मौके से भाग निकले। पीड़ित किसी तरह अपने घर पहुंचा। बाद में उसने भूरागढ़ पुलिस चैकी को लिखित तहरीर दी है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के कहला गांव निवासी रामसेवक निषाद पुत्र बड़कू ई-रिक्शा चलाकर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता है। भूरागढ़ चैकी पुलिस को दी गई तहरीर में उसने बताया कि सोमवार की रात को वह ई-रिक्शा चला रहा था।

कमरा बंद कर युवक ने फांसी लगाई, मौत

अवधनामा संवाददाता

पड़ोस के निमंत्रण से वापस लौटने पर अंजाम दी घटना

बांदा। पड़ोसी के निमंत्रण में शामिल होने गई पत्नी बुलाने पर वापस नहीं आई तो नाराज पति ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद करने के बाद रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। काफी देर के बाद पत्नी और परिजन घर आए तो कमरे का दरवाजा बंद था। छोटे बेटे ने हाथ डालकर कुंडी खोली, देखा तो युवक का शव फंदे पर लटक रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बदौसा थाना क्षेत्र के केवटन पुरवा निवासी विजय निषाद (40) पुत्र गोरेलाल का पड़ोसी में रहने वाले रिश्ते के मौसी के लड़के घनश्याम के घर में सपरिवार निमंत्रण था। घनश्याम के भांजे का जन्म दिन मनाया जा रहा था। विजय ने खाना खाया और पत्नी पूनम को घर चलने के लिए कहा। पूनम ने कुछ देर में आने की बात कही। इस पर विजय अपने घर वापस आ गया और कमरे का दरवाजा बंद करने के बाद उसने रस्सी से गले में फंदा कसकर खुदकुशी कर ली। अन्य स्वजन और पूनम घर पहुंची तो दरवाजा बंद था। विजय के बेटे सुमित ने हाथ डालकर कुंडी खोली। अंदर जाकर देखा तो विजय का शव फंदे पर लटक रहा था। फंदा काटकर आनन-फानन विजय को नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के मौसी के लड़के घनश्याम ने बताया कि उसके भांजे का बर्थडे था। विजय और उसकी पत्नी पूनम भी आए हुए थे। विजय ने पत्नी पूनम को घर चलने को कहा, लेकिन पूनम कुछ देर से घर पहुंची, शायद इसी बात से नाराज होकर विजय ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद से परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

ठोस कदम उठाएं, वरना लोकसभा चुनाव का करेंगे बहिष्कार

अवधनामा संवाददाता

बांदा। पुल निर्माण आंदोलन समिति के बैनर तले बुधवार को ग्राम पंचायत नरौली स्थित रामजानकी मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। सभी ग्रामीणों ने एक स्वर से कहा कि पुल नहीं तो वोट नहीं। कहा कि अगर पुल निर्माण के लिए ठोस कदम नहीं उठाया गया तो आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने से गुरेज नहीं किया जाएगा। नरौली गांव के हरिनारायण द्विवेदी, शंकर विश्वकर्मा, बद्रीविशाल आदि ने कहा कि यमुना नदी में पक्का पुल न बनने से हमारा क्षेत्र बहुत ज्यादा पिछड़ा है। बरसात में चार महीने हम लोगों को बहुत समस्या होती है पूरा क्षेत्र टापू बन जाता है। हम बाहर भी निकल पाते। सरकार से हमारी मांग है कि लोकसभा चुनाव के पहले पक्के पुल निर्माण की प्रक्रिया शुरू कराएं। अब बहानेबाजी नहीं चलेगी। केंद्र व राज्य दोनों में भाजपा सरकारें हैं। ग्रामीण रामकिशोर विश्वकर्मा, रामबाबू परिहार ने कहा कि अगर जल्द ही पुल निर्माण की प्रक्रिया नहीं शुरू होती तो चुनाव बहिष्कार के साथ नेताओं के गांव में घुसने पर रोक लगाई जाएगी और जनप्रतिनिधियों की वादाखिलाफी को घर-घर बताया जाएगा। कहा कि पिछले वर्ष अगस्त में तिर हार क्षेत्र व फतेहपुर (दोआबा क्षेत्र) पुल निर्माण की मांग को लेकर लखनऊ में लोक निर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री को मांग पत्र दिया था।

तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से भिड़ी, मां-बेटे समेत चार की मौत

बुदेलखंड एक्सप्रेसवे में पिस्टा गांव के पास बुधवार दोपहर हुई दुर्घटना

लामा गांव में शादी समारोह से गांव लौट रहे थे एक परिवार के लोग

अवधनामा संवाददाता

बांदा। बुधवार की दोपहर बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे में तेज रफ्तार दौड़ रही बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा भिड़ी। इस हादसे में बाइक सवार मां और उसके तीन बच्चे छिटककर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद चारों लोगों की मौत हो गई। खबर पाकर अपर एसपी लक्ष्मी निवास मिश्र और सीओ नरैनी अंबुजा त्रिवेदी के अलावा नगर कोतवाली प्रभारी अनूप दुबे मौके पर पहुंच गए। शवों को मर्च्युरी हाउस में रखवाया गया है।

बिसंडा थाना क्षेत्र के ओरन गांव निवासी लालाभइया पुत्र रामप्रसाद अपनी पत्नी सीमा (38) दो पुत्र रवि (18), बाबू (6), पुत्री आरती (8) के साथ अपने साले अमित की ससुराल लामा गांव साली पिंकी की शादी में शामिल होने गए थे। शादी 26 फरवरी को थी। शादी निपटाने के बाद बुधवार की दोपहर लालाभइया बस में बैठकर गांव के लिए रवाना हो गया। रवि अपनी मां भाई बहन को बाइक में बैठाकर बुदेलखंड एक्सप्रेसवे से गांव जा रहा था। तभी किलो मीटर 35.7 बेलगांव पुलिस चैकी के पास तेज रफ्तार बाइक आनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें रवि और बाबू की मौके पर मौत हो गई। सीमा और आरती गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने यूपीडा की एम्बुलेंस से दोनो घायलो को जिला अस्पताल भेजवा दिया। जहां उपचार के दौरान सीमा और आरती ने भी दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनो में चीखपुकार मच गई। सूचना पाकर एएसपी लक्ष्मी निवास मिश्रा, सीओ नरैनी अम्बूजा त्रिवेदी, शहर कोतवाल एके दुबे अस्पताल पहुंच गए। परिवार के अन्य लोगो से पूछतांछ किया। थानाध्यक्ष श्यामबाबू शुक्ला ने बताया कि बाइक की रफ्तार तेज होने के कारण हादसा हुआ है, जांच की जा रही है।

27 लाख के लागत से गौशाला में निर्माण कार्य का हुआ लोकार्पण

अवधानामा ब्यूरो

सोनभद्र। रावटसगंज नगर स्थित अस्थाई गौशाला परिसर में बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद के नेतृत्व में उद्घाटन कर शुभारंभ किया गया इस दौरान नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि पंचम राज वित्त आयोग मत के द्वारा अस्थाई गौशाला पानी टंकी के समीप नाली इंटरलॉकिंग व लोहे की रेलिंग लगाने का आकार लगभग 27 लाख के लागत से कार्य कराया गया जिसमें गौ माता की रखरखाव सुंदरीकरण के साथ ही उनके विभिन्न सुविधाओं को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को भी अवगत कराया रूबी प्रसाद ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं नगर विकास मंत्री के विकसित भारत संकल्प के साथ आज गौ माता के सेवा को लेकर संकल्पित नगर पालिका एक संदेश देने का कार्य कर रही है उसी क्रम में बुधवार को सुंदरीकरण इंटरलॉकिंग के साथ अन्य कार्य कराया गया। नगर को विकसित कर भाजपा सरकार के संकल्प को पूर्ण करने का सपना साकार किया जाएगा पीएम मोदी के कर कमल द्वारा चलाए गए अभियान को धरातल पर लाने के लिए दिन-रात एक करते हुए नगर पालिका प्रशासन के साथ कार्यकर्ता हाथ से हाथ पढ़ते हुए निर्माण कार्य व विकास कार्य में सहयोग कर विकास की धारा के साथ विश्वास के संकल्पित सरकार का सपना साकार करने में सहयोग करेंगे।

यूपी की सभी 80 सीटें जीतना हमारा लक्ष्यः सीएम योगी

अवधनामा ब्यूरो

- भगवान श्रीराम का आशीर्वाद भी हमारे साथ
- पेटिका लेकर घर घर जाएंगे बीजेपी कार्यकर्ता
- जनता का शासन जनता के सुझावों से ही प्रारंभ होता है

लखनऊ। माहौल हमारे अनुकूल है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के काम, उनका नाम और नेतृत्व के साथ ही इस बार भगवान श्रीराम का भी आशीर्वाद हमारे साथ है। ऐसे में इस बार 80 में से 80 लोकसभा सीटें जीतने के संकल्प के साथ हमें आगे बढ़ना है। साथ ही यह भी ध्यान रखना है कि हम अति आत्मविश्वास में ना रहें। हमें अपनी बूथ संरचना को और सुदृढ़ करते हुए जनता के साथ बेहतर संवाद को और अधिक प्रगाढ़ करना है। याद रहे राजनीतिक दलों के व्यवहार और कार्यपद्धति को जनता हमेशा नोट करती है और वक्त आने पर जवाब भी देती है। पार्टी का प्रत्याशी मतलब कमल का फूल, हमें बस यही मानकर चलना है। ये बातें बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीजेपी प्रदेश कार्यालय में आयोजित विकसित भारत मोदी की गारंटी पेटिका अभियान के शुभारंभ के दौरान कही।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य सहित बीजेपी नेताओं की मौजूदगी में सीएम योगी ने इस अभियान को शुरू किया है। इसके अंतर्गत विकसित भारत मोदी की गारंटी पेटिका को बीजेपी कार्यकर्ता घर-घर लेकर जाएंगे और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र के लिए सुझाव मांगेंगे। इसके अलावा पार्टी की ओर से मिस्ड कॉल अभियान की भी शुरूआत की गई है। इसमें 9090902024 पर मिस्ड कॉल के जरिए भी पार्टी के संकल्प पत्र के लिए जनता से सुझाव आमंत्रित किये जाएंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव जीतने का एक ही तरीका है, हम अपने बूथ पर ध्यान दें। बूथ जीते तो सब जीते। बूथ पर हम जितना सशक्त और सामर्थ्यवान हैं, परिणाम उतना ही अनुकूल आएगा। हमारे संगठन का दायरा बढ़ा है। ऐसी स्थति में हमें भाजपा के पक्ष में 80 में से 80 सीटें प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि बीजेपी का कार्यकर्ता संकल्पित होकर आगे बढ़ेगा तो इस परिणाम को कोई रोक नहीं सकता।

कार्यकर्ताओं ने आतिथ्य सत्कार का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया

22 जनवरी 2024 के बाद प्रतिदिन देशभर से अयोध्या आ रहे हजारों की संख्या में बीजेपी कार्यकर्ताओं के सेवा-सत्कार के लिए मुख्यमंत्री ने प्रदेश भाजपा कार्यकर्ताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि यूपी बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने आतिथ्य सत्कार का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। जब पूरे देश के बीजेपी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी से ऊर्जा प्राप्त कर रहे हैं, ऐसे में यूपी के कार्यकर्ताओं को स्वतःस्फूर्त ऊर्जावान रहना चाहिए।

जनता के सुझाव को हमने सर्वोपरि माना

सीएम योगी ने कहा कि बीजेपी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। हमारे पास अपना तंत्र है, अपना स्वयं का संगठन है, विचार परिवार है, मोर्चे और प्रकोष्ठ हैं, शोध और प्रबंधन के प्रकोष्ठ हैं, इन सबके बावजूद जनता के सुझाव को हमने सर्वोपरि माना है। हम गांव-गांव में जाकर उनके महत्वपूर्ण सुझाव लेंगे। उनके महत्वपूर्ण प्रस्तावों को अपने संकल्पपत्र में शामिल करेंगे। ये काम हमें चुनाव की घोषणा से पहले करना है। हमें इसका लाभ जरूर प्राप्त होगा। इस अवसर पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल, डॉ धर्मेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, मीना चौबे, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ पुष्कर मिश्र सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता मौजूद रहे।

योगी सरकार की कार्यशैली में पक्षपात नहीं: स्वतंत्र देव

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि योगी सरकार की कार्यशैली में ना पक्षपात है और ना ही भ्रष्टाचार का कोई स्थान। हमारी सरकार ने पहले दिन से ही भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई हुई है।

पदस्थापना से लेकर स्थानांतरण तक सभी प्रक्रिया व्यवस्थित एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न हो रही है। समस्त अभियंता कार्यभार ग्रहण करने के अगले क्षण से ही क्षेत्र के किसानों की खुशहाली के लिए काम करें। उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री ने यह बातें आज यहां तेलीबाग स्थित डा0 राम मनोहर लोहिया परिकल्प भवन के सभागार में सहायक अभियंता (सिविल) के ऐक्षिक विकल्प चयन आधारित पारदर्शितापूर्ण स्थानांतरण कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से भर्ती और स्थानांतरण प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में है। भर्ती से लेकर तैनाती तक की पूरी प्रक्रिया में कहीं भी किसी प्रकार की अनियमित्ता नहीं होने दी जाएगी। जलशक्ति मंत्री ने अभियन्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी ईमानदारी से कार्य करते हुए प्रदेश के विकास में अपना योगदान दें। आप सभी अभियंता अपने तैनाती स्थल पर ग़रीबों की खुशहाली के लिए पूर्ण मनोयोग से कार्य करें।

आजमगढ़ से अखिलेश यादव लड़ेंगे चुनाव

- गुड्डू जमाली सपा में शामिल, विधान परिषद भेजे जाएंगेः अखिलेश

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। बसपा नेता शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली बुधवार को सपा में शामिल हो गए। इसके साथ ही यह साफ हो गया कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आजमगढ़ से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। वहीं, गुड्डू जमाली को अगले माह विधान परिषद भेजा जाएगा। इस अवसर पर जमाली ने कहा कि वह किसी लालच में सपा में शामिल नहीं हुए हैं। देश के हालात को देखते हुए यह फैसला किया है।

गुड्डू जमाली वर्ष 2022 में आजमगढ़ लोकसभा का उपचुनाव बसपा के टिकट पर लड़े थे। उन्हें 2.66 लाख वोट मिले थे। यह चुनाव सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव भाजपा के दिनेश यादव निरहुआ से मामूली मतों से हार गए थे। तभी से सपा नेतृत्व की नजर गुड्डू जमाली पर थी। इस अवसर पर गुड्डू जमाली ने कहा कि देश में हिंदू और मुसलमानों के बीच खाई पैदा की जा रही है। इसलिए किसी सौदेबाजी के तहत वह सपा में नहीं आए हैं। पीडीए की हां में हां मिलाने आए हैं। पूरी जिंदगी सपा और उसके नेताओं के प्रति वफादार रहूंगा।

उन्होंने कहा कि बसपा सुप्रीमो मायावती के लिए भी उन्होंने पूरी ईमानदारी से काम किया। उनके साथ रिश्ते भी बेहतर थे। जमाली ने कहा कि उनका मानना है कि इस लड़ाई में मायावती को भी शामिल होना चाहिए था। सरकार आज हमें डराने की कोशिश कर रही है। हम मिट जाएंगे, पर डरने वाले नहीं। इस कार्यक्रम के दौरान सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से यह पूछे जाने पर कि गुड्डू जमाली को विधान परिषद भेजा जाएगा।

गुड्डू जमाली हमारे पास नहीं आए, हमने उन्हें बुलायाः अखिलेश

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले गुड्डू जमाली हमारे पास आए थे, लेकिन किन्हीं परिस्थितियों के कारण साथ नहीं हो पाया। अब जमाली हमारे पास नहीं आए हैं, बल्कि हमने उन्हें अपने पास बुलाया है। इस दौरान पूर्व मंत्री बलराम यादव समेत आजमगढ़ के सभी प्रमुख समाजवादी नेता व विधायक मौजूद रहे।

लखनऊ के रंगमंच ने संगीत से अपनी पहचान बनाई

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। संगीत नाटक अकादमी दिल्ली के अकादमी अवार्ड में लखनऊ के रंगमंच और संगीत से अपनी पहचान बनाई है। इस वर्ष हारमोनियम वादन के लिए अकादमी अवार्ड पंडित धर्मनाथ मिश्रा एवं अभिनय के लिए वरिष्ठ रंगकर्मी और फिल्म अभिनेता डॉ.अनिल रस्तोगी को वर्ष 2023 का अकादमी अवार्ड दिए जाने की घोषणा हुई। इसके साथ भारतेन्दु नाट्य अकादमी से 1982 बैच के प्रो.सुरेश शर्मा को भी थिएटर निर्देशन के लिए वर्ष 2022 अकादमी अवार्ड दिया जायेगा। लखनऊ में निर्देशन के लिए अकादमी अवार्ड पदम्मश्री राज बिसारिया, उर्मिल थपलियाल, सूर्यमोहन कुलश्रेष्ठ और ललित सिंह पोखरिया को मिल चुका है लेकिन अभिनय में पहला अकादमी वर्ष 2023 के लिए डॉ.अनिल रस्तोगी को मिला है। डॉ. अनिल रस्तोगी ने कहा कि वैज्ञानिक होने के साथ थिएटर की चाहत पूरी करना मुश्किल था लेकिन मेहनत करने से सब हो जाता है। उन्होंने कहा कि ये मेरा सौभाग्य है कि उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की फेलोशिप और अवार्ड के साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार यश भारती पुरस्कार, कालीदास सम्मान, नेशनल अकदमी ऑफ साइंस ऑफ इंडिया की फेलोशिप समेत कई पुरस्कार मिले लेकिन परफार्मिंग आर्ट के लिए देश का सबसे बड़ा अवार्ड अकादमी अवार्ड है जो बहुत खास है। संगीत के क्षेत्र में अकादमी का अवार्ड के लिए पंडित धर्मनाथ मिश्रा का नाम घोषित होने के साथ ही भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय में जश्न का माहौल था।

दरगाह हज़रत अब्बास (अ.स) की कमेटी बेमिसाल काम कर रहीः उलमा

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। शाही दस्ता अंजुमन कमर-ए-बनी हाशिम की ओर से दरगाह हज़रत अब्बास (अ.स) रूस्तम नगर में दरगाह की इन्तिज़ामिया कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सय्यद कल्बे जवाद और दरगाह के सिक्रेट्री (मुतवल्ली) मीसम रिज़वी व सभी मिम्बरान का गर्मजोशी के साथ इस्तेक़बाल किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ क़ारी अनवार अब्बास ने तिलावते क़ुराने पाक से किया। इस मौक़े पर उत्तर प्रदेश शिया वक़्फ़ बोर्ड के सदस्य और इदारा मक़सदे हुसैनी के अध्यक्ष मौलाना रज़ा हुसैन रिज़वी, मौलाना शफ़ीक़ हुसैन आब्दी, मौलाना मोहम्मद अली, मौलाना तफ़सीर हुसैन, मौलाना हैदर मेहदी, मौलाना अफ़ज़ाल आब्दी, मौलाना अखूतर हुसैन के अतिरिक्त कश्मीरी मोहल्ले वार्ड के पार्षद लईक़ आग़ा और बड़ी संख्या में मातमी अंजुमनों के लोग मौजूद थे। उलमा ने कहा कि दरगाह हज़रत अब्बास (अ.स) की कमेटी लाजवाब और बेमिसाल काम कर रही है। सभी ने दरगाह के सिक्रेट्री मीसम रिज़वी की तारीफ़ की और कहा कि दरगाह के मुतवल्ली दूसरे मुतवल्लियों के लिये एक मिसाल हैं। दरगाह की प्रबन्ध कमेटी के अध्यक्ष मौलाना कल्बे जवाद ने कहा कि दरगाह की इमारत नेहायत ही जर्जर स्थिति में थी तथा अव्यवस्था की शिकार थी। अपने छोटे से कार्यकाल में मौजूदा मुतवल्ली ने दरगाह में बेहतरीन निर्माण तथा नये रौज़ों की तामीर भी करायी जो अपने आप में बेमिसाल काम हैं। मौलाना ने दरगाह की कमेटी के किये जा रहे कामों पर खुशी का इजहार किया और दरगाह कमेटी के लोगों के लिये दुआ भी करायी। दरगाह के वर्तमान सचिव मीसम रिज़वी ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल में किये जा रहे कामों का वर्णन किया और कहा कि दरगाह की जो एफडी बैंकों में हैं वह वैसे ही सुरक्षित हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने शिष्टाचार भेंट की

रेल ई. टिकट का अवैध कारोबारी दलाल को पकड़ा

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ जंक्शन की सीआईबी ने मंगलवार देर रात को रेल ई. टिकट का अवैध कारोबार कर रहे काकोरी से एक दलाल को पकड़ा है। निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि काकोरी स्थित जनसेवा केन्द्र संचालक अखिलेश कुमार के रेल ई.टिकट का अवैध कारोबार करने की सूचना पर छापेमारी की गई। इस दौरान रेल आरक्षित ई. टिकटों के अवैध कारोबार में शामिल होने के अपराध का खुलासा हुआ। शातिर दलाल पर्सनल यूजर आईडी से रेल ई.टिकट बनाकर जरूरतमंद यात्रियों से किराये के अलावा 200 से 250 रुपये प्रति टिकट लेकर बेच रहा था। मौके पर 7169 रुपये कीमत के छह ई.टिकट के अलावा कम्प्यूटर बरामद किया गया। अखिलेश कुमार आगे की कार्रवाई के लिए रेलवे सुरक्षा बल को सौंप दिया गया।

कई ट्रेनों का ठहराव रहेगा स्थगित

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के गोण्डा बुढ़वल खण्ड पर तीसरी लाइन निर्माण के परिप्रेक्ष्य में गोण्डा कचहरी एवं करनैलगंज स्टेशन पर 4 एवं 5 मार्च को इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग कार्य के कारण कई ट्रेनों का ठहराव स्थगित किया जायेगा। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज सिंह ने बताया कि ट्रेन नम्बर 15273 व 15274 रक्सौल आनन्द विहार टर्मिनस रक्सौल एक्सप्रेस, 19037 व 19038 बांद्रा टर्मिनस बरौनी बांद्रा टर्मिनस अवध एक्सप्रेस, 15203 व 15204 लखनऊ जंक्शन बरौनी लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस एवं 11124 व 11123 बरौनी ग्वालियर बरौनी एक्सप्रेस का ठहराव 4 एवं 5 मार्च को करनैलगंज स्टेशन पर स्थगित रहेगा तथा 4 एवं 5 मार्च को 11124 व 11123 बरौनी ग्वालियर बरौनी एक्सप्रेस का करनैलगंज के स्थान पर अस्थाई ठहराव जरवल रोड स्टेशन पर दिया जायेगा।

लखनऊ मेट्रो ने गाइडेड एजुकेशनल दौरे का किया आयोजन

लखनऊ। लखनऊ मेट्रो ने बुधवार को कॉलेज के बी.टेक छात्रों के लिए एक गाइडेड एजुकेशनल दौरे का आयोजन किया। इस दौरे में दो सौ से अधिक छात्रों ने भाग लिया। जहां उन्हें स्टेशन के कामकाज और ट्रेन संचालन पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई। शैक्षिक ब्रीफिंग के बाद छात्रों ने मुंशीपुलिया और सीसीएस एयरपोर्ट के बीच फन मेट्रो राइड का आनंद लिया। लखनऊ मेट्रो नियमित रूप से छात्रों के लिए ऐसे दौरों का आयोजन करता है ताकि उन्हें शहर की विश्वस्तरीय मेट्रो प्रणाली को करीब से देखने और सीखने का अवसर मिल सके। कॉलेज व स्कूल इसी तरह के शैक्षिक दौरों का आयोजन करवाने के लिए लखनऊ मेट्रो टीम से सम्पर्क भी कर सकते हैं।

अखिलेश पर सीबीआई नोटिस भाजपा की खिसियाहटः अजय

- कांग्रेस ने गठबंधन धर्म का किया पालनः अजय

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सीबीआई नोटिस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे प्रदेश में इंडिया गठबंधन के बीच सीट शेयरिंग पर भाजपा की खिसियाहट बताया है। श्री राय ने कहा कि प्रदेश में इंडिया गठबंधन के सौहार्दपूर्ण सीट शेयरिंग से चिढ़ी भाजपा के इशारे पर यह कार्रवाई हुई है। उन्होंने कहा कि देश में जहां कहीं भी चुनाव हो रहे हैं वहां के लोगों को तोडने के लिए कहीं ईडी तो कहीं सीबीआई तो कहीं आईटी का इस्तेमाल किया जा रहा है। श्री राय बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। श्री राय ने बुधवार को सम्पन्न राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस विधायकों के समाजवादी पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने गठबंधन धर्म का पालन किया। हमारे विधायक पूरी मजबूती के साथ गठबंधन के साथ खड़े रहे। उन्होंने बहुजन समाज पार्टी के विधायक का भाजपा के पक्ष में मतदान पर कहा कि इससे साफ हो गया है कि बसपा भाजपा की बी-टीम बन कर काम कर रही है। बसपा की सभी गतिविधियां इशारा कर रही हैं कि वह भाजपा के साथ मिलीभगत में काम कर रही है और कल के चुनाव से यह साबित भी हो गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद से सभी परीक्षाओं के पेपर लीक हुए, जिससे यह पेपर लीक वाली सरकार बन चुकी है। 2017 से युवाओं ने अब तक जितनी भी परीक्षा दी, किसी का भी परिणाम नहीं आया। युवा दोहरी मार झेल रहे हैं एक तरफ पर्चा लीक होने से बेरोजगारी का दंश और दूसरा इस असफल प्रक्रिया में उनका तमाम पैसा खर्च हो रहा है।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने महंगाई, बेरोजगारी पर किया प्रदर्शन

लखनऊ। युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. के नेतृत्व में योगी सरकार में भर्ती परीक्षा पेपर लीक, युवाओं पर हो रहे अत्याचार, बेतहाशा बढ़ती बेरोजगारी के विरोध में प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस मुख्यालय से मुख्यमंत्री आवास घेरने निकले युवा कांग्रेसियों को पुलिस ने माल एवेन्यू में ही रोक लिया। इस दौरान युवा कांग्रेसियों और पुलिस की तीखी नोंक-झोंक और धक्का-मुक्की हुई, जिसमें कई कांग्रेसियों को चोटें आईं। युवा कांग्रेसी बेरीकैडिंग पर चढ़ गये और पुलिस से झड़प हुई। पुलिस प्रदर्शनकारी युवा कांग्रेसियों को बसों में भर कर ईको गार्डेन ले गयी, जहां से शाम में उन्हें रिहा किया गया। इससे पूर्व कांग्रेस मुख्यालय में युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने युवा कांग्रेसियों को सम्बोधित किया। श्रीनिवास बी.वी. ने कांग्रेसियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा की योगी सरकार में सारी भर्तियों के पेपर लीक हो रहे हैं। योगी सरकार युवाओं के साथ धोखा कर बेरोजगार युवाओं को भर्ती के नाम पर छल रही है। भर्ती परीक्षा के नाम पर युवाओं से लिये जा रहे धन में भ्रष्टाचार हो रहा है।

कृषि क्षेत्र में सहयोग करेगा आस्ट्रेलियाः कृषि मंत्री

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। बुधवार को कृषि मंत्री के आवास-8 कालीदास मार्ग, लखनऊ में आस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त एवं उनकी टीम के साथ कृषि मंत्री, अपर मुख्य सचिव (कृषि) एवं कृषि निदेशक की उपस्थिति में भारत और आस्ट्रेलिया के मध्य कृषि क्षेत्र में सहयोग हेतु विस्तृत चर्चा की गयी। उच्चायुक्त आस्ट्रेलिया द्वारा अवगत कराया गया कि वो दो क्षेत्रों यथा कृषि एवं शिक्षा के क्षेत्र में भारत के साथ कार्य करने हेतु इच्छुक हैं। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि कृषि के क्षेत्र में माइक्रो इरीगेशन, उत्पादन एवं तकनीकी हस्तानांतरण के क्षेत्र में आस्ट्रेलिया की तकनीकी टीम द्वारा चर्चा हेतु लोक सभा चुनाव के उपरान्त भारत आकर उत्तर प्रदेश में कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की जायेगी। इस दौरान कृषि मंत्री द्वारा आस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त एवं उनकी टीम को अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश में 05 कृषि विश्वविद्यालय एवं 89 किसान विज्ञान केन्द्र स्थापित हैं। कृषि विश्वविद्यालयों में कृषि शिक्षा के साथ-साथ शोध एवं प्रचार आदि का कार्य भी तकनीकी हस्तनान्तरण के माध्यम से किया जाता है। कृषि शिक्षा में सुधार लाने हेतु उच्चायुक्त आस्ट्रेलिया द्वारा अवगत कराया गया कि उनका देश उत्तर प्रदेश में आस्ट्रेलिया के कृषि विश्वविद्यालय की शाखा खोलने की इच्छुक हैं जिसमें भारतीय छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश में कृषि के क्षेत्र में अत्याधिक ध्यान दिया गया है तथा ई-गर्वेनेन्स के माध्यम से विभिन्न योजनाओं को किसानों तक पहुँचा रहे है।उच्चायुक्त आस्ट्रेलिया द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि उनके देश में दुग्ध उत्पादन का औसत 20ली0 प्रति गाय प्रतिदिन है तथा आस्ट्रेलिया में दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र मे उच्च तकनीकी उपलब्ध है इसके लिए भी आस्ट्रेलिया उत्तर प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने की तकनीकी हस्तनान्तरण के लिए इच्छुक है। उनके द्वारा मल्टी फार्मिंग को बढ़ाने, उद्यान के अन्तर्गत फूल, सब्जी के उत्पादन में सहयोग किये जाने हेतु इच्छुक है।

परिवहन निगम लगायेगा बीएस-6 यूरिया उत्पादन इकाई

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि बीएस-6 बसों में पड़ने वाले यूरिया का उत्पादन अब परिवहन निगम स्वयं करेगा। परिवहन निगम इस दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि अभी वर्तमान में बीएस-6 बसों में पड़ने वाले यूरिया को प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा ओपन मार्केट में टेन्डर के माध्यम से क्रय किया जाता है। इस क्षेत्र में उत्पादन इकाई लगाये जाने के पश्चात परिवहन निगम आने वाला खर्च में लगभग 20 प्रतिशत की कमी का अनुमान है।

परिवहन मंत्री ने कहा कि विगत दिनों में परिवहन निगम के अधिकारियों द्वारा मार्केट में संचालित यूरिया उत्पादन इकाईयों का निरीक्षण किया गया है, जिसके पश्चात तकनीकी अधिकारियों द्वारा स्वयं परिवहन निगम में यूरिया उत्पादन इकाई लगाने पर मंथन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम द्वारा अपनी बसों में प्रयुक्त टायरों का रिट्रीडिंग करके आर्थिक खर्च में काफी कमी लाई गयी है। ठीक इसी प्रकार बीएस-6 बसों में प्रयुक्त होने वाले यूरिया के प्लान्ट लगाने से आर्थिक खर्चे में काफी कमी आयेगी और यह निगम के लिए लाभकारी होगा। परिवहन मंत्री ने कहा कि बीएस-6 बसें अत्याधुनिक होने के साथ-साथ न्यूनतम प्रदूषण करती हैं। उन्होंने कहा कि बीएस-6 बसों को क्रय किया जाना परिवहन निगम के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य एवं सुविधा की दृष्टि से अहम है।

शारिब रुदौलवी अवार्ड कमेटी की हुई बैठक

- आयोजन की सफलता के लिए राम नाईक सहित प्रतिभागियों को धन्यवाद

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उर्दू मीडीया सेंटर नरही में शारिब रुदौलव अवार्ड कमेटी की एक मीटिंग हुई, जिसमें शारिब रुदौलव अवार्ड प्रोग्राम में साबिक़ गवर्नर उत्तर प्रदेश राम नाई के शरीक होने पर उनका खुसूसी शुक्रिया अदा किया गया। इस अवार्ड फंक्शन को कामयाब बनाने पर जस्टिस क़मर हसन रिज़वी, शारिब रुदौलव मैमोरियल लेक्चर पेश करने पर प्रोफेसर ज़माँ आज़ुर्दा और अवार्डी प्रोफेसर अतीक़ अल्लाह और खुसूसी मुक़र्ररीन अहमद इबराहीम अलवी, प्रोफेसर क़मर जहां, डाक्टर सबीहा अनवर,फ़ख़र उद्दीन अली अहमद मैमोरियल कमेटी के चेयरमैन तूरज ज़ैदी, सईद मेहदी का शुक्रिया अदा किया। अवार्ड फंक्शन में मजमे की शिरकत से साफ़ ज़ाहिर था कि जिस तरह प्रोफेसर शारिब रुदौलवी फ़िज़ाएं लखनऊ थे उनकी रूह लखनऊ में बस्ती थी। इसी तरह से अहल लखनऊ भी फ़िदाए शारिब रुदौलव हैं जिसका सबूत कैफ़ी आज़मी अकादमी का वो हाल था कि जिसमें लोग बाहर तक खड़े हुए थे। कमेटी के मेंबरान ने शहर नगारां लखनऊ के तमाम शुरका और यूनीवर्सिटीज़-ओ-कालेजज़ के असातिज़ा-ओ-तलबा तालिबात का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि उनकी शिरकत से ही ये प्रोग्राम कामयाब हुआ। मीटिंग में शरीक चरैवेति चरैवेति समीति के सदर और साबिक़ कार गुज़ार वज़ीर-ए-आला उत्तर प्रदेश डाक्टर अम्मार रिज़वी ने साबिक़ गवर्नर राम नाईक को पद्म भूषण मिलने पर मुस्तक़बिल क़रीब में उनके एज़ाज़ में एक इस्तिक़बालीया तक़रीब की तैयारियों पर गुफ़्तगु की। मीटिंग में प्रोफेसर अब्बास रज़ा नय्यर, प्रोफेसर रेशमां प्रवीण, तक़दीस फ़ातिमा, डाक्टर मूसी रज़ा और आसिम रज़ा भी मौजूद रहे। जब कि प्रोफेसर शहज़ाद अंजुम, प्रोफेसर मुहम्मद काज़िम, प्रोफेसर ख़ान फ़ारूक़ ने ऑनलाइन शिरकत की।

अकीदत के साथ मनी हजरत अब्बास की विलादत

लखनऊ। हजरत अली (अ.स) के बेटे हजरत अब्बास (अ.स.) की यौमे विलादत बुधवार को बड़ी खुशी व अकीदत के साथ मनाई गई। इस मौके पर मस्जिदों, इमामबाड़ों में महफिलों का आयोजन किया गया जहां मौला अब्बास (अ.स) की शान में कसीदे पढ़े गये। विलादत की खुशी में सुबह से घरों में मौला अब्बास (अ.स.) की नज्र का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात तक जारी रहा। इस मौके पर लोग अपने घरों में खीर, मिठाईयां व फलों पर अपने मौला की नज्र की और एक-दूसरे के घर जाकर नज्र चखकर विलादत की मुबारकबाद पेश की। विलादत की खुशी में सबीलों का आयोजन किया गया जहां दिनभर फल , मिठाइयों और लंगर का वितरण चलता रहा। इस खुशी के मौके पर केक भी काटे गये।

लोकसभा चुनाव हेतु परिवहन निगम की अच्छी बसे उपलब्ध कराई जायेः दयाशंकर

- बसों की भौतिक दशा अच्छी होः दयाशंकर

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने लोकसभा सामान्य चुनाव-2024 हेतु परिवहन निगम की अच्छी बसे उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव में लगाई जाने वाली बसों की फिटनेस की जॉच करा लें। बसों की अगली फिटनेस डेट चुनाव अवधि समाप्त होने के पश्चात ही होनी चाहिए। यदि आवश्यकता हो तो एडवान्स फिटनेस करा ली जाए। किसी भी दशा में अनफिट बसे न भेजी जाए। चालकों का लाइसेन्स वैलिडिटी चेक करके ही उन्हें चुनाव ड्यूटी पर भेजा जाए।

परिवहन मंत्री ने निर्देश दिये हैं कि जो बसें आफरोड हैं, उनको तत्काल आनरोड किया जाए। चुनाव अवधि में किसी भी दशा में बसों का आफरोड 01 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। बसों की भौतिक दशा अच्छी हो, बसों की सीटें, कल-पुर्जे, खिड़की, दरवाजे इत्यादि की जॉच करके ठीक करा लें। बसों में हेडलाइट, टेललाइट, इन्डीकेटर, हार्न, वाइपर, इत्यादि उचित ढंग से कार्य कर रहे हो, इसकी भी जॉच करा ली जाए। बसों में फस्ट एड बाक्स दवाईयों सहित अवश्य उपलब्ध होना चाहिए। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिये कि बसों में निर्धारित स्थान पर निगम हेल्पलाइन नं0-18001802877 अवश्य अंकित होना चाहिए। यदि किसी वजह से बस में मेजर फाल्ट हो जाता है तो उसके स्थान पर दूसरी बस उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके लिए वैकल्पिक वाहनों की व्यवस्था रखी जाए।